अतीत से संभावनाओं की उड़ान तक..

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास

2021

उदयपुर

कुलगीत

वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
शील ज्ञान विज्ञान कर्म, संगम को कोटि नमन।।

'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' की प्रतिमा कल्याणी।
'विद्यया विन्दतेऽमृतम्' उपनिषदों की वाणी।।
यह प्रताप की कर्म भूमि के माथे का चन्दन।
मीरा का निष्काम भक्ति से है अटूट बंधन।

श्रीएकलिंगजी, श्रीनाथजी, चारभुजा, बेणेश्वर।
सूफी संतों की धरती ने माना एक ही ईश्वर।।
वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
यहाँ साधनारत प्रतिभाएँ ज्योतिर्मन्त बनें।
राष्ट्र धर्म का स्वर विजयी हो, महिमावन्त बनें।

मुक्त गगन में आदर्शों की पुण्य ध्वजा फहरे।
जन मानस में ज्ञान ज्योति का दिव्य प्रकाश भरे।।
ज्ञानदायिनी मूर्तिमंत महिमा का अभिनन्दन।
युवाशक्ति हो सत्यनिष्ठ संकल्पित अन्तर्मन।।

वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
शील ज्ञान विज्ञान कर्म, संगम को कोटि नमन।।

श्री कलराज मिश्र

महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल, राजस्थान

01 जुलाई, 1941 को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के सैदपुर गाँव में जन्मे श्री कलराज मिश्र एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, कुशल प्रशासक तथा आम व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध सहृदय व्यक्तित्व के लिए विख्यात हैं। महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ से एम. ए. की उपाधि प्राप्त श्री मिश्र ने 09 सितंबर, 2019 को राजस्थान के राज्यपाल का पद ग्रहण किया और इससे पूर्व आप उत्तर प्रदेश विधानसभा, लोकसभा तथा राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आप भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उपक्रमों के मंत्रालय के मंत्री रहे हैं। आप हिमाचल प्रदेश के भी राज्यपाल रह चुके हैं।

मार्गदर्शक



प्रो. अमेरिका सिंह

माननीय कुलपति

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास (2021)

© सर्वाधिकार सुरक्षित

सम्पादक मण्डल

मुख्य संपादक

प्रो. एस. के. कटारिया
आचार्य, लोक प्रशासन

सह संपादक

प्रो. नीरज शर्मा
आचार्य, संस्कृत

सहायक संपादक

डॉ. नवीन नंदवाना
सह–आचार्य, हिन्दी

डॉ. हरीश
सहायक आचार्य, वनस्पति विज्ञान

डॉ. सचिन गुप्ता
सहायक आचार्य, व्यवसाय प्रशासन

डॉ. मनीष श्रीमाली
सहायक आचार्य, इतिहास

मुरलीधर पालीवाल
सहायक आचार्य, संस्कृत

शिल्पी तंवर
शोधार्थी, लोक प्रशासन

टाईपिस्ट एवं व्यवस्थापक

मनीष बंसल
एस. एफ. ए. बी. क्लर्क

मुख्यपृष्ठ परिकल्पना

प्रो. हेमन्त द्विवेदी एवं डॉ. शाहिद परवेज
दृश्य कला विभाग

कम्प्यूटर ग्राफिक्स

श्री मनोज कलोशिया एवं श्री राजेश पाण्डे

प्रकाशक

रजिस्ट्रार

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर–313001

वेबसाइट : www.mlsu.ac.in, ई–मेल : registrar@mlsu.ac.in

अनुक्रमणिका

क्रमांक	विषयवस्तु	पृष्ठ संख्या
	संदेश	x-xvi
	शुभाशंसा	xvii-xviii
	आमुख	xix-xx
अध्याय–1	**मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की विकास यात्रा** प्रो. एस. के. कटारिया, प्रो. नीरज शर्मा डॉ. मनीष श्रीमाली, मुरलीधर पालीवाल	**1–19**
	❖ रियासत काल में शिक्षा तंत्र	1-2
	❖ मेवाड़ में आधुनिक शिक्षा	2-3
	❖ महाविद्यालयीय शिक्षा व्यवस्था	4-5
	❖ विश्वविद्यालय की योजना	6-7
	❖ मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की विकास-यात्रा	7-12
	❖ कुलगीत	12-13
	❖ विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न	14-17
	❖ Vision of the University	17
	❖ Mission of the University	17-18
	❖ मोहनलाल सुखाड़िया: एक संक्षिप्त जीवनवृत्त	18-19
अध्याय–2	**सांविधिक निकाय एवं पदाधिकारी** प्रो. एस. के. कटारिया	**20–45**
	❖ नियंत्रण मण्डल	20-21
	❖ कार्यकारी समिति	21-23
	❖ प्रबंध मंडल	23-25
	❖ विद्वत् परिषद	25-28
	❖ अधिष्ठाता परिषद्	29
	❖ कुलाधिपति	29-30
	❖ कुलपति	31
	❖ विभिन्न कुलपतियों के कार्यकाल का संक्षिप्त विवरण	31-33
	❖ डॉ. जी.एस. महाजनि : एक संक्षिप्त परिचय	31-32
	❖ अन्य पदाधिकारी	34-35
	❖ कुलसचिव	35-36
	❖ वित्त नियंत्रक	37-38
	❖ परीक्षा नियंत्रक	38
	❖ अधिष्ठाता, छात्र कल्याण	38-39
	❖ अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर अध्ययन	39-40
	❖ विश्वविद्यालय अभियंता	41
	❖ उपकुलसचिव	42
	❖ Administration	42
	❖ Academic-Administration	42
	❖ Faculty Chairman	43
	❖ University College of Commerce and Management Studies	43
	❖ University College of Law	43
	❖ University College of Science	43
	❖ University College of Social Sciences and Humanities	43

क्रमांक	विषयवस्तु	पृष्ठ संख्या
	❖ Faculty of Management Studies	44
	❖ Special Cells & Units	44
	❖ Hostels	45
	❖ NCC/NSS/Red Ribbon Club/Scout	45
अध्याय–3	**अकादमिक यात्रा** प्रो. एस. के. कटारिया	**46–68**
	❖ आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल	47
	❖ एस. बी. एस. एच. में विद्यार्थी एवं शिक्षक	48
	❖ विभाग, पाठ्यक्रम तथा डिग्रियाँ	48-54
	❖ सन् 1964 के पश्चात् नए विभाग एवं पाठ्यक्रमों का विवरण	54-56
	❖ विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रगति	57
	❖ परीक्षाएँ	57
	❖ परीक्षाओं की मान्यता देने वाली शुरूआती संस्थाएँ	57-58
	❖ कला पाठ्यक्रम	59-60
	❖ शिक्षा पाठ्यक्रम	60
	❖ विधि पाठ्यक्रम	60
	❖ विज्ञान पाठ्यक्रम	60-61
	❖ वाणिज्य पाठ्यक्रम	61
	❖ नये संकाय, विभाग एवं पाठ्यक्रम	62-63
	❖ शोध डिग्री	64
	❖ विगत दशक में दी गई पीएच.डी. डिग्रियाँ	64
	❖ दीक्षान्त समारोह	65
	❖ मेडल एवं पुरस्कार	66
	❖ प्रकाशन	67-67
	❖ Internal Quality Assurance Cell	67-68
	❖ College Development Council	68
अध्याय–4	**आधारभूत संरचना एवं संसाधन** प्रो. एस. के. कटारिया एवं शिल्पी तंवर	**69–85**
	❖ भूमि एवं भवन	69-70
	❖ Land & Building Details of Old Campus	70-71
	❖ Land & Building Details of New Campus	72-73
	❖ नवीन अतिथि गृह	74
	❖ कुलपति निवास	74
	❖ विवेकानन्द सभागार	75
	❖ छात्रावास	75-76
	❖ वर्तमान में संचालित छात्रावास	76
	❖ विश्वविद्यालय में स्थापित प्रतिमाएँ	76-77
	❖ स्वर्ण जयंती द्वार	77-78
	❖ सेट	78
	❖ अटल बिहारी वाजपेयी मल्टीपरपज इण्डोर हॉल	79
	❖ मानव संसाधन	79
	❖ विश्वविद्यालय प्रशासकीय कार्यालय	79-81
	❖ Self Finance Advisory Board	81
	❖ पुस्तकालय	81
	❖ ICT Facilities	82-83
	❖ विश्वविद्यालय का विभाजन	83-85

क्रमांक	विषयवस्तु	पृष्ठ संख्या
अध्याय–5	**गौरवशाली उपलब्धियाँ** प्रो. एस. के. कटारिया एवं डॉ. मनीष श्रीमाली	**86–108**
	❖ हम अग्रणी हैं	86–87
	❖ एल्यूमनाई और डॉ. डी. एस. कोठारी : एक संक्षिप्त परिचय	87–88
	❖ अकादमिक आयोजन	88–89
	❖ Udaipur Declaration on Higher Education in South Asia	89–91
	❖ स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन	91–92
	❖ गणमान्य अतिथि	92
	❖ शोध एवं प्रकाशन	92–93
	❖ पेटेण्ट	93
	❖ प्रतिष्ठा एवं सम्मान	93–94
	❖ विश्वविद्यालय-सामाजिक दायित्व निर्वहन	94
	❖ संस्थागत सहयोग	94–95
	❖ पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास	95
	❖ जन्नत गार्डन	95
	❖ सामाजिक वानिकी	96
	❖ कबाड़ से कलाकृति	96–97
	❖ सौर ऊर्जा उत्पादन	98
	❖ जल संरक्षण	99
	❖ डिजिटल इंडिया और प्रो. के. वेणुगोपालन : एक संक्षिप्त परिचय	99
	❖ इंटरनेट और ऑनलाईन सुविधाएँ	99
	❖ I.U.M.S.	99–100
	❖ हेल्प लाईन	100
	❖ M.o.U.	100
	❖ संसाधन गतिशीलन	100–101
	❖ रूसा	101–102
	❖ विश्वविद्यालय आनन्द एवं आरोग्य केन्द्र के अंतर्गत गीता स्वाध्याय	102–103
	❖ आनन्दम्	103–104
	❖ संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों का प्रसार	104
	❖ 108 फीट का राष्ट्रीय ध्वज	104
	❖ रक्तदान एवं अन्य आयोजन	104–105
	❖ एनसीसी	105
	❖ एनएसएस	105
	❖ रेड रिबन क्लब	105
	❖ रोजगार सहायता	106
	❖ खेलकूद	106
	❖ सांस्कृतिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियाँ	106
	❖ Finishing School and Placement Cell	106–108
अध्याय–6	**प्रगति पथ पर बढ़ते अभिनव कदम** डॉ. नवीन नंदवाना	**109–130**
	❖ प्रो. अमेरिका सिंह : एक परिचय	109
	❖ विद्वत परिषद की बैठकों की निरंतरता	109–110
	❖ प्रबंध मंडल की बैठकों की निरंतरता	110
	❖ कानूनी मामलों के लिए संकायवार समिति का गठन	110
	❖ परीक्षा व्यवस्था संचालन एवं बदलाव	110

क्रमांक	विषयवस्तु	पृष्ठ संख्या
	❖ विभाग प्रभारियों को प्रभारी विभागाध्यक्ष बनाना	110-111
	❖ छात्र-सेवा केंद्रों की स्थापना	111
	❖ विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने का कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह का रोड़ मैप	111-112
	❖ नैक और एन.आई.आर.एफ.	112
	❖ प्लानिंग सेल का गठन	112
	❖ नए संकायों की स्थापना	112-113
	❖ रानी पद्मिनी के नाम से संघटक कन्या महाविद्यालय	113
	❖ नए विभागों की स्थापना	113
	❖ नए केंद्रों की स्थापना	113
	❖ नए पाठ्यक्रमों का आरंभ	113-114
	❖ नियमित कक्षाएँ	115
	❖ वेबिनार और विमर्श कार्यक्रम	115-116
	❖ दीक्षांत समारोह	116-117
	❖ रूसा प्रोजेक्ट्स	117
	❖ नई शिक्षा नीति	117-118
	❖ एच.आर.डी.सी.	118
	❖ एम.ओ.यू.	118-119
	❖ ई-बुक्स लेखन	119
	❖ एकेडेमिक एक्सचेंज प्रोग्राम	119
	❖ नेशनल एक्सपो-2021 में सुविवि के शिक्षक भाग लेंगे	119
	❖ 'राजस्थान दिवस' सप्ताह की शुरूआत	119
	❖ नए भवनों का लोकार्पण	120
	❖ नए भवनों का शिलान्यास	120
	❖ आर्किटेक्चर कॉलेज के नवीन भवन का निर्माण कार्य आरंभ	120
	❖ भव्य स्वागत द्वार	120
	❖ संविधान पार्क	120
	❖ विश्वस्तरीय साइंस सेंटर	120-121
	❖ ई-रिक्शा संचालन	121
	❖ मेवाड़ सदन	121
	❖ विश्वविद्यालय के उद्यानों का रखरखाव	121
	❖ विश्वविद्यालय की गतिविधियों का सेटेलाइट के माध्यम से प्रसारण	122
	❖ सुविवि कुलपति की महापौर से भेंट, सिटी बसों और प्याऊ निर्माण पर बातचीत	122
	❖ स्थायीकरण एवं सी.ए.एस.	122
	❖ सम्मान व पुरस्कार	122-123
	❖ सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन	123
	❖ मास्क वितरण	123-124
	❖ साड़ी वितरण	124
	❖ थार गाँव गोद लेना	124
	❖ हकदर गाँव गोद लेना	124
	❖ कैलाशपुरी गाँव गोद लेना	124
	❖ महिला सम्मान	124-125
	❖ परमार्थ योजना	125
	❖ आशाधाम में निराश्रितों को देंगे स्नेहभोज	125
	❖ आदिवासी मिलाप योजना	125

क्रमांक	विषयवस्तु		पृष्ठ संख्या
	❖ आदिवासी बच्चों के लिए रोजगार सृजन		125
	❖ लोक विरासत अध्ययन केंद्र		126
	❖ मेवाड़ पीठ		126
	❖ आनंदम्		126
	❖ रेड रिबन क्लब		127
	❖ कुलपति का कक्षा अध्यापन		127
	❖ संविधान के मूल कर्त्तव्यों का वाचन		127–128
	❖ 'विश्वविद्यालय रोवर क्रू' का शुभारंभ		128
	❖ संघटक महाविद्यालयों की यात्रा		128
	❖ शिक्षकों के साथ संवाद		128
	❖ शिक्षणेतर कर्मचारियों के साथ संवाद		129
	❖ सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ संवाद		129
	❖ छात्रसंघ पदाधिकारियों के साथ संवाद		129
	❖ संबद्ध महाविद्यालयों के साथ संवाद		129
	❖ मीडियाकर्मियों के साथ संवाद		129
	❖ पूर्व छात्रों के साथ संवाद		129
	❖ अन्य विश्वविद्यालयों व संस्थानों के साथ संवाद		130
अध्याय–7	**... यादों के झरोखे से**		**131–144**
	❖ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यक हैं नैतिक मूल्य	डॉ. गिरिजा व्यास	131
	❖ Lead like a Leader	Prof. R. K. Rai	132
	❖ बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं विश्वविद्यालय	प्रो. बी. एल. चौधरी	132–133
	❖ सहयोग से होती हैं बाधाएँ पार	प्रो. आई. वी. त्रिवेदी	133
	❖ विश्वविद्यालय जगाते हैं शिक्षा की अलख	प्रो. कैलाश सोडाणी	134
	❖ उपलब्धिपूर्ण रहा है विश्वविद्यालय का अतीत	प्रो. दरियाव सिंह चुण्डावत	134
	❖ अध्यापक रहता है सदैव विद्यार्थी	प्रो. प्रेम सुमन जैन	135
	❖ देनी होगी विभागों को स्वायत्तता	प्रो. अरूण चतुर्वेदी	135–136
	❖ Four Decades: Many Seasons at MLSU	Prof. Sharad Srivastava	136–137
	❖ स्थानीय आवश्यकताओं को पहचानें विश्वविद्यालय	प्रो. आर. एन. व्यास	137
	❖ कुम्भा पीठ : एक स्वागत योग्य कदम	प्रो. के. एस. गुप्ता	138
	❖ 21वीं सदी के अनुरूप ढलना होगा शिक्षण संस्थाओं को	प्रो. जी. सोरल	138–139
	❖ सरकार करे निजी शिक्षण संस्थाओं पर नियंत्रण	श्री ए. एल. सहलोत	139
	❖ गौरव की बात थी एम. बी. कॉलेज में पढ़ना	श्री हरिशंकर द्विवेदी	140
	❖ लाजवाब है फर्श से अर्श तक का सफर	श्री ए. एस. खान	140–141
	❖ दशम दशक में मेरा महाविद्यालय : बदलते रहे नाम	डॉ. के. एल. कोठारी	142–144
अध्याय–8	**विविधा**		**145–175**
	❖ मुख्य अधीक्षक, छात्रावास		145
	❖ गार्गी कन्या छात्रावास		146
	❖ महर्षि दयानन्द सरस्वती जनजाति कन्या छात्रावास		146
	❖ नेहरु शिक्षक सदन छात्रावास		147
	❖ कमला नेहरू कन्या छात्रावास		147
	❖ डॉ. डी. एस. कोठारी रिसर्च छात्रावास		148
	❖ राणा पूंजा जनजाति छात्रावास		148
	❖ विधि छात्रावास		149

क्रमांक	विषयवस्तु	पृष्ठ संख्या
	❖ अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय	150-153
	❖ NCC Air Wing	154
	❖ जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र	155
	❖ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ	156
	❖ विश्वविद्यालय केन्द्रीय पुस्तकालय	157-160
	❖ विश्वविद्यालय स्वर्ण जयंती अतिथि गृह	161-162
	❖ विश्वविद्यालय क्रीड़ा मण्डल	163
	❖ विश्वविद्यालय क्रीड़ा मण्डल में उपलब्ध संसाधन	163-166
	❖ महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ	167-173
	❖ विश्वविद्यालय योग केंद्र	174-175
	❖ विश्वविद्यालय योग केन्द्र में उपलब्ध संसाधन	175
अध्याय-9	**विश्वविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन महाविद्यालय**	**176-193**
	❖ DEAN	177
	❖ STUDENT UNION PRESIDENT	178
	❖ Department of Accountancy and Business Statistics	179-184
	❖ Department of Banking and Business Economics	185-187
	❖ Department of Business Administration	188-192
	❖ University College of Commerce and Management Studies Library	193
अध्याय-10	**विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय**	**194-199**
	❖ महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ	196-198
	❖ छात्रसंघ अध्यक्ष सूची	199
	❖ छात्रसंघ उपाध्यक्ष सूची	199
	❖ छात्रसंघ महासचिव सूची	199
	❖ छात्रसंघ संयुक्त सचिव सूची	199
अध्याय-11	**विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय**	**200-270**
	❖ Former and Present Students Union	205
	❖ Department of Biotechnology	206
	❖ Department of Botany	207-208
	❖ Department of Chemistry	209-213
	❖ Department of Computer Science	214-219
	❖ Department of Environmental Sciences	220-223
	❖ भू-विज्ञान विभाग	224-228
	❖ Department of Mathematics & Statistics	229-240
	❖ Department of Microbiology	241-242
	❖ Department of Pharmaceutical Sciences	243-251
	❖ भौतिक शास्त्र विभाग	252-256
	❖ Department of Zoology	257-270
अध्याय-12	**विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय**	**271-362**
	❖ Among the Alumni	274-275
	❖ List of Distinguished Deans of UCSSH	275-276
	❖ Student's Union	277
	❖ Centre for Women's Studies	278-281
	❖ Department of Economics	282-286

क्रमांक	विषयवस्तु	पृष्ठ संख्या
	❖ Department of Education	287
	❖ Department of English	288-291
	❖ Department of Fashion Technology and Designing	292-294
	❖ Department of Geography	295-298
	❖ हिंदी विभाग	299-303
	❖ इतिहास विभाग	304-307
	❖ Department of Jainology and Prakrit	308-310
	❖ पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग	311-312
	❖ Department of Library and Information Science	313
	❖ Department of Social Work	314
	❖ संगीत विभाग	315-317
	❖ दर्शनशास्त्र विभाग	318-320
	❖ Department of Political Science	321-325
	❖ Department of Psychology	326-331
	❖ Department of Public Administration	332-334
	❖ राजस्थानी विभाग	335-337
	❖ संस्कृत विभाग	338-340
	❖ Department of Sociology	341-346
	❖ Department of Urdu	347-348
	❖ Department of Visual Arts	349-361
	❖ पुस्तकालय	362
अध्याय-13	**प्रबंध अध्ययन संकाय**	**363-376**
	❖ Establishment and Evolution	364-365
	❖ Achievements	365-375
	❖ Department of Tourism and Hotel Management	376
	❖ Achievements	376
	छः दशक : राष्ट्रीय परिदृश्य	377
	सामूहिक फोटो	378-394
	तब और अब (.... एक जमाना बीत गया)	395
	संदर्भ ग्रंथ सूची	396
	Annexures	397-448
	I विश्वविद्यालय का प्रथम विधान	397
	II महाराणा भूपाल कॉलेज की उदयपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्धता	398
	III उदयपुर विश्वविद्यालय का नाम मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय किये जाने सम्बन्धित विधान	399-400
	IV महाराणा भूपाल कॉलेज से चार महाविद्यालयों का सृजन	401-402
	V मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का विभाजन	403
	VI भू-विज्ञान विभाग का राजस्थान विश्वविद्यालय से हस्तांतरण	404
	VII प्रथम दीक्षांत भाषण (2 फरवरी, 1964)	405-415
	VIII महाराणा भूपाल कॉलेज का प्रथम स्टाफ (1964)	416-424
	IX विश्वविद्यालय की वर्तमान पेंशनर्स सूची	425-438
	X विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय	439-448

कलराज मिश्र

राज्यपाल, राजस्थान



संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा अपनी स्थापना से लेकर छः दशकों की विकास यात्रा को संजोते पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय ज्ञान के अजस्र स्रोत्र हैं। विद्यार्थियों के भविष्य की नींव यहीं से तैयार होती है। सुखाड़िया विश्वविद्यालय का अपना गौरवमय इतिहास रहा है। यहां से अध्ययन करने वाले विद्यार्थी आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन ही नहीं हैं बल्कि अपने स्तर पर ज्ञान की धारा का प्रवाह करने में भी लगे हैं। छांदोग्य उपनिषद में आता है,

'इतिहासः पंचमोवेदः'

अर्थात् इतिहास पाँचवा वेद है। मैं यह मानता हूं कि हमारे ऋषि–मुनियो ने इतिहास को पांचवे वेद की संज्ञा इसीलिए दी है कि वह इसके जरिए ही अतीत जीवंत होता है। जो कुछ बीत गया है, उससे प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। मेरे लिए यह जानना सुखद है कि आपका विश्वविद्यालय इस बार अपनी स्थापना का 60 वां वर्ष मनाते हुए विभिन्न गतिविधियों के साथ यह प्रकाशन कर रहा है।

यह समय अतीत से प्रेरणा लेते भविष्य की नई राहों के निर्माण का भी है। मैं चाहता हूँ, कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय देश में ही नहीं विश्वभर में अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारो के आलोक में अग्रणी रहते हुए नवीन इतिहास बनाए।

उम्मीद करता हूँ, विश्वविद्यालय की विकास यात्रा के संबंध में प्रकाशित पुस्तक में विश्वविद्यालय के गौरवमय अतीत के साथ शिक्षा से जुड़े सभी आयामों को समाहित करते हुए इसे सभी वर्गो के लिए उपादेय रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

पुस्तक के सफल प्रकाशन के लिए मेरी स्वस्ति कामना है।

(कलराज मिश्र)

रमेश पोखरियाल 'निशंक'
शिक्षा मंत्री, भारत सरकार

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान द्वारा अपनी ऐतिहासिक विकास यात्रा तथा उपलब्धियों को प्रदर्शित करने हेतु एक पुस्तक **''मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास''** का प्रकाशन किया जा रहा है।

किसी भी संस्था के लिए 60 वर्षों की यात्रा की समयावधि इतिहास के झरोखे से गुजरना है। यह गर्व का विषय है कि वर्ष 1962 में स्थापित विश्वविद्यालय दक्षिण राजस्थान के आदिवासी अंचल 'मेवाड़' के उदयपुर, राजसमंद, सिरोही तथा चित्तौड़गढ़ के सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों को उच्च शिक्षा का मार्गदर्शन कर रहा है। महात्मा गाँधी के ग्राम–स्वराज की अवधारणा में भारत के गाँवों को शिक्षित करने का बड़ा उद्देश्य निहित है। ग्रामीण भारत में उच्च शिक्षा के सुलभ होने से निःसंदेह ग्रामीण–शहरी विषमता कम होगी, ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रुकेगा और ग्रामीण सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था उन्नत होगी। विश्वविद्यालय का ग्रामीण भारत में उच्च शिक्षा के प्रचार–प्रसार का भगीरथ प्रयत्न सचमुच स्तुत्य है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि विश्वविद्यालय की यह छवि प्रकाशित होने वाली पुस्तक में मुखर होगी। गतिशील वैश्विक परिस्थितियों के मध्य अब यह आवश्यक हो गया है कि हम अद्यतन शोध–निष्कर्षों को वास्तविक धरातल पर अपने संस्थानों में क्रियान्वित करें। इसी को ध्यान में रखकर भारत सरकार ने 'नई शिक्षा नीति' को भी लागू किया है जिसमें 'इंडियन, इंटरनेशनल, इंपैक्टफुल, इंक्लूसिव तथा इंटरैक्टिव' सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। इस नीति के माध्यम से हम अपनी ग्रामीण एवं पारम्परिक कलाओं, संस्कृति तथा शिक्षा को तो संरक्षित करेंगे ही, साथ ही विश्व के उपयोगी ज्ञान को भी आत्मसात करेंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अक्षरशः अनुपालन से भारत 'ज्ञान की महाशक्ति' तथा पुनः 'विश्वगुरु' के रुप में पुनर्स्थापित होगा।

इस अवसर पर पुस्तक का प्रकाशन प्रशंसनीय है क्योंकि पुस्तक अभिव्यक्ति का एक प्रबल एवं सुलभ माध्यम है। मुझे विश्वास है कि पुस्तक में विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की प्रगति तथा उपलब्धियों का समावेश होगा। निःसंदेह पुस्तक में लेख, संस्मरण तथा अन्य रचनाएँ पठनीय और ज्ञानवर्धक होंगी।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के पदाधिकारियों, कुलपति, शिक्षकवृंद एवं विद्यार्थियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ तथा पुस्तक "मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास" के प्रकाशन हेतु मंगलकामनाएँ।

(रमेश पोखरियाल 'निशंक')

सत्यमेव जयते

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा **''मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास''** नामक पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। आदिवासी अंचल के चार जिलों उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ और सिरोही के विद्यार्थियों को शिक्षित करने और उनका मार्गदर्शन करने में इस विश्वविद्यालय का महती योगदान रहा है। यहाँ शिक्षित विद्यार्थियों ने देश और दुनिया में नाम रोशन किया है।

आशा है इस उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना से लेकर उसकी अद्यतन उपलब्धियों को पुस्तक रुप में प्रकाशमान करने से यहाँ हुए शोध एवं अनुसंधान और अन्य संस्थागत और रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी एक महत्वपूर्ण दस्तावेज का रुप ले सकेगी।

मैं विश्वविद्यालय के इस प्रकाशन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

(अशोक गहलोत)

डॉ. सी. पी. जोशी
अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा



संदेश

यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि उदयपुर राजस्थान में स्थित मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय अपने इतिहास तथा छः दशकीय विकास यात्रा को लेकर एक पुस्तक का प्रकाशन करने जा रहा है।

स्वाभाविक ही है कि **''मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास''** नामक इस पुस्तक में विश्वविद्यालय अपने समस्त पड़ावों, संघर्षों, योगदान और बाधाओं इत्यादि की विवेचना कर सुधी पाठकों के लिए उपलब्ध कराएगा। मेरी मान्यता है कि इस प्रकार की पुस्तकें पूर्ण निष्पक्ष तथा कठिन परिश्रम की मांग करती हैं ताकि विश्वसनीय एवं पठनीय सामग्री का प्रकाशन किया जा सके।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा इस पुस्तक में उन सभी गौरवपूर्ण तथ्यों एवं उपलब्धियों का यथास्थान इस प्रकार वर्णन किया जाएगा कि विश्वविद्यालय का विद्यार्थी वर्ग प्रेरित हो गर्व का अनुभव कर सके।

पुस्तक के सफल प्रकाशन हेतु मेरी शुभकामनाएँ।

(डॉ. सी. पी. जोशी)

भंवर सिंह भाटी
राज्य मंत्री,उच्च शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार)
राजस्व, उपनिवेशन एवं कृषि सिंचित क्षेत्रीय विकास
एवं जल उपयोगिता विभाग, राजस्थान सरकार
जयपुर-302005

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के 60वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है तथा इस अवसर पर इस संस्थान द्वारा **''मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास''** नामक पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है।

किसी भी अकादमिक संस्थान द्वारा अपनी विकास यात्रा का सुव्यवस्थित, क्रमिक तथा औपचारिक दस्तावेजीकरण न केवल वर्तमान पीढी को गर्व का भाव तथा सीख देता है बल्कि इससे आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा मिलती है । मुझे विश्वास है कि इस पुस्तिका में विश्वविद्यालय के गौरवमयी इतिहास व समस्त सूचनाओं का समावेश किया जाएगा।

इस पुस्तिका के सफल प्रकाशन हेतु विश्वविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएँ।

(भंवर सिंह भाटी)

प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह
अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

संदेश

मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के साठवें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अपने अतीत की यादों को समेटते हुए **''मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास''** नामक पुस्तक का प्रकाशन करने जा रहा है।

किसी भी अकादमिक संगठन की विरासत तथा समाज में दिया गया उसका योगदान प्रमुखतः शिक्षा एवं जनजागरुकता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को इंगित करता है। अपनी संघर्षपूर्ण एवं गौरवशाली अकादमिक यात्रा को सुव्यवस्थित रूप से पुस्तकाकार रूप में प्रलेखीकरण कर शिक्षक समुदाय, विद्यार्थियों एवं आमजन को उपलब्ध कराना उच्च शिक्षा संस्थानों का दायित्व भी है।

मुझे विश्वास है कि यह पुस्तक मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की भांति एक आकर्षक एवं विश्वसनीय दस्तावेज सिद्ध होगी।

इस अवसर पर मैं अपनी शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित करता हूँ।

(धीरेन्द्र पाल सिंह)

शुचि शर्मा, आई.ए.एस.
शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
राजस्थान सरकार

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा ऐतिहासिक विकास यात्रा एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक पुस्तक **''मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का इतिहास''** का प्रकाशन किया जा रहा है। आशा है यह पुस्तक इस उच्च शिक्षा संस्थान की छः दशकीय यात्रा का सार्थक एवं सारगर्भित विवरण प्रस्तुत करेगी।

इस प्रकार के अकादमिक प्रयास न केवल विद्यार्थियों बल्कि आमजन के लिए भी महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होते हैं तथा संस्थाओं के सतत् प्रवाह को गतिमान रखते हैं।

मेरी ओर से असीम शुभकामनाएँ।

(शुचि शर्मा)

शुभाशंसा

प्रो. अमेरिका सिंह
कुलपति
मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर

हार्दिक प्रसन्नता का विषय है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की विकास यात्रा का इतिहास इस ग्रंथ के माध्यम से हम सबके हाथों में पहुँच रहा है। इतिहास कुछ घटना, परिस्थिति और उनमें किए गए मानवीय कार्य–प्रयासों का दस्तावेज ही नहीं बल्कि यह हमारे वर्तमान अस्तित्व या संरचना की भौतिक आधार भूमि और वैचारिक मूलाधारों के विस्तार का भी विवरण है। हमारा वर्तमान हमारे इतिहास का परिणाम है। इस तरह से हमारा वर्तमान हमारे भविष्य की भूमिका तय करता है। इतिहास से वर्तमान का प्रशिक्षण होता है और भविष्य के निर्माण के लिए मार्गदर्शन मिलता है। दूसरे तल का निर्माण प्रथम तल के बिना नहीं हो सकता है। प्रासाद की मनभावन ऊँचाई और आकर्षण का सुख आधार तलों की भारवाही क्षमताओं का प्रतिफल होता है। जो आनंद, समृद्धियाँ एवं अनुकूलताएँ हमें अपने वर्तमान से प्राप्त हो रही हैं उनके भीतर हमारे इतिहास के संघर्ष, हमारे पूर्वजों के परिश्रम, ज्ञान, कौशल, तप और दूरदर्शिता के सर्वोच्च मानवीय गुण सन्निहित हैं। वर्तमान में हमारा दृष्टिकोण और आचरण देहली–दीपक की तरह होता है जिसके एक ओर इतिहास है और दूसरी ओर भविष्य।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। छह दशकों की विकास यात्रा की इस कालावधि में अनेक मोड़ और पड़ाव आए हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय की दिशा तय करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। इतिहास में घट चुकी घटनाएँ और उनके साथ प्राप्त हुए हमारे अनुभव हमें सतर्कतापूर्वक आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देते हैं। साथ ही आकांक्षाओं और जिज्ञासाओं की पूर्ति हमारे भीतर उत्साह–उमंग का संचार करती है। वैचारिक तृप्ति सर्वोपरि और विलक्षण होती है। इस तृप्ति से हमेशा आनंद का अनुभव होता है और यह अनुभूति अपने साथ कुछ नए विचारों को जन्म देने वाली बौद्धिक उर्वरता भी लेकर आती है। वैचारिक विश्लेषण की योग्यता और क्षमता का विकास ज्ञानार्जन का मुख्य उद्देश्य होता है। विश्वविद्यालय के जीवन में जहाँ ज्ञान की उपासना ही सर्वप्रधान होती है वहाँ समस्त अनुशासनों में चारों दिशाओं से आने वाले विचार अभिनंदनीय होते हैं। कल्याणप्रद विचारों का सभी ओर स्वागत करना हमारी वैदिक मान्यता भी है– 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः'। अपने ऐतिहासिक अनुभवों से परिपक्व हुए हमारे विचार समकालीन नवाचारों को अधिक समृद्ध करते हैं और ज्ञान के अभिनव आयामों के सृजन और विस्तार में भी सहयोग करते हैं। समृद्ध वैचारिकी सदैव ही निरंतर उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है, यह भी हमारा अनुभूत सत्य है।

मुझे अत्यंत प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि इस ग्रंथ में न केवल हमारी वैचारिक समृद्धि की विकास यात्रा पर पर्याप्त विमर्श किया गया है अपितु हमारे आधारभूत संरचनात्मक विकास और विस्तार की विकास यात्रा को भी पर्याप्त स्थान दिया गया है। विभिन्न अध्यायों में विभक्त इस ग्रंथ के माध्यम से हम विश्वविद्यालय के किसी भी

संभावित विकास आयाम का सुगमता से अधिगम कर सकते हैं। यह इतिहास भविष्य में, उच्च शिक्षा जगत के विकास के लिए आलोक स्तम्भ की तरह उसका मार्गदर्शन करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

बीज से वटवृक्ष बनने तक की समग्र कथा को लेखनी से लिख पाना निश्चय ही असंभव सा कार्य है, लेकिन हमारे विश्वविद्यालय के विद्वान् आचार्य प्रो. सुरेंद्र कटारिया के ऊर्जावान् नेतृत्व में संपादक मण्डल के निष्ठावान् शिक्षक साथियों ने परिश्रमपूर्वक विश्वविद्यालय के इतिहास लेखन के मेरे एक विचार को महत्त्वपूर्ण ग्रंथ के रूप में साकार कर दिया है। इसके लिए इन्हें वर्धापन और शुभाशीष प्रदान करता हूँ।

मुझे विश्वास है कि हमारे विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी और कर्मचारी अपने यशस्वी इतिहास से प्रेरणा लेकर वर्तमान में अपनी भूमिका को समझेंगे और विश्वविद्यालय के नए इतिहास सृजन के लिए अपनी भूमिका तय करेंगे। भविष्य में जब भी इस ग्रंथ के नए संस्करण प्रकाशित होंगे तब उनमें आपके योगदान और कीर्तिमान अवश्य लिखे जाएंगे। हमारे विश्वविद्यालय से इतर उच्चशिक्षा जगत में कार्यरत विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानों आदि के लिए भी यह ग्रंथ अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा तथा उनके संस्थागत और अकादमिक विकास और विस्तार की योजनाओं के निर्माण में सहयोगी होगा।

अंत में मैं इस विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में विश्वविद्यालय के इतिहास ग्रंथ के प्रकाशन के इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर अपने माननीय कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र जी के प्रति विनम्रतापूर्वक आभार प्रकट करता हूँ जो निरंतर हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान अशोक गहलोत जी एवं माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी जी के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जो विश्वविद्यालय के विकास के लिए हमें सतत प्रोत्साहित करते हैं। हमारे विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य एवं राजस्थान प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. सी. पी. जोशी जी के प्रति भी मैं आभारी हूँ जो विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए सदैव सद्भावना रखते हैं।

विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों कर्मचारियों शोधार्थियों और छात्रों को इस अवसर पर बधाई देता हूँ और ग्रंथ के संपादक मंडल को स्वर्णिम और उज्ज्वल अकादमिक भविष्य के लिए पुनः शुभकामनाएँ समर्पित करता हूँ। इतिहास का सृजन निरंतर जारी है। प्रतिदिन सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच प्राप्त होने वाले जीवन की इस प्रकाश रेखा में हम अपने मन–वचन–कर्म या पुरुषार्थ से जो कुछ कर रहे हैं उसी का स्वार्थरहित, लोकोपयोगी और सर्वोत्तम प्रेरक तत्त्व इतिहास में स्थान प्राप्त करेगा। आइए हम सब इस जीवन और प्राप्त हुए आज के दिन को सकारात्मकता और सृजनात्मकता के साथ भरपूर जीएँ क्योंकि आनन्दपूर्ण आज का दिन भी इतिहास में दर्ज होने वाला है।

प्रो. अमेरिका सिंह

आमुख

किसी भी राष्ट्र, समाज, संस्थान, कुल या व्यक्ति का इतिहास जानना और पढ़ना, दोनों ही रोमांचकारी अनुभव होते हैं किंतु इतिहास की घटनाओं के विश्वसनीय स्रोत ढूँढ़ना, उपलब्ध सूचनाओं की सत्यता जाँचना और उन्हें वर्तमान की आवश्यकताओं और संदर्भ में विश्लेषित कर निष्पक्ष, प्रामाणिक एवं पठनीय स्वरूप में प्रस्तुत करना निःसंदेह असंभव न सही किंतु कठिन कार्य अवश्य होता है, इसीलिए कहा गया है–

श्लाघ्यः स एव गुणवान् रागद्वेषबहिष्कृता।

भूतार्थकथने यस्य स्थेयस्येवसरस्वती।।

–कल्हण (राजतरंगिणी 1/7)

अर्थात् वही गुणवान प्रशंसनीय है जिसकी वाणी रागद्वेषों का बहिष्कार कर न्यायाधीश के समान भूतकालीन घटनाओं को यथार्थ रुप में प्रस्तुत करती है।

यह पुस्तक उपर्युक्त विचार पद्धति का ही समुचित अनुगमन करते हुए पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत है। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के इतिहास एवं उपलब्धियों को लेकर लिखी गई यह पुस्तक माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के मौलिक विचार एवं पहल का सुपरिणाम है। इस संपादित पुस्तक की सूचनाओं का मुख्याधार विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालयों में उपलब्ध वार्षिक प्रतिवेदन, फाईलें, रिपोर्ट्स तथा पत्राचार और विश्वविद्यालयों के विभागों एवं अन्य विशिष्ट इकाइयों से प्राप्त दस्तावेज रहे हैं तथापि राजस्थान राज्य अभिलेखागार, जिला गेजेटियर्स, विभिन्न वेबसाईट्स तथा वरिष्ठ व्यक्तियों के साक्षात्कारस्वरूप मिले संस्मरण भी सहायक रहे हैं। यह ग्रंथ सामाजिक अनुसंधान की अवलोकन (Observation) एवं अन्तर्वस्तु विश्लेषण (Content Analysis) पद्धतियों के अनुप्रयोग से लिखा गया है।

इस पुस्तक के लेखन के क्रम में हमें बहुत सारी संस्थाओं, विभागों तथा महानुभावों से मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ है। इस क्रम में संपादक मंडल सर्वप्रथम प्रो. अमेरिका सिंह, कुलपति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को अपना आभार प्रदर्शित करता है जिन्होंने इस टीम पर विश्वास प्रकट करते हुए यह गुरुतर दायित्व सौंपा और हमेशा प्रोत्साहित करते रहे। हम पुस्तक–प्रकाशन हेतु आशीर्वचन प्रदान करने के क्रम में डॉ. सी. पी. जोशी, विधानसभा अध्यक्ष, श्री अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, श्री कलराज मिश्र, महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक', केंद्रीय शिक्षा मंत्री, श्री भंवर सिंह भाटी, उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान, प्रो. डी. पी. सिंह, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा श्रीमती शुचि शर्मा, शासन सचिव उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार के ह्रदय के अंतः स्थल से आभारी हैं। अपने संस्मरणों से इस कृति को समृद्ध बनाने वालों में सर्व श्री हरिशंकर द्विवेदी, डॉ. गिरिजा व्यास, प्रो. आर. के. राय, प्रो. बी. एल. चौधरी, प्रो. आई. वी. त्रिवेदी, प्रो. कैलाश सोडाणी, प्रो. दरियाव सिंह चुण्डावत, प्रो. आर. एन. व्यास, प्रो. के. एस. गुप्ता, प्रो. प्रेम सुमन जैन, प्रो. अरुण चतुर्वेदी, प्रो. शरद श्रीवास्तव, प्रो. जी. सोरल, प्रो. के. एल. कोठारी, श्री ए. एस. खान तथा श्री ए. एल.सहलोत को बहुत–बहुत साधुवाद समर्पित करते हैं।

हम प्रो. एस. एल. शर्मा (राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर), प्रो. सी. आर. सुथार, प्रो. पी. के. सिंह, प्रो. करुणेश सक्सेना प्रो. सुधीश कुमार, प्रो. आई. एम. कायमखानी, डॉ. आनंद मंगल वाजेपयी, डॉ. सुनीता चौधरी, डॉ. सी. एम. कटारिया और प्रो. जी. एस. कुम्पावत द्वारा तत्काल उपलब्ध करवायी गई सहायता एवं आशीर्वाद के लिए उनके सम्मुख नतमस्तक हैं। राजस्थान विधानसभा के अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी श्री विनोद मिश्रा तथा राजस्थान राज्य अभिलेखागार, उदयपुर के श्री बसंत सिंह सोलंकी और श्री सोहन लाल डामोर द्वारा प्रदत्त सहायता हेतु हम उनके आभारी हैं।

पुस्तक के मुख्यपृष्ठ की आकर्षक डिजाइनिंग की परिकल्पनाकर्ता प्रो. हेमन्त द्विवेदी एवं डॉ. शाहिद परवेज तथा इसकी कम्प्यूटर ग्राफिक्स निर्मित करने वाले श्री मनोज कलोशिया एवं श्री राजेश पाण्डे को हम सादर धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। सम्पादन – सहायता हेतु डॉ. राहुल कटारिया को भी हम अपना आभार प्रदर्शित करते हैं।

पुस्तक का संपादक मंडल विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक पदाधिकारियों, अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, निदेशकों, समन्वयकों, इकाई प्रभारियों तथा कार्मिकों को अपना धन्यवाद ज्ञापित करता है जिनकी सहायता के बिना इस पुस्तक का प्रकाशन नितांत असंभव था।

प्रशासनिक पद स्थिति में अतिरिक्त और विशेष सहायता प्रदान करने के लिए हम सर्व श्री भूपेश माथुर, श्री एस. के.जैन, डॉ. आर. सी. कुमावत, श्री मुकेश बारबर, प्रो. कनिका शर्मा, प्रो. बी. एल. आहूजा, प्रो. सीमा मलिक, प्रो. एन. लक्ष्मी, प्रो. मंजू बाघमार, प्रो. एम. एस. राठौड़, प्रो. हनुमान प्रसाद, प्रो. जी. एस. राठौड़, प्रो. प्रदीप त्रिखा, प्रो. पी. एम. यादव, प्रो. अनिल कोठारी, प्रो. निधि राय, प्रो. आनंद पालीवाल, प्रो. सीमा जालान, डॉ. मीनाक्षी जैन, डॉ. रितेश पुरोहित, डॉ. राजश्री चौधरी, डॉ. शिल्पा सेठ, डॉ. गिरिराज सिंह चौहान, डॉ. दीपा सोनी, डॉ. सतीश चंद, डॉ. आर. एम. लोढ़ा, डॉ. अविनाश पँवार, डॉ. दीपेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. अंजलि सिंह, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. राजकुमार व्यास, श्रीमती कोपल वत्स, डॉ. पी. एस. राजपूत, डॉ. एन. के. पारीक, श्री रमेश जारोली, डॉ. एस. आर. मेनारिया, श्री एम. के. व्यास, श्री मांगीलाल भील, श्री हेमंत कुमावत, श्री भँवर सिंह चौहान, श्रीमती एकता शर्मा, श्री दिनेश जोशी, श्री रमेश कुमावत, श्री पी. एस. आमेटा, श्री दिनेश हरकावत, श्री हर्षवर्धन सिंह कृष्णावत, श्री अंकुर भटनागर, श्री जीवन वैष्णव, श्री शंकर लाल डांगी, श्री कृष्ण मुरारी, श्रीमती चेतना काबरा, श्री राकेश जैन, श्री एच. काजी, श्री प्रमोद पालीवाल, श्री संपत सिंह राव, डॉ. भूपेंद्र आर्य, श्री महेश सोनी, श्री ई. एस. श्रीकुमार, श्री जगदीश गुर्जर, डॉ. रेखा बैरवा, श्री पुष्पेंद्र पुरोहित, श्री दिलीप शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी सेन, श्री नरेंद्र बुनकर, श्री गणपत लाल माली, श्री हितेश सालवी, श्री खेमराज डांगी, श्री विनीत चौबीसा, श्री गिरिजा शंकर मेनारिया, श्री मुन्ना गमेती, श्री दीपक वर्मा, श्रीमती दिव्यानी सेन, श्री चंपालाल गमेती इत्यादि को धन्यवाद ज्ञापित करना अपना पुनीत कर्त्तव्य मानते हैं।

पुस्तक की आकर्षक एवं संतुलित फोरमेटिंग के लिए श्री मोहम्मद कुदुस तथा सीमा प्रिन्टर्स को भी अपना साधुवाद ज्ञापित करते हैं।

यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि पुस्तक के उत्तरवर्ती भाग में वर्णित सूचनाएँ संबंधित विभाग या इकाई से प्राप्त सामग्री पर आधारित हैं तथा शुरुआती अध्यायों के लेखकों से संबंधित भाग की सामग्री निजी तरीकों एवं दायित्वों से एकत्रित एवं वर्णित की है। आशा है यह कृति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिवार एवं अन्य सभी जिज्ञासु पाठकों की अकादमिक क्षुधा पूर्ति करने में सहायक सिद्ध होगी। समालोचनाओं का सदैव स्वागत है।

संपादक मण्डल

1 मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की विकास यात्रा (Evolution of Mohanlal Sukhadia University)

प्रो. एस. के. कटारिया, प्रो. नीरज शर्मा, डॉ. मनीष श्रीमाली, मुरलीधर पालीवाल

''अतीत के जिस अंश तक प्रमाण की किरणें पहुँच सकती हैं, उसे हम इतिहास की संज्ञा देते हैं, जो जीवन के स्पंदन से रहित इतिवृत मात्र है, जो हमारे तर्क की सीमा के पार घटित हो चुका है वह पुराण की सीमा में आबद्ध होकर जीवन की ऐसी गाथा बन जाता है जिसमें इतिवृत का सूत्र खोजना कठिन है।''

महादेवी वर्मा

भारत में आधुनिक शिक्षा प्रणाली की शुरुआत ब्रिटिश काल में हुई। उस समय भारत के कुछ प्रांतों में प्रत्यक्ष ब्रिटिश शासन था जबकि राजपूताना सहित कई क्षेत्र देसी रियासतों के अधीन संचालित होते थे। स्वतंत्रता से पूर्व राजस्थान को राजपूताना के नाम से जाना जाता था। यह राजपूताना उस समय के प्रमुख राजपूत राजवंशों के अधीन कई रियासतों में विभाजित था। तत्समय की प्रमुख रियासतें– जयपुर, जोधपुर, बीकानेर एवं मेवाड़ थी। कुल 19 देसी रियासतों तथा 3 चीफशिप में विभक्त राजपूताना के दक्षिण भाग में मेवाड़ नाम की प्रमुख रियासत थी। मेवाड़ पर गुहिल वंश का शासन था जो लगभग 7वीं शताब्दी से इस क्षेत्र पर शासन कर कर रहा था। यह राजपूताना का सबसे प्राचीन राजवंश भी था। स्वतंत्रता पूर्व के मेवाड़ को देखें तो वर्तमान के उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ को मिलाकर मेवाड़ का निर्माण होता था। चूंकि यह दक्षिण राजपूताना की सबसे बड़ी एवं प्रभावशाली रियासत थी अतः ब्रिटिश काल से ही यह राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से इस क्षेत्र में अग्रगामी रही। यहाँ पर प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा का विकास शनैःशनैः हुआ।

रियासत काल में शिक्षा तंत्र

डॉ. मनीष श्रीमाली

पाश्चात्य शिक्षा व्यवस्था के आगमन से पूर्व परिवार एवं समुदाय ही शिक्षा के मुख्य स्थान हुआ करते थे, जहाँ घर के बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा मिलती थी। सांस्कृतिक परंपराओं–नियमों एवं वंशानुगत व्यवसाय की शिक्षा के अतिरिक्त ज्ञानार्जन हेतु बालक को विद्यालय भेजा जाता था या घर पर ही शिक्षक नियुक्त किये जाते थे। मध्यकालीन शिक्षा के उद्देश्य धर्म से प्रभावित होने के कारण शिक्षण संस्थाएँ भी प्रत्येक धर्म के अनुरूप पृथक् अस्तित्व लिए हुए थी। हिन्दुओं के प्राथमिक शिक्षा केन्द्र 'पाठशाला' हुआ करते थे तथा अध्यापक को गुरु कहा जाता था और वे मुख्यतः ब्राह्मण होते थे। हिंदुओं के उच्च शिक्षा केन्द्र अस्थल और मठ होते थे। जैनियों के शिक्षा के स्थल 'उपासरा' कहलाते थे। ये प्राथमिक और उच्च दोनों ही प्रकार की शिक्षा के केन्द्र होते थे। शिक्षकों को 'जती' कहा जाता था उपासरा की शिक्षा में उनके साधुओं के प्रवचन सुनना और प्राचीन पाण्डुलिपियों की प्रतिलिपि तैयार करने पर अधिक बल दिया जाता था। मुस्लिम शिक्षा में 'मकतब' प्राथमिक शिक्षा के केन्द्र थे तथा 'मदरसे' और मस्जिद उच्च शिक्षा के केन्द्र थे। मकतबों में प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने का कार्य मौलवी करते थे। मदरसों एवं मस्जिद में उच्च शिक्षा प्रदान करने का कार्य धर्मगुरु उलेमा करते थे। उपरोक्त शिक्षण संस्थाओं के अतिरिक्त चौपाल, दुकानें तथा गुरुगृह भी शिक्षा के केन्द्र थे। एकलिंगजी में प्राप्त शिलालेख में भृगु आश्रम के विवरण से गुरुगृह शिक्षा व्यवस्था के प्रचलन की जानकारी प्राप्त होती है। यह व्यवस्था आश्रम व्यवस्था के समान ही थी, इसमें बालक गुरु के घर पर रह कर ही अध्ययन करता था। राजपरिवार के बालक भी इस प्रकार के आश्रमों में अध्ययन हेतु जाते थे।

उच्च शिक्षा के केन्द्र के रूप में 19वीं सदी में मेवाड़ में मठ व्यवस्था प्राचीन परिपाटी के रूप में प्रचलित थी। महाराणा भीमसिंह के काल में तीर्थ गुरुकाक द्वारा सन् 1807 में लिखे गये पत्र से ज्ञात होता है कि उनके पूर्वजों ने वर्ष 1680–98 में अपना मठ वहाँ स्थापित किया था। गुरुकाक के पूर्वज महाराणा जयसिंह के शिक्षक थे। इसके अतिरिक्त भीलवाड़ा में आत्मानंद गिरीराज का मठ था यहाँ अनेक नागरिक ज्ञान अर्जित करते थे। विद्यागुरु बैजनाथ का आश्रम भी प्रसिद्ध था। मठों के समान ही मेवाड़ में आश्रम भी स्थापित किए गए। उदयपुर में सर्वप्रथम मठ आश्रम अस्थल की स्थापना मारवाड़ के स्वामी नारायण शरण देवाचार्य ने सन् 1681 में की थी। उन्हें महाराणा जयसिंह ने सूरजपोल में भूमि भेंट का खरिता प्रदान किया। उदयपुर में वेदान्त दर्शन की द्वैताद्वैत शाखा को शिक्षा के स्वरूप में प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य एवं ऋषि मनु की प्रेरणा के अनुरूप अस्थल आश्रम की स्थापना की गई थी। उदयपुर के अतिरिक्त अन्य स्थलों पर लगभग 30 मठ–आश्रम थे। इनमें लादूवास का मठ प्रमुख था।

इन्हीं महंतों की संतति में महंत माधव दास जी बड़े शिक्षा–प्रेमी एवं दूरदर्शी थे। उन्होंने शिक्षा में नवीन स्वरूप, जिसका की भारत में प्रारंभ होने लगा था, का उदयपुर अस्थल में परिचय कराया। इसके लिए यहाँ एक पृथक् माधव किशोर एंग्लो–वर्नाक्यूलर विद्यालय की स्थापना की गई। इस पाठशाला में संस्कृत एवं आध्यात्मिक शिक्षा के अतिरिक्त हिन्दी एवं अंग्रेजी भी पढ़ाई जाती थी।

मेवाड़ में आधुनिक शिक्षा

मेवाड़ में शिक्षा की आधुनिक स्थिति को देखें तो यह प्रारंभ सन् 1818 में यहाँ के शासक भीमसिंह द्वारा मराठा आक्रमण एवं आंतरिक समस्याओं के समाधान हेतु अंग्रेजों के साथ की गई संधि के साथ होता है। आरंभ में शिक्षा पर अंग्रेजी प्रभाव बहुत कम था। शिक्षा में बदलाव शनैः शनैः क्रमिक रूप से हुआ जो मोटे तौर पर कुछ इस तरह से समझा जा सकता है–

वर्ष 1818 से 1862 का काल आधुनिक शिक्षा के प्रारंभ का काल था। भारत में सन् 1817 में कोट्टायम में चर्च मिशनरी सोसायटी का 'CMS college' तथा कोलकाता में 'हिन्दु कॉलेज' देश के प्रथम आधुनिक महाविद्यालय थे तथा जनवरी, 1857 में कलकत्ता, बम्बई एवं मद्रास में विश्वविद्यालय स्थापित हुए अतः इस समय प्रचलित शिक्षा व्यवस्था में कोई द्रुत परिवर्तन नहीं दिखाई पड़ते हैं। सन् 1813 के चार्टर एक्ट के द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी भारत में प्रति वर्ष एक लाख रुपये शिक्षा पर व्यय करने की घोषणा कर चुकी थी। सन् 1835 में लॉर्ड मैकाले द्वारा भावी शिक्षा व्यवस्था पर नीति जारी की जा चुकी थी तथा सन् 1854 में वुड डिस्पैच की घोषणा एवं उस नीति का क्रियान्वयन भी हो चुका था अतः यह दौर ब्रिटिश भारत में शिक्षा के विकास का एक महत्त्वपूर्ण काल खंड था किंतु इस परिवर्तन से अछूता रहा मेवाड़ भी बदलाव की बयार महसूस कर रहा था। सन् 1818 से 1862 के मध्य मेवाड़ की शिक्षा पूर्णतः देशी शिक्षा पर आधारित थी एवं उसका अध्यापन क्षेत्र भी अधिक व्यापक नहीं था। यद्यपि सन् 1818 में मेवाड़ का ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ समझौते के पश्चात् मेवाड़ का अंग्रेजों से संपर्क प्रारंभ हो गया था किंतु अंग्रेजों ने सन् 1863 से पूर्व मेवाड़ की शिक्षा प्रणाली को प्रभावित नहीं किया।

सन् 1818 में मेवाड़–ब्रिटिश संधि होने के पश्चात् तत्कालीन मेवाड़ के सामाजिक एवं आर्थिक जन–जीवन पर कोई मौलिक प्रभाव नहीं पड़ा अतः यहाँ की शिक्षा व्यवस्था को उद्देश्य एवं स्वरूप के आधार पर ही निर्धारित किया जाता था। 19वीं शताब्दी के सत्तरवें दशक तक शिक्षा का पाठ्यक्रम मध्यकालीन शिक्षा व्यवस्था के अनुरूप–लिखना, पढ़ना एवं साधारण हिसाब तक ही सीमित रहा। संस्कृत एवं राजस्थानी भाषा के अतिरिक्त उर्दू और फारसी भाषाओं का भी अध्ययन किया जाता था। इन भाषाओं का शाब्दिक ज्ञान कराकर छात्र को इस स्तर का बना दिया जाता था, जिससे वह अपने धर्म से सम्बन्धित पुस्तकों का ज्ञान प्राप्त कर सके। हिसाब के अध्ययन में अंक बत्तीसी एवं पहाड़ा पट्टी पढ़ाई जाती थी। इनके माध्यम से अंकों का ज्ञान एवं पहाड़े सिखाये जाते थे। शिक्षा के दूसरे चरण में धर्मशास्त्रों और इतिहास के माध्यम से नैतिक–सांस्कृतिक शिक्षा एवं राष्ट्रीय भावनाओं को प्रेरित करने वाली शिक्षा प्रदान की जाती थी। राजपूताना में प्रथम स्कूल सन् 1819 में अजमेर में डेविड ऑक्टोरलोजी के प्रयासों से शुरु हुआ तथा सन् 1836 में अजमेर में राज्य का पहला आधुनिक सरकारी स्कूल शुरु हुआ जो सन् 1868 में इण्टरमीडिएट तथा सन् 1869 में स्नातक कॉलेज में परिवर्तित हुआ। इसके बाद जयपुर, जोधपुर तथा बीकानेर रियासतें नवीन शिक्षा पद्धति की ओर बढ़ी।

मेवाड़ में आधुनिक शिक्षा का प्रारंभ सन् 1863 से होता है। यद्यपि इस समय तक सन् 1835 में मैकाले के निर्देशन में यूरोपीय पद्धति आधारित नई शिक्षा व्यवस्था का प्रारंभ हो चुका था तथा सन् 1857 में कलकत्ता, मद्रास एवं बम्बई में लंदन विश्वविद्यालय के तर्ज पर विश्वविद्यालय प्रारंभ किए गए अतः देशभर में नई शिक्षा पद्धति को अपनाया जाने लगा था। ए.जी.जी. एवं रेजिडेंटों के प्रभाव से मेवाड़ भी इस बदलाव से बच न सका। महाराणा शंभूसिंह के काल में बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने हेतु **जनवरी, 1863 में एक पाठशाला की स्थापना** की गई। चूंकि पाठशाला की स्थापना महाराणा शंभूसिंह के आदेश से हुई थी, अतः इसे 'महाराणा शंभूसिंह साहिब का मदरसा' भी कहा जाता था। इसकी स्थापना में रेजिडेंट कर्नल ईडन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। जगदीश चौक, उदयपुर में बना **यह मेवाड़ का प्रथम सरकारी विद्यालय था**। सन् 1873 में यह क्रमोन्नत होकर राज्य का प्रथम मिडिल स्कूल बना। सन् 1874 में महाराणा शंभूसिंह की मृत्यु हुई, जिसके पश्चात् उनका दत्तक पुत्र सज्जनसिंह मेवाड़ का महाराणा बना। इन्होंने अपने पिता की स्मृति, उनके गुरुरत्नेश्वर की विद्यालय निर्माण में योगदान की स्मृति तथा गुरु–शिष्य की भारतीय परम्परा के अनुरूप विद्यालय का नाम– 'शंभू–रत्न पाठशाला' रखा। यह पाठशाला प्रमुख रूप से लड़कों की शिक्षा का स्थल था। पॉलिटिकल एजेन्ट कर्नल निक्सन द्वारा महाराणा को परामर्श देने पर **सन् 1866 में उदयपुर में पहली बार कन्या विद्यालय खोला गया**। सन् 1871 तक संपूर्ण मेवाड़ में केवल दो ही राजकीय विद्यालय थे– एक लड़कों का और दूसरा लड़कियों का और दोनों ही उदयपुर में ही स्थित थे। सन् 1872 में एक राजकीय विद्यालय, भीलवाड़ा में एवं एक अन्य विद्यालय मेवाड़ की पूर्व राजधानी चित्तौड़गढ़ में स्थापित किया गया।

इस प्रकार सन् 1863 में 'पाठशाला' के निर्माण के साथ जिस श्रेष्ठ धारा का सूत्रपात हुआ उसका बहाव शनैः शनैः मेवाड़ के अन्य क्षेत्रों में भी होने लगा। सन् 1873 तक मेवाड़ में चार विद्यालय थे जिनमें से एक मिडिल तक था। मिडिल स्कूल अर्थात् माध्यमिक विद्यालय जिसमें बच्चों को आठवीं कक्षा तक शिक्षित किया जाने लगा। सन् 1865 में मेवाड़ के कुछ प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी का

अध्ययन–अध्यापन प्रारंभ किया गया। इस कालखंड के प्रारंभिक वर्षों में शिक्षा का मूल उद्देश्य मेवाड़वासियों को मात्र साक्षर बनाना था। सन् 1865 के बाद राज्य द्वारा अनुभव किया गया कि मात्र अक्षर ज्ञान तक ही शिक्षा को सीमित रखना शिक्षा के विकास के मार्ग को अवरुद्ध करना होगा अतः यहाँ शिक्षा शास्त्रियों द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञान की अभिवृद्धि हेतु पाठ्यक्रम की सुव्यस्थित रूपरेखा बनाई गई।

मेवाड़ में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरुकता एवं विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि ने विद्यालयों के प्रसार पर बल दिया। राज्य में निरन्तर शैक्षणिक गतिशीलता एवं आधुनिक शिक्षा के महत्त्व को देखते हुए पॉलिटिकल ऐजेन्ट मेवाड़ कर्नल इम्पी ने सन् 1877 में एक शिक्षा समिति का गठन किया जिसके अध्यक्ष स्वयं महाराणा थे एवं उपाध्यक्ष पोलिटिकल एजेन्ट मेवाड़ नियुक्त हुए। इस शिक्षा समिति ने ब्रह्मपोल ब्रांच स्कूल एवं दूसरा कुशलपोल ब्रांच स्कूल प्रारंभ किए। शिक्षा समिति ने राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी प्राथमिक विद्यालय प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा, फलस्वरूप राज्य के अनेक क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालय प्रारंभ किए गए।

मेवाड़ के आरंभिक विद्यालय

क्र. सं	विद्यालय का नाम	प्रारंभिक वर्ष
1.	शंभू–रत्न पाठशाला (महाराणा शंभू सिंह साहिब का मदरसा)	1863
2.	जावर विद्यालय	1875
3.	ऋषभदेव (केसरिया जी) विद्यालय	1875
4.	ब्रह्मपोल ब्रांच स्कूल	1877
5.	कुशलपोल ब्रांच स्कूल	1887
6.	जहाजपुर विद्यालय	1883
7.	सादड़ी विद्यालय	1883
8	कोटड़ा विद्यालय	1883

इस प्रकार वर्ष 1874–1884 के मध्य राज्य में कुल सात नये प्राथमिक विद्यालय एवं एक हाई स्कूल प्रारंभ किया गया । इससे मेवाड़ में सन् 1884 तक कुल 14 प्राथमिक विद्यालय, एक मिडिल स्कूल (सन् 1873 से प्रारंभ) एवं एक हाई स्कूल था।

महाराणा ने गैर सरकारी शैक्षणिक प्रयत्नों को भी सहयोग दिया। उन्होंने सन् 1877 में ईसाई मिशनरी संस्था– 'प्रेस ब्रिटेरिअन' मिशन संस्था को राज्य में विद्यालय प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान कर स्वरूप सागर के निकट भूमि प्रदान की। बिशप शेफर्ड के नेतृत्व में उदयपुर में गणेशघाटी पर सर्वप्रथम एक प्राथमिक मिशनरी विद्यालय स्थापित किया गया। महाराणा सज्जनसिंह के काल में शिक्षा के विकास को तीव्र गति प्रदान की गई। उनके काल में शंभूरत्न पाठशाला को क्रमोन्नत करके सन् 1883 में हाई स्कूल बना दिया गया। **यह राज्य का प्रथम हाईस्कूल था**। उदयपुर में हाई स्कूल स्थापित होने के पश्चात् माध्यमिक शिक्षा का पाठ्यक्रम हाई स्कूल के पाठ्यक्रम के अनुरूप व्यवस्थित किया जाने लगा, जिससे छात्र को हाई स्कूल की उच्च शिक्षा प्राप्त करते समय विषयों के चुनाव में कठिनाई न हो। हाई स्कूल का पाठ्यक्रम प्रारंभ में कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्रभावित था क्योंकि हाई स्कूल की परीक्षाओं के आयोजन का संबंध कलकत्ता विश्वविद्यालय से था। सन् 1887 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना के पश्चात् मेवाड़ की हाई स्कूल की परीक्षाओं का संबंध इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया गया अतः सन् 1887 से राज्य का माध्यमिक एवं हाई स्कूल का पाठ्यक्रम भी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्रभावित होने लगा। सन् 1929 में राजपूताना, अजमेर–मेरवाड़ा सहित ग्वालियर एवं मध्य भारत के नये संयुक्त बोर्ड की, स्थापना की गई, जिसका मुख्यालय अजमेर रहा तथा पाठ्यक्रम को नये सिरे से पुनर्व्यवस्थित किया गया। इस नये बोर्ड की स्थापना से शिक्षा के विकास में विशेष प्रभाव पड़ा। अब तक नये विषयों का अध्ययन प्रारंभ करने के लिए संयुक्त प्रांत बोर्ड से उक्त विषयों की परीक्षा के लिए मान्यता लेनी पड़ती थी, चूंकि संयुक्त प्रांत बोर्ड के पास अधिक जिम्मेदारियाँ होने से वह राज्य द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की ओर शीघ्र ध्यान नहीं दे पाता था अतः सीमित पाठ्यक्रम का ही अध्ययन हो पाता था। वाणिज्य एवं आयुर्विज्ञान जैसे विषयों का अध्ययन राज्य में इस समय तक आरम्भ नहीं हुआ था।

सन् 1894 में मेवाड़ राज्य की शिक्षा समिति को भंग कर दिया गया। महाराणा के इस निर्णय का मेवाड़ की शिक्षा की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। नये विद्यालयों को प्रारंभ करने की गति में शिथिलता आ गई। जिसके परिणामस्वरूप अगले चार वर्षों तक कोई नया विद्यालय प्रारंभ नहीं किया जा सका। सन् 1930 में ही महाराणा भूपालसिंह ने राज्य के शिक्षा विभाग को पुनर्गठित किया तथा स्वतंत्र रूप से निर्देशक सरिश्ते तालिम पद का सृजन किया।

सन् 1901 में मेवाड़ राज्य की जनसंख्या 10.21 लाख थी जिसमें 4 प्रतिशत आबादी पढ़–लिख सकती थी। आजादी के समय यह आंकड़ा 8 प्रतिशत हुआ। उदयपुर शहर में बोहरा समुदाय बहुत आगे था क्योंकि उन्होंने वर्ष 1907–08 में प्राइवेट स्कूल स्थापित कर लिया था जिसमें उर्दू, फारसी, अरबी तथा हिंदी पढाई जाती थी और इसमें 200 लड़के एवं 150 लड़कियाँ अध्ययनरत थी।

महाविद्यालयीय शिक्षा व्यवस्था

सन् 1922 में इंटरमीडिएट कॉलेज की स्थापना के साथ ही मेवाड़ राज्य ने शिक्षा के विकास क्रम में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूल के पश्चात् चतुर्थ सोपान के रूप में कॉलेज शिक्षा की ओर प्रारंभिक कदम उठाया। अजमेर के अतिरिक्त राजपूताना में जयपुर और जोधपुर के पश्चात् मेवाड़ चतुर्थ राज्य था जहाँ इंटरमीडिएट की कक्षाओं के अध्ययन की व्यवस्था की गई थी। प्रारंभ में इंटरमीडिएट कॉलेज की कक्षाएँ उदयपुर के प्राकृतिक प्रांगण सज्जननिवास बाग के नवलखा महल में प्रारम्भ की गई। इन कक्षाओं के साथ–साथ हाई स्कूल की कक्षाएँ जो कि पूर्व में जगदीश चौक स्थित शंभूरत्न पाठशाला के भवन में संचालित होती थी, उन्हें भी इंटरमीडिएट कक्षाओं के साथ नवलखा महल में स्थानान्तरित कर दिया गया था। सन् 1934 में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट कक्षाएँ शहर से डेढ़ मील दूर चम्पाबाग के समीप कॉलेज के लिए नवनिर्मित भवन (आज का विश्वविद्यालय वाणिज्य महाविद्यालय) में स्थानान्तरित कर दी गई।

आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महाविद्यालय शिक्षा से तात्पर्य उस शिक्षा से था जिसके अन्तर्गत विद्यार्थी हाई स्कूल अर्थात् दसवीं कक्षा के स्तर तक सीमित परिधि में ज्ञान अर्जित करने के उपरांत उस ज्ञान–क्षेत्र को विस्तृत करने हेतु कॉलेज में प्रवेश लेता था। उस काल में कॉलेज–शिक्षा तीन भागों में विभक्त थी– प्रथम इंटरमीडिएट जिसके अंतर्गत ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षाएँ, दूसरा स्नातक डिग्री कक्षाएँ जिसके अन्तर्गत तेरहवीं एवं चौदहवीं तथा तीसरा स्नातकोत्तर जिसमें पन्द्रहवीं एवं सोलहवीं कक्षाओं के पाठ्यक्रम का अध्ययन कराया जाता था। इंटरमीडिएट कक्षाओं की परीक्षाओं का आयोजन अजमेर स्थित राजपूताना बोर्ड द्वारा किया जाता था।

सन् 1921 में मेवाड़ की राजनैतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों में परिवर्तन होना प्रारंभ हो चुका था, तदनुसार ब्रिटिश सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य–कार्यों में अनेक अधिकार युवराज भूपालसिंह को हस्तांतरित कर दिए गए। इसके अतिरिक्त उस समय यहाँ अतिवृष्टि का भी प्रकोप नहीं था। प्रथम विश्व युद्ध भी समाप्त हो चुका था। यद्यपि इस युद्ध के प्रभावों के कारण यहाँ की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं थी किंतु राज्य के विकास हेतु पुनः निर्माण एवं विकास कार्य किए गए। सन् 1921 में राज्य–कार्य संभालने के पश्चात् सर्वप्रथम युवराज भूपालसिंह ने सड़कों, स्कूलों एवं दवाखानों में धन लगाने की घोषणा की थी। इससे विकास कार्यों को नई गति प्राप्त हुई, फलस्वरूप सन् 1922 में उदयपुर में इंटरमीडिएट कॉलेज की स्थापना करके एक प्रगतिशील शैक्षणिक कदम उठाया गया। जुलाई, 1931 में **विद्या भवन सोसायटी** तथा अगस्त, 1937 में **राजस्थान विद्यापीठ** की स्थापना होने से उच्च शिक्षा का परिदृश्य बदलने लगा। उदयपुर में विद्याप्रचारिणी सभा के तत्त्वावधान में क्रमोन्नत रूप में सन् 1923 में भूपाल नोबल्स प्राथमिक स्कूल, सन् 1929 में हाई स्कूल, सन् 1954 में इंटरमीडिएट कॉलेज, सन् 1960 में डिग्री कॉलेज, सन् 1978 में पी. जी. कॉलेज तथा सन् 2015 में बी. एन. विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

सन् 1938 में प्रकाशित श्री देवनाथ पुरोहित की पुस्तक 'Mewar History: Guide to Udaipur' के अनुसार महाराणा इंटरमीडिएट कॉलेज के चंपा बाग स्थित भवन (आज का कॉमर्स कॉलेज) के निर्माण पर रुपये चार लाख की लागत आयी थी।



MAHARANA'S COLLEGE

(महाराणा इंटरमीडिएट कॉलेज का यह चित्र सर सुखदेव ठाकुर जसनगर की सन् 1938 में प्रकाशित पुस्तक 'Mewar Under Maharana Bhupal Singh Ji' से लिया गया है।)

महाराणा इंटरमीडिएट कॉलेज 24 वर्ष पश्चात् **1 जून, 1945 को क्रमोन्नत होकर डिग्री कॉलेज** बन गया। मेवाड़ में लंबे समय से उच्च शिक्षा के लिए डिग्री कॉलेज की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा था क्योंकि 20वीं शताब्दी के प्रारंभ से ही मेवाड़ में भी शिक्षा एवं रोजगार एक दूसरे के पूरक बनने लग गए थे। विशेषकर प्रथम महायुद्ध के पश्चात् रोजगार वंशानुगतता की बजाय अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं पर निर्भर होने लगे थे और उसके लिये उच्च शिक्षा की आवश्यकता थी। यद्यपि सन् 1940 में मेवाड़ सेन्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड में गैर–सरकारी सदस्य हमीरलाल मुर्डिया ने महाराणा कॉलेज में तत्काल स्नातक कक्षाएँ प्रारंभ करने की जोरदार वकालत की तथा सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी सदस्यों का भी उक्त प्रस्ताव को समर्थन प्राप्त हुआ किंतु आर्थिक कठिनाइयों वश राज्य सरकार उस प्रस्ताव को कार्यरूप देने में असमर्थ थी क्योंकि स्नातक कक्षाएँ प्रारंभ करने का अर्थ होता कि इंटरमीडिएट कॉलेज एवं हाई स्कूल को पृथक्–पृथक् भवनों में स्थानान्तरित किया जाए, जिसके लिए एक नये भवन एवं साज–सामान की आवश्यकता थी किंतु शिक्षा की बढ़ती मांग, छात्रों की संख्या एवं आवश्यकता को देखते हुए सन् 1945 में महाराणा कॉलेज में कला एवं विज्ञान दोनों ही संकायों में स्नातक स्तर की कक्षाएँ प्रारंभ की गई। इंटरमीडिएट एवं स्नातक कॉलेज की कक्षाएँ एक ही भवन में संचालित की गई तथा हाई स्कूल की कक्षाओं को नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित कर दिया गया और **जुलाई, 1945 में इसका नया नाम 'महाराणा भूपाल कॉलेज'** रखा गया। फतह स्कूल की स्थापना इसी समय पृथक् से हुई। यह नाम तत्कालीन महाराणा भूपालसिंह द्वारा उच्च शिक्षा के विकास में प्रदत्त योगदानों को ध्यान में रखते हुए उनके नाम पर रखा गया।

सन् 1921 से 1945 तक तीन प्राचार्य और अनेक प्राध्यापकों ने अपनी सेवाएँ कॉलेज को दी। इस इंटरमीडिएट कॉलेज के **प्रथम प्राचार्य कन्हैयालाल वर्मा थे**। ये उक्त पद पर सन् 1929 तक बने रहे। प्राचार्य कन्हैयालाल वर्मा ने विज्ञान की शिक्षा के लिये उपयुक्त व्यवस्था करने के उद्देश्य से कॉलेज में अनुसंधान कक्ष स्थापित करवाया तथा गैस प्लांट एवं पानी के पाईप और टैप की व्यवस्था भी करवाई थी। सन् 1928 में राजपूताना, अजमेर, मेरवाड़ा, ग्वालियर और मध्य भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिये स्थापित नये बोर्ड की संविधान सभा के ये सदस्य थे तथा बोर्ड की अंग्रेजी विषय कमेटी में भी सदस्य थे। इनके बाद सन् 1930 में लक्ष्मीलाल जोशी एवं सन् 1931 में सचीन्द्र बोस को प्राचार्य बनाया गया। महाराणा भूपाल कॉलेज में विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार प्राचार्य एवं प्राध्यापक की नियुक्ति का आधार योग्यता रखा गया था। स्नातक कॉलेज में सर्वप्रथम प्राचार्य के पद पर **डॉ. प्रफुल्ल चंद्र बसु** को नियुक्त किया गया, जो कि एम. ए., पीएच. डी. थे। मेवाड़ के शैक्षणिक इतिहास में पहली बार डॉक्ट्रेट की उच्च उपाधि प्राप्त व्यक्ति की नियुक्ति की गई थी।

उदयपुर में कॉलेज स्तर की शिक्षा व्यवस्था हो जाने के पश्चात् मेवाड़ सेन्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड के गैर–सरकारी सदस्य हमीरलाल मुर्डिया एवं रामचन्द्र समदानी ने भीलवाड़ा में कॉलेज शिक्षा प्रारंभ करने की पुरजोर माँग की, किंतु वे उस मांग को मनवाने में सफल नहीं हुए।

कानूनी शिक्षा

सन् 1886 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कानून से संबंधित अध्ययन प्रारंभ हुआ। सरकार ने उच्च न्यायालयों के वकीलों के लिए कानून में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य घोषित कर दिया अर्थात् एलएल. बी. डिग्री होना आवश्यक हो गई। वर्ष 1887 से 1928 तक मेवाड़ का इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संबंध था। उस विश्वविद्यालय में होने वाले परिवर्तनों से मेवाड़ के विद्यार्थी प्रभावित अवश्य होते थे अतः मेवाड़ के छात्र एलएल. बी. के अध्ययन हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अतिरिक्त लखनऊ एवं बनारस विश्वविद्यालय में भी जाने लगे। कानून की शिक्षा की ओर बढ़ते आकर्षण को देखकर सन् 1946 में उदयपुर के महाराणा भूपाल कॉलेज में भी एलएल. बी. की कक्षाएँ प्रारंभ की गई। स्थानाभाव के चलते ये कक्षाएँ सायंकाल आयोजित होती थी।

तकनीकी शिक्षा

मेवाड़ में जिस **तकनीकी शिक्षा** को विकसित करने का सबसे अधिक प्रयत्न हुआ, वह कृषि थी। चूंकि मेवाड़ उस समय कृषि प्रधान राज्य था और यहाँ के अधिकांश निवासियों की आजीविका कृषि पर आधारित थी अतः कृषि की नवीन तकनीकें कृषकों तक पहुँच पाए, इस हेतु सन् 1930 से प्राथमिक कक्षाओं के पाठ्यक्रम में कृषि को अनिवार्य विषय में रखा गया। प्राध्यापक भी विद्यालयों में विद्यार्थियों को कृषि की जानकारी समुचित रूप से प्रदान कर पाएँ इस उद्देश्य से (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को कृषि की जानकारी प्रदान करने हेतु)'लम्बरदार विद्यालय' में सन् 1930 से नार्मल कक्षाएँ प्रारंभ की गई। सन् 1936 से माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में भी कृषि विषय को अनिवार्य पाठ्क्रम में सम्मिलित किया गया। वर्ष 1938–1939 में इन्टरमीडिएट कॉलेज में भी कृषि विषय का अध्यापन प्रारंभ किया गया, किंतु कॉलेज में कृषि अध्ययन को अनिवार्य विषय में सम्मिलित न कर वैकल्पिक विषय के रूप में रखा गया। इस प्रकार मेवाड़ में कृषि से संबंधित नवीन तकनीक से नागरिकों को परिचय कराने का प्रयत्न शिक्षा के प्राथमिक स्तर से ही प्रारंभ कर दिया गया था। साथ ही ग्रामीण नागरिकों को भी कृषि की नवीन तकनीक से प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से ग्रामों में रात्रि–कक्षाएँ प्रारंभ की गई।

विश्वविद्यालय की योजना

सन् 1922 में प्रथम कॉलेज की स्थापना के होने से सन् 1948 तक की 26 वर्षों की मध्यावधि में मेवाड़ में कुल पाँच महाविद्यालय स्थापित किए गए थे। सन् 1939 तक यहाँ पाँच प्रतिशत जनता ही कॉलेज शिक्षा का लाभ प्राप्त कर रही थी। सन् 1947 में छात्रों का प्रतिशत छः और छात्राओं का मात्र एक प्रतिशत था। स्नातक कॉलेज की स्थापना के बाद राज्य में विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रयत्न प्रारंभ किए जाने लगे। 20 अक्टूबर, 1945 को मेवाड़ सेण्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड के ग्यारहवें अधिवेशन में हमीरलाल मुर्डिया द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में एक प्रस्ताव रखा गया था जिसे कुछ संशोधन के पश्चात् सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। प्रस्ताव के अनुसार यह मांग की गई थी कि मेवाड़ में भी एक हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए एवं उसके लिये हिन्दी विद्यापीठ को ही इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रचूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। हिन्दी विद्यापीठ विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव के पीछे उस्मानिया विश्वविद्यालय की प्रेरणा थी। जिस प्रकार उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद उर्दू भाषा के विकास में कार्यरत था उसी प्रकार मेवाड़ में भी हिन्दी के विकास के लिये हिन्दी विद्यापीठ से अपेक्षा थी। 13वें अधिवेशन में भी बोर्ड ने अपने पूर्व प्रस्ताव को 21 अप्रैल, 1947 को पुनः दोहराया। इस अधिवेशन में उपरोक्त प्रस्तावों पर और अधिक गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। सन् 1947 के प्रारंभिक महीनों में भारत स्वतंत्रता प्राप्त करने की तैयारी में लगा हुआ था। स्वतंत्रता का राजनैतिक वातावरण देखकर महाराणा ने **मेवाड़ का नया संविधान** प्रसिद्ध संविधानविद् के. एम. मुंशी की देखरेख में तैयार करवाया। नये संविधान के चौथे भाग में उदयपुर में एक विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई। जिसका नाम महाराणा प्रताप के नाम पर **प्रताप विश्वविद्यालय** रखना तय हुआ था। विश्वविद्यालय के निर्माण के लिये चित्तौड़ में एक हजार बीघा भूमि भी प्रदान की गई। वहाँ सभी विषयों में एम. ए. की परीक्षा की तैयारी के अतिरिक्त शोध कार्य की भी व्यवस्था का प्रावधान रखा गया था। शिक्षा की मुख्य विशेषता आर्य धर्म की शिक्षा देना स्वीकार किया गया। महाराणा भूपालसिंह कुलपति नियुक्त किये गये और उन्हें उपकुलपति नियुक्त करने का अधिकार दिया गया था किंतु विश्वविद्यालय की योजना व्यावहारिक रूप नहीं ले सकी क्योंकि 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् मेवाड़ में माणिक्यलाल वर्मा के नेतृत्व में गठित लोकप्रिय सरकार ने महाराणा द्वारा बनाये गये संविधान को अस्वीकार कर दिया। इस प्रकार मेवाड़ में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा का प्रवेश नहीं हो सका। यदि उस समय मेवाड़ में विश्वविद्यालय स्थापित कर दिया जाता तो राजस्थान में जयपुर के पश्चात् मेवाड़ ही ऐसा राज्य होता जहाँ उच्च शिक्षा हेतु विश्वविद्यालय स्तर की व्यवस्था होती।

मेवाड़ में आधुनिक शिक्षा की विकास यात्रा

क्र.सं.	वर्ष	शिक्षा–सोपान
1	सन् 1818	मेवाड़ राज्य की अंग्रेजों से संधि।
2	सन् 1863	मेवाड़ राज्य के प्रथम सरकारी प्राथमिक विद्यालय जगदीश चौक (उदयपुर) में 'महाराणा शंभू सिंह साहिब का मदरसा' नामक पाठशाला की स्थापना। यह सन् 1874 में 'शंभू–रत्न पाठशाला' कहलाने लगा।
3	सन् 1866	उदयपुर में कन्या प्राथमिक विद्यालय स्थापित।
4	वर्ष 1875–1882	जावर, जहाजपुर, सादड़ी तथा कोटड़ा इत्यादि में विद्यालयों की स्थापना। सन् 1877 में उदयपुर में एक मिशनरी स्कूल स्थापित।
5	सन् 1883	शंभू–रत्न पाठशाला हाई स्कूल में क्रमोन्नत।(कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्धता)
6	सन् 1887	इलाहाबाद विश्वविद्यालय बनने से हाईस्कूलों की संबद्धता इलाहाबाद विश्वविद्यालय से।
7	सन् 1922	उदयपुर में नवलखा महल में महाराणा इण्टरमीडिएट कॉलेज की स्थापना।
8	सन् 1929	अजमेर में 'संयुक्त बोर्ड' (राजपूताना , अजमेर–मेरवाड़ा, ग्वालियर तथा मध्य भारत) की स्थापना से स्कूली शिक्षा की संबद्धता शुरु।
9	सन् 1934	महाराणा इण्टरमीडिएट कॉलेज चम्पाबाग (आज का वाणिज्य महाविद्यालय) में स्थानान्तरित।
10	सन् 1945	महाराणा इण्टरमीडिएट कॉलेज, डिग्री कॉलेज में क्रमोन्नत। जुलाई,1945 में महाराणा भूपाल कॉलेज (एम.बी.कॉलेज) नाम दिया गया। फतह स्कूल की स्थापना। 20 अक्टूबर,1945 को मेवाड़ सेन्ट्रल एडवाइजरी बोर्ड के 11वें अधिवेशन में श्री हमीरलाल मुर्डिया ने मेवाड़ राज्य में हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव रखा जो बोर्ड के 13वें अधिवेशन (21 अप्रैल,1947) में पुनः दोहराया गया।

क्र.सं.	वर्ष	शिक्षा–सोपान
11	वर्ष 1922–1948	मेवाड़ राज्य में कुल पाँच कॉलेज स्थापित।
12	सन् 1946	एम. बी. कॉलेज में एलएल. बी. का अध्ययन शुरु।
13	सन् 1947	श्री के. एम. मुंशी द्वारा मेवाड़ राज्य के संविधान का निर्माण। चितौड़गढ़ में 'प्रताप विश्वविद्यालय' के नाम से भूमि आवंटित तथा महाराणा भूपाल सिंह को कुलपति बनाने की घोषणा। एम . बी. कॉलेज की संबद्धता राजपूताना विश्वविद्यालय (सन् 1957 से राजस्थान विश्वविद्यालय) से शुरु।
14	सन् 1948	संयुक्त राजस्थान के निर्माण के समय एम. बी. कॉलेज सरकार के हाथों में।
15	वर्ष 1947–55	जोबनेर में जागीरदार द्वारा कृषि महाविद्यालय की स्थापना जिसे सन् 1955 में राजस्थान सरकार ने लिया। सन् 1955 में उदयपुर में 'राजस्थान कृषि महाविद्यालय' तथा बीकानेर में 'राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय' स्थापित।
16	सन् 1962	राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर की स्थापना (12 जुलाई, 1962) तथा उपर्युक्त तीनों महाविद्यालय इसके संघटक महाविद्यालय बने।
17	सन् 1964	राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय को बहुसंकाय में परिवर्तित करते हुए उदयपुर विश्वविद्यालय की स्थापना तथा एम.बी. कॉलेज इसका संघटक महाविद्यालय बना और नाम पड़ा 'आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल (SBSH)'.

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की विकास–यात्रा

प्रो. एस. के. कटारिया

भारत की स्वतंत्रता के समय राजस्थान 19 देशी रियासतों तथा 3 चीफशिप (कुशलगढ़, लावा, नीमराणा) से संचालित होता था। ऐसे में राजस्थान के एकीकरण की प्रक्रिया की सुगबुगाहट 1945–48 से ही शुरु हो गई थी। सन् 1948 में मत्स्य संघ, हाड़ौती संघ तथा संयुक्त राजस्थान के निर्माण के दौरान मेवाड़ का 18 अप्रैल, 1948 को संयुक्त राजस्थान में विलय हो गया साथ ही उदयपुर राजधानी बना एवं महाराणा भूपाल सिंह राजप्रमुख तथा माणिक्य लाल वर्मा प्रधानमंत्री बनाए गए। 30 मार्च, 1949 को यह व्यवस्था राजस्थान में परिवर्तित हुई तथा जयपुर को राजधानी बनाया गया और आधुनिक राजस्थान अस्तित्व में आया। इसी प्रक्रिया के दौरान सन् 1948 में एम. बी. कॉलेज सरकार का हो गया।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रारंभिक उद्देश्य कृषि विकास से संबंधित अध्ययन, अध्यापन एवं अनुसंधान कार्य करना था। स्वतंत्रता के समय राज्य में राजपूताना विश्वविद्यालय, जयपुर की 8 जनवरी,1947 को तथा जुलाई, 1947 में जोबनेर में राज्य के प्रथम कृषि महाविद्यालय की स्थापना हो चुकी थी। जोबनेर कृषि महाविद्यालय सन् 1892 में बना एक रजवाड़ी विद्यालय था जिसे ठाकुर नरेन्द्र सिंह ने कृषि महाविद्यालय के रूप में सन् 1947 में क्रमोन्नत किया। सन् 1955 में इस महाविद्यालय को राजस्थान सरकार ने अधिगृहीत कर लिया। स्वतंत्रता के पश्चात् दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान देशभर में आधुनिक कृषि विकास को प्राथमिकता देते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकारें सतत प्रयत्नशील थी। बढ़ती जनसंख्या तथा खाद्यान्न की कमी को देखते हुए ऐसा करना अपरिहार्य हो चुका था अतः अमरीकी **Land Grant Scheme** के अंतर्गत भारत ने भी राज्य प्रायोजित कृषि विश्वविद्यालयों (स्वायत्त) की स्थापना की ओर कदम बढ़ाए। अमेरिकी कानून **Morrill Act, 1862** तथा 1890 के अंतर्गत यह प्रावधान था कि संघ सरकार राज्यों को अपनी भूमि अनुदान में देते हुए कृषि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना करे ताकि कृषि विकास को राज्य द्वारा प्रश्रय मिल सके। ऐसे विश्वविद्यालयों में विद्यार्थी को अध्ययन के दौरान कमाने की सुविधा भी मिलती थी। इसी नीति को राजस्थान सरकार ने भी अपनाया तथा सन् 1955 में राजस्थान कृषि महाविद्यालय की उदयपुर में तथा इसी वर्ष बीकानेर में 'राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय' की स्थापना की गई । सन् 1960 में देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर में स्थापित हुआ।

> वर्ष 1952–53 में राजस्थान में 8 स्नातक कॉलेज, 20 इंटर कॉलेज, 113 हाई स्कूल, 540 मिडिल स्कूल तथा 3540 प्राथमिक स्कूल थे और राज्य में साक्षरता दर थी मात्र 8 प्रतिशत। मोटर वाहन थे केवल साढ़े दस हजार।

लैण्ड ग्राण्ट स्कीम

पूँजीवादी देश संयुक्त राज्य अमेरिका की मूल अवधारणा 'लैण्ड ग्राण्ट स्कीम' का तात्पर्य उस योजना से था जिसमें संघीय सरकार किसी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय को कृषि–शिक्षा एवं अनुसंधान शुरु करने के लिए भूमि एवं अनुदान देती थी। ऐसी शिक्षा पद्धति में संस्था की स्वायत्तता, शिक्षा प्राप्ति के साथ आजीविका सुनिश्चित करना तथा सेमेस्टर एवं आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली इत्यादि विशेषताएँ सम्मिलित थी।

सन् 1962 में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के समय प्रथम वर्ष में 2,29,297 अमेरिकी डॉलर अर्थात् 10.91 लाख रुपयों (4.76 रुपयों का एक डॉलर था) की सहायता प्राप्त हुई थी जो कुलपति के वेतनमान से लगभग 550 गुणा के बराबर थी।

कालान्तर में राजस्थान विधानसभा में **राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय विधेयक, 1961** प्रस्तुत हुआ जिसे 6 जून, 1962 को राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई। इस विधेयक के क्रम में तत्कालीन कृषि मंत्री श्री नाथू राम मिर्धा ने विधानसभा में वक्तव्य दिया कि– ''कृषि–शिक्षा और अनुसंधान के लिए भारत सरकार द्वारा गठित **Indo-American Team** ने यह पुरजोर अनुशंसा की है कि कृषि–शिक्षा, अनुसंधान तथा विस्तार कार्यों के लिए राज्य में कृषि विश्वविद्यालयों की महती आवश्यकता है।'' **Indo-American Team on Agriculture Education (1955 & 1960)** मूलतः भारत और अमेरिका के बीच एक तकनीकी सहयोग कार्यक्रम था जो **ओहियो विश्वविद्यालय** तथा भारत के कृषि महाविद्यालयों के मध्य अकादमिक आदान–प्रदान के लिए कार्यरत था। इस क्रम में सितंबर, 1955 में प्रो. ब्लैकमेन भारत आए तथा उन्होंने एक वर्ष बीकानेर में तथा एक वर्ष उदयपुर में बिताया। इसी वर्ष डॉ. सट्टन तथा डॉ. रूमल ने भारत भ्रमण किया तथा भारत सरकार को यह सुझाव दिया कि भारतीय कृषि वैज्ञानिकों को ओहियो विश्वविद्यालय में कृषि प्रशिक्षण दिया जाए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अमेरिकी सरकार ने भारत को USAID योजना के अंतर्गत 26156 डॉलर पुस्तकों के क्रय हेतु तथा 203141 डॉलर कृषि उपकरणों की खरीद हेतु दिए। राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम,1962 में कृषि का तात्पर्य 'भूमि तथा जल के प्रबंध, फसल तथा पशुधन के उत्पादन एवं प्रबंध, गृह विज्ञान और ग्रामीण जनता के सुधार के आधारभूत तथा व्यावहारिक विज्ञान' से लगाया गया था और इसी अवधारणा के अंतर्गत राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर ने अपनी अकादमिक यात्रा प्रारंभ की।

तत्कालीन राज्यपाल डॉ. संपूर्णानंद ने एक आदेश जारी करके **आई. ए. एस. अधिकारी श्री जी. बी. के. हूजा** को इस विश्वविद्यालय का प्रथम उपकुलपति (बाद में पदनाम कुलपति हुआ) पद पर नियुक्ति प्रदान की जिन्होंने 05 जुलाई, 1962 को पद ग्रहण किया। श्री हूजा उदयपुर में सन् 1958 से 1960 तक जिला कलक्टर रह चुके थे अतः उन्हें यहाँ की परिस्थितियों का भली–भाँति आभास एवं अनुभव था। इस विश्वविद्यालय की विधिवत् स्थापना 12 जुलाई, 1962 से मानी गयी। माननीय राज्यपाल, राजस्थान सरकार, डॉ. संपूर्णानंद ने दिनांक 12 जुलाई, 1962 को विश्वविद्यालय का विधिवत् उद्घाटन किया। राजस्थान कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में हुए इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री श्री मोहनलाल सुखाड़िया तथा कृषि मंत्री श्री नाथूराम मिर्धा उपस्थित थे। राज्यपाल महोदय ने अपने उद्बोधन में इसे बहुसंकाय विश्वविद्यालय बनाने की आवश्यकता वर्णित की। राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर को राज्य का दूसरा विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है जबकि जोधपुर विश्वविद्यालय सन् 1962 में बना तीसरा विश्वविद्यालय था। दरअसल राज्य विधानसभा द्वारा जोधपुर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1962 (1962 का 17वाँ) तथा राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, अधिनियम (1962 का 18वाँ) कानून था किन्तु जोधपुर विश्वविद्यालय का उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन ने 24 अगस्त, 1962 को किया था।

एम. बी. कॉलेज के प्रथम भवन (1928–34) का बाहरी दृश्य (आज के विश्वविद्यालय वाणिज्य महाविद्यालय का पुस्तकालय)



प्रथम भवन का वह बरामदा जिसमें आज वाणिज्य महाविद्यालय का पुस्तकालय है।

उस समय राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अधीन निम्नांकित तीन महाविद्यालय थे:–

1. राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
2. श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर
3. राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर

इन तीनों महाविद्यालयों का कुल बजट 65 लाख रुपये था तथा विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर की एक प्रयोगशाला विंग में संचालित होता था। कृषि शिक्षा के प्रसार हेतु 1 जनवरी, 1962 से कृषि विस्तार विंग की स्थापना की गई। ये सभी महाविद्यालय सेमेस्टर और इंटरनल असेसमेंट पद्धति पर अध्ययन–अध्यापन करवाते थे। इनमें बी. एससी. तथा एम. एससी. कृषि , प्री यूनिवर्सिटी कृषि, बी. एससी.,पशु चिकित्सा एवं पशुपालन का अध्यापन करवाया जाता था। ज्ञात रहे कि उस समय 'कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, अजमेर' में भी उस समय कृषि कक्षाएँ सम्मिलित थी। वर्ष 1963–64 में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में कुल 1180 विद्यार्थी बैठे तथा उनमें से 809 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। विश्वविद्यालय का **प्रथम दीक्षान्त समारोह 02 फरवरी, 1964** को आयोजित किया गया जिसमें दीक्षांत भाषण डॉ. वी.के.आर.वी.राव, सदस्य, योजना आयोग ने प्रदान किया था। राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर, कृषि विज्ञान एवं पशु चिकित्सा से संबंधित पाठ्यक्रमों का अध्ययन–अध्यापन करवा रहा था। सन् 1961 में विधानसभा में विधेयक आते ही स्थानीय जनता की राज्य के मुख्यमंत्री श्री मोहनलाल सुखाड़िया से यह पुरजोर मांग हो चुकी थी कि इस विश्वविद्यालय में सामान्य शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों को भी सम्मिलित करते हुए इसे बहु संकाय विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया जाए। उस समय उदयपुर में महाराणा भूपाल कॉलेज (M.B.) संचालित होता था जिसकी स्थापना सन् 1922 में महाराणा, उदयपुर द्वारा की गई थी। इस महाविद्यालय की परीक्षा तथा डिग्री कार्य राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निष्पादित होता था। आम जनता की मांग पर राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1962 में परिवर्तन करते हुए उदयपुर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1962 के नाम से नया संशोधित कानून लाया गया जिसे 26 अक्टूबर, 1963 को राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई।

विगत सदी के सत्तर के दशक में स्थापित उदयपुर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के नाम जैसे–प्राचार्य के स्थान पर अधिष्ठाता, शोध हेतु पी. जी. स्टडीज का कार्यालय और 'स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज एण्ड ह्यूमेनिटिज' इत्यादि ओहियो विश्वविद्यालय से निरन्तर संपर्क, **USAID** के अधिकारियों का यहाँ सघन संवाद, **'Indo-American Team on Agriculture Education'** की परस्पर यात्राएँ इत्यादि के कारण **अमेरिकी प्रभाव** लिए हुए हैं जो कि राज्य के अन्य विश्वविद्यालय से भिन्न दिखाई पड़ते हैं।

राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय को बहुसंकाय विश्वविद्यालय बनाने हेतु और इसमें आधारभूत विज्ञान एवं मानविकी विषय सम्मिलित करने हेतु तत्कालीन कुलपति ने सन् 1962 में एक उपसमिति का गठन किया था। समिति में निम्नांकित सदस्य सम्मिलित थे–

1. श्री भीमसेन, कुलसचिव, राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर (संयोजक)
2. श्री के. पी. रोडे, प्रधान, तकनीकी विभाग, उदयपुर विश्वविद्यालय
3. श्री वी. वी. जॉन, आचार्य, महाराणा भूपाल, महाविद्यालय, उदयपुर
4. डॉ. ए. राठौड़, अधिष्ठाता, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
5. डॉ. डी. जे. हॉफ रज वैज्ञानिक सं. राज अनुदान, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
6. डॉ. डी. एस. कोठारी, प्रधान भौतिकी विभाग, महाराणा भूपाल महाविद्यालय, उदयपुर

इस समिति ने अनुशंसा की थी कि उदयपुर में चल रहे राजकीय महाराणा भूपाल (एम.बी.) महाविद्यालय में लगभग सभी प्रमुख विज्ञान एवं मानविकी विषय एवं प्राध्यापक उपलब्ध हैं अतः इस महाविद्यालय का विश्वविद्यालय में सम्मिलित किया जाना उचित रहेगा।

इस प्रकार महाराणा भूपाल कॉलेज 01 जुलाई, 1964 से उदयपुर विश्वविद्यालय का एक संघटक महाविद्यालय हो गया तथा इसे स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज एण्ड ह्यूमिनिटिज (SBSH) नाम दिया गया। इस विश्वविद्यालय के अधीन जुलाई, 1964 में कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की स्थापना हुई। इस प्रकार जुलाई, 1964 से विश्वविद्यालय की आंतरिक कार्यप्रणाली दो स्वरुपों में बंट गयी–

उदयपुर विश्वविद्यालय

कृषि विंग → (कृषि, पशुपालन एवं गृह विज्ञान संकाय हेतु)

शिक्षा विंग → (विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, वाणिज्य, विधि तथा शिक्षा संकाय)

विश्वविद्यालय के प्रथम उपकुलपति जी.बी.के. हूजा का कार्यकाल 20 नवंबर, 1963 (पूर्वाह्न) तक रहा तथा एक अकादमिक कुलपति के रूप में डॉ. जी. एस. महाजनि ने 20 नवंबर, 1963 (अपराह्न)को पद ग्रहण किया तथा वे इस पद पर साढ़े आठ वर्ष तक पदस्थापित रहे जो किसी कुलपति का इस विश्वविद्यालय में सर्वाधिक कार्यकाल है।

वर्ष 1963-64 में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी इस प्रकार थे–

क्र.सं.	पद	नाम
1	कुलपति (अब कुलाधिपति)	डॉ. संपूर्णानंद, माननीय राज्यपाल, राजस्थान सरकार
2	उपकुलपति(अब कुलपति)	डॉ. जी. बी. के. हूजा एवं डॉ. जी. एस. महाजनि
3	कुलसचिव	डॉ. एच. एन. मेहरोत्रा (रीडर, कृषि वनस्पति शास्त्र)
4	वित्त नियंत्रक	श्री के. डी. भार्गव तथा श्री जी. एस. सिमलोत
5	1) अधिष्ठाता, राजस्थान कृषि महाविद्यालय,उदयपुर	डॉ. ए. राठौड़
	2) अधिष्ठाता, श्री नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय,जोबनेर	डॉ. एन. प्रसाद
	3) अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान महाविद्यालय	डॉ. मोहन सिंह

इस समय विश्वविद्यालय के अधीन निम्नांकित संबद्ध (Affiliated - संपित) महाविद्यालय थे जिन्हें 'Associated College' कहा जाता था –

1. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
2. भूपाल नोबल्स महाविद्यालय, उदयपुर
3. गोविंदराम सेकसरिया विद्या भवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उदयपुर
4. श्रमजीवी कॉलेज, उदयपुर
5. उदयपुर स्कूल ऑफ सोशल वर्क, उदयपुर
6. राजस्थान महिला विद्यालय (गृह विज्ञान महाविद्यालय), उदयपुर

इस वर्ष में विश्वविद्यालय ने समस्त प्रकार की 2614 डिग्रियाँ प्रदान की थी।

उदयपुर विश्वविद्यालय के अधिनियम में सबसे बड़ा बदलाव अध्यादेश सं. 6 दिनांक 09 अगस्त, 1983 के द्वारा आया जिसके अन्तर्गत निम्नांकित परिवर्तन हुए–

- उदयपुर विश्वविद्यालय का नाम 'मोहनलाल सुखाड़िया **कृषि** विश्वविद्यालय' किया गया।
- विश्वविद्यालय में आंतरिक रूप में चल रही कृषि शाखा एवं शिक्षा शाखा को अधिनियम में स्थान दिया गया।
- कृषि एवं शिक्षा शाखा के लिए पृथक–पृथक विद्वत् (अकादमिक) परिषद बनायी गयी।
- नियंत्रण मंडल एवं कार्यकारी समिति के स्थान पर 'प्रबंध मंडल' बनाया गया।
- SBSH के निदेशक की नियुक्ति 'प्रबंध मंडल' द्वारा होने लगी।

दिनांक 2 फरवरी, 1982 को श्री मोहनलाल सुखाड़िया का बीकानेर में हृदय गति रुकने से स्वर्गवास हो गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवचरण माथुर की सरकार ने यह निर्णय लिया कि उदयपुर विश्वविद्यालय का नाम स्व. मोहनलाल सुखाड़िया के नाम पर रखा जाए। इस हेतु अध्यादेश सं. 6 (1983) के द्वारा इसका नाम मोहनलाल सुखाड़िया कृषि विश्वविद्यालय रखा गया तथा उसी वर्ष कुछ माह पश्चात् इसके नाम में से 'कृषि' शब्द हटा दिया गया। इस हेतु 15 अक्टूबर, 1983 को एक अध्यादेश (1983 का 8वाँ) के द्वारा उदयपुर विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तित करके 'मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय' किया गया। इस अध्यादेश को सन् 1984, (1984 का 9वाँ) के विधिवत् कानून द्वारा अधिनियम में परिवर्तित किया गया।

कालांतर में यह अनुभव किया गया कि राज्य में पृथक् से कृषि विश्वविद्यालय होना चाहिए अतः सन् 1987 में राज्य सरकार के अध्यादेश सं.13 के द्वारा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को दो विश्वविद्यालयों में परिवर्तित कर दिया गया–

1. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
2. राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर।

दिनांक **1 अगस्त, 1987** से लागू इस विभाजन में कृषि एवं पशुपालन से संबंधित समस्त महाविद्यालय, संसाधन, पाठ्यक्रम तथा अन्य लेन–देनदारियाँ राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर को हस्तांतरित कर दी गई। वर्ष 1987–88 में राजस्थान विश्वविद्यालय का उदयपुर स्थित भू–विज्ञान (भू–गर्भ शास्त्र) विभाग मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का दिया गया। इसी वर्ष पत्राचार महाविद्यालय बंद किया गया तथा इसके समस्त संसाधन एवं स्टाफ कोटा खुला विश्वविद्यालय को दिए गए।

विश्वविद्यालय के प्रथम वार्षिक विवरण (1962–63) के मुखपृष्ठ पर ही 'राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय' के साथ–साथ कोष्ठक में नीचे छोटे अक्षरों में 'उदयपुर विश्वविद्यालय' भी अंकित है तथा प्रतीक चिह्न में भी उदयपुर विश्वविद्यालय लिखा हुआ है अर्थात् सन् 1964 में विधिवत् उदयपुर विश्वविद्यालय कहलाने से पूर्व ही यह शब्दावली (उदयपुर विश्वविद्यालय) प्रचलन में आ चुकी थी। जिला गेजेटियर्स (1979), उदयपुर के अनुसार सन् 1963 में ही इसका नाम 'उदयपुर विश्वविद्यालय' हो चुका था।

सन् 2012 में राजस्थान सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि राज्य के इस आदिवासी बहुल अंचल में पृथक् से जनजातीय विश्वविद्यालय होना चाहिए। इस क्रम में राजीव गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, उदयपुर की स्थापना की गई तथा अपने प्रथम चार वर्षों तक यह विश्वविद्यालय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित राणा पूँजा छात्रावास में कार्य करता रहा। कालान्तर में सन् 2016 में इस जनजातीय विश्वविद्यालय का नाम महान क्रांतिकारी गोविन्द गुरु के नाम पर रखा गया। राज्य सरकार की अधिसूचना एस–ओ–47 दिनांक 24 जून, 2016 के माध्यम से तीन जिले यथा– बांसवाडा, डूंगरपुर तथा प्रतापगढ़ में स्थित समस्त महाविद्यालय गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा को दे दिए गए तथा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पास निम्नांकित चार जिलों के महाविद्यालय रहे–

1. उदयपुर 2. राजसमंद 3. सिरोही 4. चितौड़गढ़

इस प्रकार सन् 1962 में राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर तथा सन् 1964 में उदयपुर विश्वविद्यालय का बीजारोपण हुआ था वह छः दशक के पश्चात् विशाल वटवृक्ष बन कर निम्नांकित विश्वविद्यालयों के रूप में विस्तारित हो चुका है–

- मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
- महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
- स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
- राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर
- श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
- गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा
- कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

कुलगीत

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का कुलगीत सन् 2008 में तत्कालीन कुलपति (अतिरिक्त प्रभार) एवं संभागीय आयुक्त श्री राजेश्वर सिंह, आई.ए.एस. के प्रयासों से अस्तित्व में आया। इस कुलगीत के बोल लिखे प्रसिद्ध कवि पं. नरेन्द्र मिश्र ने तथा संगीतबद्ध किया विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के प्रभारी डॉ. प्रेम भंडारी तथा विभाग के अतिथि संकाय सदस्यों एवं बाहरी कलाकारों ने। इस कुलगीत का लोकार्पण तत्कालीन राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सर्किट हाउस, उदयपुर में किया था।

एक–दो वर्ष के दौरान ही अनुभव किया गया कि कुलगीत की गायन अवधि अधिक है अतः सन् 2010 में तत्कालीन कुलपति प्रो. आई.वी.त्रिवेदी तथा प्रबंध मंडल के आग्रह पर डॉ. प्रेम भण्डारी ने मूल कुलगीत में कुछ पंक्तियाँ हटाते हुए तथा मेवाड़ के शौर्य एवं ज्ञान सहित गौरवशाली परम्परा को विश्वविद्यालयीय परिवेश के साथ जोड़ते हुए कतिपय नए शब्दों के साथ कुलगीत को संशोधित किया तथा नई संगीत रचना निर्मित की जिससे वर्तमान में यह बहुत मधुर एवं लोकप्रिय कुलगीत बन चुका है।

विश्वविद्यालय का मूल कुलगीत इस प्रकार था

वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
शील ज्ञान विज्ञान कर्म संगम को कोटि नमन।।

'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' की प्रतिमा सुखदा वरदा।
मानवता की अमर सम्पदा, शाश्वत ज्ञानप्रदा।।

अंधकार पर यह प्रकाश की विजयी कल्याणी।
'विद्यया विन्दतेऽमृतम्' उपनिषदों की वाणी।।

समरसता,सद्भाव,शान्ति का निष्कामी निश्चय।
मूल्य मनुजता के विजयी हों, जन्म–भूमि की जय।।

रक्ततलाई, हल्दीघाटी का बलिदानी यश।
भक्ति–स्वरूपा मीरा का यह पावन कीर्ति कलश।।

यह प्रताप की कर्म–भूमि के माथे का चंदन।
स्वाभिमान से स्वतंत्रता का यह अटूट बन्धन।।

वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
शील ज्ञान विज्ञान कर्म संगम को कोटि नमन।।

यहाँ साधनारत प्रतिभाएँ ज्योतिर्मन्त बनें।
राष्ट्र–धर्म का स्वर विजयी हो, महिमावन्त बनें।।

यही कामना, इस धरती का तप आलोकित हो।
युग–युग का इसका ज्ञान दान दिग्विजयी घोषित हो।।

मुक्त गगन में आदर्शों की पुण्य ध्वजा फहरे।
जन मानस में ज्ञान ज्योति का दिव्य प्रकाश भरे।।

शक्ति भक्ति की परम्परा में अविचिल निष्ठा हो।
मृण्मय में चिन्मय की पावन प्राण प्रतिष्ठा हो।।

ज्ञानदायिनी मूर्तिमंत महिमा का अभिनन्दन।
युवाशक्ति हो सत्यनिष्ठ संकल्पित अन्तर्मन।।

वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
शील ज्ञान विज्ञान कर्म संगम को कोटि नमन।।

डॉ. प्रेम भण्डारी द्वारा किए गए संशोधन एवं परिवर्तन के पश्चात् कुलगीत इस प्रकार है-

कुलगीत

वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
शील ज्ञान विज्ञान कर्म, संगम को कोटि नमन।।

'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' की प्रतिमा कल्याणी।
'विद्यया विन्दतेऽमृतम्' उपनिषदों की वाणी।।
यह प्रताप की कर्म भूमि के माथे का चन्दन।
मीरा का निष्काम भक्ति से है अटूट बंधन।

श्रीएकलिंगजी, श्रीनाथजी, चारभुजा, बेणेश्वर।
सूफी संतों की धरती ने माना एक ही ईश्वर।।
वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
यहाँ साधनारत प्रतिभाएँ ज्योतिर्मन्त बनें।
राष्ट्र धर्म का स्वर विजयी हो, महिमावन्त बनें।

मुक्त गगन में आदर्शों की पुण्य ध्वजा फहरे।
जन मानस में ज्ञान ज्योति का दिव्य प्रकाश भरे।।
ज्ञानदायिनी मूर्तिमंत महिमा का अभिनन्दन।
युवाशक्ति हो सत्यनिष्ठ संकल्पित अन्तर्मन।।

वीर भूमि के ज्ञान पीठ का सादर शत वन्दन।
शील ज्ञान विज्ञान कर्म, संगम को कोटि नमन।।



डॉ. प्रेम भण्डारी

स्मार्ट फोन पर QR Code Scan App के द्वारा आप इस कुलगीत को सुन भी सकते हैं।

इस प्रकार वर्तमान कुलगीत 17 मध्यमाकार पंक्तियों तथा 124 शब्दों से सजा तथा 2 मिनट के मधुर संगीत के साथ समूहगान में संगीतबद्ध एक अत्यंत कर्णप्रिय कुलगीत है जो प्रायः नवागन्तुक को मंत्रमुग्ध कर देता है।

विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न

प्रो. नीरज शर्मा

विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही इसका लोगो अथवा प्रतीक चिह्न तथा ध्येय वाक्य निर्धारित किया गया। यह नियंत्रक मंडल की बैठक में दिनांक 24 मार्च, 1963 को स्वीकृत हुआ था। प्रतीक चिह्न के मध्य गर्भ में अन्न का बीज स्थापित है जिसमें से तीन पत्रदल ऊर्ध्वगामी होकर उत्सर्ग और जीवन के भावी विकास का बोध कराते हैं। अंकुरित बीज विकास और समृद्धि का प्रतीक है। बीज ही जीवन की उत्पत्ति का कारण है, जीवन में समग्र विकास का आधार है तथा उसके सतत विकास को मूल से पोषण प्रदान करता है। प्रारम्भिक रूप से कृषि विश्वविद्यालय होने के कारण देश की कृषि–शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कृषि–शिक्षा की भूमिका और महत्त्व का भी ज्ञापन करता है। बीज से निकलने वाली तीन पत्तियाँ कृषि के बहुआयामी विकास की सूचक हैं। प्रतीक चिह्न के गर्भ में ही जिज्ञासुओं को आमन्त्रित करती खुली हुई पुस्तक ज्ञान–सम्पदा और परमाणु संरचना का प्रतीक चिह्न वैज्ञानिक तकनीकी शोध और चेतना के विकास का उद्देश्य स्पष्ट करता है। ज्ञान–विज्ञान दोनों के मध्य अंकुरित बीज विश्वविद्यालय के मूल स्वरूप और प्रतिष्ठा का सूचक है।

विश्वविद्यालय प्रतीक चिह्न का भीतरी वृत्त औद्योगिक विकास या यान्त्रिक प्रगति का बोध कराता है । इस वृत्त के चौबीस दांते (आरे) 24 घंटों की निरन्तर गतिशीलता और क्रिया तत्परता की प्रेरणा देते हैं। प्रतीक चिह्न के गर्भ में मौजूद ज्ञान–विज्ञान और कृषि देश के औद्योगिक कौशल, दक्षता, तकनीकी और अभियान्त्रिकीय निरन्तरता का अभिप्राय प्रकट करते हैं। देश के सर्वतोमुखी विकास की परिकल्पना इस प्रतीक के द्वारा ज्ञापित होती है। प्रतीक चिह्न के बाहरी वृत्त में ऊपर की ओर विश्वविद्यालय का ध्येय वाक्य **'विद्यया विन्दतेऽमृतम्'** है तथा नीचे की ओर विश्वविद्यालय का नाम अंकित है । बाहरी वृत्त में इन दोनों के मध्य दाँए और बाँए स्वस्तिक चिह्न बनाया गया है । ध्येय वाक्य के द्वारा जहाँ ज्ञान के चरम लक्ष्य को इंगित किया गया है वहीं स्वस्तिक सम्पूर्ण विश्व में शिक्षाजन्य सर्वतोमुखी कल्याण, मंगल, शुभता और शिवत्व का बोध कराते हैं। स्वस्तिक चिह्न से 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का भाव प्रकट होता है। दो स्वस्तिक चिह्न भूमण्डल के इस छोर से उस छोर तक अथवा पूर्वी क्षितिज से पश्चिमी क्षितिज तक भारतीय ज्ञान–विज्ञान, शिक्षा और वैज्ञानिक शोध के द्वारा सत्य, शिव और सौन्दर्य की प्रेरणा और प्रतिष्ठा करने का संकल्प प्रकट करते हैं। विश्वविद्यालय का ध्येय वाक्य और स्वस्तिक परस्पर लोक कल्याण और आत्म कल्याण के प्रयोजन की पूर्णता का महाभाव प्रकट करते हैं।

प्रतीक चिह्न के बाहरी वृत्त के चारों ओर वृत्ताकार परिधि में सभी दिशाओं की ओर किरणें निकलती दिखाई देती हैं। इन रश्मियों की संख्या 60 है जो समयावधि के एक मिनट के साठ सैकेण्ड तथा एक घंटे के साठ मिनट अर्थात् प्रत्येक सैकेण्ड और प्रत्येक मिनट अप्रतिहत निरन्तर कर्मशीलता और कर्म ऊर्जा की प्रेरणा प्रदान करते हैं। जिस प्रकार उदय के पश्चात् दिन का चढ़ता सूर्य सघन अंधकार को नष्ट करने के बाद अपने तेज, प्रकाश, ऊर्जा और उष्मा से सारे संसार को भर देता है तथा सभी को अपने–अपने कार्य में प्रेरित करता हुआ उनमें जीवन का संचार करता है उसी प्रकार यह विश्वविद्यालय कृषि–शिक्षा, ज्ञान–विज्ञान, तकनीकी तथा शोध के बहुआयामी विकास के द्वारा सम्पूर्ण संसार को आलोकित, प्रकाशित एवं उपकृत करने का विराट् भाव धारण करता है।

इस प्रकार मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न जीवन के सर्वोपरि मूल्य–लोककल्याण की चेतना के साथ वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी विकास एवं औद्योगिक विस्तार का समन्वय करता है जो परस्पर अविरोधी सहमति से समग्र शैक्षणिक विकास की प्रतिष्ठा के महान् संकल्प को धारण करते हैं। विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न सभी शिक्षकों, कार्मिकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों को विश्वकल्याण के महानतम संकल्प के लिए आत्मार्पण की प्रेरणा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के विचारवान और दूरदर्शी संस्थापकों, महापुरुषों, शिक्षाविदों तथा वैज्ञानिकों ने अपने जिन महान संकल्पों को प्रतीक चिह्न के रूप में अंगीकृत किया कालान्तर में उन संकल्पों ने तदनुरूप ही आकार भी ग्रहण किया । जिस प्रकार

> विश्वविद्यालय के पुराने दस्तावेज देखने से यह पता चलता है कि इसके 'प्रतीक चिह्न' के मुद्रण में कई बार असावधानी बरती गई है। मूल प्रतीक चिह्न में इसके अंदरूनी वृत्त पर 24 आरे थे जो वर्ष 1975–76 के वार्षिक प्रतिवेदन पर 16 दिखाए गए हैं तथा अस्सी के दशक से इन आरों की संख्या 12 दिखाई जा रही हैं। इसी तरह मूल प्रतीक चिह्न में **विन्दते** और **ऽमृतम् के** बीच रिक्त स्थान नहीं है जो कालान्तर में असावधानीवश रिक्त स्थान के साथ लिखा एवं मुद्रित किया जाता रहा है।

एक बीज भविष्य में अनेक वृक्षों को जन्म देता है उसी प्रकार उदयपुर विश्वविद्यालय ने राजस्थान प्रदेश की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को जन्म दिया है जो ज्ञान–विज्ञान और तकनीकी शिक्षा का चहुँ ओर प्रकाश फैला रहे हैं और कीर्ति अर्जित कर रहे हैं।

भारतीय ज्ञान गंगा का अमृत प्रवाह : विद्यया विन्दतेऽमृतम्

विश्वविद्यालय का अर्थ है समग्र विद्याओं या ज्ञान के समस्त अनुशासनों के अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान के लिए अवसर प्रदान करने वाला विद्यास्थान। समस्त ज्ञानानुशासनों या विद्याओं की उपलब्धि का चरम प्रयोजन या लक्ष्य मुक्ति अथवा आनन्द है। समग्र व्यक्तित्व–विकास, उदार तथा उत्तरदायित्वपूर्ण दृष्टिकोण, श्रमनिष्ठा, सत्यनिष्ठा, कौशल–विकास के साथ गरिमापूर्ण जीवन ज्ञानार्जन की सहवर्ती महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं जो समाज और राष्ट्रनिर्माण की आधार–भूमि बनते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में साधन और साध्य के सर्वोपरिस्वरूप की अभिव्यक्ति विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य में निहित होती है। विद्या साधन है तथा मुक्ति या आनन्द साध्य है। ज्ञान, विज्ञान और दर्शन के द्वारा आत्मसंस्कार का नाम विद्या है। यह विद्या यथाजात असंस्कृत को संस्कृत, अपूर्ण को पूर्ण, अनुन्नत को समुन्नत, अज्ञ को विज्ञ, अप्रबुद्ध को प्रबुद्ध, अविकसित को विकसित तथा अस्वस्थ को स्वस्थ बनाने का कार्य करती है। विद्या हमें अपने उपलब्ध शरीर, साधन और परिस्थितियों का सदुपयोग करना सिखाती है। मानवीय जीवन की गरिमा के साथ मनुष्य की शेष प्रकृति, समाज और राष्ट्रकल्याण में सहभागिता के लिए जिस विवेक की आवश्यकता होती है, उसका विकास विद्या से संभव होता है। विश्वविद्यालय के ध्येय में साधन विद्या एवं साध्य आनन्द–स्वरूपानुभव दोनों सन्निहित हैं। सर्वोपरि ज्ञानोपलब्धि एवं उसके आश्रय, अन्विति, हेतुता आदि की समग्रता विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा होती है। शैक्षणिक राजमार्ग का लक्ष्य व्यक्तिगत एवं सामूहिक–समष्टिगत मुक्ति और आनन्द है। तैत्तिरीयोपनिषद् में इसे अधिविज्ञान कहा गया है। इसमें आचार्य पूर्वरूप तथा शिष्य उसका उत्तररूप कहा गया है। विद्या इन दोनों को जोड़ने वाली संधि है। प्रवचन इसका संधान है–

''अथाधिविज्ञानम्। आचार्यः पूर्वरूपम्। अन्तेवास्युत्तररूपम्। विद्या संधिः। प्रवचनं संधानम्। इत्यधिविद्यम्।''

मनुष्य के जीवन में अभ्युदय और निःश्रेयस् अर्थात् लौकिक और आध्यात्मिक प्रगति दोनों समान रूप से आवश्यक है। भारतीय ज्ञानपरम्परा में इन दोनों की प्राप्ति का साधन प्रस्थानत्रयी को माना जाता है। प्रस्थान शब्द का अर्थ है–''प्रतिष्ठते लक्ष्यं प्राप्तुम् अनेन पथा इति प्रस्थानं मार्गः'' अर्थात् जिस मार्ग पर चलकर ध्येय अथवा लक्ष्य को प्राप्त किया जाए वह प्रस्थान कहलाता है। प्रस्थानत्रयी में तीन ग्रन्थ प्रतिष्ठित हैं–उपनिषद्, ब्रह्मसूत्र और श्रीमद्भगवद्गीता। इनमें उपनिषद् को वेदों के सारभूत ज्ञान का प्रतिपादक होने से वेदान्त भी कहा जाता है। उपनिषद् के द्वारा अविद्या या अज्ञानजन्य दुःखों से निवृत्ति तथा सहज सुखराशि सच्चिदानन्द या निःश्रेयस् का बोध एवं अनुभव होता है। उपनिषद् सनातन ज्ञानपरम्परा के मूल स्रोत हैं। ये प्राचीन ऋषियों की प्रखर प्रज्ञा और अनुभूति के फल हैं। इस विद्या के द्वारा हमें उचित और अनुचित में प्रवृत्ति तथा निवृत्तिमूलक आचरण का विवेक तथा प्रेरणा प्राप्त होती है। सत्य और असत्य, महान और क्षुद्र, विराट् और लघु में हमें किसे स्मरण रखना है और किसे भूल जाना है, इसका बोध आवश्यक है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा से मिलकर व्यक्तित्व बनता है। अपने क्रियमाण कर्मों में हमारी लोकहित की समझ ही जीवन में सुख, शांति और आनन्द की भूमिका तय करती है। इस संसार में विवेक ही शुचिता का सर्वोच्च आधार है। ज्ञान से पवित्र और कुछ नहीं–

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।

भारतीय साहित्य, कला, दर्शन, ज्ञान–विज्ञान के सभी आयाम उपनिषद् के इस महान आदर्श की दिशा में चरम विस्तार प्राप्त करते हैं। ज्ञान ने ही हमारी संस्कृति को सनातन और विश्ववारा की प्रतिष्ठा दी है। उपनिषद् के ज्ञानालोक ने सम्पूर्ण जगत् को प्रकाशित किया। भारतीय प्रज्ञा और तत्त्वचिन्तन के विषय में फ्रांसिसी विद्वान् विंटरनिट्स लिखते हैं कि

'We are constrained to bend the knee before the philosophy of the east.

प्रसिद्ध जर्मन विद्वान् श्लेगेल भारतीय मनीषा का माहात्म्य प्रकट करते हुए लिखते हैं– Even the lofetiest philosophy of the Europeans appears in comparison with the abundant light and viguor of oriental idealism like a feeble promethean spark in the full flood and heavenly glory of noonday sun, faltering and feeble and everready to be extinguised'

उच्चतम लक्ष्य और परमादर्श भारतीय विद्या को आत्मकल्याण और लोककल्याण के साधन के रूप में सम्पूर्ण संसार के लिए उपयोगी बनाते हैं।

हमारे विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठापक विद्वान् पूर्व आचार्यों ने लोककल्याणकारी प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा और उसके वैश्विक आदर्श की उपर्युक्त पृष्ठभूमि में उपनिषद् मूल से ही अपना ध्येय वाक्य चयनित किया।

विद्यया विन्दतेऽमृतम्

विद्या से अमृत की प्राप्ति होती है। अमृत क्या है ? सामान्यतः अमृत समुद्रमंथन से उत्पन्न दुर्लभ पदार्थ माना जाता है जिसे पाकर देवता अमर होते हैं। हमारे शास्त्रों में मनुष्य जीवन में आरोग्य, सुख, शांति और आनन्द प्रदान करने वाले अनेक पदार्थों को अमृत कहा गया है। इनमें दूध, जल, छाछ, शहद, भोजन, आँवला, सूर्य की किरणें, ब्रह्मचर्य, तप, मधुरवाणी, मानसिक शांति, समता, सहिष्णुता आदि प्रमुख हैं। अयाचित और बाहुबल से अर्जित वस्तु भी अमृत कहलाती है। कालान्तर में इन सभी अमृतों के प्रभाव और परिणाम क्षीण अथवा नष्ट हो जाते हैं। इनके विपरीत भारतीय परम्परा में एक ओर अमृत है जो सर्वोपरि है, जो स्वयं पर आश्रित होने के कारण कभी भी क्षीण या समाप्त नहीं हो सकता है, वह है–विद्या, आत्मज्ञान या ब्रह्मज्ञान।

भारतीय विचारपरम्परा का विकास वाद–प्रतिवाद, संवाद की शैली से हुआ है। तत्त्वविमर्श के लिए यहाँ वस्तुस्वरूप पर बहस, तर्क एवं पूर्वपक्ष के लिए भरपूर अवसर दिया जाता है। यह विशिष्टता भारतीय परम्परा के शाश्वत प्रवाह को निरन्तर निर्मल बनाए रखती है। प्रश्न करना और समाधान का विमर्श करना आवश्यक है। तर्क की कसौटी पर परख कर उत्तर पक्ष और सिद्धान्त की स्थापना करना भारतीय दर्शन का वैशिष्ट्य है। सामवेद की तलवकार शाखा का उपनिषद् है–केनोपनिषद्। जिज्ञासा का परिणाम बोध की प्राप्ति कराता है। 'केन' का अर्थ है 'किसके द्वारा'। किसके द्वारा अथवा किससे प्रेरित होकर हमारा मन, ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ कार्यों में प्रवृत्त होती हैं। उस प्ररेक तत्त्व का बोध या ज्ञान ही हमारी मुक्ति और आनन्द का साधन बन सकता है। सर्वव्यापी ब्रह्म या आत्मतत्त्व की अनुभूति का यह विमर्श केनोपनिषद् के द्वितीय खण्ड के चतुर्थमंत्र में इस प्रकार किया गया है–

प्रतिबोधविदितं मतममृतत्त्वं हि विन्दते।
आत्मना विन्दते वीर्यं विद्यया विन्दतेऽमृतम्।।

इसी मंत्र के अंतिम चरण को हमारे विश्वविद्यालय ने अपना ध्येय वाक्य बनाया है। इस मंत्र का विमर्श अन्तिमचरण के अवबोध के लिए अपेक्षित है।

'प्रतिबोधविदितम्' अर्थात् जो बोध, बोध के प्रति विदित होता है। बोध वस्तुतः बुद्धिजन्य प्रतीति या ज्ञान है। इस बोधरूपी क्रिया का कर्त्ता, बोध रूप से विदित होने के कारण वह 'आत्मा' प्रतिबोधविदित कहलाता है। वही एक–एक कर होने वाली समस्त प्रतीतियों का साक्षी है। वह विशुद्ध, विभु, नित्य, निर्विशेष, एक एवं सर्वगत होकर सम्पूर्ण जड़–चेतन में व्याप्त रहता है। वह नित्य, अविनाशी, ज्ञानस्वरूप प्रकाशमय आत्मा ही ब्रह्म है। उसके प्रत्यगात्मविषयक बोध या प्रत्येक प्रतीति में सर्वत्र, सर्वगत आत्मज्ञान के द्वारा अमृततत्त्व या मुक्ति की प्राप्ति होती है। 'प्रतिबोधविदितम्' पद में द्विरुक्ति है 'बोधं–बोधं प्रति' यह द्विरुक्ति सम्पूर्ण प्रतीतियों में आत्मा या ब्रह्म की व्याप्ति की सूचक है। ये प्रतीतियाँ आत्मोपलब्धि का द्वार हैं। प्रत्येक प्रत्यय के अवभास में जो प्रत्यगात्म स्वरूप से जाना जाता है वही ब्रह्म है। इस आत्मज्ञान के द्वारा मुक्ति, आनन्द या अमृत प्राप्त होता है। इसके विपरीत अज्ञान से बंधन, दुःख तथा मृत्यु की प्राप्ति होती है।

बोध या जागरण जीवन में अत्यावश्यक है। जागरण के अभाव में ही व्यक्ति अज्ञान, दुःख, बंधन और मृत्यु से ग्रस्त होता है। जागरण से इनसे छुटकारा मिलता है। अविद्या के अंधकार का नाश होते ही यथार्थ स्वभाव एवं स्वरूप के आनन्द का नित्य अनुभव होता है। ऋषि कहते हैं– उत्तिष्ठत। जाग्रत। प्राप्य वरान्निबोधत। अर्थात् उठो, जागो और वरेण्य आचार्यों से बोध–ज्ञान प्राप्त करो। श्रेष्ठ आचार्यों के प्रतिबोध से जिज्ञासु के व्यक्तित्व में विराट् रूपान्तरण होता है।

इस आत्मज्ञान के द्वारा अमरता कैसे प्राप्त होती है ? इस जिज्ञासा का समाधान करते हुए ऋषि कहते हैं कि मुक्तिगामी जिज्ञासु या मुमुक्षु अपने स्वरूप या आत्मज्ञान के द्वारा वीर्य अथवा बल को प्राप्त करता है। यह बल ही अक्षर या अविनाशी आनन्द का सामर्थ्य है। आत्मविद्या से भिन्न संसार का कोई भी सामर्थ्य या बल मृत्यु का पराभव नहीं कर सकता है और नित्यानन्द की प्राप्ति नहीं करा सकता है। संसार के सभी सुख कारण–सापेक्ष और दूसरों पर अवलम्बित होते हैं। अविद्याजन्य सामर्थ्य नाशवान होता है। कारण समाप्त होते ही दुःख आकर पुनः घेर लेते हैं। आत्मविद्याजनित बल–वीर्य बाहरी साधनों पर निर्भर नहीं रहने के कारण मृत्यु को जीतता है। निर्बल व्यक्ति साधनों पर आश्रित होकर क्षणिक सुख–दुःख में दोलायमान रहता है। मुण्डकोपनिषद् में कहा गया है कि यह आत्मा बलहीन व्यक्ति के द्वारा प्राप्त करने योग्य नहीं है –''नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।''

आत्मविद्या के बल–वीर्य से ही मृत्यु या अज्ञान का नाश होता है। इसी से अमृत या अमरता की प्राप्ति होती है। विद्या का बल संसार का सर्वोच्च बल है। ज्ञान के बल से संसार के सारे बल परास्त होते हैं। विद्याजनित बल ही वास्तविक बल, अमृत और अविनाशी होता है।

यह अमृततत्त्व या सच्चिदानंदभाव आत्मज्ञान से उत्पन्न नहीं होता है अपितु स्वयं आत्मा से या नित्यात्मस्वभाव से ही प्राप्त होता है न कि किसी कारण या आश्रय से। ''विद्यया विन्दतेऽमृतम्'' में विन्दते शब्द से यही अभिप्राय है कि अमरता या शाश्वत आनन्द की प्राप्ति आत्मविज्ञान की अपेक्षा रखती है। यदि इसे विद्या से उत्पन्न मान लिया जाएगा तो यह कर्मफल के समान अनित्य हो जाएगा। यह आनन्द विद्या से उत्पाद्य नहीं है। यह स्वभावानुभूति है। भगवत्पाद शंकराचार्य कहते है कि विद्या अनात्मविज्ञान को निवृत्त करती

हुई, उसकी निवृत्ति से स्वाभाविक अमृतत्व का हेतु बनती है। विद्या से अज्ञान के अंधकार का निवारण होता है और चिदानंद स्वभाव स्वरूप प्रकाशित हो जाता है। आचार्य रामानुज 'प्रतिबोध' को उपासना और विद्या को 'भक्ति' के रूप में व्याख्यायित कर उसके द्वारा अमृत या परमात्मा की प्राप्ति का कथन करते हैं। भगवत् साक्षात्कार अथवा परमात्मा की प्राप्ति भक्ति, धृति और समाहितात्म ज्ञान स्वरूप से होती है। अद्वैत दर्शन की भूमिका में 'अमृत' सच्चिदानंद स्वरूप की अनुभूति है तथा विशिष्टाद्वैत की भूमिका में यह भगवत्प्राप्ति है। दोनों ही स्थितियों में अज्ञान–अविद्या के अंधकार के निवारण और ब्रह्मानुभूति–भगवत्प्राप्ति–आनंदानुभूति में विद्या का प्रस्थान प्रमाणित और सिद्ध है।

वेदान्त के इस अमृत को व्यावहारिक धरातल पर उतारने की आवश्यकता है। भगवान् श्रीकृष्ण ने मनुष्यमात्र के प्रतिनिधि अर्जुन को ज्ञान, कर्म और भक्ति के रूप में यह 'अमृत' प्रदान किया। यह उक्ति प्रसिद्ध है कि सारी उपनिषदें गाय हैं इनका दूध दूहने वाले स्वयं श्रीकृष्ण गोपालनंदन है, पार्थ अर्जुन बछड़े की तरह है तथा जिज्ञासु मनीषी इस गीतारूपी अमृत के भोक्ता है –

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।।

गीतारूपी अमृत के चतुर्थ अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण 'अमृत' का वर्णन करते हुए कहते हैं–

यज्ञशिष्टामृतभुजो यान्ति ब्रह्म सनातनम्।

अर्थात् यज्ञ से बची हुई वस्तु को भोगने वाले मनुष्य सच्चिदानंद अमृत को प्राप्त करते हैं। भारतीय परंपरा में यज्ञशेष पदार्थ को अमृत माना जाता है। यज्ञ का अर्थ है– परमार्थ, परोपकार, सेवा, त्याग। हमारे पास जो कुछ भी शक्ति, सामर्थ्य, साधन–संपदा, योग्यता–पात्रता, दक्षता–कौशल हैं, उसके एक अंश को आत्म–कल्याण–लोक कल्याण के लिए, दीन–हीन वंचितों के लिए एवं दूसरों की सेवा में समर्पित करना चाहिए क्योंकि सर्वत्र, सर्वगत जड़–चेतन प्राणिमात्र में प्रत्यगात्म रूप से वह अंतर्यामी परमात्मा मौजूद है। इस 'यज्ञ' के उपरांत शेष बचे हुए साधन–सामर्थ्य को व्यक्तिगत उपयोग में व्यय करना चाहिए। ईशावास्योपनिषद् में इसे ही त्यागपूर्वक भोग कहा गया है–

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्वित् धनम्।।

इस प्रकार दूसरों को सुख बाँटने से स्वयमेव शाश्वत सुख प्राप्त किया जा सकता है। परोपकार और परमार्थपूर्ण दृष्टिकोण रखकर जीवन का सदुपयोग करने वाले मनुष्य को 'अमृताशी' कहा जाता है। ऐसा मनुष्य सत्य–शिव–सुंदर–शाश्वत आनंद का अनुभव करता है।

''विद्यया विन्दतेऽमृतम्'' का यही व्यावहारिक पक्ष है कि हमें विद्या के द्वारा सामर्थ्य–संपन्न बनना चाहिए तथा प्रत्यगात्म प्रतिबोध से सर्वगत आत्मचेतना या परमात्मा के विस्तार का अनुभव करना चाहिए। उदारता, पूर्णता, नित्य–निरंतर अखंड, आनंद–स्वभाव अथवा परमात्म कृपानुभव से ''इदं न मम'' के भाव के साथ यज्ञ करते हुए आत्मकल्याण–लोककल्याण के लिए अपने जीवन के आनंद–अमृत से दूसरों के जीवन में आनंद– अमृत को प्रवाहित करते रहें।

Vision of the University

'To provide knowledge and quality based education to the students by inculcating moral values, scientific temper and employing state of the art technologies. It aims to pursue excellence towards creating manpower with high degree of intellectual, professional and cultural development to meet the national and global challenges."

Mission of the University

1. To impart value based education leading to holistic development and preparing enlightened citizens.
2. To provide up-to-date, relevant and need based knowledge.
3. To utilize the acquired knowledge in solving problem and innovation through research and development.
4. To integrate latest technology such as Information and Communication Technology with teaching, research, extension and governance.
5. To help students to think rationally and develop ability to work in multi disciplinary teams.
6. To ensure access of all sections of the society for higher education keeping in view the prevailing socio-economic deprivations.

7. To increase access of women to education and ensuring gender justice and their empowerment.
8. To develop self reliant, enterprising and employable human resource.
9. To use new knowledge created through research and innovation for sustainable utilization and management of locally available natural resources.
10. To protect, preserve and promote the cultural heritage.
11. To provide ambience in environment for freedom of expression in order to create liberal ethos.

The overall mission of the University is to move towards excellence in higher education in order to achieve just, plural and equitable society in consonance with the constitutional values.

मोहनलाल सुखाड़ियाः एक संक्षिप्त जीवनवृत्त

मुरलीधर पालीवाल


स्व. श्री मोहनलाल सुखाड़िया

यस्मिन् श्रुतिपथं प्राप्ते दृष्टे स्मृतिमुपागते ।
आनन्दं यान्ति भूतानि जीवितं तस्य शोभते ।।
(योगवाशिष्ठ, 5/39/54)

अर्थात् जिनका वृत्तान्त सुनकर तथा जिनका स्मरण करने पर प्राणियों को आनन्द होता है, उन्हीं का जीवन शोभा देता है।

विश्वविद्यालय के संस्थापकपुरुष चिरस्मरणीय श्रीमान् मोहनलाल सुखाड़िया जी का जन्म एक जैन परिवार में 31 जुलाई, 1916 को झालावाड़, राजस्थान में हुआ। इनके पिता श्री पुरुषोत्तम लाल जी बम्बई टीम के कुशल क्रिकेट–क्रीडक थे। पितृवात्सल्य की प्राप्ति इनके जीवन में चार–पाँच वर्षों तक ही रह सकी। अल्पायु में ही इनके पिताजी दिवंगत हो गए । आपकी प्रारंभिक शिक्षा नाथद्वारा एवं उदयपुर नगरों में संपन्न हुई। महाविद्यालय–शिक्षार्जन हेतु इन्होंने मुंबई प्रस्थान किया, जहाँ उन्होंने विक्टोरिया टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट से विद्युत अभियांत्रिकी (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) में डिप्लोमा किया। महाविद्यालयीय जीवन से ही इनके नेतृत्व–कौशल का अभिज्ञान छात्र–संगठन के महासचिव चुने जाने के रूप में प्राप्त हुआ। महाविद्यालयीय शिक्षा के अन्तराल में ही ये देश के प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं के संपर्क में आ चुके थे, जिनमें सुभाषचन्द्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, अशोक मेहता तथा युसूफ मेहरली इत्यादि प्रमुख थे।

महाविद्यालय–शिक्षा के उपरान्त आजीविकोपार्जन हेतु इनके द्वारा नाथद्वारा में इलेक्ट्रिक दुकान प्रारम्भ की गई। यह व्यवसायारम्भ इनके जीवन में राष्ट्रोत्थान की भावना को दृढता प्रदान करने वाला भी हुआ। इनका अन्तर्जातीय विवाह श्रीमती इन्दुबाला सुखाड़िया के साथ 1 जून, 1938 को संपन्न हुआ। ये छुआछूत एवं सामाजिक बुराइयों के प्रबल उन्मूलक थे। इन्होंने दक्षिण राजस्थान में आदिवासी समाज की समस्याओं के निराकरण हेतु जनसंघर्ष किया तथा 'प्रजामण्डल' से जुड़े। भारत छोड़ो आंदोलन (1942) से जुड़ने के कारण श्री सुखाड़िया को कारावास में डाल दिया गया।

राजस्थान की प्रथम विधानसभा में चुने गए युवा एवं प्रभावी राजनेताओं में आपका नाम अग्रणी था। आपने वर्ष 1952–54 में कृषि, सिंचाई एवं अकाल राहत मंत्री रहते हुए भूमि–सुधार एवं पंचायतीराज के क्षेत्र में अद्भुत कार्य कर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। आधुनिक राजस्थान के निर्माण के शुरुआती चरणों में आप मेवाड़ क्षेत्र की सरकार में नागरिक–आपूर्ति, सार्वजनिक निर्माण तथा राहत एवं पुनर्वास मंत्री (1946), वृहद् राजस्थान सरकार में नागरिक आपूर्ति, कृषि विकास एवं सिंचाई मंत्री (1948) रहे तथा 38 वर्ष की अल्पायु में ही इन्होंने राजस्थान मुख्यमंत्री–पद को सुशोभित किया। 13 नवंबर, 1954 को मुख्यमंत्री–पदभार ग्रहण कर निरन्तर 17 वर्षों तक इन्होंने चार कार्यकाल पूर्ण किए, जो किसी एक व्यक्ति का अब तक का सर्वाधिक वर्षों वाला मुख्यमंत्रित्व काल है। इनके मुख्यमंत्रित्व की सुशासनावधि में राजस्थान का अप्रतिम विकास हुआ जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, भूमि–सुधार एवं जागीरदारी उन्मूलन इत्यादि प्रमुख हैं अतः इन्हें आधुनिक राजस्थान का निर्माता या शिल्पी नाम से भी विभूषित किया जाता है। दक्षिण–भारत के कर्नाटक (1972–75), आंध्रप्रदेश (1976), तमिलनाडु (1977–79) राज्य भी इनके राज्यपाल–पदारोहण से सुराज्य–स्थिति को प्राप्त हुए। उनकी यह लोकरंजक एवं प्रजाराधक जीवनयात्रा बीकानेर में 2 फरवरी, 1982 को समाप्त हुई। सन् 1988 में श्री सुखाड़िया की स्मृति में भारतीय डाक विभाग ने डाक टिकिट भी जारी किया।

विश्वविद्यालयो धन्यो यन्नाम्नाऽयं प्रतिष्ठितः।
राजस्थानस्य नव्यस्य शिल्पिनं तं वयं नुमः ।।

अर्थात् जिनके नाम से प्रतिष्ठित यह विश्वविद्यालय धन्य हुआ है और जो आधुनिक राजस्थान के शिल्पी हैं, ऐसे (श्री मोहनलाल जी सुखाड़िया) को हम नमन करते हैं।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की विकास यात्रा

क्र.सं.	वर्ष	शिक्षा—सोपान
1	वर्ष 1922—1948	सन् 1922 में उदयपुर में महाराणा इण्टरमीडिएट कॉलेज की स्थापना जो सन् 1945 में डिग्री कॉलेज बना तथा महाराणा भूपाल महाविद्यालय कहलाने लगा। सन् 1947 में यह स्नातकोत्तर हुआ तथा सन् 1948 में राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के अधीन हुआ।
2	वर्ष 1950—57	सन् 1950 में एम. बी. कॉलेज का विज्ञान खण्ड भवन तथा सन् 1957 में कला एवं वाणिज्य भवन का निर्माण।
3	सन् 1955	राजस्थान कृषि महाविद्यालय की उदयपुर में स्थापना।
4	सन् 1958	कॉलेज शिक्षा निदेशालय की स्थापना होने पर एम. बी. कॉलेज इसके अधीन हुआ।
5	सन् 1962	राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर की स्थापना। 12 जुलाई, 1962 को उद्घाटन। राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर तथा राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, बीकानेर को संघटक महाविद्यालय बनाया गया। अस्थायी कार्यालय राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर के भवन में रखा गया।
6	सन् 1964	राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर को बहुसंकाय में परिवर्तित करके 'उदयपुर विश्वविद्यालय' के नाम से स्थापना (01 जुलाई,1964)। एम.बी. कॉलेज को भी इसका संघटक महाविद्यालय बनाया गया तथा इसे 'आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल (SBSH)' नाम दिया गया। पॉलीटेक्निक संस्थान में 'प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय (CTAE) शुरु।
7	सन् 1966	विश्वविद्यालय के नए भवन में (वर्तमान) पुस्तकालय भवन का शिलान्यास तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा किया गया तथा उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री मोहनलाल सुखाड़िया ने किया (सन् 1971)।
8	सन् 1966	कृषि महाविद्यालय के अधीन गृहविज्ञान महाविद्यालय शुरु।
9	सन् 1969	गृह विज्ञान महाविद्यालय का पृथक् अस्तित्व।
10	सन् 1973	विधि महाविद्यालय की स्थापना।
11	सन् 1975	एम. बी. कॉलेज (SBSH) के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय विश्वविद्यालय के नये परिसर में स्थानान्तरित।
12	सन् 1978	कृषि महाविद्यालय में डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय शुरु।
13	सन् 1979	'विश्वविद्यालय में पत्राचार इकाई' की स्थापना (सन् 1987 में बंद)
14	वर्ष 1981—82	एक उपनिदेशक के अधीन 02 नवंबर, 1982 से सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय का स्वतंत्र इकाई का दर्जा। एक फरवरी , 1983 से पृथक् बजट तथा 10 अगस्त, 1983 से पूर्ण निदेशक का स्तर दिया गया।
15	सन् 1982	विधि महाविद्यालय अपने वर्तमान भवन में स्थानान्तरित। डेयरी प्रौद्योगिकी का पृथक् महाविद्यालय एवं संकाय।
16	सन् 1983	उदयपुर विश्वविद्यालय को पहले (09.08.1983) 'मोहनलाल सुखाड़िया कृषि विश्वविद्यालय' तथा कुछ माह बाद (15.10.1983) 'मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय' नाम दिया गया।
17	सन् 1984	23 जून, 1984 से आधारिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय को चार महाविद्यालयों विज्ञान, वाणिज्य, सामाजिक अध्ययन एवं मानविकी तथा पत्राचार अध्ययन में विभक्त किया गया।
18	सन् 1987	मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को दो विश्वविद्यालयों में बाँटा गया– 1. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर 2. राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
19	वर्ष 1987—88	पत्राचार अध्ययन महाविद्यालय बंद किया गया तथा संपूर्ण संसाधन एवं स्टाफ कोटा खुला विश्वविद्यालय को दिया गया।
20	सन् 1988	राजस्थान विश्वविद्यालय के सन् 1950 में बने भू–विज्ञान विभाग का मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में विलय।
21	सन् 2016	सन् 2012 में बने राजीव गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, उदयपुर को गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा नाम देते हुए तीन जिलों यथा– बांसवाडा, प्रतापगढ तथा डूंगरपुर के महाविद्यालय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से पृथक् किए गए तथा इससे मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का क्षेत्र उदयपुर, राजसमंद, चितौड़गढ़ तथा सिरोही जिलों तक सीमित हुआ।

2 सांविधिक निकाय एवं पदाधिकारी (Statutory Bodies & Officials)

प्रो. एस. के. कटारिया

"इतिहास का खेल न्यारा है। सदा नये चमत्कार होते रहते हैं, नए गुल भी खिलते रहते हैं। संभव और असंभव यह दोनों शब्द इतिहास में निरर्थक हैं।"

लाला हरदयाल

14.	Convener, Internal Complaints Committee (PoSH Act,2013)	Prof. Seema Jalan
15.	Advisor, International Studies	Prof. Pradeep Trikha
16.	Director, Computer Centre	Dr. Avinash Panwar
17.	Director, IQAC	Prof. Karunesh Saxena
18.	Officer In –charge, Legal Cell	Prof. M. S. Rathore
19.	Convener, Minority Cell	Prof. Kalpana Jain
20.	Director, Population Research Centre	Prof. P. M. Yadav
21.	Nodal Officer, RUSA	Prof. Kanika Sharma
22.	Co-ordinator, SC/ST Cell	Prof. P. M. Yadav
23.	Member -Secretary, Self-Finance Advisory Board	Prof. G. S. Rathore
24.	Nodal Officer, Smart Village	Prof. B. L. Verma
25.	Convener, University Central Anti -Ragging Committee	Prof. Lalit Singh Chouhan
26.	In- charge, University Central Library	Prof. N. Laxmi
27.	Nodal Officer, UGC	Dr. Avinash Panwar
28.	Nodal Officer, University Media Cell	Dr. Kunjan Acharya
29.	Director, University Research and Dev. Cell	Prof. B. L. Ahuja
30.	Chairman, University Sports Board	Prof. P. M. Yadav
31.	Secretary, University Sports Board	Dr. G. S. Chauhan
32.	Hon. Director, *Vanshawali Adhyyan evm Shodh Kendra*	Prof. Digvijay Bhatnagar
33.	Co-ordinator, Yoga Centre	Dr. Deependra Singh Chouhan

Hostels

S. No.	Hostel Name & Office	Warden Name
1.	Chief Warden, Hostels	Prof. Manju Baghmar
2.	Warden, Dr. D.S.Kothari Hostel	Dr. Deependra S. Chouhan
3.	Ex officio Warden, Gargi Hostel	Prof. Manju Baghmar
4.	Asstt. Warden, Gargi Hostel	Dr. Himanshu Sharma
5.	Warden, Law Hostel	Dr. Kailash C. Gurjar
6.	Warden, MDS Hostel	Dr. Sneha Singh
7.	Astt. Warden, MDS Hostel	Dr. Garima Mishra
8.	Warden, Nehru Shikshak Sadan	Dr. Bhanwar Vishvendra Singh
9.	Warden, Rana Punja Tribal Hostel	Dr. G.S. Chauhan
10.	Asstt. Warden, Rana Punja Tribal Hostel	Dr. Raju Singh

NCC/NSS/Red Ribbon Club/Scout

NCC

S.No.	NCC Wing	Officer
1.	Air Wing (ANO)	Dr. Siddharth Sharma
2.	Army Wing (ANO)	Dr. Maya Chaudhary
3.	Naval Wing (ANO)	Dr. Ajit Kumar Bhabor
4.	Naval Wing (ANO)	Dr. Vinod Meena

NSS

	Co- ordinator N.S.S.	Prof. C.R. Suthar
	Programme officers- N.S.S.	
1-	Faculty of Management Studies	Prof. Meera Mathur
2-	University College of Commerce and Management Studies	Dr. Asha Sharma
		Dr.Pushpraj Meena
3-	University College of Social Sciences and Humanities	Dr. Dolly Mogra
		Dr. Manish Shrimali
4-	University College of Science	Dr. Girima Nagda
		Dr. Tripta Jain
5-	University College of Law	Dr. Pankaj S. Lal Meena

Red Ribbon Club

1.	Co-ordinator Red Ribbon Club	Dr. P. S. Rajput

Scout

1.	Rover Scout Leader	Dr. Khushpal Garg

3 अकादमिक यात्रा (Academic Journey)

प्रो. एस. के. कटारिया

"ज्ञान एक महामंदिर के समान है जो शताब्दियों में शनैः - शनैः निर्मित होता है, जिसमें प्रत्येक पीढ़ी किसी अतिरिक्त गलियारे, सीढ़ी या मीनार के रूप में अपना योगदान देती है। यह (ज्ञान) कोई कागज का बना ढाँचा नहीं है जिसकी नींव को एक दशक में उखाड़ा जा सके।"

-पीटर एफ. ड्रकर

12 जुलाई, 1962 को राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर की स्थापना होते ही विश्वविद्यालय ने अकादमिक और परीक्षा संबंधित कार्य अपने हाथ में लिए। ज्ञातव्य है कि भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान सन् 1857 में मद्रास, बोम्बे तथा कलकत्ता प्रेसिडेंसियों में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय शुरू किए गए। राजपूताना की माध्यमिक शिक्षा और महाविद्यालयीय शिक्षा की परीक्षाएँ दूसरे राज्यों के बोर्ड एवं विश्वविद्यालय द्वारा संचालित होती थी। कलकत्ता विश्वविद्यालय की स्थापना 24 जनवरी, 1857 को हुई और शुरू में राजपूताना की शिक्षण संस्थाएँ इससे संबद्ध हुई तथा इसके लगभग 30 वर्ष पश्चात् 23 सितंबर, 1887 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर राजपूताना के महाविद्यालयों की परीक्षाएँ और डिग्रियाँ इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अधीन हो गई। कालांतर में 1 जुलाई, 1927 को आगरा विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर उदयपुर सहित राजपूताना के समस्त महाविद्यालयों की उच्च शिक्षा आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गई। 8 जनवरी, 1947 को जयपुर में राजपूताना विश्वविद्यालय (सन् 1957 से राजस्थान विश्वविद्यालय) की स्थापना हुई, जो राजपूताना का प्रथम विश्वविद्यालय था और परतंत्र भारत में स्थापित होने वाला अंतिम (21वाँ) विश्वविद्यालय था। वर्ष 1947 से 1962 तक उदयपुर सहित राजपूताना के सभी महाविद्यालयों की परीक्षाएँ एवं डिग्रियाँ राज्य के उक्त विश्वविद्यालय के अधीन थी। उदयपुर में राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना होते ही कृषि तथा पशुपालन से संबंधित महाविद्यालय राजपूताना विश्वविद्यालय से अलग हो गए। उदयपुर के राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के प्रथम वार्षिक विवरण 1962–1963 के अनुसार विश्वविद्यालय ने प्रथम बार मार्च से अप्रैल, 1963 में परीक्षाएँ आयोजित की, जिसमें 1265 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ, जिनमें मात्र 2 छात्राएँ सम्मिलित थी। इस वर्ष विश्वविद्यालय में राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रचलित पाठ्यक्रम अपनाया गया।

राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के प्रथम बैच में निम्नांकित परीक्षाएँ सम्मिलित थी–

1. प्रि–यूनिवर्सिटी (कृषि)
2. प्रि–प्रोफेशनल (कृषि)
3. विज्ञान स्नातक (कृषि)
4. विज्ञान अधिस्नातक (कृषि प्रसार, क्षेत्रीय और अभिजनन एवं जनन विज्ञान में)
5. पशु चिकित्सा एवं पशुविज्ञान स्नातक

विश्वविद्यालय के दूसरे चरण में राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर को बहु–संकाय विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने का निर्णय हुआ तथा कृषि, पशुविज्ञान के साथ सामान्य शिक्षा के उदयपुर स्थित सभी महाविद्यालय, उदयपुर विश्वविद्यालय को दिए गए। राज्य सरकार के आदेश संख्या एफ.6(7)कृषि/III/64 दिनांक 22 जून, 1964 के द्वारा निम्नांकित महाविद्यालयों को 01 जुलाई, 1964 से राजस्थान विश्वविद्यालय से हटाकर उदयपुर विश्वविद्यालय, उदयपुर के अधीन (संघटक/सम्बद्ध) माना गया–

❖ **एम.बी.कॉलेज (महाराणा भूपाल महाविद्यालय), उदयपुर**

1. मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
2. गोविन्दराम सेकसरिया विद्या भवन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उदयपुर
3. श्रमजीवी महाविद्यालय, उदयपुर
4. उदयपुर समाज कार्य विद्यालय, उदयपुर
5. राजस्थान महिला महाविद्यालय, उदयपुर

यह आदेश महाविद्यालयों की विश्वविद्यालय की सम्बद्धता के क्रम में था। उसी वर्ष राज्य के कॉलेज शिक्षा विभाग ने एम.बी. कॉलेज को उदयपुर विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित किया।

महाराणा भूपाल महाविद्यालय (M.B. College) का नाम परिवर्तित करके 'आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल (SBSH)' कर दिया गया। इस प्रकार वर्ष 1964–65 में उदयपुर विश्वविद्यालय, उदयपुर में निम्नांकित संघटक महाविद्यालय थे–

1. एम.बी. कॉलेज, उदयपुर
2. राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
3. श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर
4. राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर

इस प्रकार विश्वविद्यालय में चार संघटक महाविद्यालय थे तथा ऊपर बताए गए 5 संबद्ध महाविद्यालय थे। बहु–संकाय विश्वविद्यालय होने पर इस वर्ष विश्वविद्यालय की परीक्षा में 3639 विद्यार्थियों ने आवेदन किया जिनमें 2594 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे (348 छात्राएँ) साथ ही इनमें 318 प्राइवेट परीक्षार्थी भी सम्मिलित थे। कुल परीक्षार्थियों में से 1988 उत्तीर्ण घोषित किए गए।

आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल (School of Basic Sciences & Humanities)

महाराणा भूपाल कॉलेज, जिसे सन् 1948 में राज्य सरकार ने अधिगृहीत कर लिया था, को 01 जुलाई, 1964 से उदयपुर विश्वविद्यालय का संघटक महाविद्यालय बनाते हुए 'आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल (विश्वविद्यालय के कई दस्तावेजों में स्कूल का अनुवाद 'संस्थान' भी मिलता है)' अथवा **'मौलिक विज्ञान एवं मानविकी संस्थान'** नाम दिया गया था तथा इसका प्रशासनिक प्रमुख अधिष्ठाता की बजाय **निदेशक** कहलाने लगा। मूलतः पूर्ववर्ती एम.बी.कॉलेज का सर्वप्रथम चम्पा बाग (आज का वाणिज्य महाविद्यालय) में निर्माण वर्ष 1928–32 में हुआ तथा सन् 1950 में इसका विज्ञान ब्लॉक तैयार हुआ जो आज विज्ञान महाविद्यालय कहलाता है। सन् 1952 में प्रथम छात्रावास निर्मित हुआ जो आज भी एम. बी. हॉस्टल कहलाता है। सन् 1956 में विज्ञान ब्लॉक में ऑपन एयर थियेटर का निर्माण हुआ तथा सन् 1957 में कला एवं वाणिज्य खंड का निर्माण करवाया गया। राजपूताना विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ. जी. एस. महाजनि ने सन् 1950 में **भू–विज्ञान विभाग की स्थापना** उदयपुर में करवाई तथा यह एम. बी. कॉलेज में संचालित होता था। सन् 1962 में यह विभाग अपने नए (वर्तमान) भवन में स्थानांतरित हुआ तथा सत्र 1987–88 में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अधीन हो गया। उदयपुर विश्वविद्यालय में सम्मिलित होने के पश्चात् SBSH के सामाजिक एवं मानविकी संकाय वर्ष 1975–76 में नए परिसर (वर्तमान भवन) में स्थानान्तरित हुए तथा सन् 1982 में विधि संकाय वर्तमान भवन में आया। वर्ष 1981–82 में सामाजिक एवं मानविकी संकाय को एक स्वतंत्र इकाई माना गया। एक उपनिदेशक के अधीन 2 नवंबर, 1982 से यह स्वतंत्र रूप से कार्य करने लगा तथा 1 फरवरी, 1983 से इस इकाई का बजट मूल SBSH से पृथक् हुआ तथा 10 अगस्त, 1983 में इसे पूर्णतः स्वतंत्र इकाई का दर्जा मिला और निदेशक नियुक्त हुआ।

जहाँ तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का प्रश्न है, यह वर्ष 1966–70 के मध्य बना भवन है, जिसका अनुदान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) ने दिया था तथा जहाँ आज विधि महाविद्यालय का मूल भवन है, वह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के रूप में विकसित हुआ था। राज्य सरकार के आदेश 11 जून, 1984 के द्वारा विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकायों के अतंर्गत SBSH को निम्नांकित चार महाविद्यालयों में विभक्त किया गया, जो 23 जून, 1984 से प्रभावी हुआ–

> 'आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल' के प्रथम निदेशक श्री भीमसेन परिश्रमी तथा सहयोगी प्रवृत्ति के थे। भीड़ में भी दूर से नजर आने वाले श्री भीमसेन के संपूर्ण बाल सफेद थे तथा वे हमेशा सफेद वस्त्र धारण करते थे और जूते भी सफेद ही पहनते थे। इसीलिए लोग उन्हें **'मिस्टर व्हाईट'** के नाम से भी सम्बोधित करते थे।

1. विज्ञान महाविद्यालय
2. सामाजिक अध्ययन एवं मानविकी महाविद्यालय
3. वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन महाविद्यालय
4. पत्राचार अध्ययन महाविद्यालय

विदित रहे कि SBSH में ही पृथक् विधि महाविद्यालय सन् 1973 में स्थापित हो चुका था। राजस्थान जिला गेजेटियर्स (1979) के अनुसार आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल में विद्यार्थी एवं शिक्षक संख्या इस प्रकार थी –

एस. बी. एस. एच. में विद्यार्थी एवं शिक्षक

वर्ष	विद्यार्थी	शिक्षक
1960–61 (एम. बी. कॉलेज)	1672	11
1965–66	1639	105
1972–73	1965	167

वर्ष 1972–73 में इसके विधि विभाग में 447 विद्यार्थी तथा कुल 17 स्टाफ सदस्य थे और कानून से संबंधित 5000 पुस्तकें विभागीय पुस्तकालय में थी। साथ ही 103 प्रकार की पत्र–पत्रिकाएँ भी आती थी।

महाराणा इण्टरमीडिएट कॉलेज से एस. बी. एस. एच. के मुखिया

❖ इण्टरमीडिएट कॉलेज (1922)

1. श्री कन्हैया लाल वर्मा
2. श्री लक्ष्मी लाल जोशी
3. श्री सचीन्द्र बोस

❖ डिग्री कॉलेज (1945)

4. डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र बसु
5. श्री शंकर सहाय सक्सेना
6. श्री वी. वी. जॉन

❖ एस. बी. एस. एच. (1964)

7. श्री भीमसेन
8. प्रो. उदय पारीक
9. प्रो. के. के. महर्षि

(नोट – सूची पूर्ण नहीं है।)

उल्लेखनीय है कि SBSH में राज्य सरकार के चार महाविद्यालय बनाने के आदेश (जून, 1984) से पूर्व ही सन् 1983 में ही अलग–अलग संकायों के अधिष्ठाता नियुक्त होने लगे थे।

विभाग, पाठ्यक्रम तथा डिग्रियाँ (Departments, Programmes & Degrees)

वर्ष 1965–66 आते–आते विश्वविद्यालय का कार्य संचालन नियमित होने लगा तथा उस समय के अधिकांश पाठ्यक्रम इस विश्वविद्यालय में शुरू हो गए। उस समय विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय में कुल 81 अधिकारी तथा कर्मचारी कार्यरत थे।

सन् 1964 में महाविद्यालय एवं विभाग

1. राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर

1. शस्य विभाग
2. पशु पालन विभाग
3. डेयरी उद्योग विभाग
4. उपवन विज्ञान विभाग
5. प्रसार सेवा विभाग
6. प्रसार विभाग
7. अर्थशास्त्र विभाग
8. कृषि सांख्यिकी विभाग
9. कृषि अभियांत्रिकी विभाग
10. कृषि रासायनिक विभाग
11. कृषि वनस्पति विज्ञान विभाग
12. पौध रोग विज्ञान विभाग
13. प्राणिविज्ञान एवं कीट विज्ञान विभाग

2. श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर

1. कृषि वनस्पति विज्ञान विभाग
2. प्राणिविज्ञान एवं कृमि विज्ञान विभाग
3. रसायन विज्ञान विभाग
4. पौधरोग विज्ञान विभाग

5. पशुपालन तथा डेयरी उद्योग विभाग
6. कृषि अर्थशास्त्र विभाग
7. शस्य विज्ञान विभाग
8. सांख्यिकी विभाग
9. प्रसार शिक्षा व अंग्रेजी विभाग
10. उपवन विज्ञान विभाग
11. कृषि अभियांत्रिकी, भौतिकी एवं गणित विभाग

3. पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर

1. शरीर संरचना विभाग
2. पशु पालन विभाग
3. जीवाणु एवं व्याधि विज्ञान विभाग
4. प्रसार शिक्षा विभाग
5. स्त्री रोग और प्रसव विज्ञान विभाग
6. पारजैविकी विज्ञान विभाग
7. दैहिकी एवं भैषज विज्ञान विभाग
8. शल्य विज्ञान विभाग

4. आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल, उदयपुर (महाराणा भूपाल कॉलेज)

1. वनस्पति विज्ञान विभाग
2. रसायन विज्ञान विभाग
3. वाणिज्य विभाग
4. अर्थशास्त्र विभाग
5. अंग्रेजी विभाग
6. भूगोल विभाग
7. भूगर्भ विज्ञान विभाग
8. हिन्दी विभाग
9. चित्रकला विभाग
10. इतिहास विभाग
11. गणित विभाग
12. दर्शनशास्त्र विभाग
13. भौतिकी विभाग
14. राजनीति विज्ञान विभाग
15. संस्कृत विभाग
16. समाजशास्त्र विभाग
17. उर्दू विभाग
18. प्राणिविज्ञान विभाग

एम. बी. कॉलेज के उदयपुर विश्वविद्यालय में सम्मिलित होते समय (वर्ष 1964–65) निम्नांकित विषयों में स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रम उपलब्ध थे–

1. अंग्रेजी साहित्य
2. हिन्दी साहित्य
3. इतिहास
4. अर्थशास्त्र
5. राजनीति विज्ञान
6. भूगोल
7. समाजशास्त्र
8. भौतिक शास्त्र
9. रसायन विज्ञान
10. प्राणिशास्त्र
11. वनस्पति विज्ञान
12. गणित
13. लेखा समूह में एम. कॉम.
14. व्यवसाय प्रशासन समूह में एम.कॉम.

इसके अतिरिक्त त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम और Junior Diploma Course in Secretarial Business भी संचालित होता था। स्नातक पाठ्यक्रम से पूर्व **प्रि–यूनिवर्सिटी कोर्स** भी उत्तीर्ण करना पड़ता था जिसमें सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य शिक्षा तथा चयन के अनुसार संकायवार वैकल्पिक विषय होते थे। उपर्युक्त पी. जी. विषय के अतिरिक्त कुछ विषय ऐसे भी थे जिनमें केवल स्नातक स्तरीय अध्ययन था। इनमें संस्कृत, उर्दू, दर्शनशास्त्र, चित्रकला, नागरिक शास्त्र, जीवविज्ञान तथा भू–विज्ञान सम्मिलित थे। मानविकी संकाय को 'Faculty of Arts' कहा जाता था।

वर्ष 1975–76 में विश्वविद्यालय के अधीन निम्नांकित संघटक महाविद्यालय थे–

1. प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, उदयपुर
2. गृह विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर
3. विधि महाविद्यालय, उदयपुर
4. राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर
5. पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर
6. आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल, उदयपुर

निम्नांकित महाविद्यालयों को सह महाविद्यालय (Associated College) या संबद्ध महाविद्यालय के रूप में मान्यता थी–

1. भूपाल नोबल्स महाविद्यालय, उदयपुर
2. माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय, उदयपुर
3. लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक
4. उदयपुर सोशल वर्क स्कूल, उदयपुर
5. विद्या भवन गोविन्दराम सेकसरिया शिक्षक महाविद्यालय, उदयपुर
6. राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर
7. विद्या भवन ग्रामीण संस्था, उदयपुर

वर्ष 1962–63 में अंतर–क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता को कुलाधिपति ने रु. 500, मैसर्स आयुर्वेद सेवाश्रम समिति ने रु. 400, श्री कस्तूर मल शाह (जयपुर) ने रु. 400 तथा श्री एफ. बी. इलाविया उदयपुर आसवनी (Distillery) ने रु. 250 नकद ईनाम दिए थे जो कि वरिष्ठ व्याख्याता के वेतन के बराबर थे।

उदयपुर विश्वविद्यालय द्वारा विगत सदी के 70 के दशक में निम्नांकित डिग्रियाँ एवं डिप्लोमा प्रदान किए जाते थे–

❖ **Graduate Degrees**

i. B.Sc. (Agriculture)
ii. B.Sc. (Dairying)
iii. B.Sc. (Poultry Science)
iv. B.Sc. (Agriculture Education)
v. B.Sc. (Food Technology)
vi. B.Sc. (Agricultural Engineering)
vii. B.V. Sc. & A.H.
viii. B.A. (Pass)
ix. B.A. (Honours)
x. B.Sc. (Pass)
xi. B.Sc. (Honours)
xii. B.Com. (Pass)
xiii. B.Com.(Hons.)
xiv. B.Ed.
xv. LL.B.

❖ **Post-Graduate Degrees**

i. M.Sc. (Agriculture)
ii. M.Sc. (Dairying)
iii. M.Sc. (Agriculture Engineering)
iv. M.Sc. (Home Science)
v. M.Sc. (Animal Husbandry)
vi. M.V. Sc.
vii. M.A.
viii. M.Sc.
ix. M.Com
x. M.Ed.
xi. M.LL.M.
xii. M.O.L
xiii. Ph.D.
xiv. D.Lit.
xv. D.Sc.

❖ **Diplomas**

i. J.D.C. (Junior Diploma Course)
ii. Diploma (Post Graduate) in Husbandry
iii. I.D.D. (D.T.)
iv. I.D.D. (D.H.)

उदयपुर विश्वविद्यालय में वर्ष 1976–77 निम्नांकित संकाय प्रवर्तित थे–

1. Agriculture
2. Veterinary & Animal Science
3. Agricultural Engineering & Technology
4. Humanities
5. Social Sciences
6. Science
7. Commerce
8. Law
9. Education
10. Home Science

शिक्षा विंग में, वर्ष 1976–77 में उदयपुर विश्वविद्यालय में निम्नांकित पाठ्यक्रमों (डिग्रियों) का अध्ययन करवाया जाता था–

1. B.A.
2. B.Lib.
3. B.Sc.
4. B.Com.
5. M.A.
6. M.Sc.
7. M.Com.
8. Ph.D.

कला स्नातक हेतु अर्थशास्त्र, चित्रकला, हिन्दी साहित्य, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, इतिहास, संस्कृत, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन तथा उर्दू वैकल्पिक विषय के रूप में उपलब्ध थे तथा बी. एससी. में गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, भू–गर्भ विज्ञान, जीव विज्ञान तथा गणितीय सांख्यिकी (Mathematical Statistics) उपलब्ध थे जिनमें निश्चत विषय–समूह बने हुए थे। अनिवार्य विषयों को Qualifying Subject कहा जाता था जिनमें कला, वाणिज्य तथा विज्ञान स्नातक हेतु सामान्य हिन्दी एवं सामान्य अंग्रेजी विषय प्रथम वर्ष में होते थे। द्वितीय वर्ष में समकालीन भारत, भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का इतिहास (HICC) एवं प्राथमिक गणित अनिवार्य विषय थे। एम. ए. हेतु उपर्युक्त सभी विषय (लोक प्रशासन के अलावा) उपलब्ध थे। भूगोल विषय जो कि सामाजिक विज्ञान संकाय में था उसे सत्र 1976–77 से विज्ञान संकाय में लिया गया।

कृषि विंग में निम्नांकित पाठ्यक्रम, विषय एवं डिग्री का अध्यापन करवाया जाता था–

1. Pre Professional
2. B.Sc. (Agri.)
3. B.V.Sc. & A.H.
4. M.V.Sc.
5. B.E. (Agri.)
6. B.Sc. (Human Science)
7. M.Sc. (Home Science)
8. M.Sc. (Agri.)
9. Ph.D. (by Course Work)

❖ **Faculty of Agriculture**

a. Agricultural Zoology & Entomology
b. Animal Husbandry
c. Agricultural Statistics
d. Soil Science & Agri. Chemistry
e. Horticulture
f. Dairy Science
g. Agricultural Economics
h. Plant Pathology
i. Extension Education
j. Agricultural Botany
k. Agronomy

❖ **Faculty of Veterinary & Animal Science**

a. Anatomy
b. Physiology
c. Animal Breeding & Genetics
d. Animal Production
e. Pathology & Bacteriology
f. Animal Nutrition
g. Medicine
h. Parasitology
i. Surgery & Radiology
j. Obstetrics & Gynaeology including artificial insemination

❖ **Faculty of Agriculture Engineering and Technology**

a. Soil and Water Conservation Engineering
b. Farm Machinery & Power Engineering
c. Processing & Food Engineering
d. Civil Engineering
e. Mechanical Engineering
f. Electric Engineering
g. Mining Engineering

❖ **Faculty of Home Science**

a. Food & Nutrition
b. Child Development
c. Home Management
d. Home Science Education
e. Clothing & Textiles

इस सत्र में विश्वविद्यालय में निम्नांकित देशों के विद्यार्थी अध्ययनरत थे–

1. दक्षिण अफ्रीका–15
2. मॉरीशस–35
3. मलेशिया–33
4. गुयाना–4
5. तंजानिया–7
6. फिजी–3
7. थाइलैंड–2

कुल–99

सन् 1979 में उदयपुर विश्वविद्यालय में पत्राचार अध्ययन हेतु College of Correspondence Studies शुरू किया गया जो कि पहले विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर फिर वर्तमान विधि महाविद्यालय के प्रथम तल पर संचालित होता था। इस इकाई को एक निदेशक के निर्देशन में संचालित किया जाता था अतः **'पत्राचार निदेशालय'** भी कह दिया जाता था। इस निदेशालय का **'कॉलेज' नामकरण** सन् 1984 में हुआ। इस कॉलेज में कार्यरत रहे श्री भंवर सिंह चौहान के अनुसार यह पत्राचार महाविद्यालय बी.ए., एलएल.बी., सर्टिफिकेट इन लाइब्रेरी साइंस तथा डिप्लोमा इन लेबर लॉ पाठ्यक्रम संचालित करता था। यह महाविद्यालय विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री डाक से भेजता था तथा वर्ष के अंत में विश्वविद्यालय में 15 दिन की Contact Classes आयोजित की जाती थी और इन सभी पत्राचार विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की अन्य परीक्षाओं के परीक्षार्थियों के साथ सम्मिलित होना पड़ता था। उदयपुर विश्वविद्यालय के विभाजन के समय सन् 1987 में यह महाविद्यालय बन्द कर दिया गया तथा समस्त संसाधन एवं स्टाफ सदस्य कोटा खुला विश्वविद्यालय को दे दिए गए।

राज्य सरकार के सन् 1987 के अध्यादेश सं. 13 के द्वारा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को दो विश्वविद्यालयों में विभक्त किया गया–

1. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
2. राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

यह विभाजन 01 अगस्त, 1987 से लागू माना गया तथा शिक्षा विंग को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को तथा कृषि विंग को राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर को दे दिया गया। इस सत्र में संकायों/विभागों/विषयों तथा डिग्रियों की स्थिति इस प्रकार थी–

❖ **Degree**

1. *B.SC. (Agriculture)*
2. *B.Sc. (Dairy Technology)*
3. *B.Sc. (Poultry Science)*
4. *B.Sc. (Agricultural Education)*
5. *B.Sc. (Food Technology)*
6. *B.E. (Agriculture)*
7. *B.Sc. (Home Science)*
8. *B.V. Sc. & A.H.*
9. B.A. (Pass)
10. B.A. (Honours)
11. B.Sc. (Pass)
12. B.Sc. (Honours)
13. B.Com. (Pass)
14. B.Com (Honours)
15. LL.B.
16. B.Lib.Sc. (Bachelor of Library Science)

❖ **Post Graduate Degree**

1. *M.Sc. (Agriculture)*
2. *M.Sc. (Dairying)*
3. *M.E. (Agriculture)*
4. *M.Sc. (Home Science)*
5. *M.Sc. (Animal Husbandry)*
6. *M.V.Sc.*
7. M.A.
8. M.Sc.
9. D.Sc.
10. M.Com.
11. LL.M.
12. M.O.L.
13. Ph.D.
14. D.Litt.
15. M.B.A.
16. M.Phil.

❖ **Diplomas**

1. J.D.C. (Junior Diploma Course)
2. *Diploma (Post Graduate in Sheep Husbandry)*
3. I.D.D. (DT)
4. I.D.D. (DH)
5. Diploma in Labour Law, Labour Welfare and Personnel Management
6. *Diploma in Biological Bio-Techniques*

7. Diploma in Commercial Methods in Chemical Analysis
8. Diploma in Tourism and Cultural Relations.
9. 2 year PG Diploma in Cost and Management Accounting.
10. One year PG Diploma in Materials & Purchase Management
11. One year PG Diploma in Banking Management
12. One year PG Diploma in Hotel Management
13. One year PG Diploma in Irrigation Management
14. One year PG Diploma in Computer Technology & Applications
15. One year PG Diploma in Electronic Appliance
16. Diploma in Company Law & Secretarial Practice
17. Diploma/Certificate Course in Regional Languages & Oriental Language

कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रथम वर्ष में मात्र 02 छात्राएँ विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में सम्मिलित हुई तथा एम. बी. कॉलेज एवं अन्य कॉलेज सम्बद्ध होने पर वर्ष 1964–65 की परीक्षा में यह संख्या 348 तक पहुँची। आज स्थिति यह है कि विश्वविद्यालय के कुल विद्यार्थियों में लगभग आधी छात्राएँ हैं और वे विगत दशक से प्रतिवर्ष कुल पदकों के 90% से अधिक स्वर्ण पदक अपने नाम करती हैं।

College & Departments (Subjects)

1. *College of Agriculture*

a. *Agronomy*
b. *Horticulture*
c. *Statistics*
d. *Genetics and Plant Breeding*
e. *Plant Physiology*
f. *Plant Pathology*
g. *Ag.Chemistry and Soil Science*
h. *Ag. Zoology and Soil Science*
i. *Animal Production*
j. *Ag. Economics*
k. *Extension Education*
l. *Bio-Chemistry*
m. *Nematology*
n. *Limnology & Fisheries*
o. *Microbiology*
p. *Agricultural Meteorology*
q. *Farm Forestry*

2. *College of Veterinary & Animal Science, Bikaner*

a. *Anatomy*
b. *Physiology and Bio Chemistry*
c. *Pharmacology*
d. *Animal Nutrition & Food Technology*
e. *Animal Breeding and Genetics*
f. *Livestock Production and Management*
g. *Extension Education*
h. *Veterinary Micro Biology*
i. *Veterinary Pathology*
j. *Parasitology*
k. *Surgery and Radiology*
l. *Medicine (Clinical and Preventive)*
m. *Obstetetrics and Gynecology*

3. College of Social Sciences & Humanities

1. English
2. Hindi
3. Political Science
4. Economics
5. Sociology
6. History
7. Geography
8. Philosophy
9. Fine Arts
10. Sanskrit
11. Urdu
12. Psychology
13. Library Science
14. Jainology and Prakrit
15. Rajasthani

4. College of Science

1. Mathematics
2. Physics
3. Chemistry
4. Zoology
5. Botany
6. Geology
7. Computer Science
8. Environmental Studies

5. College of Commerce & Management Studies

1. Business Administration & Management
2. Accountancy & Statistics
3. Banking & Business Economics

6 College of Technology & Agricultural Engineering

1. *Farm Machinery and Power Engineering*
2. *Soil and Water Conservation Engineering*
3. *Processing and Food Engineering*
4. *Civil Engineering*
5. *Mechanical Engineering*
6. *Electrical Engineering*
7. *Mining*
8. *Engineering Mechanics*
9. *Renewable Energy*
10. *Irrigation & water Management*

7. College of Home Science

1. *Food & Nutrition*
2. *Human Devlopment*
3. *Family Resource Management*
4. *Clothing & Textile*
5. *Home Science Extension Education*

8. College of Law

1. Deptt. of Law

9. College of Dairy Science

1. *Department of Dairy Technology*
2. *Department of Dairy Chemistry*
3. *Department of Dairy Bacteriology*
4. *Department of Dairy Engineering*
5. *Department of Dairy Husbandry*

उपर्युक्त वर्णित सूची में italic अक्षरों में दर्शाए महाविद्यालय एवं कोर्स नए बने कृषि विश्वविद्यालय को दे दिए गए तथा शेष मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पास बने रहे।

सन् 1964 के पश्चात् नए विभाग एवं पाठ्यक्रमों का विवरण

वर्ष	विभाग / पाठ्यक्रम की शुरूआत
सन् 1965	• दर्शनशास्त्र विभाग की स्थापना / स्नातक एवं स्नातकोत्तर अध्ययन शुरू। • ड्राईंग एवं पेंटिंग में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू।
सन् 1966	• संस्कृत में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू।
सन् 1971	• मनोविज्ञान विभाग की स्थापना। • सांख्यिकी विषय स्नातक स्तर पर शुरू।
सन् 1972	• Employment Information & Guidance Bureau की स्थापना।
सन् 1973	• लोक प्रशासन विषय स्नातक स्तर पर शुरू। • विधि महाविद्यालय की स्थापना।
सन् 1975	• लाइब्रेरी एवं इंफॉर्मेशन साइंस विभाग की स्थापना तथा सर्टिफिकेट एवं स्नातक पाठ्यक्रम शुरू।
सन् 1978	• जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग की स्थापना। Diploma in Pali, Buddhism & Non-Violence शुरू।

वर्ष	विभाग / पाठ्यक्रम की शुरूआत
सन् 1979	• पत्राचार महाविद्यालय एवं इसके कुछ पाठ्यक्रम शुरू। • प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र की स्थापना।
सन् 1981	• जनसंख्या अध्ययन केन्द्र की स्थापना।
सन् 1982	• पाँच वर्षीय एलएल.बी. पाठ्यक्रम शुरू। • भूगोल, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, व्यवसाय प्रशासन तथा लेखांकन एवं व्यवसाय सांख्यिकी में एम. फिल. शुरू। • राजस्थानी विभाग की स्थापना तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू। • एम.बी.ए. पाठ्यक्रम (अंशकालिक) जो सन् 1988 तक रहा। • डिप्लोमा इन मार्केटिंग शुरू। • डिप्लोमा इन होटल एण्ड ट्यूरिज्म मैनेजमेंट शुरू। • फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज गठित।
सन् 1983	• अर्थशास्त्र में एम.फिल. शुरू।
सन् 1984	• आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल, उदयपुर (SBSH) को चार महाविद्यालय में बाँटा गया (विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी, वाणिज्य एवं प्रबंध तथा पत्राचार)
सन् 1985	वाणिज्य विभाग का तीन विभागों में बैंटवारा एवं स्नातकोत्तर संबंधित विषयों में– • लेखांकन एवं सांख्यिकी विभाग • बैंकिंग एवं व्यवसाय अर्थशास्त्र विभाग • व्यवसाय प्रशासन विभाग • Master Programme in International Business (MIB) • PG Diploma in Merchant Banking & Financial Services • PG in Human Resource Management • विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर सेंटर की स्थापना। • स्नातक स्तर पर कम्प्यूटर साइंस विषय शुरू। • स्नातक स्तर पर Environmental Biology विषय शुरू।
सन् 1986	• द्वि–वर्षीय पूर्णकालिक एम.बी.ए. पाठ्यक्रम शुरू। • स्नातक स्तर पर संगीत विभाग की विधिवत् स्थापना।
सन् 1987	• Certificate Course in English शुरू।
सन् 1988	• भू–विज्ञान विभाग का राजस्थान विश्वविद्यालय से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में विलय। • लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर शुरू। • एम. बी. ए. पाठ्यक्रम शुरू। • पी. जी. डिप्लोमा इन ट्यूरिज्म एण्ड होटल मैनेजमेंट शुरू।
सन् 1989	• गणित विभाग का नाम 'गणित एवं सांख्यिकी विभाग' किया गया।
सन् 1990	• पर्यावरण विज्ञान विभाग की स्थापना। स्नातक स्तर पर पर्यावरण विज्ञान शुरू। • स्वतंत्र कम्प्यूटर सेंटर की स्थापना। • प्रबंध अध्ययन संकाय की स्थापना। • पॉलिमर साइंस विभाग की स्थापना (रसायन विज्ञान विभाग की एक इकाई के रूप में)। • पॉलिमर साइंस में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम शुरू। • सांख्यिकी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू।
सन् 1991	• पत्रकारिता में डिप्लोमा शुरू।
सन् 1993	• पॉलिमर साइंस में पी. जी. डिप्लोमा शुरू।
सन् 1994	• PGDCA शुरू। • Dept. of Pharmaceutical Science को स्वतंत्र दर्जा। • द्वि–वर्षीय डिप्लोमा (फार्मेसी) शुरू। • M.Lib शुरू।

वर्ष	विभाग / पाठ्यक्रम की शुरूआत
सन् 1995	• पर्यावरण विज्ञान विभाग की (स्वतंत्र) स्थापना तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू।
सन् 1996	• Diploma in Merchandising & Readymade Garments शुरू। • FMS को UCCMS से पृथक् किया गया। • Dept. of Hotel & Tourism Management की स्थापना।
सन् 1997	• Biotechnology विभाग की स्थापना। P.G. in Biotechnology शुरू। • MCA शुरू।
सन् 1998	• चार वर्षीय बी. फार्मा शुरू। • महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना।
सन् 1999	• स्वतंत्र लोक प्रशासन विभाग की स्थापना। • Lib. Sci. में पीएच. डी. कोर्स शुरू। • Diploma in Textile Designing शुरू।
सन् 2000	• FMS अपने नये भवन में स्थानान्तरित।
सन् 2002	• M. Sc. in Electronics शुरू।
सन् 2003	• Master in Tourism Management शुरू।
सन् 2004	• ड्राईंग एवं पेंटिंग विभाग का नाम दृश्यकला (Visual Arts) विभाग किया गया।
सन् 2004	• योग केन्द्र की स्थापना। • पी. जी. डिप्लोमा इन योगा शुरू।
सन् 2005	• B.Sc. in Biotechnology शुरू। • MBA (Service Sector Management) शुरू।
सन् 2010	• Centre for Soft Skill की स्थापना। • Microbiology विभाग की स्थापना।
सन् 2011	• Bachelor of Hotel Management शुरू।
सन् 2015	• MBA (E.Business) शुरू।
सन् 2016	• कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की स्थापना।
सन् 2017	• पी.जी. इन योगा शुरू। • शिक्षा विभाग की स्थापना। • BCA पाठ्यक्रम शुरू। • M.Sc. in Information Technology शुरू। • FMS में Atal Bihari Centre for Entrepreneurship स्थापित तथा BBA Entrepreneurship शुरू।
सन् 2018	• National Resource Centre in Biotechnology शुरू।
सन् 2018	• महिला अध्ययन विषय स्नातक स्तर पर शुरू। • चार वर्षीय B.A. B.Ed., B.Sc. B.Ed. पाठ्यक्रम शुरू।
सन् 2019	• Certificate Course in Yoga शुरू। • MBA (Service Sector Management) को MBA (Financial Services Management) किया गया। • MBA (E-Business) का नया नाम MBA (E-Commerce) किया गया तथा सन् 2020 में पुनः MBA (E-Business) किया गया।
सन् 2020	• पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय स्नातक स्तर पर शुरू। • M. VOC. -Fashion Technology & Designing स्वीकृत। • Diploma in Fashion Design & Technology स्वीकृत। • Fashion Technology & Designing एक स्नातक स्तरीय वैकल्पिक विषय के रूप में स्वीकृत। • Faculty of Visual Arts अनुमोदित। • Certificate Coures in Women & Legal Rights अनुमोदित।

विश्वविद्यालय की अकादमिक प्रगति

वर्ष	वर्षिक बजट (रुपये)	कुल (नियमित) विद्यार्थियों की संख्या	छात्राओं की संख्या	सम्बद्ध महाविद्यालयों की संख्या
1962–63	31.20 लाख	1154	2	3 संघटक महाविद्यालय
1965–66	1.10 करोड़	4205(32 विदेशी विद्यार्थियों सहित)	521	4 संघटक + 6 संबद्ध
1975–76	3.70 करोड़	8043 (99 विदेशी विद्यार्थियों सहित)	उपलब्ध नहीं	7 संघटक + 7 संबद्ध
1985–86	13.24 करोड़	6193	721	10 संघटक+ 7 संबद्ध
1995–96	10.88 करोड़	24369	5360	4 संघटक + 29 संबद्ध
2005–06	31.63 करोड़	46720	18223	4 संघटक + 81 संबद्ध
2015–16	82.95 करोड़	229450	113508	4 संघटक + 216 संबद्ध
2019–20	67.10 करोड़	83086	40050	4 संघटक + 183 संबद्ध

परीक्षाएँ (Examinations)

राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर ने शुरू से ही सेमेस्टर तथा आंतरिक मूल्यांकन की प्रणाली अपनाई तथा उदयपुर विश्वविद्यालय बनने पर गैर कृषि या शिक्षा विंग ने राजस्थान विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा तथा निबंधात्मक प्रश्न पत्र की पद्धति जारी रखी। वर्ष 2009–10 तक वार्षिक परीक्षा स्कीम चलती रही तथा वर्ष 2010–11 से सेमेस्टर पद्धति स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में लागू हुई तथा विज्ञान एवं विधि संकाय में स्नातक स्तर पर भी सेमेस्टर पद्धति लागू हुई। वर्ष 2016–17 में स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर एवं सी. बी. सी. एस. पद्धति लागू हुई किन्तु विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों में वार्षिक पद्धति ही प्रवर्तित है जो स्वयंपाठी (Non-Collegiate) परीक्षार्थियों हेतु भी लागू होती है।

परीक्षाओं की मान्यता देने वाली शुरुआती संस्थाएँ

सन् 1962–63 में निम्नलिखित विश्वविद्यालयों या संस्थाओं या सरकार ने राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर की परीक्षाओं की मान्यता के लिए स्वीकृति दी–

1. अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अलीगढ़
2. आगरा विश्वविद्यालय, आगरा
3. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस
4. बम्बई विश्वविद्यालय, बम्बई
5. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
6. गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
7. भारतीय कृषि अनुसंधान शाला, नई दिल्ली
8. जम्मू एवं कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर
9. कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़
10. केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेन्द्रम्
11. मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद
12. उड़ीसा कृषि विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर
13. पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
14. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
15. सरदार वल्लभभाई विद्यापीठ, वल्लभ विद्यानगर (आणंद)
16. उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर

विश्वविद्यालय द्वारा सन् 1965 तक डिग्री केवल अंग्रेजी भाषा में दी जाती थी जो सन् 1966 से हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी जाने लगी। सन् 1994 से 2013 तक डिग्री पर 'होलोग्राम' रहा तथा सन् 2014 से बार कोड एवं क्यू. आर. कोड प्रणाली शुरू की गई। सत्र 2015–16 से डिग्रियाँ (वर्ष 2017–18 में लागू) ऑनलाईन 'नेशनल एकेडेमिक डिपोजिटरी' पर अपलोड होने लगी।

17. उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर

18. भारत सरकार, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं सांस्कृतिक कार्यों का मंत्रालय, नई दिल्ली।

ज्ञात रहे की वर्ष 1963–64 में देश में कुल 56 विश्वविद्यालय थे जिससे परस्पर डिग्रियों की मान्यता की प्रक्रिया लंबा समय लगा देती थी।

शिक्षा विंग की परीक्षा प्रणाली के क्रम में निम्नांकित तथ्य उल्लेखनीय हैं–

1. **प्रश्न पत्र का प्रारूप :**– सन् 1995 तक लगभग सभी परीक्षाओं में विद्यार्थियों से प्रश्न पत्र में दस प्रश्न पूछे जाते थे तथा विद्यार्थियों को उनमें से कोई पाँच प्रश्न हल करने होते थे। बाद में पाठ्यक्रमों को दो खण्डों में विभाजित किया गया एवं प्रत्येक खण्ड में पाँच प्रश्न पूछे जाते थे। छात्रों को प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो प्रश्न हल करते हुए पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होते थे।

   तत्पश्चात् पाठ्यक्रमों को पाँच इकाइयों (I, II, III, IV, V) में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक इकाई से दो प्रश्न परीक्षा में पूछे जाते थे एवं विद्यार्थियों को प्रत्येक इकाई से कोई एक प्रश्न हल करते हुए पाँच प्रश्नों का उत्तर देना होता था।

   इसके बाद पाठ्यक्रमों का प्रारूप उपर्युक्त रूप से ही रखते हुए प्रश्न पत्र के प्रारूप में थोड़ा बदलाव किया गया। नए प्रारूप में प्रश्न पत्र को तीन खण्डों A, B तथा C में विभक्त किया गया जो कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप था। खण्ड A में दस लघुत्तरात्मक प्रश्न पूछे जाते हैं। खण्ड B में प्रत्येक इकाई से दो प्रश्न पूछे जाते हैं तथा विद्यार्थियों को प्रत्येक इकाई से एक–एक प्रश्न हल करना होता है जिसका उत्तर 50 से 100 शब्दों में दिया जाना अपेक्षित होता है। खण्ड C में प्रत्येक इकाई से एक निबन्धात्मक प्रश्न पूछा जाता है तथा विद्यार्थियों को उनमें से कोई दो प्रश्न हल करने होते हैं। प्रश्न पत्र का यह प्रारूप वर्तमान में भी लागू होकर चल रहा है। विधि / प्रबन्ध / बी.एड. / फार्मेसी के पाठ्यक्रमों में प्रश्न–पत्र प्रारूप में पाठ्यक्रमों के अनुरूप कुछ परिवर्तित रूप लागू हैं।

2. **ऑनलाईन परीक्षा :**– ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरवाए जाने का कार्य वर्ष 2001 से अनवरत जारी है।

3. **स्केनिंग वर्क :**– उत्तरपुस्तिकाओं के ओएमआर शीट का स्केनिंग संबंधी कार्य वर्ष 2001 से अनवरत जारी है।

4. **उत्तरपुस्तिका :**– वर्ष 2001 से 2013 तक की परीक्षाओं के आयोजन हेतु सामान्य उत्तरपुस्तिका काम में ली जाकर संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं के प्रथम कवर पेज पर बार कोड स्टीकर शीट लगाई जाकर कार्यवाही अमल में लाई जाती थी। तत्पश्चात् वर्ष 2014 से बार–कॉडेड ओ.एम.आर. शीटयुक्त उत्तरपुस्तिकाओं का उपयोग किया जा रहा है।

5. **पुनर्मूल्यांकन :**– वर्ष 2019 से पूर्व तक छात्र द्वारा दी गई परीक्षा के प्रश्न–पत्रों में से 25 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन कराने का नियम लागू था। वर्ष 2020 की परीक्षा से छात्रों को दी गई परीक्षा के सभी प्रश्न पत्रों में पुनर्मूल्यांकन कराये जाने का प्रावधान लागू कर दिया गया है।

6. **कम्पार्टमेंटल स्कीम :**– वर्ष 2001 से पूर्व स्नातक स्तर के तीनों वर्षों के विद्यार्थियों हेतु पूरक परीक्षा का आयोजन पृथक्–पृथक् प्रश्न–पत्रों के रूप में कराया जाता था तथा छात्रों को न्यूनतम उत्तीर्णांक देने का प्रावधान था। वर्ष 2001 के पश्चात् स्नातक स्तर के विज्ञान एवं कला संकाय में कम्पार्टमेंटल स्कीम अर्थात् किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण रहने पर छात्र को अगली कक्षा में प्रोन्नत कर दिया जाता है तथा विधि, वाणिज्य एवं बीसीए संकाय में पृथक्–पृथक् रूप से 25 प्रतिशत प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण रहने पर प्रोन्नत करने की स्कीम लागू है।

7. **परीक्षा केन्द्र :**– विश्वविद्यालय में सन् 1999 से पूर्व संबद्धता सहित लगभग 36 महाविद्यालय तथा 28 परीक्षा केन्द्र ही संचालित थे तथा वर्तमान में विश्वविद्यालय सहित सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की संख्या लगभग 190 है तथा 92 परीक्षा केन्द्र संचालित हैं।

8. **छात्रों की संख्या :**– वर्ष 1999 से पूर्व विश्वविद्यालय में लगभग 35 हजार छात्र ही अध्ययनरत थे। वर्तमान में सभी संबंधित महाविद्यालयों में अध्ययनरत नियमित एवं स्वयंपाठी छात्रों की कुल संख्या 1.90 लाख है।

9. **पाठ्यक्रमों की सूची :**– सत्र 2019–20 तक विश्वविद्यालय एवं संचालित सभी संबंधित महाविद्यालयों में लगभग 120 वार्षिक पाठ्यक्रम एवं 60 विषयों के सेमेस्टर पाठ्यक्रम संचालित थे। वर्तमान में विश्वविद्यालय की गोपनीय शाखा 3000 से भी अधिक प्रकार के प्रश्नपत्र निर्मित करवाती है।

   सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की सूची इस प्रकार है–

> विश्वविद्यालय में अस्सी एवं नब्बे के दशक में परीक्षा मूल्यांकन का कार्य इतना गुणवत्तापूर्ण था कि कई बार परीक्षा परिणाम इस तरह प्रकाशित होता था..........अमुक परीक्षा / पाठ्यक्रम में कोई उत्तीर्ण नहीं।

कला (Arts) पाठ्यक्रम

S.no	Name of Courses/ Degree	Scheme
1	Bachelor of Arts (B.A.)	Annual
2	Bachelor of Arts Honours (Political Science) (B.A.Hons.)	Annual
3	Bachelor of Arts Honours (Sanskrit) (B.A.Hons.)	Annual
4	Bachelor of Arts Honours (Economics) (B.A.Hons.)	Annual
5	Bachelor of Arts Honours (English) (B.A.Hons.)	Annual
6	Bachelor of Arts Honours (History) (B.A.Hons.)	Annual
7	Bachelor of Arts Honours (Sociology) (B.A.Hons.)	Annual
8	Bachelor of Arts Honours (Hindi) (B.A.Hons.)	Annual
9	Bachelor of Physical Education (B.PEd)	Annual
10	Bachelor of Library & Information Science	Semester
11	Master of Arts Sociology (M. A.-Sociology)	Annual
12	Master of Arts Rajasthani (M. A. -Rajasthani)	Annual
13	Master of Arts Urdu (M. A. -Urdu)	Annual
14	Master of Arts Home Science (M. A. -Home Science)	Annual
15	Master of Arts Rural Sociology (M. A. - Rural Sociology)	Annual
16	Master of Arts Philosphy (M. A. -Philosphy)	Annual
17	Master of Arts Jainology & Prakrit (M. A. -Jainology & Prakrit)	Annual
18	Master of Arts Psychology (M. A. -Psychology)	Annual
19	Master of Arts English (M. A. -English)	Annual
20	Master of Arts Geography (M. A. -Geography)	Annual
21	Master of Arts Sanskrit (M. A. -Sanskrit)	Annual
22	Master of Arts Public Administration (M. A. -Public Adm.)	Annual
23	Master of Arts History (M. A. -History)	Annual
24	Master of Arts Hindi (M. A. -Hindi)	Annual
25	Master of Arts Political Science (M. A. -Political Science)	Annual
26	Master of Arts Economics (M. A. -Economics)	Annual
27	Master of Arts Drawing And Painting (M. A. -Drawing & Painting)	Annual
28	Master of Library &Information Science	Semester
29	Master of Arts Music (M. A. -Music)	Semester
30	Master of Arts Sociology (M. A. -Sociology)	Semester
31	Master of Arts Rajasthani (M. A. -Rajasthani)	Semester
32	Master of Arts Urdu (M. A. -Urdu)	Semester
33	Master of Arts Home Science (M. A. -Home Science)	Semester
34	Master of Arts Rural Sociology (M. A. - Rural Sociology)	Semester
35	Master of Arts Philosophy (M. A. -Philosophy)	Semester
36	Master of Arts Jainology & Prakrit (M. A. -Jainology & Prakrit)	Semester
37	Master of Arts Psychology (M. A. -Psychology)	Semester
38	Master of Arts English (M. A.-English)	Semester
39	Master of Arts Geography (M. A.-Geography)	Semester

S.no	Name of Courses/ Degree	Scheme
40	Master of Arts Sanskrit (M. A.-Sanskrit)	Semester
41	Master of Arts Public Administration (M. A.-Public Adm.)	Semester
42	Master of Arts History (M. A.-History)	Semester
43	Master of Arts Hindi (M. A.-Hindi)	Semester
44	Master of Arts Political Science (M. A.-Political Science)	Semester
45	Master of Arts Economics (M. A.-Economics)	Semester
46	Master of Arts Drawing And Painting (M. A.-Drawing & Painting)	Semester
47	Master of Arts Yoga (M. A.-Yoga)	Semester
48	Master of Arts Journalism and Mass Communication (M. A.-Journalism & Mass Communication)	Semester
49	Master of Arts Music (M. A.-Music)	Semester
50	Post Graduation in Merchandising and Readymade Garments	Annual (Diploma)
51	Post Graduation in Textile Designing	Annual (Diploma)
52	Certificate Course in English	Annual (Certificate)
53	Post Graduation in Diploma in Journalism	Annual (Diploma)
54	Post Graduation in Diploma in Yoga Education	Annual (Diploma)
55	Post Graduation in Diploma in Fashion	Annual (Diploma)

शिक्षा (Education) पाठ्यक्रम

S.no	Name of Courses/ Degree	Scheme
1	Bachelor of Education (B.Ed.)	Annual
2	Bachelor of Arts and Bachelor of Education Integrated (B.A. B.Ed.)	Annual
3	Bachelor Science and Bachelor of Education Integrated (B.Sc. B.Ed.)	Annual
4	Master of Education (M.Ed)	Annual

विधि (Law) पाठ्यक्रम

S.no	Name of Courses/ Degree	Scheme
1	Bachelor of Laws (LL.B)	Annual
2	Master of Laws (LL.M)	Annual
3	Bachelor of Arts and Law Integrated (B. A. LL.B)	Semester
4	Bachelor of Commerce with Laws (B.Com LL.B)	Semester
5	Diploma in Labour Law, Labour Welfare and Personnel Management	Annual (Diploma)

विज्ञान (Science) पाठ्यक्रम

S.no	Name of Courses/ Degree	Scheme
1	Bachelor of Science (B.Sc.)	Annual
2	Bachelor of Home Science (B.Sc. Home Science)	Annual
3	Bachelor of Biotechnology (B.Sc. Biotech)	Annual
4	Bachelor of Pharma (B. Pharma)	Annual
5	Bachelor of Computer Application (BCA)	Annual

S.no	Name of Courses/ Degree	Scheme
6	Master of Science Mathematics (M.Sc. Mathematics)	Annual
7	Bachelor of Computer Application (BCA)	Semester
8	Bachelor of Biotechnology (B.Sc. Biotech)	Semester
9	Master of Science Mathematics (M.Sc. Mathematics)	Semester
10	Master of Science Industrial Chemistry (M.Sc. Industrial Chemistry)	Semester
11	Master of Science Botany (M.Sc. Botany)	Semester
12	Master of Science Zoology (M.Sc. Zoology)	Semester
13	Master of Science Physics (M.Sc. Physics)	Semester
14	Master of Science Geology (M.Sc. Geology)	Semester
15	Master of Science Environmental Science (M.Sc. EVS)	Semester
16	Master of Science Polymer Science (M.Sc. Polymer Science)	Semester
17	Master of Science Chemistry (M.Sc. Chemistry)	Semester
18	Master of Science Tech applied Geology (M.Sc. Tech - applied Geology)	Semester
19	Master of Science Stastistics (M.Sc. Stastistics)	Semester
20	Master of Science Microbiology (M.Sc. Microbiology)	Semester
21	Master of Computer Application (MCA)	Semester
22	Master of Science Information Technology (M.Sc. IT)	Semester
23	Post Graduation Diploma in Computer Application (PGDCA)	Annual

वाणिज्य (Commerce) पाठ्यक्रम

S.no	Name of Courses/ Degree	Scheme
1	Bachelor of Commerce (B.Com.)	Annual
2	Bachelor of Commerce honours (B.Com. Hons)	Annual
3	Bachelor of Commerce With Banking and Economics (B.Com B. B. E)	Annual
4	Bachelor of Travel and Tourism Management (B. T. T. M)	Semester
5	Bachelor of Hotel Management (B. H. M)	Semester
6	Banking & Business Economics (B. B. E)	Semester
7	Bachelor of Vocational Education (B.Voc)	Semester
8	Bachelor of Banking Administration (B. B. A)	Semester
9	Master of Banking Administration (MBA E-Business)	Semester
10	Master of Commerce Accountancy And Business Statistics (M.Com. ABST)	Semester
11	Master of Commerce Business Administration (M.Com. Buss. Ad.)	Semester
12	Master of Commerce Banking & Business Economics (M.Com. B. B. E)	Semester
13	Master of International Banking (M.I.B)	Semester
14	Master of Human Resources Management (M. H. R.M)	Semester
15	Master of Financial Control (M. F. C)	Semester
16	Master of Banking and Insurance (M. B. I)	Semester
17	Master of Banking Administration with Financial Services Management (M. B. A. –F. S. M)	Semester
18	Master of Travel and Tourism Management (M . T. T. M.)	Semester

नये संकाय, विभाग एवं पाठ्यक्रम
(New Faculties, Departments and Programmes)

सन् 2020 में निम्नांकित नये संकाय, नये विभाग तथा नये पाठ्यक्रम अनुमोदित किये गये–

नये संकाय

- Faculty of Visual Arts
- Faculty of Engineering and Technology

नये विभाग

Dept. of Painting	Dept. of Architecture
Dept. of Print Making	Dept. of Forensic Science
Dept. of Sculpture	Dept. of Applied Sciences and Humanities
Dept. of Applied Art	Dept. of Civil Engineering
Dept. of Art History	Dept. of Computer Science and Engineering
Dept. of Tourism and Hotel Management	Dept. of Electrical Engineering
Dept. of Anthropology	Dept. of Electronics and Communicating Engineering
Dept. of Fashion Technology and Designing	Dept. of Mechanical Engineering
Dept. of Management	Dept. of Social Work

नये पाठ्यक्रम

DETAILS OF NEW COURSES

S.No.	Name of Course
1	Journalism-Mass Communication as an optional subject at Under Graduate Level (B.A.)
2	Certificate Programme in Mobile Journalism (CMOJO)
3	PG Course (M. Voc in Fashion Technology & Designing)
4	M.Voc. -Fashion Technology & Designing, Semester System (CBCS) under Readymade Garment
5	M.Pharma (Pharmaceutics) CBCS, Semester wise
6	M.VOC (Accounting, Taxation & Auditing)
7	PG Diploma in Geospatial Technology
8	PG Diploma Course in Mining and Mineral Exploration
9	Advance Surveying with Total Station
10	Skill Development Course in Environmental Surveys and Monitoring (Deptt. of Environmental Sciences)
11	Diploma in Development of Rural Education and Employment
12	Diploma in Event Management
13	Certificate Course in Digital Marketing
14	Diploma Course in Digital Marketing
15	Diploma Course in Retail Marketing
16	Certificate Course in Digital Marketing, from Academic Year 2020
17	Certificate Course in Web Designing from Academic Year 2020
18	Semester Based PGDCA Course from Academic Session 2021
19	Certificate Course in Employability Skills
20	Certificate Course in Community Mental Health
21	Diploma Course in Soft Skills Enhancement and Application of Psychology in Everyday Life

S.No.	Name of Course
22	Diploma Course in Career Counseling
23	Diploma Course in Child Psychology
24	Certificate Course in Library and Information Science
25	Diploma Course in Library and Information Science
26	Fashion Technology and Designing (optional subject in UG)
27	Certificate Course in *Jyotish* and *Vastushastra* in the Department of Sanskrit
28	Diploma Course in *Jyotish* and *Vastushastra* in the Department of Sanskrit
29	Additional Course in B.A. Music in the Department of Music
30	Diploma in Insurance
31	Certification Course in Data Analysis Microsoft
32	Certification Course in Basic Practical Business
33	Certification Course in Microsoft Office Lab
34	Certification Course in Business Statistics Using Excel
35	Certification Course in Practical Income Tax
36	Certification Course in Practical Advanced MS-Excel
37	Certification Course in Practical Goods and Service Tax
38	Certification Course in Practical TDS and Advanced Tax
39	Certification Course in Advanced Practical Business Accounting
40	Certification Course in Financial Management Using Excel
41	P.G. Diploma in Cyber Laws
42	Add-on Course on Software Application in Research
43	Add-on Course on Spreadsheet Applications in Business
44	Add-on Course on Practical Auditing
45	Add-on Course in Practical Income Taxation
46	Add-on Course on Practical Goods and Service Tax
47	Diploma in Fashion Design and Technology (under Readymade Garments)
48	Certificate Course on "Women and Legal Rights" (under UGC Centre for Women's Studies)
49	Nano-Science and Nano-Technology
50	Bioinformatics & Computational Biology
51	Master of Arts in Anthropology
52	Master of Arts in Social Work
53	Certificate Courses for the Centre for Communication Skills in English and Foreign Language
54	Certificate Course in Urdu Language
55	Diploma Course in Urdu Language
56	Diploma in Urdu Computer Application and Multilingual D.T.P.
57	Certificate Course in Traditional Arts Appreciation
58	Certificate Course in Academic Art Study Multimedia Design
59	Certificate Course in Videography and Editing
60	Centre of Excellence in Physical Science
61	M.Sc. Yoga

शोध डिग्री (Research Degree)

इस विश्वविद्यालय की स्थापना मूलतः कृषि एवं पशुविज्ञान से संबंधित पाठ्यक्रमों के संचालन तथा शोध कार्यों हेतु की गई थी। इसके मूल महाविद्यालय राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर जो कि सन् 1955 में स्थापित हुआ था, में सन् 1960 में स्नातकोत्तर तथा सन् 1962 में पीएच. डी. डिग्री हेतु पंजीयन की सुविधा शुरू हुई। सन् 1964 में इस विश्वविद्यालय का स्वरूप बहु–संकाय में परिवर्तित हुआ तथा 'शिक्षा विंग' के अंतर्गत अन्य संकायों में उसी वर्ष से पीएच. डी. कार्य इस विश्वविद्यालय से जुड़े जो कि पहले राजस्थान विश्वविद्यालय से हो रहे थे क्योंकि एम. बी. कॉलेज उससे संबद्ध था। एम. फिल. पाठ्यक्रमों की शुरुआत सन् 1982 से हुई। वर्ष 1985–86 से **पीएच. डी. शोध प्रबंध हिन्दी भाषा में लिखने की अनुमति दी गई।**

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय देश के उन अग्रणी विश्वविद्यालयों में सम्मिलित है जहाँ यू.जी.सी. नियम, 2009 के अंतर्गत एम.फिल./पीएच.डी. हेतु प्रवेश परीक्षा, कोर्स वर्क तथा अन्य प्रक्रियाएँ लागू की गई तथा वर्तमान में यू.जी.सी. के सन् 2016 के दिशा–निर्देश लागू हैं। अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर अध्ययन (डीन, पी. जी. स्टडीज) कार्यालय द्वारा यह कार्य नियंत्रित होता है। स्थापना से लेकर सन् 2020 तक लगभग 4000 पीएच.डी. डिग्रियाँ दी जा चुकी हैं–

विगत दशक में दी गई पीएच.डी. डिग्रियाँ

क्रम सं.	वर्ष	संख्या
1	2011–12	197
2	2012–13	184
3	2013–14	162
4	2014–15	129
5	2015–15	167
6	2016–17	181
7	2017–18	206
8	2018–19	171
9	2019–20	149

वर्तमान में निम्नांकित संकायों एवं विषयों में पीएच.डी. सुविधा दी जा रही है–

S.No	Faculty	Subjects
1	Faculty of Science	Physics, Chemistry, Botany, Mathematics & Statistics, Biotechnology, Microbiology, Computer Science, Pharmaceutical Science, Zoology
2	Faculty of Commerce	Business Administration, Banking & Business Economics, Accountancy & Business Statistics
3	Faculty of Humanities	Hindi, English, History, Urdu, Visual Arts, Music, Philosophy, Jainology & Prakrit, Rajasthani, Sanskrit
4	Faculty of Social Sciences	Psychology, Sociology, Economics, Home Science, Public Administration, Politic al Science, Library & Information Science, Journalism & Mass Communication, Women Studies
5	Faculty of Management	Management Studies, Tourism Management
6	Faculty of Education	Education, Physical Education, Yoga
7	Faculty of Law	Law
8	Faculty of Earth Science	Geology, Geography, Environmental Science

उदयपुर विश्वविद्यालय द्वारा **प्रथम पीएच.डी. श्री के. एल. कोठारी** को प्रदान की गई। डॉ. कोठारी निवर्तमान अधिष्ठाता, राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय तथा संस्थापक विज्ञान समिति, उदयपुर हैं। सन् 2016 में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने **प्रथम बार किसी को डि.लिट.** की उपाधि प्रदान की जो कि इतिहास विभाग की शोधार्थी डॉ. तारा मंगल को उनके शोध प्रबंध 'मध्ययुगीन मेवाड़ की सांस्कृतिक परम्परा: सन् 1326 से 1528 तक' के लिए दी गई थी। इसकी मौखिक परीक्षा 12 अप्रैल, 2016 को हुई थी तथा डीन, पी.जी. स्टडीज थी प्रो. सीमा मलिक।

दीक्षान्त समारोह (Convocation Ceremony)

किसी विश्वविद्यालय के डिग्री पाठ्यक्रम की समाप्ति के पश्चात् एक विधिवत् एवं औपचारिक समारोह और एक विशिष्ट गणवेश में किसी गणमान्य व्यक्ति के हाथों उपाधि प्राप्ति की अभीप्सा प्रायः सभी शिक्षार्थियों में पाई जाती है तथा विश्वविद्यालय के लिए भी यह एक गर्वपूर्ण आत्मानुभूति करने का अवसर होता है।

उदयपुर विश्वविद्यालय का **प्रथम दीक्षान्त समारोह दिनांक 02 फरवरी, 1964** को आयोजित किया गया जिसमें **श्री वी. के. आर. वी. राव,** सदस्य, योजना आयोग ने दीक्षांत भाषण दिया था तथा कुलाधिपति एवं राज्यपाल डॉ. संपूर्णानंद एवं कुलपति डॉ. जी. एस. महाजनि मंचासीन थे। **दूसरा दीक्षांत समारोह** 12 दिसंबर, 1964 को आयोजित हुआ जिसमें श्री मोरारजी देसाई, सांसद मुख्य अतिथि थे तथा **तीसरे दीक्षांत समारोह** (27 दिसंबर, 1965) में जम्मू–कश्मीर के राज्यपाल डॉ. कर्ण सिंह ने दीक्षांत भाषण दिया था। विश्वविद्यालयों में प्रायः प्रतिवर्ष दीक्षांत समारोह नहीं हो पाते हैं। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में प्रो. आई. वी. त्रिवेदी को निरंतर दीक्षांत समारोह कराने का श्रेय प्राप्त है। सन् 2004 में 23 नवंबर को हुए 16वें दीक्षांत समारोह में भारत के राष्ट्रपति **डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम** मुख्य अतिथि थे। 23 वें दीक्षांत समारोह (21 दिसंबर, 2015) से **परम्परागत अकादमिक चोगा (गाउन)** पहनने तथा Square Academic Cap लगाने की परम्परा तत्कालीन कुलाधिपति श्री कल्याण सिंह के निर्देशों पर बन्द हुई और पगड़ी एवं कुर्ता–पायजामा, इत्यादि राजस्थानी वस्त्र पहनना शुरू हुआ। 27 वें दीक्षांत समारोह (21 दिसंबर, 2019) में कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने प्रथम बार **संविधान की उद्देशिका एवं मूल कर्त्तव्यों का वाचन** किया। कोविड–19 महामारी के कारण 28 वाँ दीक्षांत समारोह (22 दिसंबर, 2020) मिश्रित (ऑनलाइन तथा ऑफलाइन) पद्धति से हुआ जिसमें कुलाधिपति एवं दीक्षांत भाषण देने वाले ऑनलाईन थे तथा विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी विश्वविद्यालय सभागार में मौजूद थे।

विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह (23 नवंबर, 2004) के मुख्य अतिथि डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह स्थानाभाव के कारण मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा के पास खाली पड़े मैदान में आयोजित करवाये जाते थे। सन् 2004 में विश्वविद्यालय सभागार निर्मित हुआ। इसके बाद भी 16वाँ (2004) एवं 17वाँ (2006) दीक्षान्त समारोह इसी खुले मैदान में हुए। प्रो. आई. वी. त्रिवेदी के द्वारा आयोजित करवाए गए 18वें दीक्षान्त समारोह (11 अक्टूबर, 2010) से यह समारोह निरन्तर विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित किया जाता है। इसी तरह इस कार्यक्रम को विगत दशक से निरन्तरता भी प्राप्त हुई हैं।

मेडल एवं पुरस्कार

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह यह में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वालों को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाता है। वर्ष 2018 से संकाय में टॉपर को चांसलर मेडल देने की शुरूआत हुई। इसके अतिरिक्त निम्नांकित निजी संस्थाएँ भी मेधावी (टॉपर) विद्यार्थी को पुरस्कृत करती हैं–

1. प्रो. ललित शंकर–पुष्पा देवी शर्मा मेडल (एम. ए. हिन्दी)
2. डॉ. सी. बी. मामोरिया मेमोरियल गोल्ड मेडल (एम. कॉम.)
3. स्व. प्रो. विजय श्रीमाली मेमोरियल गोल्ड मेडल (एम. कॉम. व्यवसाय प्रशासन)
4. प्रो. आर. के. श्रीवास्तव अवार्ड (एम. एससी. भू–विज्ञान)
5. विजय सिंह देवपुरा मेमोरियल अवार्ड (एम. एससी. भू–विज्ञान)

प्रकाशन (Publications)

विश्वविद्यालय द्वारा इसकी स्थापना काल से ही अनेक 'in house' पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन होता रहा है। समय के साथ ऐसे प्रकाशन, संसाधनों के अभाव में अनियमित हुए हैं तो कुछ नए प्रकाशन भी जुड़े हैं। इनमें प्रमुख प्रकाशन इस प्रकार हैं–

1. टॉवर
2. परिसर
3. University of Udaipur Research Studies
4. अध्ययन और अन्वेषण
5. उदय
6. दर्पण
7. उन्मेष
8. सार्थक
9. उद्यम
10. अनुगूँज
11. Mewar Journal of Law
12. Prabandh
13. Object-d-Art
14. समवेत
15. नव सृजन
16. Compendium Academia

कोविड–19

कोविड–19 या कोरोना वायरस डिजीज दिसंबर, 2019 से चीन के वुहान शहर से शुरू हुई वह वैश्विक महामारी थी जो श्वास माध्यम से SARS-2 या कोरोना विषाणु के एक व्यक्ति से दूसरे तक शीघ्र प्रसारित होती थी। इस महामारी के बचाव हेतु वैश्विक स्तर पर कर्फ्यू, लॉकडाउन तथा हेण्ड सेनेटाइजेशन, व्यक्तियों के बीच की दूरी (Social Distancing) सहित उच्च गुणवत्ता के मास्क लगाने की रणनीति अपनाई गई। सन् 2020 में सम्पूर्ण विश्व इसकी चपेट में था तथा शिक्षण संस्थाओं, धार्मिक स्थलों, मनोरंजन गृहों एवं बाजार केन्द्रों सहित समूह गतिविधियों के अन्य कार्य प्रतिबन्धित रहे थे। जनवरी, 2021 में भारत सहित कई देशों ने इसका टीका विकसित कर व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम चलाए किन्तु तब तक यह महामारी विश्वभर में 15 करोड़ लोगों को संक्रमित कर चुकी थी तथा 24 लाख लोग अपने प्राण गँवा चुके थे। सर्वाधिक प्रभावित देशों में अमेरिका सर्वोच्च था। भारत में जनवरी, 2021 तक 1 करोड़ संक्रमित तथा 1.5 लाख मृत्यु हुई थी और महाराष्ट्र सर्वाधिक प्रभावित राज्य था। राजस्थान में 3 लाख संक्रमित तथा लगभग 2500 मृत्यु हुई थी। उदयपुर जिले में 12 हजार संक्रमित तथा 200 मौतें हुई थी। अप्रैल, 2021 में इस संक्रमण की दूसरी लहर आ चुकी थी।

उदयपुर विश्वविद्यालय द्वारा सन् 1963 में विश्वविद्यालय का 'न्यूज लैटर' प्रकाशन प्रारंभ किया गया था जिसे बाद में 'Tower' तथा सत्तर के दशक में 'परिसर' नाम दिया गया। सन् 1963 में 'University of Udaipur' नामक वार्षिक पत्रिका भी प्रकाशित होने लगी थी जिसमें मौलिक शोध–पत्र एवं टिप्पणी प्रकाशित होती थी। उस समय इसकी लागत (दूसरा वर्ष) रु. 2322 (166 पृष्ठ) तथा शुल्क रु. 10 निर्धारित था। सन् 1964 में हिन्दी विभाग ने 'अध्ययन और अन्वेषण' नामक पुस्तक का प्रकाशन किया था। अस्सी के दशक में 'आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल' से 'उदय' नामक वार्षिक पत्रिका प्रकाशित होने लगी। वर्ष 2007–08 में तत्कालीन कुलपति श्री राजेश्वर सिंह के प्रयासों से डीन, पी. जी. स्टडीज की पत्रिका 'सार्थक' तथा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की पत्रिका 'उन्मेष' का प्रकाशन हुआ। विश्वविद्यालय वाणिज्य महाविद्यालय के तत्कालीन सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. पी. के. सिंह द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका 'उद्यम' का प्रकाशन कराया गया तो सत्र 2014–15 में विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के तत्कालीन सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. नवीन नंदवाना द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका 'अनुगूँज' प्रकाशित की गई। सन् 2013 में तीन विभागीय पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारंभ हुआ जो संकाय सदस्यों के निजी प्रयासों का सुपरिणाम था जिनमें अंग्रेजी विभाग के प्रो. प्रदीप त्रिखा द्वारा संग्रहालय विज्ञान, साहित्य तथा संस्कृति की पत्रिका 'Object-d-Art' का, हिन्दी विभाग में डॉ. नवीन नंदवाना द्वारा 'समवेत' एवं डॉ. आशीष सिसोदिया द्वारा 'नव सृजन' का प्रकाशन कराया जाने लगा जो निरंतर जारी है। सन् 2011 में विधि महाविद्यालय की पत्रिका 'Mewar Journal of Law' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ तो सन् 1986 में प्रबंध अध्ययन संकाय की वार्षिक पत्रिका 'Prabandh' प्रकाशित होने लगी।

अप्रैल, 2000 में तत्कालीन कुलपति प्रो. आर्य कुमार सिंह की प्रेरणा से समस्त विभागों की संक्षिप्त विकास यात्रा के साथ समस्त संकाय सदस्यों की अकादमिक उपलब्धियों का परिचय देने वाली पुस्तक 'Compendium Academia' का प्रकाशन करवाया गया था। इसके संपादक मंडल में डॉ. आर. एम. लोढ़ा, डॉ. जी. सोरल तथा डॉ. एस. डी. पुरोहित थे। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती (1962–2012) समारोह वर्ष में हुए आयोजनों को लेकर Golden Jubilee Commemoration Volume का प्रकाशन भी किया गया था जिसके संपादक डॉ. प्रदीप त्रिखा थे तथा समापन के औपचारिक दिन, दिनांक 17 अप्रैल, 2013 को तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री, श्री एम. एम. पल्लमराजू ने इसका विमोचन किया था। उस अवसर पर डॉ. सी. पी. जोशी (केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री), श्री मांगीलाल गरासिया (राजस्थान के खेल एवं युवा मामले मंत्री), श्रीमती सज्जन कटारा (विधायक), श्री एस. एस. पोखरना (सी. ई. ओ. रेमण्ड्स) तथा प्रो. आई. वी. त्रिवेदी, कुलपति उपस्थित थे।

सन् 2020 में प्रो. अमेरिका सिंह की प्रेरणा से सहायक आचार्यों ने अपने–अपने विषय से संबंधित **ई–बुक्स** का ऑनलाईन प्रकाशन शुरू किया। विश्वविद्यालय द्वारा अपनी स्थापना काल से ही विश्वविद्यालयों हेतु **सूचना विवरणिका (Prospectus)** प्रकाशित की जाती है तथा नियमानुसार प्रतिवर्ष **वार्षिक प्रतिवेदन या विवरण (Annual Report)** राज्य सरकार को प्रस्तुत किया जाता है जिसमें दो प्रकार की समस्त आवश्यक सूचनाएँ सम्मिलित होती हैं–

- ❖ अकादमिक सत्र (01 जुलाई से 30 जून अवधि)
- ❖ वित्तीय वर्ष (01 जुलाई से 31 मार्च अवधि)

Internal Quality Assurance Cell (IQAC)

Prof. Karunesh Saxena
Director

The IQAC of theUniversity has been functioning since its inception (14th October, 2013) Initially, Prof. I.V. Trivedi, Vice chancellor and Prof. K. Venugopal, Dean PG Studies had been functioning as the Chairperson and Coordinator of the IQAC respectively.

The main function of IQAC is to strengthen the quality of higher education imparted by MLSU Udaipur, by giving practical and meaningful suggestions, to improve its teaching- learning process. IQAC has been entrusted with the responsibility of maintaining and safeguarding the complete documentation of the academic progress of teachers and managing it as well as preparing the Annual Quality Assurance Reports. Under the able leadership of Prof. K. Venugopal the self-study report was prepared which was submitted to NAAC Benguluru subsequently. The NAAC Committee visited the University and accorded the highest A Grade (CGPA 3.11) for its excellent academic and administrative quality to the University. Thereafter, Prof. Karunesh Saxena assumed the charge of IQAC as a Director. For a brief period in 2017 when Prof. Saxena went on deputation as ICCR Chair Professor to Papua New Guinea, Prof. G. Soral, Dean UCCMS, assumed the charge of Director-IQAC.

IQAC comprises of both internal and external members. The External members are drawn from industry chamber of commerce and prominent members of the society, internal members are drawn from a pool of senior and experienced academics as well as young and energetic faculty members of the university. The committee is headed by the Vice-Chancellor.

IQAC is a vibrant body of the University which is entrusted with following responsibilities: Regular preparation of AQAR and its submission in a timely manner, regular participation in Indian Rankings NIRF, Participation in National Academic Depository a Scheme of HRD, Verification of API Scores of Faculty Members for internal career advancement as well as of the applicants for Open selections for the post of Associate Professor and Professor. The

committee has also been responsible for applying to NAAC for Re-Accreditation in the Third Cycle for which IIQA has been prepared. As per the instructions of higher authorities it has been decided to submit the SSR for the time period 2016-17 to 2020-21. Hence the data collection for the last year is under process. Criteria wise work allocation has been given, regular meetings of SSR Preparation Committee were held even during the Corona Pandemic Lockdown period. Numerous meetings on Online Platform were also organized. The Committee has tremendous responsibility of collecting vast information from all the 33 teaching departments as well as other constituent units of the University such as Sports Board, Estate Office, DSW office and so on.

Various sub committees like NIRF have been formed for participating in the India Rankings (NIRF), NAD, API Verification, SSR Preparation etc.

IQAC has been assigned the following responsibilities

Seeking Re Accreditation from NAAC, Bangalore: It is the prime responsibility of IQAC to initiate, plan and supervise various activities that are necessary to increase the quality of education imparted in the University.

NIRF: In India Rankings 2020, due to the concerted efforts of IQAC, MLS University Udaipur, achieved the rare distinction of being the only state University in Rajasthan to appear in the top 200 ranked ranking institutions in Indian Rankings.

QS Rankings: Quacquarelli Symonds (QS) is a UK based company which specialises in education and ranks universities. Mohan Lal Sukhadia University (MLSU) was ranked in the 66-70 bracket in the first ever standalone QS ranking of India's higher educational institutions. The list, as expected, was dominated by IITs, with 6 out of the top-10 positions being occupied by IITs.

NAD: The University regularly holds its convocation every year on 22nd December. More than 2 Lakhs degree records of passed out students of the University of the last 4 years have been uploaded on NAD Portal. It will immensely help students in their verification of records for employment purposes etc.

Verification of API.: More than 100 faculty members of the University were promoted through Career Advancement Schemes in a timely manner. Their API scores were verified by the sub -committee of IQAC. Moreover, the API scores of all the applicants of open selection for the post of Associate Professor and Professor have also been done by the committee.

College Development Council (CDC)

College Development Council of the university was established in October, 2011. Prof. Karunesh Saxena was appointed as First Director. Subsequently Prof. P.R. Vyas became Director CDC and he successfully completed full term of three years. The CDC have organized various workshops for Principals and conferences for the development of the affiliated colleges located in many districts. CDC is entrusted with the maintenance of academic standards in the affiliated colleges of both government and private sector. Under the auspices of CDC Gyan Chaupal was organized in which the Principals of affiliated colleges pondered upon ways and means of improving quality in their respective colleges. In this event the then Commissioner College Education and other Senior officials from the Directorate of Higher Education Jaipur participated.

Regular visits are conducted by CDC to assess the level of infrastructure and academic facilities for the purpose of granting temporary affiliation to these colleges. Some high performing institutions are also granted permanent affiliation. Many E-Governance initiatives were undertaken by CDC to regularly monitor the progress and performance of affiliated colleges. CDC plays a pivotal role in ensuring that both UGC and State Govt. norms are strictly adhered to. CDC also facilitates in the selection of Principals and faculty members in the affiliated colleges.

मुद्रण की बदलती तस्वीर

विश्वविद्यालय के पुराने दस्तावेजों को देखने से पता चलता है कि सत्तर के दशक में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में एनुअल रिपोर्ट्स लिखने का प्रचलन था तथा भारत प्रिंटर्स, एम. आई. रोड, जयपुर से उनका मुद्रण होता था। अस्सी के दशक में 'साइक्लोस्टाइल' मुद्रण के दस्तावेज उपलब्ध होते हैं जो स्टेन्सिल पर टाईप करके A-3 साईज के रफ एवं मोटे पन्नों पर अधिक प्रतिलिपियों की आवश्यकता होने पर छापे जाते थे। विगत सदी के अन्तिम दशक तथा 21वीं सदी की शुरूआत से कम्प्यूटर की सहायता से 'ऑफसेट' मुद्रण होने लगा है।

4 आधारभूत संरचना एवं संसाधन (Infrastructure & Resources)

प्रो. एस. के. कटारिया एवं शिल्पी तंवर

"इतिहास, निरन्तरता और प्रगति है।"

–डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की स्थापना सन् 1962 में मूलतः राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के रूप में हुई थी। ऐसी स्थिति में उदयपुर तथा जोबनेर में संचालित दो राजकीय कृषि महाविद्यालय तथा बीकानेर स्थित राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय को इस नवसृजित विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय बनाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा किया गया। राज्य सरकार के आदेश क्रमांक एफ–2/66/कृषि/62 दिनांक 31 जुलाई, 1962 तथा 24 अगस्त, 1962 के द्वारा इन तीनों महाविद्यालयों को उनकी सम्पत्ति एवं उत्तरदायित्व, भूमि तथा भवन, छात्रावास और कार्मिकों के निवास गृहों सहित **एक रुपया वार्षिक किराए की दर से 20 वर्षों के लिए विश्वविद्यालय को पट्टे (लीज)** पर दिया गया। सन् 1964 में एम. बी. कॉलेज के उदयपुर विश्वविद्यालय में समामेलन के समय भी राज्य सरकार द्वारा ऐसा ही आदेश जारी किया गया था।

भूमि एवं भवन (Land & Building)

राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर के प्रशासनिक कार्यालय की शुरूआत राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर की एक खाली पड़ी प्रयोगशाला के कुछ कमरों में हुई जो आज सूरजपोल स्थित वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय का कार्यालय है। नियंत्रक मंडल की 16 जनवरी, 1963 की बैठक में यह निश्चित किया गया कि प्रतापनगर क्षेत्र, आयड़ नदी के उत्तर–पूर्व में पड़त और साखी (One Crop) जमीन है जो लगभग 400 एकड़ है और यह पायड़ा, आयड़ तथा भुवाणा गाँवों के किसानों के नाम है, सरकार से विश्वविद्यालय हेतु ली जाए। ऐसे कृषकों की सूची तहसील कार्यालय से प्राप्त कर मार्च, 1963 में राज्य सरकार के कृषि विभाग को निवेदन किया गया कि यह भूमि विश्वविद्यालय हेतु अधिगृहीत की जाए। वस्तुतः इस क्षेत्र में उदयपुर पॉलीटेक्निक संस्थान कार्यरत था तथा उसे जो भूमि विस्तार हेतु देनी थी वही उदयपुर विश्वविद्यालय का नया परिसर बनने वाली थी। राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के पश्चात्वर्ती आदेश सं. एफ. 6 (78) शिक्षा/सी/64 दिनांक 3 जनवरी, 1966 के द्वारा जुलाई, 1964 से प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय (CTAE), उदयपुर विश्वविद्यालय के अधीन शुरु हुआ।

उदयपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय तथा अन्य प्रयोजनों हेतु पॉलीटेक्निक संस्थान के आस–पास ही राज्य सरकार ने सन् 1965 में 1000 बीघा (अर्थात् 547.067 एकड़ या 221.39 हैक्टेयर) भूमि आवंटित की जो कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का न्यू कैम्पस कहलाता है। उदयपुर विश्वविद्यालय के **केन्द्रीय पुस्तकालय भवन** के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) ने अनुदान दिया तथा इस भवन का शिलान्यास दिनांक **17 अप्रैल, 1966 को भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी** के हाथों सम्पन्न हुआ और इसका उद्घाटन दिनांक 25 अप्रैल, 1971 को राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मोहनलाल सुखाड़िया ने किया। वैसे विश्वविद्यालय का प्रशासनिक कार्यालय इस भवन में जून, 1969 में ही आ चुका था तथा निर्माण कार्य जारी था। आज इसी भवन में भूतल एवं प्रथम तल पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का प्रशासनिक कार्यालय है तथा द्वितीय तल पर केन्द्रीय पुस्तकालय है। इस भवन में लिफ्ट की स्थापना 26 जनवरी, 2019 को हुई तथा 34.00 लाख रुपये की लागत आई। आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल का मूल भवन आज भी एम. बी. कॉलेज या ओल्ड कैम्पस के नाम से पहचाना जाता है। **वर्तमान वाणिज्य महाविद्यालय का पुस्तकालय एम. बी. कॉलेज की सबसे पुरानी बिल्डिंग है।** कालान्तर में इसी के पास सन् 1950 में विज्ञान ब्लॉक तथा सन् 1952 में छात्रावास बना और सन् 1956 में ऑपन एयर थियेटर एवं सन् 1957 में आज के वाणिज्य भवन के सामने वाला भाग कला एवं वाणिज्य ब्लॉक के नाम से निर्मित हुआ।

ओल्ड कैम्पस से न्यू कैम्पस में प्रशासनिक कार्यालय आने के पश्चात् सन् 1975 में आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल का सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय वर्तमान के विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय वाले भवन में शिफ्ट हुआ और विधि महाविद्यालय सन् 1982 में वर्तमान वाले भवन में आया जो कि मूलतः विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के नाम से निर्मित हुआ था।

17 अप्रैल, 1966 का दिन

श्रीमती इन्दिरा गांधी (पास में खड़े डॉ. जी. एस. महाजनि) उदयपुर विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय का शिलान्यास करते हुए

केन्द्रीय पुस्तकालय का मॉडल देखते हुए
श्रीमती इन्दिरा गांधी एवं श्री मोहनलाल सुखाड़िया

श्रीमती इन्दिरा गांधी भाषण देते हुए

Land & Building Details of Old Campus

Land Area :- 26.045 Hectares

Building Area

S.No.	Particular	Area	Year of Const.
1.	**University College of Science**	12365 sqm	
	Main Building		1946
	(i) Physics & Chemistry Deptt.		1975
	(ii) Zoology lab & Seminar Hall		1986
	(iii) Computer Center		1990
	(iv) Canteen		1990
	(v) Pharmacy Block (old)		1992
	(vi) Biotechnology Lab		1992
	(vii) Electric Panel Room		1993
	(viii) Physics Lab & Classroom		1993
	(ix) Garages & Stores		1995
	(x) Mist House/Biotech Lab		1995
	(xi) Growth Chamber Biotech		1996
	(xii) Animal House for Zoology		1999
	(xiii) Vivekanand Hall		2002
	(xiv) Car Parking		2005
	(xv) UCS Vatika		2007
	(xvi) Classroom on first floor		2009

S.No.	Particular	Area	Year of Const.
	(xvii) Swaran Jayanti Sabhagar		2011
	(xviii) Maharana Bhupal Singh Ji Statue		2012
	(xix) Lecture complex		2014
	(xx) Pandit Deen Dayal Upadhyay block		2017
	(xxi) Atal Alpahar Kendra		2018
2.	**Geology Department**	2502 sqm	
	Main Building		1960
	(i) Extension of Geology Deptt.		2000
	(ii) GPS Station		2007
3.	**University College of Commerce & Management Studies**	2234 sqm	
	Main Building		1928
	(i) Commerce College Classroom and Entrance		1984-85
	(ii) Cycle Stand		1986
	(iii) Cubicles for Teachers		1990
	(iv) Computer Room		1990
	(v) Canteen		1990
	(vi) Toilet Block		1996
	(vii) Dome, Entrance Foyer		2003
	(viii) Car Parking		2003
	(ix) Academic Block		2018
4.	**Gargi Girls Hostels**	3326sqm	
	Main Building		1966
	(i) Girls Hostel Extension (22 rooms)		1990
	(ii) Girls Hostel (63 Seats)		2001
5.	**M. B. Hostel**	2211 sqm	
	Main Building		1948
	(i) Boys Hostel Extension		1990
	(ii) Boys Hostel Extension triple seated rooms		1998
6.	**Research Scholar Hostel**		1995
	(i) Entrance Foyer		2007
7.	**Nehru Hostel**	1441 sqm	
	Main Building		1965
	(i) Quarter at backside		1998
8.	**Guest House**	1018 sqm	
	Main Building		1971-72
	(i) Backside wing		1998
	(ii) Entrance Foyer, Reception, Dining hall, Kitchen		2003
9.	**DSW Office**	200 sqm	2000
10.	**Sahakar Bhawan**		2002
11.	**M.B. College ground**		
	(i) Dressing room at cricket ground		1987
	(ii) Spectators hall at cricket ground		1999
	(iii) Boxing ring & ring shade		2002
	(iv) Multi Gym		2006
	(v) Atal Bihari Vajpayee Multi Purpose Indoor Hall Sports Complex		2017

Land & Building Details of New Campus

Land Area: - 69.31 Hectares

Building Area

S.No.	Particular	Area	Year of Const.
1	**Administrative Building**	6828 sqm	
	(i) Main Building		1966
	(ii) Garage (Jeep)		1987
	(iii) Cycle Stand		1987
	(iv) Store		1989
	(v) Garage (Metador)		1991
	(vi) Car Parking		2005
	(vii) Hall for Secrecy & Examination Section		2007
	(viii) Extension of Central Library		2010
	(ix) Examination and Secrecy Deptt. Extension		2019
	(x) Lift at Administrative Block		2019
2	**University College of Social Sciences and Humanities**	13017 sqm	
	Main Building		1972
	(i) Cycle Stand		1975
	(i) Library Block		1982
	(ii) M.Phil Classrooms		1987
	(iv) UG Classrooms		1990
	(v) Eight Classrooms		1991
	(vi) Extension of Library Building		1999
	(vii) Lab for Geography		2001
	(viii) Examination Hall		2006
	(ix) Toilet Block West Side		2009
	(x) Classrooms and Hall		2010
	(xi) Room for Urdu Department		2010
	(xii) Laboratory for Geography Deptt.		2015
	(xiii) Upgradation Hindi Deptt. Rooms		2015
	(xiv) Humanities Block and Office		2017
	(xv) Laboratories for Visual Arts Deptt.		2020
	(xvi) Laboratories for Geography Deptt.		2020
	(xvii) Women Faculty Room & Store		2020
	(xviii) Room for Differently Abled Persons		2021
3.	**University College of Law**	6082 sqm	
	Main Building		1982
	(i) Garages		1985
	(ii) Extension of Library		2007
	(iii) Extension and Renovation of Library		2010
	(iv) Center for Legal Studies		2017
	(v) Moot Court		2017
	(vi) Air Café and E-Library		2019

S.No.	Particular	Area	Year of Const.
4.	**Pharmacy Building**	1448 sqm	
	Main Building		2000
	(i) Animal House		2001
	(ii) Classrooms		2002
	(iii) Parking Shade		2006
	(iv) Pharmacy Building Second Phase		2007
5	**Faculty of Management Studies**	1186 Sqm	
	Main Building		2002
	(i) Seminar Hall/ Classrooms		2004
	(ii) Library Block		2006
6.	**Vigyan Bhawan 'A' block**	2106 sqm	
	Main Building		2001
	(i) Lab for MCA		2003
	(ii) Parking Shade		2003
	(iii) Development Work (Road)		2003
	(iv) One Lab and Classroom		2004
	(v) Extension of RHS wing		2008
7	**Vigyan Bhawan 'B' block**	2210 sqm	
	Main Building		2007
	(i) Classroom-cum-Lab for UG		2008
	(ii) Extension of Deptt. of Biotech		2009
8	**Ramanujan Hostel**	775 sqm	
	Main Building		2000
	(i) Extension of Ramanujan Hostel (FF)		2006
9	MDS Hostel	5680 sqm	
	Main Building		2003
	(i) UG Block		2012
	(ii) PG Block		2012
10	**Rana Punja Tribal Hostel**		2013
11	**Law College Hostel**		2014
12	**Population Research Center**		2003
13	**Auditorium (1000 Persons)**		2001
14	**Vanijya Bhawan**		2012
15	**Swarn Jayanti Marg**		2012
16	**Swarn Jayanti Guest House**		2011
17.	**Women Recreation Center, Cafeteria, Heath Center**		2014
18	**Polymer Science Building**		2010
19	**Mohanlal Sukhadia Statue**		2010
20	**Swami Vivekanand Statue**		2013
21	**Dr. D.S. Kothari Statue**		2015
22	**Walking Path**		2016

नवीन अतिथि गृह (New Guest House)

विश्वविद्यालय का प्रथम गेस्ट हाउस वर्ष 1971–72 में दुर्गा नर्सरी रोड़ पर निर्मित हुआ जो रिपेयरिंग कार्य हेतु वर्ष 2014–15 में बन्द कर दिया गया। विश्वविद्यालय के नवीन अतिथि गृह या स्वर्ण जयंती अतिथि गृह का शिलान्यास 21 मई, 2011 (शनिवार) को डॉ. सी. पी. जोशी, केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री तथा श्री बृजकिशोर शर्मा, परिवहन मंत्री, राजस्थान सरकार के कर–कमलों से हुआ तथा 3 वर्ष में यह भवन बनकर तैयार हुआ और 15 अगस्त, 2014 (शुक्रवार) को राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे एवं श्री गुलाबचंद कटारिया, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, राजस्थान सरकार के हाथों इसका उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया।

अतिथि गृह

कुलपति निवास (Vice Chancellor's Residence)

उदयपुर विश्वविद्यालय के पास शुरूआती दशक में कुलपति आवास–सदन नहीं था। उस समय पी. डब्ल्यू. डी. के बंगले (10, हॉस्पीटल रोड़) में कुलपति का निवास था तथा वर्ष 1977–78 में विश्वविद्यालय के नए परिसर में कुलपति निवास निर्मित हुआ। सन् 2016 में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय एवं महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौते के पश्चात् मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का कुलपति निवास महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को देना निश्चित हुआ था। ऐसे में कुलपति हेतु तत्काल नए आवासीय भवन की आवश्यकता थी। तत्कालीन कुलपति प्रो. जे. पी. शर्मा द्वारा नए 'कुलपति निवास' का शिलान्यास दिनांक 28 अप्रैल, 2017 तथा उद्घाटन दिनांक 10 फरवरी, 2019 को सपन्न हुआ।



विवेकानन्द सभागार (Auditorium)

विश्वविद्यालय के प्रमुख एवं आकर्षक भवनों में विश्वविद्यालय सभागार या 'विवेकानन्द सभागार' भी सम्मिलित है। इस सभागार का निर्माण तत्कालीन कुलपति प्रो. आर्य कुमार सिंह की पहल पर दिनांक 25 फरवरी, 2001 (शिलान्यास) से होना शुरु हुआ। शिलान्यास किया था न्यायमूर्ति श्री अंशुमान सिंह (महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति) ने और साढ़े चार वर्ष पश्चात् तत्कालीन महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मदन लाल खुराणा ने दिनांक 30 जुलाई, 2004 को इसका लोकार्पण किया था। इस कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में श्रीमती किरण माहेश्वरी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई थी।वर्ष 2012–13 में तत्कालीन छात्रसंघ अध्यक्ष श्री पंकज बोराणा की माँग पर इस सभागार के सम्मुख स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित की गई जिसका व्यय नगर निगम, उदयपुर ने वहन किया और इस प्रतिमा का अनावरण दिनांक 30 जुलाई, 2013 को श्री नितिन गडकरी ने किया। एक हजार व्यक्तियों की बैठने की क्षमता के साथ यह सभागार उदयपुर शहर का सबसे बड़ा सभागार है जिसमें सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं और यह निर्धारित दरों पर निजी या सरकारी संगठनों को भी उपलब्ध कराया जाता है। वर्ष 2012–13 से विश्वविद्यालय सभागार का नाम 'विवेकानंद सभागार' हुआ।

विवेकानन्द सभागार

छात्रावास (Hostels)

वर्तमान विश्वविद्यालय का सबसे पुराना छात्रावास सन् 1950 में निर्मित 'एम. बी. कॉलेज हॉस्टल' है जो खेल–कूद मैदान में स्थित है। इस छात्रावास का शिलान्यास दिनांक 21 अक्टूबर, 1948 को तत्कालीन प्रधान शासक (Governor General) श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने किया था। प्रथम वर्ष में इसमें 40 विद्यार्थियों हेतु सुविधा उपलब्ध थी। सन् 2003 में निर्मित महर्षि दयानंद सरस्वती जनजाति कन्या छात्रावास की एक चौथाई लागत (50 लाख रुपये) जनजातीय विकास विभाग ने दी थी। विज्ञान महाविद्यालय परिसर में गार्गी छात्रावास की स्थापना वर्ष 1966–68 में हुई तथा रामानुजन छात्रावास सन् 2000 में निर्मित हुआ जबकि डॉ. डी. एस. कोठारी छात्रावास सन् 2017 में निर्मित हुआ। राणा पूँजा जनजाति छात्रावास वर्ष 2013–14 में तैयार हुआ। नेहरू छात्रावास (हिरण मगरी) की भूमि मूलतः मेवाड़ राज्य द्वारा कांकरोली महाराज (द्वारकाधीश मंदिर ट्रस्ट) को दी गई थी जिसे एक संस्था (नेहरू छात्रावास समिति) ने आदिवासी कल्याण एवं ग्रामोत्थान हेतु लिया और भारत सरकार के अनुदान से छात्रावास का निर्माण किया किन्तु यह प्रयोग बहुत सफल नहीं रहा तो सन् 1968 में उदयपुर विश्वविद्यालय को यह छात्रावास सौंप दिया गया जो सन् 1987 के विश्वविद्यालय विभाजन में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के अन्य छात्रावास, अतिथि गृह, कक्षा–कक्ष, भवन, सभागार, प्रयोगशालाएँ तथा सुविधाएँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा विश्वविद्यालय के स्वयं के संसाधनों से विकसित हुई हैं। विधि महाविद्यालय के छात्रों का छात्रावास सन् 2014 में तैयार किया गया।

एम. बी. हॉस्टल शिलान्यास (21 अक्टूबर, 1948) गवर्नर-जनरल श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के कर-कमलों से

वर्तमान में संचालित छात्रावास

क्र.सं.	नाम	क्षमता	स्थापना वर्ष
1	नेहरू शिक्षक सदन छात्रावास	40	1965
2	कमला नेहरू कन्या छात्रावास	90	1965
3	गार्गी छात्रावास	140	1966
4	महर्षि दयानंद सरस्वती जनजाति कन्या छात्रावास	130	2003
5	राणा पूँजा जनजाति छात्रावास	100	2013
6	विधि महाविद्यालय छात्रावास	80	2014
7	डॉ. डी. एस. कोठारी शोध छात्रावास	18	1995

विश्वविद्यालय में स्थापित प्रतिमाएँ

क्र.सं.	विभूति का नाम	प्रतिमा स्थल	स्थापना वर्ष
1	माँ सरस्वती	प्रशासनिक भवन के सामने	2012
2	महाराणा भूपाल सिंह	विज्ञान महाविद्यालय परिसर	2012
3	स्वामी विवेकानंद	सभागार के सामने	2013
4	श्री मोहनलाल सुखाड़िया	प्रशासनिक भवन के सामने	2010
5	डॉ. डी. एस. कोठारी	जैव प्रौद्योगिकी भवन परिसर	2015

विज्ञान महाविद्यालय में स्थित महाराणा भूपाल सिंह जी (22.02.1884-04.07.1955) की प्रतिमा

युवा प्रेरणा एवं राष्ट्रोत्थान के नायक स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा नगर निगम, उदयपुर द्वारा वर्ष 2012–13 में बनवाई गई थी। मेवाड़ राजवंश के यशस्वी एवं आधुनिक सोच वाले महाराणा भूपाल सिंह के नाम पर ही एम. बी. कॉलेज था जिनकी प्रतिमा विश्वविद्यालय के विज्ञान महाविद्यालय में स्थापित है। इसकी स्थापना (सन् 2012) का व्यय विज्ञान महाविद्यालय की स्थानीय निधि से हुआ है। आधुनिक राजस्थान के निर्माता तथा सबसे लंबे समय तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे श्री मोहनलाल सुखाड़िया के नाम पर ही यह विश्वविद्यालय बना हुआ है। श्री सुखाड़िया की प्रतिमा का अनावरण श्री अशोक गहलोत द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर, 2010 को किया गया था तथा यह प्रतिमा अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कोष से बनी है। महान् वैज्ञानिक डॉ. डी. एस. कोठारी की प्रतिमा सन् 2015 में नगर विकास प्रन्यास (U.I.T.) ने बना कर दी थी। सन् 2012 में एम. बी. कॉलेज पूर्व छात्र संघ ने माँ सरस्वती की प्रतिमा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने स्थापित की।

सभागार के सम्मुख स्वामी विवेकानंद प्रतिमा

स्वर्ण जयंती द्वार

विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष में तत्कालीन कुलपति प्रो. आई. वी. त्रिवेदी के प्रयासों से परिसर के उत्तरी भाग को हाईवे से लिंक करने हेतु एक भव्य गेट का निर्माण वेदांता–हिंदुस्तान जिंक के सहयोग से करवाया गया। इस नये गेट का शिलान्यास दिनांक 19 मई, 2012

स्वर्ण जयंती द्वार

(शनिवार) को केंद्रीय वित्त मंत्री, श्री प्रणब मुखर्जी के कर–कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. सी. पी. जोशी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, श्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, राजस्थान सरकार, श्री मांगीलाल गरासिया, राज्यमंत्री खेल एवं युवा मामले, राजस्थान सरकार, श्री गजेंद्र सिंह शक्तावत, संसदीय सचिव, राजस्थान सरकार, डॉ. गिरिजा व्यास, सांसद चित्तौड़गढ़ तथा श्री रघुवीर सिंह मीणा, सांसद, उदयपुर उपस्थित थे। सवा वर्ष में निर्मित इस गेट का लोकार्पण दिनांक 4 सितंबर, 2013 को श्री अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर डॉ. सी. पी. जोशी, सांसद (भीलवाड़ा), श्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री, श्री मांगीलाल गरासिया, खेल मंत्री, राजस्थान सरकार, श्री गजेंद्र सिंह शक्तावत, संसदीय सचिव, राजस्थान सरकार, श्री रघुवीर सिंह मीणा, सांसद, उदयपुर, डॉ. चंद्रभान सिंह तथा श्रीमती सज्जन कटारा विधायक, उदयपुर ग्रामीण की गरिमामय उपस्थिति रही।

तब

और अब

सेट (CETT)

Centre of Excellence for Tourism Training या CETT (सेट) की स्थापना सन् 2016 में हुई। यह केन्द्र राजस्थान सरकार के कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग (SEE) के प्रयासों से और सिंगापुर सरकार के ITES (Institute of Technical Education Service) के सहयोग से स्थापित किया गया है ताकि पर्यटन में छः लघु पाठ्यक्रमों के द्वारा आई. टी. आई. विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जा सके। इस हेतु विश्वविद्यालय के प्रवर्तित भवन में सुधार एवं उन्नयन बी. एस. एन. एल. की इंजीनियरिंग विंग द्वारा करवाया गया तथा इसका उद्घाटन दिनांक 6 अक्टूबर, 2016 को सिंगापुर के प्रधानमंत्री Lee Hsein Loong तथा राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे की उपस्थिति में हुआ। वस्तुतः यह केन्द्र Resurgent Rajasthan Model के अंतर्गत राज्य सरकार एवं सिंगापुर सरकार के बीच हुए एम. ओ. यू. का परिणाम है ताकि राज्य के पर्यटन को नई गति मिले। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री श्री लूंग अपने 69 सदस्यीय दल के साथ साधारण बस से इस कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए पधारे थे तथा उनकी सादगी की खूब प्रशंसा हुई थी।

अटल बिहारी वाजपेयी मल्टीपरपज इण्डोर हॉल

केन्द्रीय युवा एवं खेलकूद मामले मंत्रालय की वित्तीय सहायता (रुपये 07 करोड़) से बना 'अटल बिहारी वाजपेयी मल्टीपरपज इण्डोर हॉल' विश्वविद्यालय एवं शहर का सबसे बड़ा इण्डोर स्टेडियम है जिसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर कई प्रकार की खेल–कूद गतिविधियाँ सम्पन्न हो सकती हैं। इस हॉल का शिलान्यास दिनांक 08 दिसंबर, 2014 को श्री गुलाब चंद कटारिया ने किया तथा उद्घाटन दिनांक 03 दिसंबर, 2019 को श्रीमती वसुंधरा राजे ने किया था।

विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड में क्रिकेट तथा फुटबॉल सहित लगभग सभी खेलों के मैदान उपलब्ध हैं। क्रिकेट मैदान के **ड्रेसिंग रुम** का उद्घाटन भारत को प्रथम बार क्रिकेट विश्व कप दिलाने वाले महान् खिलाड़ी तथा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान **श्री कपिल देव** ने दिनांक 01 सितम्बर, 1987 को किया था। स्पोर्ट्स बोर्ड में ही मल्टीजिम एवं योग भवन का शिलान्यास दिनांक 07 मार्च, 2005 को योगगुरु बाबा रामदेव ने किया था। यह केन्द्र कुलपति प्रो. बी. एल. चौधरी के प्रयासों का परिणाम है।

विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में अनेक अन्य भवन भी स्थापित हैं जिनमें प्रबंध अध्ययन संकाय भवन (2001–02), फार्मेसी भवन (2000), विज्ञान भवन 'ए' ब्लॉक (2002), विज्ञान भवन 'बी' ब्लॉक (2007), पॉलिमर साइंस भवन (2010), स्वास्थ्य केन्द्र भवन, वाणिज्य भवन (2012) इत्यादि प्रमुख हैं। जनसंख्या अध्ययन केन्द्र का निर्माण केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त अनुदान से सन् 2012 में करवाया गया।

मानव संसाधन (Human Resources)

भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् राजस्थान की देशी रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया सम्पन्न हुई तथा 30 मार्च, 1949 को आधुनिक राजस्थान का उदय हुआ। The Rajasthan Administrative Ordinance, 1949 के द्वारा राज्य की समस्त रियासतों के कार्मिकों को राजस्थान सरकार के लोक सेवकों के रुप में समाहित कर लिया गया तथा 16 अगस्त, 1949 के अध्यादेश द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग का गठन करके रियासतों के लोक सेवा आयोग, बोर्ड या एजेन्सी समाप्त कर दी गई। सन् 1948 में एम. बी. कॉलेज का स्टाफ राज्य सरकार का हो चुका था।

सन् 1962 में राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर की स्थापना के समय इसके प्रशासनिक कार्यालय में 22 अधिकारी एवं मंत्रालयिक कार्मिक तथा 10 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत थे जिनका विवरण इस प्रकार है–

विश्वविद्यालय प्रशासनिक कार्यालय का प्रथम स्टाफ (1962–63) इस प्रकार है–

विश्वविद्यालय प्रशासकीय कार्यालय

दिनांक 31.03.1963 के अनुसार कार्मिकों की सूची

क्र.सं.	नाम	पद	31.03.1963 को वेतन
1	श्री जी. बी. के. हूजा	कुलपति	2250 रु.
2	डॉ. एच. एन. मेहरोत्रा	कुलसचिव (अंशकालिक)	1140 रु.
3	श्री के. डी. भार्गव	नियंत्रक	450 रु. तथा 90 रु. प्रतिनियुक्ति भत्ता
4	श्री जी. एस. शर्मा	परीक्षा अधीक्षक	345 रु.
5	श्री फूलशंकर	अधीक्षक सामान्य	347.50 रु.
6	श्री श्यामलाल	निजी सचिव	170 रु.
7	श्री सी. एस. मोगरा	लेखाकार	175 रु.
8	श्री उदयराज रामदेव	लेखाकार	175 रु.
9	श्री एच. सी. कावड़िया	वरिष्ठ लेखक	250 रु.
10	श्री एम. आर. आशिया	वरिष्ठ लेखक	166 रु.
11	श्री हकीमुद्दीन	वरिष्ठ लेखक	100 रु. (पुराना)
12	श्री भगवतीलाल	वरिष्ठ लेखक	105 रु.
13	श्री अब्दुल अली	वरिष्ठ लेखक	120 रु.
14	श्री एस. एल. नरसिंगपुरा	शीघ्रलिपिक	140 रु.
15	श्री पी. आर. उपाध्याय	शीघ्रलिपिक	140 रु.
16	श्री एम. एल. बोहरा	क. लिपिक	90 रु.
17	श्री एम. एस. चपलोत	क. लिपिक	64 रु. (पुराना)
18	श्री एस. एस. कोठारी	क. लिपिक	90 रु.
19	श्री एच. डी. गोरा	क. लिपिक	90 रु.

क्र.सं.	नाम	पद	31.03.1963 को वेतन
20	श्री एल. आर. सरोहा	क. लिपिक	90 रु.
21	श्री ए. एल. चण्डालिया	क. लिपिक	90 रु.
22	श्री वी. बेबी कुट्टी	क. लिपिक	90 रु.
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–			
1	श्री परमानन्द	चपरासी	45 रु.
2	श्री मोहनलाल	चपरासी	45 रु.
3	श्री बी. एल. नागदा	साईकिल सवार	45 रु.
4	श्री बी. एल. पालीवाल	साईकिल सवार	45 रु.
5	श्री नवलराम	चपरासी	45 रु.
6	श्री अम्बालाल	चपरासी	45 रु.
7	श्री भगवतीलाल	चौकीदार	45 रु.
8	श्री हरिराम	झाडूवाला	45 रु.
9	श्री प्रेमसिंह	चपरासी	45 रु.
10	श्री भेरूलाल	चपरासी	45 रु.

आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल (SBSH) पूर्ववर्ती महाराणा भूपाल कॉलेज में नियुक्त संपूर्ण स्टाफ की सूची परिशिष्ट में दी गई है।

मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों का चयन एवं नियुक्ति स्थानीय सेवायोजना कार्यालय (Employment Exchange) द्वारा की गई थी। विश्वविद्यालय के तीन महाविद्यालयों में यथा–राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर में कुल 292 कार्मिक (79 शिक्षकों सहित), एस. के. एन. कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में कुल 171 (43 शिक्षकों सहित) तथा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में कुल 175 कार्मिक (33 शिक्षकों सहित) पदस्थापित थे। इस प्रकार इस विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष में कुल 638 कार्मिक पदस्थापित थे।

विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति एक आई. ए. एस. अधिकारी थे जिनका वेतन रु. 2500 था जबकि अगले कुलपति (अकादमिक) का वेतन रु. 2000 था। इस प्रकार एक युवा आई. ए. एस. का वेतन कुलपति से 25 प्रतिशत अधिक होता था। आज वह स्थिति बदल चुकी है तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वेतनमान आकर्षक हुए हैं।

सन् 1964 में एम. बी. कॉलेज का उदयपुर विश्वविद्यालय में समायोजन हुआ तो कार्मिक स्थिति इस प्रकार हो गई–

क्र.सं.	इकाई का नाम	कार्मिक संख्या	
		शिक्षक	कुल कार्मिक
1	आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल, उदयपुर	104	207
2	राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर	63	424
3	एस. के. एन. कृषि महाविद्यालय, जोबनेर	72	260
4	राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर	30	209
5	विश्वविद्यालय प्रशासनिक कार्यालय	–	81
	कुल योग	269	1181

विभिन्न महाविद्यालयों से आए शिक्षकों एवं स्टाफ का उदयपुर विश्वविद्यालय में समायोजन किया गया तथा नियंत्रक मंडल द्वारा 01 जनवरी, 1964 से UGC Pay Scale दिया गया। आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल, उदयपुर में 104 शिक्षकों में से 26 शिक्षक पीएच. डी. डिग्रीधारक थे तथा उनमें आधे राजस्थान विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त थे तथा इसके बाद 21 शिक्षक आगरा विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त थे। इनमें 6 इलाहाबाद विश्वविद्यालय, 4 दिल्ली विश्वविद्यालय तथा शेष बैंगलोर विश्वविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ विश्वविद्यालय

वर्ष 1964–65 में कुलपति को रु. 2000, आचार्य को रु. 1000, सहायक आचार्य को रु. 460, लिपिक को रु. 90 तथा सहायक कर्मचारी को रु. 45 वेतन मिलता था जो अब क्रमशः रु. 2,10,000, रु. 1,44,200, रु. 57,700, रु. 20,800 तथा रु. 17,700 हो चुका है। न्यूनतम (सहायक कर्मचारी) एवं अधिकतम (कुलपति) के वेतनमान का जो अंतर पहले 44 गुणा था वह अब लगभग 12 गुणा रह गया है अर्थात् वेतनमानों का लोकतांत्रीकरण हुआ है।

तथा पंजाब विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त थे। SBSH का शिक्षक वर्ग राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित था। कालान्तर में कई बार विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं स्टाफ भर्तियाँ हुई किन्तु श्री पी. एन. भंडारी, प्रो. आई. वी. त्रिवेदी तथा प्रो. जे. पी. शर्मा के कार्यकाल की भर्तियाँ बड़ी मानी जाती हैं।

सन् 1964 में परीक्षा में इन्वीजिलेशन ड्यूटी के रु. 4 प्रति ड्यूटी दिए जाते थे जो एक व्याख्याता के वेतन के 100 वें हिस्से के बराबर होते थे। सन् 2020 में यह राशि रु. 150 तक ही पहुँची है अर्थात् विद्यार्थी दबाव में विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क अधिक नहीं ले पा रहे हैं।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों की सेवा–शर्तें मुख्यतः निम्नांकित कारणों से प्रभावित एवं निर्धारित होती हैं–

1. The Rajasthan Universities, Teachers & Officers (Selection for Appointment) Act, 1974
2. यू. जी. सी. वेतन आयोग
3. कुलाधिपति कार्यालय से प्राप्त आदेश एवं निर्देश
4. राज्य सरकार के वित्त, कार्मिक तथा उच्च शिक्षा विभाग के आदेश
5. विश्वविद्यालय का Statute
6. प्रबंध मंडल के नीतिगत निर्णय और
7. न्यायालय के निर्णय

यू. जी. सी. द्वारा अधिसूचित 'UGC Regulations on Minimum Qualifications for Appointment of Teachers & Other Academic Staff in Universities & Colleges in Higher Education, 2010' के द्वारा उच्च शिक्षा के परिदृश्य में भारी परिवर्तन आया जिससे विश्वविद्यालय भी अछूता नहीं रह सकता था। विगत दशक में API (Academic Performance Indicators) तथा PBAS (Performance Based Appraisal System) जैसी शब्दावलियों के बीच शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नति प्रक्रिया इन्हीं नियमों से (समय–समय पर परिवर्तित) संचालित हो रही हैं।

Self Finance Advisory Board (SFAB)

विश्वविद्यालय में नियमित स्टाफ की कमी के कारण शैक्षणिक एवं मंत्रालयिक वर्ग के संविदा कार्मिकों की सेवाएँ प्रायः सभी संगठन लेते हैं लेकिन निजी एजेन्सियों के माध्यम से ली जाने वाली इन सेवाओं में प्रमुख दोष उस शोषणकारी प्रवृत्ति का है जो निजी एजेन्सियाँ करती रही हैं। इस समस्या से मुक्ति दिलाने की पहल की प्रो. जी. सोरल ने। 'Self Finance Advisory Board' नामक इकाई को सन् 2017 में तत्कालीन कुलपति प्रो. जे. पी. शर्मा के सहयोग से दिनांक 16 मार्च, 2017 को विद्वत् परिषद् तथा दिनांक 10 जून, 2017 को प्रबंध मंडल से इसको स्वीकृति प्राप्त हुई। इस बीच राज्य सरकार का वित्त विभाग इसे दिनांक 26 मई, 2017 को स्वीकृति दे चुका था। कुलपति की अध्यक्षता में कार्यरत इस बोर्ड में एक शिक्षक सदस्य–सचिव होता है। इस बोर्ड के प्रथम सदस्य–सचिव के रूप में 05 जुलाई, 2017 को प्रो. जी. सोरल ने पदभार संभाला।

टीचिंग कंसल्टेंट, प्लेसमेंट कंसल्टेंट, विजिटिंग फैकल्टी, तकनीकी सहायक, मंत्रालयिक एवं सहायक कर्मचारी इत्यादि का चयन प्रक्रिया करने वाला यह बोर्ड पूर्णतया स्वायत्त तथा वित्तीय दृष्टि से आत्मनिर्भर है क्योंकि विभिन्न स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के शुल्क से इसका संचालन होता है।

पुस्तकालय (Library)

विश्वविद्यालय केन्द्रीय पुस्तकालय की स्थापना 15 अप्रैल, 1964 को हुई। श्री एम. एस. सिंघवी इसके प्रथम सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्त किए गए जिनकी अल्प समय में मृत्यु (8 जून, 1966) हो गई। अपनी शुरूआत में यह राजस्थान कृषि महाविद्यालय के एक कक्ष में स्थापित किया गया जिसे सन् 1971 में वर्तमान प्रशासनिक भवन के ऊपर स्थानान्तरित किया गया। वस्तुतः आज का प्रशासनिक भवन मूलतः पुस्तकालय भवन के नाम से ही स्वीकृत एवं निर्मित हुआ था। उन दिनों यह पुस्तकालय 'यूनेस्को' के सूचना केन्द्र का कार्य भी करता था।

राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गेजेटियर्स–उदयपुर (सन् 1979) के अनुसार वर्ष 1972–73 में केन्द्रीय पुस्तकालय में 55780 पुस्तकें थी तथा 326 पत्र–पत्रिकाएँ आती थी। वर्ष 2019–20 में विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में 3,66,610 पुस्तकें तथा 103 प्रकार की जर्नल्स उपलब्ध थी। इसके अलावा 19,893 ई–जर्नल्स तथा 14,930 ई–बुक्स भी उपलब्ध थी।

आधारिक विज्ञान एवं मानविकी स्कूल, उदयपुर के पुस्तकालय में 59051 पुस्तकें थी तथा 370 प्रकार की पत्र–पत्रिकाएँ उपलब्ध थी। सन् 1964 में उदयपुर विश्वविद्यालय में समाहित होते समय एम. बी. कॉलेज की अपनी समृद्ध लाइब्रेरी थी जिसमें विभिन्न विभागों की पृथक् लाइब्रेरी हुआ करती थी। जहाँ तक मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वर्तमान महाविद्यालयों के पुस्तकालयों का प्रश्न है तो यह व्यवस्था वर्ष 1984 में SBSH विभाजन से शुरू हुई तथा सन् 1987 तक विषय एवं संकायवार पुस्तकों का विभाजन कर संबंधित महाविद्यालयों को दे दिया गया। उदयपुर विश्वविद्यालय के कृषि तथा पशुपालन के महाविद्यालयों में शुरु से ही पृथक् से पुस्तकालय थे। केन्द्रीय पुस्तकालय में सहायक पुस्तकालाध्यक्ष के अतिरिक्त एक प्रभारी अधिकारी भी होता है जो शिक्षक वर्ग से होता है। डॉ. बी. के. श्रीवास्तव केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रथम प्रभारी अधिकारी थे।

वर्ष 1965–66 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार उस समय विश्वविद्यालय में मात्र तीन शिक्षकों, एक तकनीकी कार्मिक तथा 18 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सहित केवल 22 कार्मिक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के थे।

ICT Facilities

Dr. Avinash Panwar
Director, Computer Centre

Mohanlal Sukhadia University entered the era of Information and Communication Technology, in 1989, through establishment of the University Computer Center, with funding received from the UGC. The Computer Centre was established to cater to the research and computational needs of the University and to provide computer awareness to entire teaching and non-teaching staff. The Salary Processing System was the first module to be developed for the University. In 1990, Prof. J. Varma was appointed as the first Director.

The period of computational facilities and internet started under the leadership of Prof. K. Venugopalan, in 1993. As Officer Incharge, Computer Facilities of Mohanlal Sukhadia University, he started the development of computer facilities, introduced computerization and initiated training of teachers and staff, in using computer systems.

In 1994, the PGDCA along with several other certificate courses and in 1997, the first PG Programme in Computer Applications i.e. MCA, was started by the centre. In 1998, Prof. Venugopalan established the University Internet Centre. As Coordinator of the University Internet Centre, he started the design of University Campus Network, established University Intranet, initiated University Website development and developed various Internet facilities, making MLSU the pioneer in adopting computerization and Information Technology, among the Universities of this region.

In 2001, Mohanlal Sukhadia University adopted major examination system reforms under Prof. Venugopalan, by designing and implementing a Student Information Concealed Evaluation System, through introduction of Barcoding. Extensive computerization of the examination cell was done and a software was developed for confidential and automated answer book dispatch, result processing etc. There reforms became a role model and several Universities adopted the same.

In the year 2002, looking at the proliferation of Information Technology, Prof. Venugopalan identified the need of starting a specialized course in Information Technology leading to the starting of M.Sc IT Programme. Subsequently, he launched the BCA Programme in 2006.

In 2011, the University took a big leap in terms of internet connectivity when it got a 1GBPS internet backbone through NKN. Having this internet backbone, the first efforts were made to automate the entire University functioning by implementation of a campus wide ERP in year 2014. In 2015, an Integrated University Management System (IUMS) was made functional with the help of ITI Ltd., a PSU of Govt. of India. More than 20 modules have been implanted under IUMS, which encapsulates entire functioning of the University, from admission till awarding of the degree, including alumni connect, placements and guest house booking.

In 2018, Dr. Avinash Panwar joined as a Director of the University Computer Center. He immediately established a helpdesk to cater to the needs of staff and students on a proactive basis. The task to upscale and upgrade the entire Campus wide Network to Optical Fibre Backbone, connecting all the teaching departments, administrative offices, hostels and guest house, as well as extending of internet connectivity to almost all the faculty rooms and classrooms, was accomplished successfully. Approximately 15 kms Multimode Fiber of 6 cores and 12 cores has been used for the same. All the departments as well as both old and new campuses are connected to the server room through this optical fiber backbone. The whole segmentation of the network has been done through V-LANs on a central switch, making the Computer Center a proactive solution provider for the University.

Security has been given utmost priority hence, the University has installed a Unified Threat Management (UTM) system (Sophos), which combines Firewall, Gateway anti-virus, Anti spam, Intrusion Detection, Web and Application filters as well as prevention capabilities, into a single platform. Load Balancing, Bandwidth Management, Monitoring of User Internet activity and Gateway level antivirus, Anti-Spam is also done with the UTM.

Dr. N.K.Pareek of the University Computer Centre has brought laurels to the University by successfully uploading more than 2.50 lakh degree certificates (Session 2016-19) of the University, on National Academic Depository/ Digilocker.

Due to COVID-19 pandemic and its resultant consequences, all Higher Education Institutions were immensely affected and faced huge challenges. Even during those testing times, the team of University Computer Center worked relentlessly throughout the lockdown period and these COVID Warriors took unprecedented steps (including establishment of IT helpdesk) to encourage continuity of learning amongst students, leading to a new phase of digital learning at MLSU. Apart from this, a Uniform Platform to conduct efficient, transparent and seamless online classes was implemented and the team successfully trained all the stakeholders for effective adoption of digital teaching and learning.

Under the aegis of University Computer Center, a large number of online events like webinars, conferences, formal meetings, interaction with stakeholders and inaugural ceremonies have been organized. In fact Mohanlal Sukhadia University, Udaipur became the first University in Rajasthan to seamlessly organize its 28th Convocation in a hybrid mode (both online and offline) without the help of any external agency, enabling participation of all Gold Medalists and Ph.D Degree awardees, giving them the pride of being at the ceremony.

Today, in its evolved role, the University Computer Center is performing the following functions/activities:

- Management of the Centralized Internet Facility.
- Management of the Campus-wide Network.
- Operation & Maintenance of Website of the University.
- Providing IT support services to various Departments, Administrative Sections, Hostels & Guest House of the University.
- Creation of Users on network.
- Configuring of LAN/ Wi-Fi Settings on Individual machines/Laptops
- Troubleshooting of various problems.
- Preparing and processing the tender document for centralized selection of vendors for supply of various ICT and electronic items.
- Technical support on Video conferencing for running online classes and webinars.
- Conducting training programmes in the field of IT and Computer networks.
- Conducting online exams for internal students as well as external bodies.
- Providing consultation on conducting online events, video conferencing etc.

विश्वविद्यालय का विभाजन (Bifurcation of the University)

सन् 1987 में कृषि हेतु पृथक् से विश्वविद्यालय बनाने के निर्णय के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा 25 अप्रैल, 1987 के आदेश से श्रीमती कुशल सिंह, विशिष्ट शासन सचिव, शिक्षा, श्री ओ.एन.चतुर्वेदी, विशिष्ट शासन सचिव, कृषि तथा श्री रणजीत सिंह, वित्त नियंत्रक, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की एक समिति बनाई गई जिसे विश्वविद्यालय की चल एवं अचल संपत्ति के बँटवारे हेतु सुझाव देना था। अध्यादेश संख्या–13, दिनांक 31 जुलाई, 1987 के द्वारा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय तथा नवगठित राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के मध्य उनके कार्य के अनुसार महाविद्यालयों, संस्थाओं, कार्यालयों, शोध केंद्रों, छात्रावासों तथा अन्य निकायों का हस्तांतरण हुआ। दिनांक 30 मई, 1988 को आयुक्त एवं सचिव, शिक्षा विभाग के कक्ष में हुई बैठक में निर्णय हुआ कि–

1. आज की तिथि में आवासीय भवन जिनके पास (जो स्टाफ रह रहा है) हैं, वे उस कार्मिक के विश्वविद्यालय के माने जाएंगे।
2. कुलपति निवास मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अधीन रहेगा।
3. खेलकूद परिसर एवं जिम्नेजियम का संधारण दोनों विश्वविद्यालय करेंगे।
4. विश्वविद्यालय मुद्रणालय (Press) राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय को दिया जाएगा।
5. विश्वविद्यालय अतिथि गृह में दोनों विश्वविद्यालयों का आरक्षण रहेगा।

10 अप्रैल, 1991 को उच्च शिक्षा मंत्री के अध्यक्षता में निर्णय हुआ कि–

1. विश्वविद्यालय अतिथि गृह, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के पास रहेगा।
2. संचार केन्द्र, राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के पास रहेगा
3. स्टोर बिल्डिंग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पास रहेगी।
4. जिम्नेजियम तथा तरणताल राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पास रहेगा किंतु दोनों विश्वविद्यालय इसे काम में ले सकेंगे।

कालांतर में दोनों विश्वविद्यालयों तथा राज्य सरकार के मध्य पत्राचार हुआ तथा सेवानिवृत्त अधिकारी वी. आई. राजगोपाल की एक सदस्यीय समिति का गठन 2 मार्च, 1993 को हुआ, जिसने 4 जनवरी, 1994 को रिपोर्ट दी। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ने 2 जुलाई, 1994 को प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय भवन, परीक्षा भवन हेतु 36.68 करोड रूपयों का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा। इस दौरान भाभड़ा समिति ने 19 फरवरी, 1996 को बँटवारे के कुछ बिंदु निश्चित किए। 11 मार्च, 1997 को उच्च शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में यह निर्णय हुआ कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय हेतु 150–200 बीघा जमीन आवंटित होनी चाहिए। 16 जुलाई, 1997 को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री श्री हरिशंकर भाभड़ा ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का दौरा किया तथा 19 जनवरी, 1998 को श्री भाभड़ा की अध्यक्षता में निर्णय हुआ कि–

1. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रवेश करते समय बांयी तरफ का हिस्सा राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का तथा दांयी तरफ का हिस्सा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का होगा।
2. केंद्रीय पुस्तकालय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का रहेगा।
3. पत्राचार कोर्स भवन कोटा खुला विश्वविद्यालय का रहेगा।
4. कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय तथा गृह विज्ञान महाविद्यालय परिसर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को दिए जाएँ।

इसके पश्चात् लगभग दो दशक तक दोनों विश्वविद्यालयों के बीच पत्राचार, बैठकें तथा संवाद होते रहे तथा राज्य सरकार को लिखा जाता रहा। इस क्रम में महत्त्वपूर्ण बैठक 6 जून, 2016 को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में हुई जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित थे–

1. प्रो. आई. वी. त्रिवेदी, कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
2. प्रो. उमाशंकर शर्मा, कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
3. श्री जगमोहन सिंह, कुलसचिव, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
4. श्री डी. एन. पुरोहित, वित्त नियंत्रक, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
5. श्री ए. एस. खान, भू–सम्पत्ति अधिकारी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
6. श्री आर. एस. खराड़ी, भू–सम्पत्ति अधिकारी, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

इस बैठक में आपसी सहमति से निर्णय हुआ कि–

1. दोनों विश्वविद्यालय के बीच बँटवारा पूर्णतया भाभड़ा समिति के निर्देशों के अनुसार होगा।
2. दुर्गा नर्सरी रोड स्थित स्टाफ क्वार्टर्स नगर विकास प्रन्यास या नगर निगम को देकर रोड चौड़ा करने तथा बेचान करके प्राप्त राशि दोनों विश्वविद्यालय बराबर–बराबर ले सकेंगे। यह स्थान वाणिज्यिक परिसर हेतु प्रयुक्त हो सकेगा।
3. इसी तरह (उपर्युक्तानुसार) माया मिष्ठान भंडार के सामने स्थित स्टाफ क्वार्टर्स का निस्तारण हो सकेगा।
4. विधि महाविद्यालय के सामने स्थित डेयरी साइंस कॉलेज भवन (18940 वर्गफीट) जो कि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पास है, वह मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को दिया जायेगा तथा इसके बदले मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के निम्नांकित दो भवन महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को दिए जाएंगे–
   (अ) कुलपति आवास (7360 वर्गफीट)
   (ब) संचार केन्द्र के पास स्थित भू–सम्पत्ति कार्यालय (4460 वर्गफीट)
5. भाभड़ा समिति ने निश्चित किया था कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन, केंद्रीय पुस्तकालय तथा परीक्षा कार्यालय महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के होंगे किंतु जब तक मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का स्वयं का प्रशासनिक भवन नहीं बन जाता तब तक वर्तमान भवन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पास रहेगा। जब कभी मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु धनराशि प्राप्त होगी वह महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को दी जाएगी। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कैंटीन के पीछे की (सी.टी.ए.ई. के सामने) जमीन महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को दी जाएगी।
6. परिसर में स्थित 114 स्टाफ क्वार्टर्स में से 31 मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय तथा 83 महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पास हैं। वे एक विश्वविद्यालय (अधिक क्वार्टर्स रखने वाले) को दिए जाएंगे ताकि इनका बेहतर रखरखाव हो सके।
7. मुख्य द्वार के बांयी तरफ स्थित जिम्नेजियम एवं तरणताल मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पास रहेंगे।
8. एक ही परिसर में दो विश्वविद्यालय होने तथा कई प्रवेश द्वार होने से सुरक्षा संबंधी परेशानियाँ होती हैं अतः यह निर्णय हुआ कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय मुख्य द्वार, स्वर्ण जयंती द्वार,(नेशनल हाईवे की ओर) तथा विधि महाविद्यालय की तरफ कन्या छात्रावास के पास के द्वार की 24 घंटे सुरक्षा करेगा तथा

> साठ के दशक में विश्वविद्यालय में प्रोफेसर को 'आचार्य' रीडर को 'प्रवाचक' तथा लेक्चरर को 'प्राध्यापक' कहा जाता था। शोध सहायक की भाँति 'सहायक प्राध्यापक' भी होते थे। सत्तर के दशक में अन्य कृषि विश्वविद्यालयों की भाँति रीडर को सह आचार्य तथा लेक्चरर को सहायक आचार्य कहा जाने लगा।

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सुन्दरवास की ओर दक्षिण द्वार पी.जी. छात्रावास के पास पूर्वी द्वार तथा नेशनल हाइवे बाइपास की तरफ प्रस्तावित द्वार पर सुरक्षा कार्य निष्पादित करेगा।

9. जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) विश्वविद्यालय परिसर में जलदाय टैंक निर्माण हेतु 10,000 वर्गफीट स्थान चाहता है अतः यह उपलब्ध करवाया जायेगा तथा इसके बदले वह विभाग दोनों विश्वविद्यालयों के आवासीय कॉलोनियों को जल सेवा उपलब्ध कराएगा।

उक्त बैठक के निर्णयों की अनुपालना में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने कुलपति निवास और भू–सम्पत्ति कार्यालय महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को हस्तांतरित कर दिए हैं तथा इसके एवज में डेयरी साइंस महाविद्यालय भवन, जिम्नेजियम, तरणताल तथा परीक्षा भवन के पास का मैदान महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से प्राप्त कर लिए हैं। दिनांक 01 अगस्त, 2019 को प्राप्त डेयरी साइंस महाविद्यालय में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का शिक्षा विभाग (संकाय) संचालित होने लगा है तथा इसके समीप कुलपति का नया निवास निर्मित हो चुका है। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के पास की 05.50 हेक्टेयर भूमि तथा 69.21 हेक्टेयर भूमि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को हस्तांतरित की गई है। इसी क्रम में 20 अगस्त, 2019 को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने अपना कुलपति निवास महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को हस्तांतरित कर दिया है।

❑ ❑ ❑

5 गौरवशाली उपलब्धियाँ (Glorious Achievements)

प्रो. एस. के. कटारिया एवं डॉ. मनीष श्रीमाली

"इतिहास विश्वास की नहीं, विश्लेषण की वस्तु है। इतिहास मनुष्य का अपनी परम्परा में आत्म-विश्लेषण है।"

–यशपाल

किसी भी शैक्षिक संस्था के विकास क्रम की यात्रा को उस संस्था द्वारा मानव विकास में दिए गए योगदान के द्वारा विश्लेषित किया जाता है। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने अपनी छः दशकीय यात्रा में अनेक उतार–चढ़ाव देखे हैं। शैक्षिक संस्थाओं के सामाजिक दायित्व एवं लक्ष्य अन्य संगठनों की तुलना में अधिक गुरुतर एवं व्यापक होते हैं क्योंकि ये संस्थाएँ देश के किशोरों एवं युवाओं के व्यक्तित्व को गढ़ कर राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती हैं।

हम अग्रणी हैं–

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय अपनी निम्नांकित उपलब्धियों के क्रम में राज्य एवं देशभर में जाना जाता है–

1. यह साठ के दशक में देश का दूसरा तथा राजस्थान का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय था।
2. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के पश्चात् राजस्थान में स्थापित होने वाला यह दूसरा विश्वविद्यालय (दिनांक 12 जुलाई, 1962) था। तीसरा विश्वविद्यालय जोधपुर में 24 अगस्त, 1962 से प्रारंभ हुआ।
3. राजस्थान में विधि महाविद्यालय की सर्वप्रथम स्थापना करने वाला विश्वविद्यालय यही है।
4. यह राज्य में फार्मेसी शिक्षा देने वाला प्रथम विश्वविद्यालय रहा है।
5. यह भूगोल के स्नातकोत्तरीय विद्यार्थियों को Geospatial ज्ञान एवं कौशल प्रदान करने वाला राज्य का एक मात्र विश्वविद्यालय है।
6. यह योग केन्द्र स्थापित करने वाला राज्य का प्रथम विश्वविद्यालय है।
7. 21वीं सदी के शुरुआत में परीक्षार्थियों की उत्तर–पुस्तिकाओं में बारकोडिंग कर गोपनीयता सुनिश्चित करने में यह विश्वविद्यालय अग्रणी रहा है।
8. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्मित अकादमिक निष्पादन मापदंड, 2009 के अनुरूप पीएच. डी. प्रवेश प्रक्रिया को नवीन स्वरूप में ढालने वाला यह राज्य का प्रथम विश्वविद्यालय है।
9. संकाय सदस्यों की समयबद्ध पदोन्नति हेतु प्रायः प्रति वर्ष सी. ए. एस. क्रियान्वित करने वाला यह अग्रणी विश्वविद्यालय है।
10. अनुपयोगी सामान या कबाड़ से कलाकृति बना कर सृजनशीलता, कला–संरक्षण एवं संसाधनों का सदुपयोग करने वाला यह राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है।
11. विगत एक दशक से लगातार प्रति वर्ष दीक्षांत–समारोह आयोजित करने वाला यह राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है।
12. विश्वविद्यालय की भवनों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर आठ सौ किलोवाट विद्युत उत्पादन करने वाला यह राज्य का सबसे बड़ा सरकारी संगठन है।
13. सन् 1999 से निरंतर रक्तदान शिविर आयोजित कर मानव सेवा में समर्पित यह विश्वविद्यालय संपूर्ण राज्य के लिए प्रेरणास्त्रोत है।
14. राजस्थान में विश्वविद्यालय का कुलगीत बनाने वाला यह प्रथम विश्वविद्यालय है।
15. दक्षिण एशिया के कुलपतियों का सम्मेलन आयोजित करवाकर शैक्षिक विकास की 'उदयपुर घोषणा' करने वाला यह अग्रणी विश्वविद्यालय है।
16. सन् 2012 में कार्मिकों एवं विद्यार्थियों हेतु बायोमेट्रिक उपस्थिति अंकन के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला यह राज्य का प्रथम विश्वविद्यालय है।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा इस विश्वविद्यालय को सन् 2003 में B++ ग्रेड तथा सन् 2014 में 3.11 CGPA के साथ 'A' ग्रेड प्राप्त हुई थी। इसी तरह सन् 2020 में एम. एच. आर. डी. की NIRF(National Institutional Ranking Framework) में इस विश्वविद्यालय ने 150–200 बैण्ड (रैंक) में स्थान प्राप्त किया था जबकि इस रैंकिंग सूची में राजस्थान का कोई राज्य विश्वविद्यालय सम्मिलित नहीं था।

17. इस विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के अंतर्गत सन् 2020 तक 1.94 लाख डिग्रियाँ डिजीलॉकर पर अपलोड करके राज्यभर में अग्रगामी स्थिति पाई है।
18. सन् 2014 में यूजीसी नैक द्वारा ग्रेड 'ए' प्रत्यायित होने वाला यह राजस्थान का प्रथम विश्वविद्यालय था।
19. एन. आई. आर. एफ. द्वारा सन् 2020 में घोषित इण्डिया रैंकिंग में हम 150–200 बैण्ड में सम्मिलित हैं तथा राजस्थान का कोई अन्य राज्य विश्वविद्यालय इस सूची में नहीं है।
20. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने डिग्री–प्राप्ति तथा रोजगार–प्राप्ति के बीच की बाधा को दूर करते हुए रोजगार–कौशल एवं व्यक्तित्व–विकास हेतु 'फिनिशिंग स्कूल' की स्थापना करके देशभर में अपना नाम कमाया है।
21. 'सेल्फ फाइनेंसिंग एडवाइजरी बोर्ड' के माध्यम से संविदा–कार्मिकों का निजी एजेंसियों द्वारा शोषण करने की प्रवृति पर रोक लगाने में यह अग्रणी रहा है।
22. यह राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है जहाँ 'पृथ्वी विज्ञान' संकाय पृथक से है।
23. जैव प्रौद्योगिकी में पाठ्यक्रम शुरु करने वाला यह राज्य का प्रथम विश्वविद्यालय है।
24. भू–विज्ञान विभाग का समृद्ध संग्रहालय देश भर में प्रसिद्ध है जिसे अन्य राज्यों के विद्यार्थी देखने आते हैं और भू–विज्ञान में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु 'फील्ड आधारित प्रशिक्षण' अनिवार्यतः दिया जाता है। ऐसा भारत में अन्यत्र कहीं नहीं है।
25. विगत सदी के नब्बे के दशक में यह विश्वविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं के लिए देश भर में सिरमौर रहा है तथा इसे विद्यार्थियों हेतु महिला मुक्केबाजी शुरु करने का श्रेय भी प्राप्त है।

अकादमिक आहूति

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित अकादमिक उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है–

एल्यूमनाई

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से अध्ययन कर डिग्री एवं शिक्षा प्राप्त कर चुके पूर्व छात्र–छात्राएँ (Alumni) विगत साठ वर्षों से राजनीति, प्रशासन, शिक्षा, व्यवसाय, खेल–कूद, कला–संस्कृति तथा अन्य विविध क्षेत्रों में अपना एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। जैसा कि पूर्व पृष्ठों पर बताया जा चुका है कि वर्तमान मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की पितृसंस्था महाराणा भूपाल कॉलेज (M.B. College) के पूर्व छात्रों ने मिलकर सन् 2005 में 'M.B. College Old Boys Association' बनाई। विश्वविद्यालय स्तर पर ऐसी संस्था के औपचारिक निर्माण का प्रस्ताव सर्वप्रथम प्रबंध मंडल की बैठक में दिनांक 29 मार्च, 2008 को पारित किया गया तथा प्रशासनिक स्तर पर इसके गठन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया के प्रयास हुए।

राजनीति के क्षेत्र में डंका बजाने वालों में सर्व श्री मोहनलाल सुखाड़िया, श्री गुलाब सिंह शक्तावत, श्री निरंजन नाथ आचार्य, श्री हीरालाल देवपुरा, प्रो. सी. पी. जोशी, डॉ. गिरिजा व्यास, श्री गुलाब चंद कटारिया, श्री कैलाश मेघवाल, श्री शांतिलाल चपलोत, प्रो. आर. एल. जाट, डॉ. नमोनारायण मीणा, श्रीमती अनिता कटारा, श्री मांगीलाल गरासिया, श्री अर्जुनलाल मीणा इत्यादि प्रमुख रहे हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में पद्मविभूषण डॉ. दौलत सिंह कोठारी, पद्मभूषण श्री अनिल बोर्डिया, प्रो. चंद्रसिंह नैनावटी, प्रो. योगेश अटल, प्रो. गोवर्धन मेहता, प्रो. बी. आर. पुरोहित, पद्मश्री प्रो. जी. सी. मिश्रा, प्रो. मुहम्मद शफी अगवानी, प्रो. उदय पारीक, प्रो. के. के. सक्सेना, प्रो. बी. सी. मेहता, प्रो.

डॉ. डी. एस. कोठारी : एक संक्षिप्त परिचय

डॉ. डी. एस. कोठारी

उदयपुर में 6 जुलाई, 1906 को जन्मे डॉ. दौलत सिंह कोठारी का नाम भारत के श्रेष्ठ विद्वानों में शुमार होता है। आपने इस विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती स्वरूप 'महाराणा इंटरमीडिएट कॉलेज' से वर्ष 1922–24 के दौरान अध्ययन कर इंटरमीडिएट परीक्षा संपूर्ण राजपूताना में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण की थी। एक स्कूल अध्यापक के घर जन्मे डॉ. कोठारी ने मैट्रिक परीक्षा महाराजा शिवाजीराव हाई स्कूल, इंदौर से उत्तीर्ण की थी। इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर महाराणा मेवाड़ ने उनको 50 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति स्वीकृत की थी। आपने सन् 1926 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी. एससी. तथा वहीं से सन् 1928 में महान् वैज्ञानिक डॉ. मेघनाद साहा के निर्देशन में एम. एससी. उपाधि प्राप्त की। सन् 1934 में आपने दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य शुरु किया तथा सन् 1961 तक सेवाएँ दी। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय में आप सन् 1948 से 1961 तक रक्षा सलाहकार रहे। सन् 1961 से 1973 तक आप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष रहे। आप भारतीय साईंस कांग्रेस के अध्यक्ष (सन् 1963), राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष (सन् 1973) तथा भारतीय शिक्षा आयोग (कोठारी कमीशन 1964–66) के अध्यक्ष रहे। अंतरराष्ट्रीय विज्ञान जगत् में आपको 'Statistical Thermo Dynamics & Theory of White Dwarf Stars' के लिए जाना जाता है। भारत सरकार द्वारा आपको सन् 1962 में पद्मभूषण तथा सन् 1973 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया। सन् 2011 में आपकी स्मृति में भारत सरकार द्वारा डाक टिकट जारी की गई। दिल्ली विश्वविद्यालय में आप की स्मृति में 'Centre for Science, Ethics & Education' कार्यरत है। 21 फरवरी, 1993 को आपका देहावसान हुआ। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग परिसर में डॉ. कोठारी की प्रतिमा स्थापित है।

आई. वी. त्रिवेदी, प्रो. बी. एल. चौधरी, प्रो. के. सी. सोडाणी, प्रो. दरियाव सिंह चुण्डावत, प्रो. विजय श्रीमाली, डॉ. डी. पी. अग्रवाल, डॉ. विद्यासागर उपाध्याय, प्रो. चिन्मय मेहता, प्रो. आर. के. वशिष्ठ, प्रो. शाबिर हुसैन काजी इत्यादि उल्लेखनीय हैं।

उद्योग एवं व्यवसाय में नाम कमाने वालों में सिंघल ब्रदर्स– श्री सलील, श्री अरविंद, श्री संजय, तथा विश्वजीत पानेरी, डॉ. लोकेश जैन प्रमुख हैं। विभिन्न औद्योगिक घरानों में सेवाएँ देने वालों में डॉ. दिनेश राणा, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. नमिता दवे, श्री राधेश्याम, डॉ. योगेश व्यास के नाम प्रमुख हैं।

प्रशासनिक सेवाओं में विश्वविद्यालय की कीर्ति पताका फहराने वाले सर्वश्री मीठालाल मेहता, श्री जे. एम. खान, श्री बी. पी. कलाल, श्री सी. एल. मेनारिया, श्री सुनील भानावत, श्री जसवंत सिंह सिंघवी, श्री सी. पी. व्यास, श्री बी. एन. योगेश्वर, श्री जी. एच. लुणायच, डॉ. नीतू भारद्वाज, डॉ. के. डी. सिंह, डॉ. रघुवीर सिंह, श्री प्रेम नारायण माथुर, डॉ. आर. एल. भट्ट, डॉ. एम. एल. रावत, श्री भंवर सिंह चौहान, श्री वृद्धि चंद गर्ग, श्री हीरालाल कुणावत, श्री ओंकार जोशी, श्री मुकुट बिहारी पुरोहित, श्री श्रवण सिंह राठौड़, श्री मणिलाल तीरगर, कुमारी चेतना दीक्षित, कुमारी नेहा श्रीवास्तव, श्री हरिमोहन सक्सेना, श्री भगवती प्रसाद कलाल, श्री रणजीत चक्रवर्ती, श्री हबीब खान गोराण, श्री एस. एल. लाठी, श्री दिनेश कोठारी, डॉ. सूरजमल राव इत्यादि के नाम प्रमुख हैं। डॉ. धीरेन्द्र कुमार जोशी ने भारतीय सांस्कृतिक राजदूत के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

इंजीनियरिंग के क्षेत्र में डॉ. पी. एल. अग्रवाल, श्री एम. पी. बया, श्री. जगमोहन हुमड़, श्री ललित बक्षी, श्री एच. बी. पालीवाल, श्री इब्राहिम अली के नाम उल्लेख करने योग्य हैं।

विज्ञान के क्षेत्र में श्री सोहन लाल जैन, डॉ. घनश्याम पुरोहित, प्रो. एस. एल. चपलोत, प्रो. आर. एम. जैन, डॉ. एस. के. माथुर, डॉ. मानवेन्द्र सिंह, डॉ. शक्ति नाथ उपाध्याय, डॉ. फाल्गुनी भंसोडे, डॉ. संजीव बनर्जी, डॉ. ईशा शर्मा, प्रो. भोमित्र देव, श्री एल. एल. भण्डारी, डॉ. आर. एल. मुन्शी, डॉ. पी. के. यादव, डॉ. आर. पी. गोलानी के नाम सम्मिलित हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में डॉ. आशीष दवे, डॉ. नजीमा हबीबी, डॉ. अनुराधा गोयल, डॉ. जयेश पांचाल ने सेवाएँ दी हैं या दे रहे हैं।

चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. भगवती लाल भंडारी तथा डॉ. अरुण बोर्दिया, डॉ. श्रीराम शर्मा ने विश्वविद्यालय की साख में अभिवृद्धि की है।

विधि एवं न्यायिक प्रशासन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करवाने वालों में जस्टिस कांता भटनागर, जस्टिस एन. एन. माथुर, जस्टिस सुंदर लाल मेहता, जस्टिस कुमारी निशा भंडारी, जस्टिस एन. पी. गुप्ता, जस्टिस विजय व्यास के नाम प्रमुखतया लिए जाते हैं।

विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग से उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने राज्य सरकार के खान एवं भूविज्ञान विभाग में निदेशक तक के पद को सुशोभित किया है जिनमें श्री पी. के. वर्डिया, श्री डी. एस. मेहता, श्री एस. सी. अग्रवाल, श्री आर. एस. अग्रवाल, डॉ. ए. के. वैश्य, श्री बी. एस. ढाका, श्री एस. एस. जामरानी, श्री टी. एस. राणावत, श्री डी. के. पोरवाल, श्री एस. एन. डोडिया इत्यादि प्रमुख हैं।

कला के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के दृश्यकला विभाग के पूर्व विद्यार्थी देश भर में अपना नाम कमा रहे हैं। विभाग के लगभग 100 पूर्व विद्यार्थी कला के क्षेत्र में विभिन्न अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं। संगीत विभाग के भी अनेक पूर्व विद्यार्थी रेडियो, टेलीविजन तथा मनोरंजन–दुनिया में नाम कमा रहे हैं। इसी तरह गणित सांख्यिकी विभाग के सैकड़ों विद्यार्थी सांख्यिकी सेवाओं में सेवाएँ दे रहे हैं।

खेल–कूद की दुनिया में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कीर्ति पताका देशभर में फहराने वालों में श्री अर्जुन सिंह, श्री रघुबीर सिंह राठौड़, श्री अशोक मेनारिया, श्री हिम्मत सिंह राव, कुमारी भक्ति शर्मा इत्यादि कई प्रमुख नाम हैं।

अकादमिक आयोजन

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा स्थानीय स्तर के सम्मेलन, संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ तथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सन् 1962 से लेकर आज तक निरंतर आयोजित करवाए जाते रहे हैं। साठ एवं सत्तर के दशक में विश्वविद्यालय के द्वारा ग्रीष्मावकाश में स्कूल शिक्षकों हेतु 'Summer Course' आयोजित करवाए जाते थे। विश्वविद्यालय द्वारा सामान्यतः प्रतिवर्ष 50 से 60 अकादमिक आयोजन होते रहे हैं। अब तक हुए हजारों ऐसे आयोजनों में देश–विदेश से आए लाखों प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय की अकादमिक पहल और आतिथ्य परंपरा की दिल खोलकर प्रशंसा की है। प्रस्तुत विवरण में केवल दृष्टांत हेतु कुछ ही आयोजनों का संक्षिप्त परिचय दिया जा रहा है। वर्ष 1962–63 में ओहियो विश्वविद्यालय तथा कृषि महाविद्यालय उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विकास के क्रम में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। कालांतर में दो दशक तक कृषि, पशुपालन, पशुचिकित्सा, गृहविज्ञान, आधारिक विज्ञान, वाणिज्य तथा मानविकी के अनेक अकादमिक आयोजन करवाए गए। सन् 1987 में विश्वविद्यालय का विभाजन होने पर विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, विधि, वाणिज्य तथा मानविकी संकाय के ही आयोजन वर्तमान विश्वविद्यालय में होते हैं। सन् 2002 में वाणिज्य महाविद्यालय के द्वारा आयोजित करवाई गई 'All India Commerce Conference' में डॉ. मनमोहन सिंह तथा श्री प्रणब मुखर्जी ने शिरकत कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। सन् 2011 में भौतिकशास्त्र विभाग ने सड़क सुरक्षा विजन–2020 पर प्रथम अन्तरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कराई थी। अर्थशास्त्र विभाग ने 'All India

Economics Conference' का आयोजन सन् 2008 तथा सन् 2014 में दो बार करवाकर देश भर में नाम कमाया। इतिहास विभाग ने सन् 2015 में राजस्थान इतिहास कांग्रेस आयोजित कराई। राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मार्च, 1994 में राजस्थान राजनीति विज्ञान संघ का सम्मेलन आयोजित करवाया तथा दो दशक तक इस विभाग में अमेरिकन एसोसिएशन, अफ्रिकन एसोसिएशन, भारत–पाकिस्तान समूह (नीमराणा ग्रुप), रैंड कमीशन, राजीव गांधी फाउंडेशन, सी. एस. डी. एस.– लोकनीति इत्यादि के सहयोग से अनेक अकादमिक आयोजन एवं शोध कार्य संपन्न करवाए गए जिनमें प्रो. संजय लोढ़ा द्वारा करवाए गए 'चुनाव अध्ययन' अत्यंत चर्चित रहे। विभाग में नेहरू अध्ययन केंद्र, मानवाधिकार पाठ्यक्रम तथा सुखाड़िया चेयर से संबंधित उल्लेखनीय कार्य भी हुए। दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा सन् 2013 में 58जी All India Philosophical Conference का आयोजन किया गया। पत्रकारिता विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मीडिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन 26–29 सितंबर, 2019 को किया गया जिसमें 17 देशों के पत्रकारों ने भाग लिया।

अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन (28 अक्टूबर, 2002) में मुख्य अतिथि डॉ. मनमोहन सिंह

विश्वविद्यालय के द्वारा दो बार पश्चिम क्षेत्र अंतर–विश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाया जा चुका है। पहला आयोजन 5 से 9 दिसंबर, 2012 को West Zone Cultural Festival तथा दूसरा 15 से 19 दिसंबर, 2017 को 33वाँ West Zone Inter-University Youth Festival (UNIFEST- समवेत) विश्वविद्यालय में आयोजित हुए। वहीं 3 नवंबर, 2012 को 'अखिल भारतीय मुशायरा' का आयोजन कर शहर के साहित्य अनुरागियों को तृप्त किया गया। 27 से 29 दिसंबर, 2012 को All India Sociological Conference का आयोजन करवाया गया तथा दक्षिण एशिया में स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 16–17 अक्टूबर, 2013 को हुआ एवं भावी शैक्षिक विकास के लिए 'उदयपुर घोषणा' की गई।

Udaipur Declaration on Higher Education in South Asia

Vice Chancellors' Conference of South Asian Countries

on

Nurturing new avenues in University Education among South Asian Countries: Challenges and Prospects

16-17 October 2013

The two days' Vice-Chancellors' Conference of South Asian countries marked a historic landmark on the horizons of higher education in Rajasthan. The conference was well attended having representation from many South Asian countires.

Apart form inaugural session which was graced by her Excellency **Mrs. Margaret Alva**, Governor, State of Rajasthan and Chancellor, Mohanlala Sukhadia University, Udaipur, there were four technical sessions, two special lectures and one panel discussion. As a result of deliberations, discussions and debates following declaration is accepted and termed as **"Udaipur Declaration on Higher Education in South Asia - 2013"**

Whereas university education in south Asia is, in fact, mirroring the structural problems and contrarian pulls of traditions and modernity which are exerting pressures on the region. The need of the hour is to embrace change which is reflected in digital revolution leading to almost instantaneous spread of message resulting in intricately linked web world.

The delegates of the conference hereby do resolve that-

1. There must be a forum entitled **'South Asian Vice Chancellors Forum'** and the Secretariat of the forum will be at MLSU, Udaipur. It was unanimously decided to request to **Her Excellency, Governer of Rajasthan, Mrs. Margaret Alva** to kindly give consent to act as the **first Patron** of the proposed forum. Further, it was decided that the first convener of the forum will be Prof. I.V. Trivedi, Vice Chancellor of the host university.
2. There must be a separate website or web-based network of all the member universities of the forum.
3. The next South Asian Vice Chancellors' Conference will be held in **Sri Lanka in 2015** to be hosted by Open University of Sri Lanka.
4. It is further resolved that, in order to truly implement the spirit of 'Udaipur Declaration' following measures be taken up by the forum-

A. **Infrastructure-** In order to strengthen the infrastructural mechanism prevalent in the region the following centres be established in one or the other South Asian university-

❖ Centre of Study for Regional Economic Planning and Growth.

❖ Centre of Study for Comparative Religion, Culture and Heritage.

❖ Centre of Study for Sustainable Development and Inclusive Growth.

❖ Centre of Excellence for Corporate Governance (focus on e-governance).

B. **Teaching-Learning Process** - To cater the need of students and community at large in present millennium, following futuristic and socially relevant new Master's level programmes be launched in one or the other South Asian university-

❖ Programme on Regional Economic Plannning and Growth (focus- Globalisation and its effects on Regional Economy).

❖ Programme on comparative Culture, Religion and Heritage (focus-lessons to be learnt from common heritage and the role of the civil society).

❖ Programme on Enviromental Sustainability (focus- Biodiversity, Remote Sensing and ICT in Life Scineces).

❖ Programme on inclusive Growth (focus- Subaltern Studies, Gender issues and Youth affairs).

❖ Programme on Corporate Governance (focuc-cross cultural issues and region's best practices)

❖ Programme on Digital Governance (Focus- ICT & Governance).

The above mentioned programmes may be offered either in conventional mode or **open/distance learning mode or online mode.**

C. **Research Networking** - Collaborative research in the above mentioned areas be facilitated for all round development of the region. A common platform of apex regulatory bodies such as - UGC, ICSSR etc. and similar ones in the region, may be provided to the proposed centres (listed above) for fostering innovative and socially meaningful research. Regional collaboration on the basis of geographical locations must be emphasized.

D. **Extension Initiatives** - Short term training programmes on various issues of mutual benefits be imparted to different stakeholders of the region.

Various programmes under the banner of 'University Social Responsibility **(USR)**, are to be launched to empower disadvantaged sections of the society with special emphasis on **Skill Development, Life Style Management and Indigenous Knowledge Management.**

Documentation, distribution and discussion on various significant and land mark cases/ stories/ practices be ensured in universities and other institutions of the region.

In order to achieve the pious goals of 'Udaipur Declartion', a vibrant and vigorous mechanism be devised which will enable easy flow of policy-makers, faculty members and students in the region for spreading message of oneness, harmony, cultural parity, sportsmanship and spirit of healthy competition.

विश्वविद्यालय में वर्ष 2007 से स्वर्गीय श्री मोहनलाल सुखाड़िया की स्मृति में उनके जन्मदिन पर 31 जुलाई को 'मोहनलाल सुखाड़िया स्मृति व्याख्यान' का आयोजन किया जाता है। इस व्याख्यानमाला में प्रो. अमिताभ कुण्डु, प्रो. वाचस्पति उपाध्याय, प्रो. सुखदेव थोराट, डॉ. नामवर सिंह, डॉ. ओमप्रकाश पांडे, जस्टिस डॉ. रामा जोयस, डॉ. अरविंद पनगड़िया, प्रो. गौतम मुखर्जी, पद्मश्री आलोक मेहता, प्रो. आर. एस. निर्जर तथा प्रो. गोपीनाथ शर्मा इत्यादि ने अपने विद्वतापूर्ण व्याख्यानों से विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन

वर्ष 2011–12 मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का स्वर्ण जयंती वर्ष था। तत्कालीन कुलपति प्रो. आई. वी. त्रिवेदी की प्रेरणा एवं पहल से एक वर्ष से अधिक अवधि तक आयोजन के रूप में कई कार्यक्रम हुए जिसमें संगोष्ठी, सम्मेलनों के अतिरिक्त भवन–निर्माण सुविधाओं का प्रसार (स्वर्ण जयंती अतिथि गृह, स्वर्ण जयंती द्वार) तथा अन्य गतिविधियाँ सम्मिलित थी। इस आयोजन वर्ष में विश्वविद्यालय में कार्यरत सदस्यों का सी. ए. एस. तथा लगभग 100 नए संकाय सदस्यों की भर्ती से विश्वविद्यालय के परिवार में उत्साही वातावरण के मध्य अकादमिक आयोजनों की झड़ी लग गई।

स्वर्ण जयंती वर्ष प्रतीक चिह्न (प्रो. मदनसिंह राठौड़ एवं श्री सुरेन्द्र सिंह चुण्डावत द्वारा सृजित)

प्रो. त्रिवेदी के आग्रह पर दृश्य कला विभाग के प्रो. मदन सिंह राठौड़ तथा उनके शोधार्थी श्री सुरेन्द्र सिंह चुण्डावत ने स्वर्ण जयंती वर्ष का एक आकर्षक **प्रतीक चिह्न (Logo)** सृजित किया जो नीले तथा स्वर्ण रंग में कमल की पचास पंखुड़ियों से बना हुआ है। वस्तुतः कमल, भारतीय संस्कृति में लक्ष्मी (सरस्वती), समृद्धता, ऊर्वरता एवं वैभव का परिचायक है।

स्वर्ण जयंती वर्ष का 'Golden Jubilee Lecture' दिनांक 19 मई, 2012 को स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया था, जिसमें तत्कालीन केंद्रीय मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी मुख्य अतिथि थे और डॉ. सी. पी. जोशी, डॉ. गिरिजा व्यास, श्री महेंद्रजीत मालवीया, श्री मांगीलाल गरासिया, श्रीमती सज्जन कटारा एवं कुलपति प्रो. आई. वी. त्रिवेदी मंचासीन थे। श्री प्रणब मुखर्जी ने 'स्वर्ण जयंती व्याख्यान' भी दिया।

स्वर्ण जयंती मार्ग का शिलान्यास करते हुए श्री प्रणव मुखर्जी (19 मई, 2012)

इस जयंती समारोह का औपचारिक समापन 17 अप्रैल, 2013 को तत्कालीन केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री एम. एम. पल्लमराजू के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री डॉ. सी. पी. जोशी भी उपस्थित थे। इस समारोह वर्ष की एक स्मारिका का भी इस दिन विमोचन हुआ।

गणमान्य अतिथि

विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक प्रतिवर्ष अकादमिक जगत की बहुत सारी विभूतियाँ, राजनेता, प्रशासक, विधिवेत्ता, कलाकार, व्यावसायिक एवं खेल जगत से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्ति विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाते रहे हैं। इनमें कतिपय नाम ही यहाँ दिए जा रहे हैं जिनमें सर्वश्री सी. राजगोपालाचारी, डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, श्रीमती प्रतिभा पाटिल, श्री प्रणब मुखर्जी, श्री भैंरासिंह शेखावत, श्रीमती इंदिरा गाँधी, श्री जगजीवन राम, श्री मोरारजी देसाई, डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. कर्ण सिंह, डॉ. संपूर्णानंद, जस्टिस श्री अंशुमान सिंह, श्री मदन लाल खुराना, श्री एम. चैन्ना रेड्डी, महारानी गायत्री देवी, श्री नाथूराम मिर्धा, श्री शिवराज पाटिल, श्री एम. एम. पल्लमराजू, श्री जूएल ओराम, श्री नितिन गड़करी, श्री प्रकाश जावडेकर, श्री अजय माकन, श्री मोहनलाल सुखाड़िया, श्रीमती वसुंधरा राजे, श्री अशोक गहलोत, डॉ. सी. पी. जोशी, डॉ. गिरिजा व्यास, श्री गुलाब सिंह शक्तावत, श्री दीपेन्द्र सिंह शेखावत, श्री गुलाबचंद कटारिया, श्री कालीचरण सर्राफ, श्री शांतिलाल धारीवाल, श्री बृजकिशोर शर्मा, श्रीमती किरण माहेश्वरी, श्री रघुवीर मीणा, श्री अर्जुनलाल मीणा, श्री महेंद्रजीत मालवीया, श्री दयाराम परमार, श्री गजेन्द्र सिंह शक्तावत, श्री अशोक चांदना, श्री मांगीलाल गरासिया, श्रीमती सज्जन कटारा, न्यायमूर्ति आर. एस. पाठक, न्यायमूर्ति बी. पी. बेरी, न्यायमूर्ति श्री दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति श्री संदीप मेहता, न्यायमूर्ति श्री गोविंद माथुर, श्री वी. के. आर. वी. राव, प्रो. यू. आर. राव., श्री रघुराम राजन, श्री कपिल देव, बाबा रामदेव, स्वामी अग्निवेश इत्यादि बहुत से नाम सम्मिलित हैं।

विश्वविद्यालय में पुस्तक-प्रदर्शनी का अवलोकन करती महारानी गायत्री देवी

शोध एवं प्रकाशन

विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा अनेक पुस्तकें, शोध आलेख तथा परियोजना रिपोर्ट इत्यादि प्रकाशित करवाई गई हैं। यह सूची बहुत उत्सावर्द्धक एवं लंबी है तथापि कुछ महत्त्वपूर्ण प्रकाशनों का संक्षिप्त विवरण ही यहाँ प्रस्तुत किया जा सकता है। शुरुआती दशकों में कृषि एवं पशुचिकित्सा विज्ञान के संकाय सदस्यों के शोध आलेख अधिक हैं लेकिन साथ में विज्ञान संकाय के भी शोध–पत्र उच्चस्तरीय पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। बाद के दशकों में सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी विषयों के भी बहुत सारे पत्र प्रकाशित हुए हैं।

प्रो. आर. के. राय, प्रो. सी. पी. मलिक, प्रो. एच. डी. कुमार के कई शोध पत्र प्रतिष्ठित पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. सी. बी. मामोरिया द्वारा लिखित वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन की बहुत सी पुस्तकें पाठक वर्ग में लोकप्रिय है। डॉ. प्रेम भंडारी की गज़ल, संगीत तथा साहित्य पर कई पुस्तकें है जिनका अन्य भाषाओं में भी अनुवाद हुआ है। विधि महाविद्यालय के डॉ. वाई. एस. शर्मा की दो दर्जन से अधिक पुस्तकें हैं जिन्हें कई पुरस्कार भी मिले हैं। प्रो. शरद श्रीवास्तव की पुस्तक 'Gender Discourse' लन्दन विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में सम्मिलित है। प्रो. के. आर. बापना ने माउंट आबू में Riccia नाम की एक नई प्रजाति की खोज की। प्रो. बी. एल. आहूजा भारत के ऐसे पहले वैज्ञानिक हैं जिनके द्वारा 'Compton Spectrometer' के चार प्रकार के उपकरण विकसित किए

जा चुके हैं। प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रो. करुणेश सक्सेना ने यूजीसी के सीईसी (Consortium of Educational Communication) के लिए 200 फिल्में निर्मित की हैं जो प्रबंध विषय के स्नातक–स्तरीय अध्ययन हेतु देशभर में सदुपयोग में ली जा रही हैं।

पेटेण्ट

विश्वविद्यालय के कई शिक्षकों यथा–प्रो. कनिका शर्मा (2 पेटेण्ट), डॉ. देवेन्द्र कुमार (2 पेटेण्ट), डॉ. सचिन गुप्ता (4 पेटेण्ट), तथा डॉ. नमिता आशीष सिंह (2 पेटेण्ट) के नाम विशिष्ट शोध हेतु पेटेण्ट दर्ज हैं।

प्रतिष्ठा एवं सम्मान

विश्वविद्यालय में कार्यरत संकाय सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय अनेक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है जिनमें कतिपय उल्लेखनीय सम्मान इस प्रकार हैं–

(1) डॉ. मदन कपूर, डॉ. एस. बी. माथुर, डॉ. सी. कुलश्रेष्ठ, प्रो. सीमा मलिक तथा प्रो. संजय लोढ़ा Full Bright Scholar रहे हैं जबकि प्रो. जी. एम. मेहता British Council Scholar रहे हैं।

(2) प्रो. सीमा मलिक को सन् 2019 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा Leap Program Scholarship for Academic Fellowship दी जा चुकी है तथा काफला इंटरनेशनल राइटर्स एसोसिएशन से 'शान–ए–अदब' अवार्ड मिल चुका है।

(3) भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दिए जाने वाला महर्षि बादरायण व्यास राष्ट्रपति सम्मान से प्रो. नीरज शर्मा (2013) तथा डॉ. सुमत कुमार जैन (2019) को सम्मानित किया जा चुका है।

(4) प्रो.नीरज शर्मा को महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन का हारित राशि सम्मान (2020) एवं राजस्थान राज्य विद्वत् सम्मान (2019) भी प्राप्त हो चुका है।

(5) प्रो.मदन सिंह राठौड़ को राजस्थान ललित कला अकादमी का 44वाँ राजस्थान राज्य वार्षिक आर्टिस्ट अवार्ड दिया गया तथा इन्हें 'महारानी पद्मिनी अवार्ड' सहित अन्य सम्मान भी मिले हैं।

(6) प्रो. हेमंत द्विवेदी को सन् 2019 में कलावृत्त न्यास, उज्जैन का राष्ट्रीय 'कला आचार्य सम्मान' दिया गया।

(7) डॉ. शाहिद परवेज को Royal West of England Academy का प्रतिष्ठित 'RWA Award (2005)' मिल चुका है।

(8) डॉ. दीपिका माली के नाम सबसे बड़ी 3D संझया (संज्या) आर्ट (25X25 फिट) बनाने का विश्व रिकॉर्ड है।

(9) डॉ. कुंजन आचार्य को सन् 2019 में विश्व हिंदी परिषद् के द्वारा 'राजभाषा सम्मान' से नवाजा जा चुका है।

(10) प्रो. पूरणमल यादव को महात्मा गांधी सम्मान (2018) सहित 16 राष्ट्रीय तथा 7 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं।

(11) प्रो. करुणेश सक्सेना ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के 'प्रोफेसर चेयरशिप (फरवरी–जुलाई, 2017) के पद को सुशोभित किया है।

(12) प्रो. पी. के. चौधरी और प्रो. सी. पी. जैन को 'एकेडमिक लीडरशिप अवार्ड'साथ ही प्रो. सी. पी. जैन को 'यंग साइंटिस्ट अवार्ड' प्राप्त हो चुके हैं।

(13) डॉ. तरुण कुमार शर्मा को गुजरात मनोविज्ञान अकादमी का पुरस्कार मिल चुका है।

(14) डॉ. वर्षा शर्मा को महाराणा फतह सिंह सम्मान से नवाजा जा चुका है।

(15) प्रो. एम. एस. ढाका को प्रतिष्ठित 'रमन फैलोशिप' दी जा चुकी है।

(16) प्रो. सुधा चौधरी को 'लक्ष्मी देवी' पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।

(17) डॉ. पूनम खण्डेलवाल को INSA- Visting Scientst Award मिल चुका है।

(18) डॉ. नमिता आशीष सिंह को 'एकेडमिक प्राइड अवार्ड' से सम्मानित किया जा चुका है।

(19) डॉ. नवीन नंदवाना को हजारी प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय अवार्ड, शहीद नान भाई खांट शिक्षक गौरव सम्मान और विश्व हिंदी सेवा सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

(20) डॉ. आशीष सिसोदिया को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

(21) डॉ. विनीत सोनी को यूनेस्को से Nature Publishing Award सहित छः अन्य महत्त्वपूर्ण पुरस्कार मिले हैं।

(22) डॉ. पामिल मोदी को 'भास्कर वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड (2019)' से नवाजा गया है।

(23) प्रो. एस. के. कटारिया को लोक प्रशासन में लेखन हेतु केंद्रीय हिंदी संस्थान का 'राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन अवार्ड' (2018) दिया गया।

पूर्व संकाय सदस्यों में प्रो. रामचन्द्र द्विवेदी, प्रो. सुमन चंद जैन, प्रो. उदयचंद जैन तथा प्रो. आई. वी. त्रिवेदी को 'राष्ट्रपति पुरस्कार' एवं प्रो. ए. बी. रॉय और डॉ. बी. आर. बिजारणिया को 'राष्ट्रीय खनिज पुरस्कार', डॉ. ए. बी. रॉय, डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, डॉ. पी. कटारिया, डॉ. टी. के. पण्ड्या तथा डॉ. एम. एल. नागौरी को 'हम्बोल्ड एवं डाउ फैलोशिप', प्रो. मधुसूदन शर्मा को 'राष्ट्रीय पर्यावरण सोसायटी की फैलोशिप', प्रो. बी. एल. चौधरी को 'आत्माराम पुरस्कार', प्रो. शरद श्रीवास्तव को 'डॉ. नंद कुमार लावंडे एकेडेमिक एक्सीलैंस अवार्ड', श्री पी. एन. चोयल को 'ललित कला अकादमी पुरस्कार', 'कला रत्न सम्मान' और 'अमृतसर ललित कला अकादमी' सम्मान, श्री सुरेश चन्द्र वर्मा को कलाविद, बैचमन मेमोरियल स्कॉलरशिप सहित अन्य कई अवार्ड, श्री एल. एल. वर्मा को राजस्थान ललित कला अकादमी अवार्ड, डॉ. शैल चोयल राजस्थान ललित कला अकादमी अवार्ड सहित दर्जनभर अन्य सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। प्रो. सी. पी. मलिक को प्रतिष्ठित 'बीरबल साहनी पुरस्कार' दिया जा चुका है। डॉ. गुरफान बेग तथा प्रो. एस. एस. गुराया को 'शांति स्वरूप भटनागर सम्मान' से नवाजा जा चुका है। प्रो. माधव हाड़ा को हिंदी के विख्यात 'भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के 'ए' ग्रेड कलाकार डॉ. प्रेम भंडारी को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी तथा राजस्थान उर्दू अकादमी के प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं।

विश्वविद्यालय के शिक्षक रह चुके डॉ. सी. पी. जोशी एवं डॉ. गिरिजा व्यास ने केन्द्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर मंत्री पद का निर्वहन किया है तथा डॉ. सी. पी. जोशी वर्तमान में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हैं और डॉ. गिरिजा व्यास राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं। प्रो. मंजू बाघमार विधानसभा सदस्य (2013–18) रही हैं। इसके अतिरिक्त प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, प्रो. एम. एल. कालरा, प्रो. बी. पी. भटनागर, प्रो. जी. सी. रॉय, प्रो. एम. आर. रॉय, प्रो. भोमित्र देव, प्रो. मधूसूदन शर्मा, प्रो. आई. वी. त्रिवेदी, प्रो. कैलाश सोडाणी, प्रो. विजय श्रीमाली तथा प्रो. बी. एल. चौधरी विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलपति रहे हैं और प्रो. बी. एल. चौधरी राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। प्रो. दरियाव सिंह चुण्डावत राजस्थान राज्य उच्चतर शिक्षा आयोग के उपाध्यक्ष पद को सुशोभित कर रहे हैं। प्रो. एच. डी. कुमार CSIR के एमीरट्स साइंटिस्ट तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों में उच्च पदों पर आसीन रहे हैं। प्रो. एन. एल. हिंगोरानी, डॉ. ओ. पी. चावला तथा डॉ. एस. एन. जैन प्रबंधन एवं व्यवसाय के उच्च संस्थानों में देश–विदेश में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। प्रो. एस. एल. चपलोत भाभा एटोमिक रिसर्च सेन्टर में सेवाएँ दे चुके हैं तो प्रो. आर. एम. जैन एस्टोसेट मिशन के सदस्य रहे हैं। डॉ. एन. गर्ग ने नासा के प्रोजेक्ट 'केमिकल कम्पोजिशन ऑफ लूनर रिगोलिथ' पर कार्य किया है। डॉ. जी. एम. के. मदनानी ने भारत सरकार के ब्यूरो ऑफ इण्डस्ट्रीयल कॉस्ट एवं प्राइज के सीनियर कन्सलटेंट के रूप में अपनी सेवाएँ दी हैं। डॉ. एस. एस. एच. रिजवी एवं डॉ. प्रकाश आतुर को क्रमशः राजस्थान उर्दू अकादमी एवं राजस्थान हिंदी साहित्य अकादमी का अध्यक्ष, राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त किया गया। डॉ. रघुबीर सिंह राठौड़ क्रिकेट अंपायर रह चुके हैं। श्री नजमुल हुसैन क्रिकेट प्रशिक्षक रह चुके हैं। डॉ. प्रेम भंडारी भी वालीबॉल खिलाड़ी एवं रैफरी रह चुके हैं।

विश्वविद्यालय–सामाजिक दायित्व निर्वहन

कॉरपोरेट सोशल रेस्पोन्सिबिलिटी की भांति विश्वविद्यालय भी सामाजिक दायित्वों एवं जनहित कार्यों हेतु सदैव तत्पर एवं समर्पित रहा है। सन् 2010 में खेमपुरा तथा सुंदरवास (शहरी) क्षेत्रों में व्यापक साफ–सफाई, स्वच्छता एवं जनजागरुकता के कार्यक्रम संचालित किए गए तो दूसरी ओर सन् 2018 में सुप्रसिद्ध शिव मंदिर उबेश्वरजी में शौचालय का निर्माण करवाया गया। वर्ष 2015 से 2020 के बीच **रघुनाथपुरा, धार, हकधर एवं कैलाशपुरी** गाँवों को गोद लेकर उनमें एनिकट निर्माण, शौचालय निर्माण, सिलाई–बुनाई प्रशिक्षण, सामान्य कम्प्यूटर ज्ञान और जिला प्रशासन तथा स्थानीय ग्राम पंचायत के मध्य समन्वय कड़ी की भूमिका निर्वाहित कर विश्वविद्यालय ने ग्राम विकास एवं सामाजिक चेतना के कई कार्यक्रम संचालित करवाए हैं।

संस्थागत सहयोग

विश्वविद्यालय ने सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थाओं से आपसी समन्वय एवं सामंजस्य के द्वारा अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य निष्पादित किए हैं। सन् 2011 से सितंबर 2016 तक **भारतीय प्रबंध संस्थान (IIM)**, उदयपुर, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित पॉलिमर साइंस भवन में संचालित हुआ है तो दूसरी ओर सन् 2013 से 2016 तक **राजीव गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, उदयपुर** (अब गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा) राणा पूंजा छात्रावास में संचालित रहा था।

वर्ष 2018–19 में विश्वविद्यालय के विज्ञान महाविद्यालय के एक कोने की भूमि कुम्हारों का भट्टा चौराहा पर रोड़ चौड़ा करने हेतु तथा विश्वविद्यालय के नवीन परिसर की एक किलोमीटर लंबी भूमि कालका माता रोड़ की चौड़ाई बढ़ाने हेतु नगर विकास प्रन्यास (UIT) को व्यापक जनहित में दी गई।

नवम्बर, 2018 में विधानसभा के चुनावों के समय प्रथम बार विश्वविद्यालय का परिसर तथा सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय का भवन जिला प्रशासन द्वारा अधिगृहीत किया गया तथा सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय लगभग एक माह तक रामानुजन छात्रावास (DSW Office) में संचालित हुआ। ऐसा लोकसभा चुनाव (मई, 2019) तथा पंचायती राज चुनाव (नवंबर, 2020) में भी हुआ।

वर्ष 2014–2015 में विश्वविद्यालय एवं राज्य अभिलेखागार, उदयपुर के मध्य हुए अकादमिक समझौते के अंतर्गत अभिलेखागार की उदयपुर इकाई का कार्यालय विश्वविद्यालय के नेहरू हॉस्टल परिसर में संचालित हो रहा है तथा अभिलेखागार की बहुमूल्य 650 प्राचीन पाण्डुलिपियों, बहियों तथा ताम्रपत्रों का अवलोकन एवं अध्ययन कर विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शोधार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा उदयपुर पुलिस के साथ आयोजित करवाई गई **'मौताणा' (Blood Money or Death Ransom Custom)** विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी (दिनांक 17–18 दिसम्बर, 2012) से प्राप्त सुझावों को विभाग द्वारा राज्य सरकार को नीतिगत इनपुट के रूप में प्रस्तुत किया गया जिसे राज्य मानवाधिकार आयोग तथा जिला प्रशासन द्वारा न केवल सराहा गया बल्कि यथार्थ में क्रियान्वित भी किया गया।

साथ ही विश्वविद्यालय के संसाधनों में वृद्धि करने में भारत सरकार और राज्य सरकार के कई संगठनों ने विश्वविद्यालय को वित्तीय एवं संस्थागत सहायता की है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भौतिक एवं अकादमिक विकास हेतु निरंतर सहायता मिलती रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से 'जनसंख्या अध्ययन केन्द्र' का निर्माण हुआ है। युवा एवं खेल–कूद मंत्रालय के सहयोग से अटल बिहारी वाजपेयी मल्टीपरपज इंडोर हॉल विकसित किया गया है तथा पर्यटन मंत्रालय की वित्तीय सहायता से होटल मैनेजमेंट भवन का निर्माण हुआ है जिसके प्रथम तल पर सिंगापुर सरकार के सहयोग से CETT भवन विकसित किया गया है। भारत सरकार के जनजातीय मामले मंत्रालय के द्वारा जनजातीय कन्या छात्रावास का निर्माण किया गया है। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा, उदयपुर नगर निगम द्वारा विश्वविद्यालय में स्थापित की गई है और डॉ. डी. एस. कोठारी की प्रतिमा नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा बनवाई गई है।

रोटरी क्लब उदयपुर के द्वारा विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड परिसर में खिलाड़ियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु 'प्रो. यून. एन. उपाध्याय स्मृति वाटर कूलर' स्थापित किया गया।

पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास

आधुनिक विज्ञान एवं भौतिक विकास की अंधी दौड़ में उत्पन्न हुई पर्यावरणीय चुनौतियों की वैश्विक चिंताओं के परिप्रेक्ष्य में यह विश्वविद्यालय अपनी भूमिका के प्रति सदैव सजग रहा है। इस हेतु विश्वविद्यालय ने अनेक ऐसे समसामयिक प्रयास एवं नवाचार किए हैं जिनसे पर्यावरणीय संरक्षण और सतत विकास को संबल मिलता है।

जन्नत गार्डन

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने श्री मोहनलाल सुखाड़िया की प्रतिमा के समीप ढलाननुमा स्थान पर भूगोल विभाग के पूर्व संकाय सदस्य प्रो. इशाक मोहम्मद कायमखानी द्वारा निजी वित्तीय संसाधनों एवं प्रयासों से एक Herbarium या गार्डन वर्ष 2007–08 में विकसित किया गया जिसमें वे एक दशक में लगभग 15 लाख रुपये व्यय कर चुके हैं। इस गार्डन में छायादार वृक्षों में नीम तथा पाम, श्रृंगार पौधों में चाइनीज पाइनसेटिया, फलदार वृक्षों में आम, शहतूत, अमरुद, रामफल तथा जामुन और पुष्पों में सात रंगों के कमल, गुलाब, लिलि, गेंदा, जरबेरा तथा कारनेशन इत्यादि विश्वविद्यालय की शोभा बढ़ा रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।



जन्नत गार्डन का मनमोहक फव्वारा



प्रो. इशाक मोहम्मद कायमखानी

सामाजिक वानिकी

विश्वविद्यालय में प्रतिवर्ष मानसून के मौसम में वृक्षारोपण का कार्य करवाया जाता है तथा सभी परिसरों को हरा–भरा बनाया जाता है। संकाय सदस्यों, गैर–शैक्षणिक कार्मिकों, शोधार्थियों और एनसीसी एवं एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों द्वारा सरकारी एवं गैर–सरकारी संगठनों की सहायता से निरंतर वृक्षारोपण कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। प्राणिशास्त्र विभाग की पहल पर 'ग्रीन कैंपस : क्लीन कैंपस' तथा 'वन स्टूडेंट : वन प्लांट' मुहिम भी चलाई जा चुकी है।विभाग द्वारा एक वर्मीकमपोस्ट यूनिट भी संचालित की जाती है। वर्ष 2012–13 में विश्वविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को 'No Vehicle Day' मनाया जाता था।

विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कार्य

कबाड़ से कलाकृति (Best of Waste)

विश्वविद्यालय का दृश्य कला विभाग देश–विदेश में कला के उन्नयन एवं संरक्षण संबंधी प्रयासों के लिए विख्यात है। तत्कालीन विभागाध्यक्ष प्रो. हेमंत द्विवेदी द्वारा 19–28 फरवरी, 2019 को दस दिवसीय स्क्रेप (Scrap) मूर्तिकार शिविर (Spring) में विश्वविद्यालय में पड़े नाकारा सामान जैसे कुर्सियाँ, पंखे, पाइप, जाल, पतड़े तथा तारों इत्यादि से देशभर से आए दस कलाकारों ने विभाग के विद्यार्थियों की सहायता से सराहनीय एवं मनमोहक कलाकृतियाँ निर्मित कर विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर स्थापित कर आमजन, कलाकारों तथा मीडिया की दुनिया का ध्यान आकृष्ट किया और आज इन कलाकृतियों को देखने पर्यटक भी विश्वविद्यालय आते हैं। इस कला शिविर के समानांतर 24–28 फरवरी, 2019 को पांच दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकार शिविर भी आयोजित हुआ जिसमें देशभर से आए 40 कलाकारों के सधे हाथों ने आकर्षक, प्रेरक एवं समसामयिक चित्र बनाकर विश्वविद्यालय को सौंपे।

Crow
(Sh. Alay Mistry, Ahmedabad)

Perpetual Motion
(Sh. Arpit, Biloria, Gujarat)

Bezooka
(Sh. Bhupesh Kavadia, Udaipur)

Spring
(Sh. Dinesh Upadhyay, Udaipur)

Hanging Fish
(Sh. Naseem Ahamed)

वीर भोग्या वसुंधरा
(Sh. Hansraj Kumawat, Jaipur)

The Curious
(Sh. Sandeep Paliwal, Udaipur)

Through The Eyes of Mahatma
(Sh. Taheer Merchant, Udaipur)

सौर ऊर्जा उत्पादन

विश्वविद्यालय के लगभग सभी प्रमुख भवनों की छतों पर सन् 2019 में भारत सरकार के लोक उपक्रम 'भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड' के तत्वावधान में उनके द्वारा चयनित प्राइवेट संस्था 'Fourth Partner Energy Pvt. Ltd., Hyderabad' ने सोलर पैनल स्थापित किए थे जिनसे 800 किलोवाट विद्युत उत्पादन होता है। विश्वविद्यालय के विद्युत प्रकोष्ठ के कार्मिक श्री प्रमोद पालीवाल एवं श्री संपत सिंह राव की टीम तथा फोर्थ पार्टनर एनर्जी कम्पनी, ऑनलाइन इस तंत्र की निगरानी करते हैं। इस कंपनी से हुए एमओयू के अनुसार यह कंपनी 25 वर्ष तक इन सोलर पैनल्स तथा उपकरणों का रखरखाव करेगी। इस तंत्र से उत्पन्न विद्युत मुख्य लाइनों में जाती है तथा विश्वविद्यालय को विद्युत बजट में लगभग 1.5 से 2.0 लाख रुपयों की प्रतिमाह बचत होने लगी है। RESCO (Renewable Energy Service Company) Mode पर बने इस Roof Top Power Plant पर विश्वविद्यालय की कोई लागत नहीं आई है।

विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों पर सोलर पैनल

क्रम सं.	भवन	सोलर पैनल से विद्युत उत्पादन क्षमता
A.	**New Campus Unit 1**	
1.	Cafeteria Building	32.5 KW
2.	Biotechnology Building	133.25 KW
3.	UCSSH Building A	32.5 KW
4.	UCSSH Building B	55.25 KW
5.	University Building	46.8 KW
	Total	**300.3 KW**
B.	**New Campus Unit 2**	
1.	F.M.S. Building	84.5 KW
2.	Computer Sc. Building	72.8 KW
3.	Polymer Sc. Building	80.00 KW
4.	UCCSH Library Building	62.7 KW
	Total	**300.00 KW**
C.	**Old Campus**	
1.	Univ. College of Commerce	100 KW
2.	Deendayal Upadhyay Block Sc. College 1	50.00 KW
3.	Deendayal Upadhyay Block Sc. College 2	50.00 KW
	Total	**200.00 KW**
	Grand Total	**800.3 KW**

विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय पर लगे सौर ऊर्जा पैनल्स

जल–संरक्षण

विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में वर्ष 2018 में जिला प्रशासन द्वारा वर्षा जल को सीधे भूमि में उतारने हेतु Water Recharge Well निर्मित किए गए हैं।

डिजिटल इंडिया

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के वर्तमान युग में परंपरागत शासन–प्रशासन की अपेक्षा कम्प्यूटर एवं इंटरनेट आधारित तकनीकों के माध्यम से अधिसंख्य (यथासंभव) कार्य इलेक्ट्रॉनिक्स स्वरूप में निष्पादित करने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकारें तेजी से अग्रसर हैं। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय देश के उन चुनिंदा विश्वविद्यालयों में शुमार है जिन्होंने 21वीं सदी के शुरुआत से पूर्व इंटरनेट सुविधाओं का उपयोग करना शुरु कर दिया था।

सन् 2016 से यूजीसी द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय अकादमिक डिपॉजिटरी (NAD) पहल के अंतर्गत मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने 19 सितंबर, 2017 को NDML (NSDL Data-Base Management Ltd.) से Service Level Agreement करके वर्ष 2015–16 की 61,898, वर्ष 2016–17 की 64,264 तथा वर्ष 2017–18 की 68,429 डिग्रियाँ Digi Locker पर उपलब्ध करवा दी हैं ताकि विद्यार्थी कभी भी (24x7) अपनी डिग्री ले सकें तथा नियोक्ता भी संतुष्टि हेतु डिग्रियों का ऑनलाइन प्रमाणीकरण कर सकें। इससे डिग्री कार्य में कार्यकुशलता, प्रभावशीलता, त्वरितता, विश्वसनीयता, मितव्ययता, पारदर्शिता तथा उपयोगिता में उत्साहजनक अभिवृद्धि हुई है।

प्रो. के. वेणुगोपालन : एक संक्षिप्त परिचय

प्रो. के. वेणुगोपालन

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को आधुनिक तथा 21वीं सदी की सूचना प्रौद्योगिकी और गुणवत्तापूर्ण अकादमिक सुधारों के साथ कदमताल करने योग्य बनाने में भौतिकशास्त्री प्रो. के. वेणुगोपालन की भूमिका बहुत उल्लेखनीय रही है। दिनांक 21 नवंबर, 1956 को केरल के मक्कड़ (कालीकट) में जन्मे प्रो. वेणुगोपालन ने बी. एससी. एवं एम. एससी. कालीकट विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की तथा पीएच. डी. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से सन् 1985 में पूरी की।

सहकर्मियों में 'वी. जी. सर' तथा 'वेणु सर' के नाम से लोकप्रिय प्रो. के. वेणुगोपालन ने विश्वविद्यालय में कई महत्त्वपूर्ण पदों यथा– डीन, पी. जी. स्टडीज, अधिष्ठाता, विज्ञान महाविद्यालय, निदेशक, कंप्यूटर सेंटर, पाठ्यक्रम निदेशक, प्रभारी, परीक्षा परिणाम, विभागाध्यक्ष, भौतिकशास्त्र इत्यादि को सुशोभित किया है। आपके अथक प्रयासों के सुपरिणामों में विश्वविद्यालय में इंटरनेट, संचार तंत्र, कंप्यूटर प्रणाली, सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित विषय, उत्तर पुस्तिकाओं पर बारकोडिंग, आधुनिक पाठ्यक्रमों की रचना, नैक प्रत्यायन, न्यूक्लियर स्पेक्ट्रोस्कॉपी परीक्षण सुविधा प्रसार, सेमेस्टर पाठ्यक्रम निर्माण, अकादमिक सुधार तथा बहुविकल्पीय प्रश्नों की ऑनलाइन परीक्षा मॉड्यूल निर्माण इत्यादि सम्मिलित हैं।

प्रतिदिन विश्वविद्यालय को लगभग 15 घंटे समर्पित करने वाले प्रो. के. वेणुगोपालन ने सन् 2010 से 2015 के मध्य PC PMT, BSTC, Gr.III Teachers भर्ती, RIICO, देवस्थान तथा खनिज विभाग इत्यादि हेतु प्रतियोगी परीक्षाएँ सफलतापूर्वक आयोजित करवा के न केवल विश्वविद्यालय की साख में वृद्धि की बल्कि इससे विश्वविद्यालय के वित्तीय संसाधनों में लगभग 30 करोड़ रुपयों की बढ़ोतरी भी हुई। हँसमुख, मृदु तथा मिलनसार 'वेणु सर' 23 अगस्त, 2016 को हमसे विदा लेकर महाप्रयाण कर गए। विश्वविद्यालय परिवार उनकी अद्भुत, अविस्मरणीय तथा अतुलनीय सेवाओं के लिए सदैव ऋणी रहेगा।

इंटरनेट और ऑनलाइन सुविधाएँ

इस विश्वविद्यालय की स्थापना काल से ही टेलीफोन सुविधा उपलब्ध थी किंतु आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी का प्रवेश विगत सदी के अंतिम दशक में उल्लेखनीय ढंग से हुआ। अस्सी के दशक में पहला कम्प्यूटर भौतिक शास्त्र विभाग में खरीदा गया तथा सन् 1985 में कम्प्यूटर साइंस एक विषय के रूप में बी.एससी. के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित हुआ। पहले से कार्यरत टेलिफोन एक्सचेंज को तत्कालीन कुलपति प्रो. आर. के. राय ने प्रो. के. वेणुगोपालन के सहयोग से वर्ष 1994–95 में आधुनिक स्वरूप प्रदान किया तथा नवीन परिसर के प्रशासनिक भवन में 16 जनवरी, 1995 को उन्होंने कम्प्यूटर आधारित टेलिफोन एक्सचेंज 'संगणक एवं दूरसंचार सुविधा' का उद्घाटन किया। सन् 1998 में प्रो. के. वेणुगोपालन के अथक परिश्रम से इंटरनेट सुविधा शुरु हुई तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mlsu.ac.in विकसित की गई। फरवरी, 2021 में प्रत्येक विभाग एवं इकाई को इस वेबसाईट पर पृथक् पेज बनाने की सुविधा दी गई।

I.U.M.S.

I.U.M.S. या Integrated University Management System सन् 2015 से प्रवर्तित वह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो इंटरनेट पोर्टल सुविधा के माध्यम से कई प्रकार की सुविधाएँ देता है। भारत सरकार के लोक उपक्रम ITI Ltd., New Delhi के साथ हुए समझौते (14 मार्च,2015) के द्वारा निर्धारित दरों पर (विश्वविद्यालय के द्वारा देय) निम्नांकित सुविधाएँ विद्यार्थियों, कार्मिकों तथा सुविधाभोगियों को दी गई हैं–

1. संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया
2. परीक्षा परिणाम
3. महाविद्यालयों की संबद्धता

10. अतिथि गृह प्रबंधन
11. एल्यूमिनाई संघ
12. दीक्षांत समारोह प्रबंधन

4. विद्यार्थी स्वयं सहायता
5. शुल्क प्रबंधन
6. बजट प्रबंधन
7. संस्थापना कार्य
8. वेतन रॉल
9. छात्रावास प्रबंधन
13. कार्यालय प्रबंधन
14. फाइल प्रबंधन
15. पत्र मूवमेंट प्रबंधन
16. पेंशन एवं जीपीएफ
17. सूचना का अधिकार आवेदन प्रबंधन

I.U.M.S. से पूर्व ही सन् 2001 से विश्वविद्यालय में ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा एवं प्रवेश कार्य होने लग गया था किंतु इस हेतु अलग–अलग निजी कम्पनियों या फर्मों को ठेका दिया जाता था जो अब एक ही कम्पनी को एकीकृत कर दिया गया है।

हेल्प लाईन

सन् 2016 से विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रवेश, परीक्षा, परिणाम तथा अन्य परिवेदनाओं के निस्तारण इत्यादि में सहायता देने हेतु एक 'हेल्प लाईन' संचालित की जा रही है। एक निजी फर्म के माध्यम से यह कार्य दूरभाष अथवा प्रत्यक्ष संपर्क के माध्यम से संपन्न करवाया जा रहा है। सन् 2020 से विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट पर 'ask me' के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी पूछताछ एक इलेक्ट्रॉनिक लिखित संदेश के माध्यम से भेज सकता है।

M.o.U

विश्वविद्यालय ने शोध कार्यों में गुणवत्ता तथा संस्थागत सहयोग बढ़ाने हेतु निम्नांकित संस्थाओं से एम. ओ. यू. किए हैं–

1. Physical Research Laboratory, Ahmedabad
2. BIMTECH, Greater Noida
3. Jaipuria Institute of Management Studies, Noida
4. IIMT, Meerut
5. IITM, Pune
6. EMPI Business School, New Delhi
7. Dept. of Community Medicine, AIIMS, Jodhpur.
8. ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय
9. देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार

संसाधन गतिशीलन

केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त वित्तीय अनुदान तथा अन्य प्रयासों से विश्वविद्यालय का आधारभूत ढाँचा सुदृढ़ हुआ है। आज विश्वविद्यालय के पास निम्नांकित सुविधाएँ हैं–

1. पर्सनल कम्प्यूटर्स = 760
2. लेपटॉप = 59
3. एल. सी. डी. एवं प्रोजेक्टर्स = 81
4. पोडियम = 40
5. प्रिन्टर्स एवं स्कैनर्स = 108
6. फोटोकॉपी मशीन = 18
7. लैन (LAN) सुविधा सहित कक्ष = 277
8. स्मार्ट कक्षा कक्ष = 21
9. स्मार्ट बोर्ड = 18
10. सेमिनार हॉल = 21
11. कक्षा कक्ष = 139
12. सी. सी. टी. वी. = 332

सुसज्जित जी. आई. एस. लैब (भूगोल विभाग)

विश्वविद्यालय को अनेक अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय प्रशासनिक एवं शोध संगठनों से विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता मिलती रही है। भू–विज्ञान विभाग को वर्ष 1990–95 के दौरान COSIST (Committee on Strengthening of Infrastructure in Science and Technology) के तहत अनुदान प्राप्त हुआ तो भौतिक शास्त्र विभाग को सन् 1987 से 1999 के दौरान UGC-DRS के तीन चरणों में वित्तीय सहायता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त हुई। इसी तरह वनस्पति शास्त्र एवं प्राणिशास्त्र विभाग को भी DRSesa दो चरणों की सहायता मिली है।

विश्वविद्यालय में जैन एवं प्राकृत विभाग प्रारंभ करने हेतु श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ बीकानेर ने 2 लाख रुपये तथा 1 लाख रुपये राज्य सरकार ने प्रदान किए। डॉ. कुलदीप शर्मा को DST - Young Scientist Project मिल चुका है। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा की DST - Inspire Faculty Award के अंतर्गत शोध परियोजना स्वीकृत हुई है। भूगोल विभाग के प्रो. पी. आर. व्यास के द्वारा वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 में रूसा 1.0 एवं 2.0 में ली गई परियोजनाओं के अंतर्गत Gender Atlas of Rajasthan तैयार किए गए हैं। प्रो. बी. एल. आहूजा (20 प्रोजेक्ट्स) सहित अन्य संकाय सदस्यों को मिले रिसर्च प्रोजेक्ट्स (UGC,DST, ISRO, ICSSR etc.) से प्रयोगशाला उपकरणों तथा आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विश्वविद्यालय ने विगत तीन दशकों से राज्य की अनेक बड़ी प्रतियोगी परीक्षाएँ आयोजित करा के न केवल अपने संसाधनों में वृद्धि की है बल्कि अपनी प्रशासनिक क्षमता का भी लोहा मनवाया है। इन परीक्षाओं में पी. एम. टी., पी. ई. टी., बी. एस. टी. सी., ग्रेड थर्ड टीचर्स परीक्षा, खनन विभाग, देवस्थान तथा रीको की भर्ती परीक्षा इत्यादि कुछ उदाहरण हैं।

रूसा

Prof. Kanika Sharma

Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA)

RUSA is a holistic scheme for the development of higher education in India, initated in 2013. MLSU, having a 'A' grade by NAAC it was chosen as a beneficiary institution by MHRD and in the year 2015-16 and received Rs. 20.00 Crore under Component-3 of Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan-1 (RUSA-1), from MHRD, GOI and State Project Directorate, Rajasthan for infrastructure development. The focus of the entire programme was to take a step towards making Mohanlal Sukhadia University a seat of higher learning and quality teaching. The grant was utilized to improve the existing infrastructure, augment the library and laboratory resources, and improve student facilities, playgrounds etc. so as to create a better environment for imparting knowledge and doing quality research. Under this scheme various new buildings such as laboratories for Science, Geography, Geology, Visual Arts, Music and Psychology Departments, ICT enabled class rooms, student facilities, Seminar rooms, Moot Court, E-campus facilities were created. The student hostels, basket ball court, guest House, university administrative office, auditorium, UG and PG laboratories, cafeteria, water harvesting system etc. were given a facelift. Efforts were made to create ICT facilities in all departments and a large number of books, laboratory equipments, E-Resources, computers and accessories, LCD projectors, interactive boards and podium, visualizers, biometric machines, CCTV cameras were purchased to augment the teaching and learning resources. In order to improve the soft skills of students, Language & Communication Skill Labs were established in both campuses. To motivate students to perform better in sports, sports items such as archery set, air rifles and pistols, kayak & canoe set, gymnastic set, boxing equipments etc. were also purchased.

In the year 2020-21 Mohanlal Sukhadia University received Rs. 50.00 Crore under Component-10 of Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan-2 (RUSA-2). This grant has been provided for the establishment of Entrepreneurship,

Innovation and Career Hub and for Research and Innovation Projects of the Faculty. Under the Career Hub, a variety of centres, skill based certificates, diploma courses and training workshops will be started to strengthen value addition, entrepreneurship related business and employment understanding among the students. Training of practical and communication skills will be provided by the finishing school and placement cell. Along with urban students, students of rural and tribal areas of South Rajasthan will also be trained. The 56 R and I projects are mainly related to social, Environmental and academic issues of South Rajasthan such as capacity building and livelihood security, legal rights of women, impact of MGNREGA, tribal folklore and literature, smart village initiatives, prediction model for road accidents, Electoral Information System, Protection of Cultural heritage, Contribution of Mass Communication to Socio-Economic Development, Pesticide Resistance, Causes of Suicide, Gender Discrimination, Tribal Adolescent Mother Care, Marble Slurry Soil Rejuvenation, Pesticide Residues in Consumables, Ground Water Assessment of quality, use of traditional medicinal plants, E-learning platform, Drug designing, Geological and Geotechnical studies, Library automation, Development and optimization of Block chain accounting, Magnetic configuration profiles, Energy conversion and storage materials, Stationary and High efficiency solar cell device etc.

The following Centres are being established under the Entrepreneurship and Career Hub:

1. Entrepreneurship and skill development centre in Bioprocess and Biotechnics.
2. Incubation Center and Technical Solution Hub.
3. Centre for Innovation and Entrepreneurship for Exploring Public Health Skills in the Tribal belt of Rajasthan.
4. Centre for Vermiculture Biotechnology and Mushroom Farming.
5. Centre for Geospatial technology.
6. Entrepreneurship and Small Businesses Skill Development Centre.
7. Digital Marketing Career Hub Lab.
8. Communication Skill Centre in English and Foreign Language.
9. Skill Development Centre for Visual Arts.

Along with these several short term diploma courses and some training workshops on Cognitive Behavioral Therapy, Art Therapy, Emotional Freedom Technique (EFT) practitioner, Clinical Hypnotherapy Importance of overall Health through Meditation, Eye movement, Desensitisation reprocessing, Energetic healing techniques (as treatment of wellness and diseases, Intensive clinical training in Psychological testing, Research method and SPSS etc. will also be conducted.

The University hopes to make a mark in the academic echelons and become a global entity and the grants received from MHRD, GOI and State Project Directorate, Rajasthan will go a long way in making this dream come true.

नैतिक मूल्य एवं सांस्कृतिक संवर्द्धन

विश्वविद्यालय द्वारा नैतिक मूल्यों के संवर्द्धन तथा सांस्कृतिक परम्पराओं को अक्षुण्ण रखने के निरंतर प्रयास हुए हैं।

विश्वविद्यालय आनन्द एवं आरोग्य केन्द्र के अंतर्गत गीता स्वाध्याय

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को दृष्टिगत रखते हुए आनंद एवं आरोग्य केंद्र की स्थापना की गई। यह केंद्र विश्वविद्यालय क्रीडामंडल के अंतर्गत योग–केन्द्र में संचालित किया गया। केंद्र का उद्घाटन दिनांक 12 जुलाई, 2017 में को तत्कालीन कुलपति प्रो. जे.पी. शर्मा द्वारा किया गया।

केंद्र में विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा उदयपुर शहर के नागरिकों के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा और जीवन–दर्शन के आधारभूत शास्त्रों के स्वाध्याय द्वारा आनंद–विस्तार का संकल्प किया गया। इस दृष्टि से सर्वप्रथम श्रीमद्भगवद्गीता पर प्रतिसप्ताह धारावाहिक व्याख्यान 'गीता–सञ्जीवनी' आयोजित किए गए। दो वर्षों तक प्रत्येक बुधवार को सायंकाल 5:00 बजे प्रो. नीरज शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता के अध्यायों पर क्रमशः श्लोकानुसार प्रवचन किया। गीता पर शताधिक घण्टों के मार्मिक व्याख्यान विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किए जाते रहे। देश के किसी भी विश्वविद्यालय में इस तरह का

यह अनन्य प्रकल्प था। देश के अकादमिक जगत में 'बेस्ट प्रेक्टीसेज' के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के ये गीता व्याख्यान खूब चर्चित और प्रशंसित हुए। केन्द्र ने वेदव्यासजयंती, गीताजयंती आदि अनेक आयोजन भी किए जिनमें विश्वविद्यालय तथा शहर के नागरिकों की अच्छी सहभागिता रही।

2020 में आनंद एवं आरोग्य केंद्र को विश्वविद्यालय क्रीडामंडल से अलग करके स्वतंत्र केंद्र के रूप में स्थापित किया गया जो कि वर्तमान में विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के एंप्लॉयमेंट ब्यूरो परिसर में संचालित किया जा रहा है।

गीता स्वाध्याय साप्ताहिक कार्यक्रम में प्रवचन देते प्रो. नीरज शर्मा

आनन्दम्

वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में आनंदम् पाठ्यक्रम को लागू करने के निर्देश प्रदान किए। यह प्रायोगिक पाठ्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक क्रेडिट कोर्स के रूप में लागू किया गया। इस पाठ्यक्रम के द्वारा छात्रों के चरित्र एवं व्यवहार में मैत्री, करुणा, सदाशयता, सहृदयता, सहयोग, सकारात्मकता, सृजनात्मकता आदि श्रेष्ठ मूल्यों की स्थापना संकल्पित है। वस्तुतः आनंद हमारी स्वाभाविक स्थिति है जो हमारे स्वाभाविक मानवीय व्यवहार पर ही निर्भर करती है। व्यक्ति, वस्तु–पदार्थ, घटना–परिस्थिति की अनुकूलता से उत्पन्न और उस पर निर्भर खुशी तथा आनन्द सीमित और अल्पकालीन होता है जबकि सद्व्यवहार, सत्कर्म, सहयोग, करुणा आदि मूल्यों से उत्पन्न खुशी या बाँटने का सुखानुभव–आनन्दानुभव असीमित और निरन्तर होता है। इस निरन्तर या सतत प्रसन्नता के भाव को जाग्रत रखने के लिए ही आनन्दम् पाठ्यक्रम की योजना बनाई गई है। सेमेस्टर योजना में 50 अंक अथवा दो क्रेडिट तथा वार्षिक योजना में यह 100 अंक का अनिवार्य पाठ्यक्रम है जिसमें छात्र के व्यक्तिगत एवं सामूहिक सेवा कार्य के प्रदर्शन का निरीक्षण तथा आकलन किया जाता है। व्यक्तिगत कार्य के अंतर्गत छात्र प्रतिदिन कुछ ना कुछ अच्छाई या भलाई का काम करते हुए उसे अपनी आनंदम् दैनन्दिनी में अंकित करते हैं तथा सामूहिक कार्य के अंतर्गत छात्रसमूह किसी सामुदायिक समस्या को पहचान कर उसके समाधान के लिए मिलकर कार्य करते हैं। इसके लिए छात्र समूह अपने मेंटर से मदद ले सकते हैं तथा समस्या समाधान के लिए सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के साथ समन्वय भी कर सकते हैं। सामूहिक तथा सामुदायिक सेवा कार्य के द्वारा छात्रों में पारस्परिक समन्वय, संवाद, संपर्क, योग्यता आदि का विकास होता है तथा उनमें नेतृत्व की क्षमता भी विकसित होती है।

विश्वविद्यालय की आनंदम् पाठ्यक्रम योजना के प्रथम समन्वयक प्रोफेसर संजय लोढ़ा रहे जिनके सेवानिवृत्त होने के उपरांत आनंद एवं आरोग्य केंद्र के निदेशक प्रोफेसर नीरज शर्मा को यह प्रभार दिया गया। विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद् की बैठक दिनांक 14.09.2020 के प्रस्ताव संख्या एस/3 के द्वारा आनंदम् पाठ्यक्रम को स्वीकृत एवं अनुशंसित किया गया ।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, विभागों, संघटक तथा संबद्ध महाविद्यालयों में आनंदम् पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समुचित कदम उठाए गए। सर्वप्रथम 27 नवम्बर, 2020 को 'आनंदम् अभिविन्यास' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी संबद्ध महाविद्यालयों की ऑनलाइन सहभागिता रही। इसी कार्यक्रम के अनुसरण में 7 दिसंबर, 2020 को 'आनंदम् दिवस' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंटआबू तथा गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा भी सहभागी रहे। कार्यक्रम में उदयपुर, सिरोही, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़ आदि जिलों के सैकड़ों महाविद्यालय ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े। इसमें प्रदेश के उच्चशिक्षा मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी मुख्य

अतिथि रहे। 25 दिसंबर, 2020 को श्रीकल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय, निंबाहेड़ा, शांतिपीठ, उदयपुर तथा पाथ टू आनन्दम्, डेनविल, केलिफोर्निया, यूएसए के संयुक्त तत्त्वावधान में 'आनन्दमार्ग– गीता' विषय पर अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 18 फरवरी, 2021 को आनंदम् प्रशिक्षण कार्यशाला 'आनंदप्रवाह' का आयोजन किया गया जिसमें उच्च शिक्षा सचिव डॉ. शुचि शर्मा मुख्य अतिथि रही।

आनन्दम् का प्रतीक चिह्न दिनांक 26.02.2021 को शासन सचिव, उच्च, तकनीकी एवं संस्कृत शिक्षा, राजस्थान सरकार श्रीमती शुचि शर्मा द्वारा विभागीय समारोह में जारी किया गया जिसमें मैत्री, करुणा, सहृदयम् तथा सृजनम् मुख्य लक्ष्य हैं।

संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों का प्रसार

27वें दीक्षांत समारोह (21 दिसम्बर, 2019) के दौरान प्रथम बार माननीय कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र की पहल पर सभागार में उपस्थित सभी व्यक्तियों द्वारा संविधान की उदेद्शिका एवं मूल कर्त्तव्यों का वाचन किया गया। वर्ष 2020 से विश्वविद्यालय के प्रत्येक अकादमिक कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलपति इसका वाचन करते हैं ताकि सभी को अपने संविधान पर गर्व हो और सद्कर्म की प्रेरणा मिले।

108 फीट का राष्ट्रीय ध्वज

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सम्मुख 108 फीट का राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) शान से लहराता है। यह ध्वज उदयपुर शहर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट के बाद दूसरा ऐसा ध्वज है जिसकी ऊँचाई 108 फीट है। वर्ष 2017–18 के केन्द्रीय छात्रसंघ के अध्यक्ष के पत्र पर इस ध्वज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. एस. के. कटारिया, श्री ए. एस. खान (विश्वविद्यालय अभियंता) तथा श्री भवानी शंकर बोरीवाल (केन्द्रीय छात्रसंघ अध्यक्ष) की एक समिति गठित की थी। समिति की अनुशंसा पर B.S.N.L. की इंजीनियरिंग विंग से लगभग 11 लाख रुपये में ये मेकेनाइज्ड राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करवाया गया तथा 15 अगस्त, 2018 को तत्कालीन कुलपति प्रो. जे. पी. शर्मा ने ध्वजारोहण कर गगन शोभा में वृद्धि की।



विश्वविद्यालय में शान से लहराता 108 फीट का राष्ट्रीय ध्वज

रक्तदान एवं अन्य योगदान

विश्वविद्यालय में स्थापना काल के प्रारम्भ से ही आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं। सन् 1999 से छात्रसंघ की पहल पर प्रतिवर्ष नियमित रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं। सन् 1962 में भारत–चीन युद्ध के समय विश्वविद्यालय के समस्त कार्मिकों ने एक दिन का वेतन रु. 8439.89 राष्ट्रीय सुरक्षा कोष में दिया था तथा राजस्थान पशु चिकित्सा एवं

पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के कार्मिकों ने दो सोने की अंगूठी, 5 सोने के मेडल तथा 4 चाँदी के मेडल भी दिए थे। कालान्तर में राष्ट्रीय आपदा या संकट के समय हर बार विश्वविद्यालय ने अपना सामाजिक दायित्व निर्वाहित किया है।

युवा विकास

विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रवेश पाने वाले किशोर अपनी डिग्री प्राप्ति तक युवा के रूप में परिपक्व हो चुके होते हैं। इस अध्ययन अवधि में उनके व्यक्तित्व को उत्तरदायी नागरिक के रूप में ढालने हेतु उच्च शिक्षण संस्थाओं की महती भूमिका रहती है। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने सदैव अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु सतत प्रयास किए हैं। प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस पर पुरस्कृत करने तथा उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु थ्री टीयर ए. सी. यात्रा सुविधा देने में यह विश्वविद्यालय अग्रणी है।

एनसीसी

राष्ट्रीय कैडेट कोर योजना के अंतर्गत तत्कालीन एम. बी. कॉलेज को सन् 1950 में 54 कैडे्टस से युक्त एक प्लाटून स्वीकृत की गई थी। एन. सी. सी. एयर विंग ने वर्ष 1977–78, 1978–79 तथा सन् 2000 में अखिल भारतीय स्तर पर ग्लाइडिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रधानमंत्री के हाथों पुरस्कृत हुई। विश्वविद्यालय की एन. सी. सी. नेवल विंग ने विगत दशक में निरंतर सराहनीय प्रदर्शन किया है। ले. डॉ. अजित कुमार भाबोर के नेतृत्व में सन् 2014 में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में तीन मेडल, सन् 2015 में भी 3 मेडल तथा सर्वश्रेष्ठ ए. एन. ओ. और सन् 2016 एवं 2018 में भारत भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एनएसएस

विगत सदी के नवें दशक में (1986–87) वाणिज्य प्रबंध अध्ययन महाविद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने मई माह में उदयपुर से दिल्ली तथा वापसी साइकिल द्वारा 'शांति सद्भावना यात्रा' कर समाज को प्रेरक संदेश दिया।

विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी विनीता भंडारी एवं विंजा राम सोलंकी भारत–चाईना यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित हो चुके हैं तो दूसरी ओर उमा कृष्णावत को खेलकूद में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

रेड रिबन क्लब

विश्वविद्यालय में सन् 2020 में डॉ. पी. एस. राजपूत के निर्देशन में 'रेड रिबन क्लब' गठित किया गया तथा 18 फरवरी, 2021 को Red Ribbon Club के तत्त्वाधान में प्रथम आमुखीकरण संगोष्ठी हुई। विगत सदी के नब्बे के दशक से एचआईवी/एड्स के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने हेतु और शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों में स्वास्थ्य चेतना, रक्तदान एवं समाज सेवा की प्रेरणा हेतु यह अभियान भारत सरकार के संगठन नाको (NACO) के द्वारा प्रायोजित है।

भारत का संविधान

उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व–संपन्न, समाजवादी पंथ–निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य, बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को:

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय,
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की स्वतंत्रता,
प्रतिष्ठा और अवसर की समता
प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और
राष्ट्र की एकता और अखंडता,
सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए

दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छः विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

मूल कर्त्तव्य

अनुच्छेद 51क, मूल कर्तव्यः–भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह–

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को ह्रदय में सँजोए रखे और उनका पालन करे;

(ग) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;

(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;

(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभावों से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध है;

(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव है, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;

(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू ले;

(ट) जो माता–पिता या संरक्षक है, छः वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

रोजगार सहायता

विश्वविद्यालय में अक्टूबर, 1972 से 'Employment Information and Career Guidance Bureau' कार्यरत रहा है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु 'Competitive Examination Centre' भी दो दशक तक कार्यरत रहा है जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं यथावश्यक शिक्षण प्रदान करता था। विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष एकाधिक बार निजी कंपनियों से संवाद करके विश्वविद्यालय कैंपस में प्लेसमेंट शिविर आयोजित किए जाते है। सन् 2018 में फिनिशिंग स्कूल की स्थापना की गई जो डिग्री प्राप्ति और रोजगार प्राप्ति के बीच के अंतराल को मिटाते हुए ऐसा कौशल युवाओं में विकसित करता है जो उन्हें न केवल रोजगार योग्य बनाता है बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि करता है।

खेलकूद

विश्वविद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों द्वारा अखिल भारतीय अन्तरविश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में वर्ष 1987–88 से 2019–20 तक 88 पदक जीते गए हैं जो मुख्यतः मुक्केबाजी, तैराकी, योगासन, शक्तितोलन, एथेलेटिक्स, कयाकिंग, जिमनास्टिक, तीरंदाजी इत्यादि में हैं। इनमें श्री सांडे लाउस ओमा (1933–94, 1994–95 एवं 1995–96 मुक्केबाजी), श्री रमेश चौधरी (1994–95 मुक्केबाजी), श्री मोहम्मद अली (1999–20 मुक्केबाजी), श्री मुकेश डामोर (2009–10 तीरंदाजी), सुश्री विनीशा जोशी (2010–11 मुक्केबाजी), श्री सुरेन्द्र कुमार (2015–16 एथलेटिक्स), सुश्री सोनल सुखवाल (2019–20), सुश्री भावना साहू (2019–20 किक बॉक्सिंग), श्री नितिन बिष्ट, श्री रुद्रप्रताप सिंह, श्री अजय साहू, श्री महर्षि भटनागर, श्री सोनू यादव, श्री रविन्द्र जांगिड़ (सभी 2019–20 कयाकिंग) द्वारा प्राप्त स्वर्ण पदक उल्लेखनीय हैं। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय राज्य में ऐसा प्रथम विश्वविद्यालय है जहाँ 'योग केन्द्र' की स्थापना सबसे पहले की गई थी और डॉ. दीपेन्द्र सिंह चौहान (समन्वयक, योग केन्द्र) को योग प्रशिक्षक का विधिवत् प्रशिक्षण दिलवाया गया था।

सांस्कृतिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियाँ

वर्ष 2007–08 में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी श्री चिराग धरमावत ने पश्चिम क्षेत्र अन्तरविश्वविद्यालयीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता कविता पाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो ऐसे ही आयोजन में वर्ष 2017–18 में कु. नीलम पटेल ने स्पॉट फोटोग्राफी में तथा कु. सुमित्रा कश्यप ने रंगोली में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य अवसरों पर भी विद्यार्थिगण कीर्ति पताका फहराते रहे हैं। अंग्रेजी विभाग द्वारा सन् 1979 से निरन्तर प्रतिवर्ष 'नियाज अहमद अन्तरविश्वविद्यालयी वाद–विवाद प्रतियोगिता' आयोजित करायी जाती है।

विश्वविद्यालय में केन्द्रीय छात्रसंघ तथा महाविद्यालय स्तर के छात्रसंघ पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम, वार्षिक समारोह (Annual Function) फ्रेशर्स पार्टी, पिकनिक, स्टडी विजिट, डांडिया, गणेश महोत्सव तथा अन्य कई प्रकार के अकादमिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राष्ट्र एवं समाज की आवश्यकता या संकट के समय भी विद्यार्थिवर्ग जनजागरुकता तथा सहयोग संबंधी अभियान चलाते रहे हैं।

Finishing School and Placement Cell

Prof. Anil Kothari, Coordinator

Dr. Sachin Gupta, Asstt. Coordinator

Finishing School and Placement Cell, Mohanlal Sukhadia University is Rajasthan's first Finishing School which was started from the academic session 2018-19, under the guidance of Hon'ble Vice Chancellor, Prof J.P.Sharma. It was constituted to bridge the gap between campus to corporate for the students.

In the year 2018-19 the Finishing School and Placement Cell signed on the MOU with schoolguru to facilitate students' placement opportunities in the year 2018-19. Prof. Anil Kothari, Coordinator of the Finishing School and Placement Cell, aims to groom and develop industry-ready candidates and motivate students to develop technical knowledge and soft skills in terms of career planning & goal setting.

Finishing School and Placement Cell is an integral part of Mohanlal Sukhadia University, Udaipur. It facilitates the process of placement of students passing out from the University while collaborating with leading organizations in setting up internship programs and placement for the students. The Cell also provides infrastructural facilities to conduct pre-placement talks, online and written aptitude tests, group discussions, interviews as well as for catering to the hospitality of industry officials while on campus.

The Finishing School and Placement Cell plays a crucial role in locating job opportunities for Under Graduates and Post Graduates passing out, from the University by keeping in touch with reputed firms and industrial establishments. The number of students placed through the campus interviews is continuously rising. On invitation, many reputed industries have regularly visited the institute to conduct interviews for placement.

We have been successful in maintaining our high placement statistics over the last two years and the fact that our students bear the recession blues with record breaking placements is itself a testimony to our caliber.

The Finishing School and Placement Cell organizes career guidance programmes for all the students beginning from the first year. The Cell arranges training programmes like **Mock Interviews, Group Discussions, Seminars and Communication Skills Workshop etc.** It also invites HR Managers from different industries to conduct training programmes for final year students.

Objectives

- To bridge the gap between campus to corporate for the students.
- To guide students in developing their skills, aptitude and knowledge required to achieve their career objectives.
- Pacing with the focus on providing professional training, especially designed to inculcate corporate etiquettes in the students.
- To foster new energy among budding managers and to guide them on the path of success.

Career Development Programs organized

For accomplishing the objectives of Finishing School and Placement Cell we have organized various activities time to time. Some of these activities are -

- Entrepreneurship Development Programme
- International Financing Reporting Standards (IFRS)
- Understanding Business Analytics Using R
- Stock Market Internship Programmes

Anandam, 2020 A National Webinar

The Finishing School and Placement Cell & Department of Tourism and Hotel Management, Mohanlal Sukhadia University, Udaipur organized a one day International Webinar on ''असफलता से सफलता की ओर'' How to re-engineer your life towards success related to ANANDAM on 07 December, 2020. Many Students and Faculty members were involved through the live telecast through University's own satellite channel.

Webinar Series: Campus to Corporate

The list of webinars organized by the Finishing School and Placement Cell is mentioned below.

Title	Event Date
National Webinar on Job Interviews/ Startups Perspectives during uncertain Times	9 June, 2020
Corporate Mannerism	13 June, 2020
Online Group Discussion & Interview skills	20 June, 2020
Positivity in Life	26 June, 2020
The Event Industry in the 'New Normal'	04 July, 2020
"IQ or EQ?" Mantras for Success	11 July, 2020
Placement Opportunities in Covid-19 Scenario	18 July, 2020
Understanding Business Analytics Using R	22-28 July, 2020
Safalta ke Mantra	25 July, 2020
Positive Attitude	08 August, 2020
Discipline and Time Management	29 August,2020
Economic and Sectoral Challenges and Opportunities from Artificial Intelligence: The Roadmap for India to Embark upon	06 October,2020
Reimagining and Fostering Entrepreneurship in Education-NEP 2020: Opening Avenues to Aatmanirbhar Bharat	11 November, 2020
The Building Blocks for Successful Professional Life	03 December,2020

6 प्रगति पथ पर बढ़ते अभिनव कदम (Moving Towards The New Horizon)

डॉ. नवीन नंदवाना

"लोग चाहे मुट्ठी भर हों, लेकिन संकल्पवान हों, अपने लक्ष्य में दृढ आस्था हो, वे इतिहास को भी बदल सकते हैं।"

महात्मा गाँधी

विश्वविद्यालय में प्रो. अमेरिका सिंह का कुलपति के रूप में आगमन विश्वविद्यालय के इतिहास में प्रगति पथ पर एक अभिनव कदम सिद्ध हुआ। आपके कुलपति के रूप में कार्यग्रहण से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व कार्यवाहक कुलपति निभा रहे थे। इससे दैनंदिन कार्य तो विधिवत रूप से संपादित हो रहे थे किंतु कई नीतिगत निर्णयों एवं नवीन गतिविधियों के संपादन का कार्य उचित गति से नहीं हो पा रहा था। महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमान कलराज मिश्र जी ने दिनांक 20 जुलाई, 2020 को प्रो. अमेरिका सिंह के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति होने के आदेश जारी किए। तत्पश्चात् आपने दिनांक 22 जुलाई, 2020 को विश्वविद्यालय के कुलपति पद का दायित्व ग्रहण किया।

प्रो. अमेरिका सिंह का सुखाड़िया विश्वविद्यालय का कुलपति बनना इस विश्वविद्यालय के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय सिद्ध हुआ। आपकी सकारात्मक दृष्टि, नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा, कुशल नेतृत्व एवं समावेशी प्रवृत्ति के कारण विश्वविद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। विश्वविद्यालय का विभिन्न राज्यीय विश्वविद्यालयों में अग्रणी नाम तो पहले से ही था किंतु आपके कुशल नेतृत्व और अभिनव कार्यशैली ने इसमें और भी चार चाँद लगा दिए। विश्वविद्यालय में कार्यग्रहण के साथ ही यहाँ के भौतिक एवं अकादमिक ढाँचे को समझने और उसके साथ बेहतर तालमेल से प्रगति पथ पर बढ़ने की यात्रा आरंभ करवाने में माननीय कुलपति ने जरा भी विलंब नहीं किया। आपके कार्यग्रहण के साथ ही सभी क्षेत्रों में नवाचारों की बयार चल पड़ी। उनमें से प्रमुख का विवरण इस प्रकार है–

प्रो. अमेरिका सिंह : एक परिचय



प्रो. अमेरिका सिंह
कुलपति,
मो. ला. सु. वि. वि., उदयपुर

22 जुलाई, 2020 से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर आसीन प्रो. अमेरिका सिंह रसायन विज्ञान में एम. एससी. एवं पीएच. डी. उपाधि प्राप्त हैं तथा अपनी संपूर्ण शैक्षिक यात्रा में प्रथम श्रेणीधारक रहे हैं। आपको डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ के 'इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी' में 32 वर्ष के तकनीकी शिक्षण कार्य का विशद अनुभव है। आपकी 3 पुस्तकें तथा शतकाधिक शोधालेख प्रकाशित हुए हैं और 25 शोधार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले प्रो. सिंह को 15 वर्ष तक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण सहित विभागाध्यक्ष, विधि सलाहकार, चीफ प्रोक्टर, चीफ वार्डन, समन्वयक, सामुदायिक एवं जनजातीय विकास एवं अन्य कई अकादमिक निकायों में पदाधिकारी रहने का अनुभव प्राप्त है। आपने अपने संस्थान में विज्ञान संकाय, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय और एम. टेक इन बायोटेक्नोलॉजी भी स्थापित कराए।

उल्लेखनीय अकादमिक योगदान हेतु आपको दरबारी मेमोरियल फैलोशिप, लक्ष्मण मेमोरियल फैलोशिप और ओ. एन. आर. (कनाडा शोध पत्र) तथा सीनियर रिसर्च फैलोशिप इत्यादि मिल चुकी हैं।

सामान्य प्रशासन

किसी भी संस्था का वास्तविक स्वरूप उसके दैनंदिन प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन से द्रष्टव्य होता है। हमारे विश्वविद्यालय की अपनी विशेष कार्य पद्धति है। यहाँ के इन कार्यों को कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने तुरंत समझा और कार्यग्रहण के साथ ही इसकी प्रशासनिक कार्य पद्धति में जो बदलाव अपेक्षित थे, उनको व्यवहार में लाने में विलंब नहीं किया। कुलपति प्रो. सिंह के कार्यकाल में इस क्षेत्र में हुए उन्नयन को हम निम्नलिखित कार्यों से जान सकते हैं–

विद्वत परिषद (Academic Council) की बैठकों की निरंतरता

विश्वविद्यालय में अकादमिक कार्य के अनुमोदन और नए कोर्स आदि की स्वीकृति के लिए विद्वत परिषद (Academic Council) एक महत्त्वपूर्ण सदन होता है। हमारे विश्वविद्यालय में भी विद्वत परिषद (Academic Council) इस दिशा में अपनी अहम भूमिका निभाती है। माननीय कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह के आगमन के साथ ही इस परिषद की बैठकों के आयोजन की निरंतरता आरंभ हुई जिससे संकाय स्तर पर हुए निर्णयों के क्रियान्वयन को गति मिली। माननीय कुलपति के कार्यकाल में जुलाई, 2020 से मार्च, 2021 तक कुल 04

बैठकों का आयोजन हो चुका है। यह इस बात को दर्शाता है कि प्रो. सिंह किसी भी कार्य को विलंबित नहीं करना चाहते हैं। त्वरित रूप से बैठकों का आयोजन कर कार्य की पूर्णता और क्रियान्विति सदैव आपके ध्यान में रहती है।

प्रबंध मंडल (Board of management) की बैठकों की निरंतरता

सुखाड़िया विश्वविद्यालय में किसी भी विषय पर निर्णय के लिए विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल (Board of management) सर्वोच्च स्थान रखता है। विश्वविद्यालय के महत्त्वपूर्ण विषयों पर निर्णय करने वाली यह एक अहम नियामक समिति होती है। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यकाल में विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठकों का भी एक नियमित दौर आरंभ हुआ। इन बैठकों की निरंतरता के कारण कई विषयों पर त्वरित निर्णय हुए। कुलपति के अब तक के लगभग 09 माह के कार्यकाल में 02 बार विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठकें आयोजित हो चुकी हैं। यह इस बात को दर्शाता है कि किसी भी विषय पर विचार कर निर्णय और क्रियान्वयन को लेकर कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह सदैव तत्पर रहते हैं।

कानूनी मामलों के लिए संकायवार समिति का गठन

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विभिन्न कानूनी मामलों और मुकदमों में कानूनी पक्ष रखने और सुलझाने के लिए कुलपति प्रो अमेरिका सिंह ने संकायवार सलाहकार समिति का गठन किया है। साथ ही यह तय किया गया कि रजिस्ट्रार इस समिति का समन्वय देखेंगे। समिति में प्रत्येक संकाय से एक सदस्य मनोनीत किया गया जो संबंधित संकाय का कार्य निष्पादित करने में सहयोग करेगा। इस संकायवार समिति में प्रो. कनिका शर्मा, प्रो. पी.के. सिंह, प्रो. सीमा मलिक, प्रो. मदन सिंह राठौड़, प्रो. हनुमान प्रसाद, प्रो. सीमा जालान तथा डॉ. शिल्पा सेठ को सदस्य मनोनीत किया गया है। इस समिति के गठन से विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकार के कानूनी मामलों के निष्पादन को गति मिलेगी और इससे विश्वविद्यालय का समय बचेगा और साथ ही विश्वविद्यालय को वित्तीय नुकसान का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। यह समिति कानूनी मामलों में किसी तरह के समझौते की गुंजाइश होने पर संबंधित सदस्यों के साथ संवाद कायम करके समाधान के लिए भी प्रयासरत रहेगी।

परीक्षा व्यवस्था संचालन एवं बदलाव

प्रवेश, अध्यापन और परीक्षा किसी भी विश्वविद्यालय के लिए तीन महत्त्वपूर्ण कार्य होते हैं। इनका विधिवत और गुणवत्तापूर्ण संचालन प्रत्येक विश्वविद्यालय के लिए अनिवार्य होता है। सुखाड़िया विश्वविद्यालय में ये तीनों ही कार्य विगत कई वर्षों से विधिवत रूप से संपादित किए जा रहे हैं। हजारों विद्यार्थियों के प्रवेश तथा कक्षा संचालन के साथ–साथ लाखों नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की परीक्षा का आयोजन करना अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। विश्वविद्यालय इस दिशा में सदैव प्रयासरत रहा है कि विद्यार्थियों की परीक्षा का आयोजन एवं परिणामों की घोषणा आदि का कार्य विधिवत व समयबद्ध रूप से हो। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह जी के कार्यकाल में परीक्षाओं का आयोजन और परिणामों की घोषणा का कार्य एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। कारण कि यह दौर कोरोना महामारी और लॉकडाउन के बाद का दौर था, जिसमें हर शख्स कुछ डरा–सहमा था। इस कठिन समय में परीक्षाओं का आयोजन और परिणामों की घोषणा का कार्य कम चुनौतीपूर्ण नहीं था। कुलपति प्रो. सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग और विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक, शिक्षणेतर और सहायक कर्मचारियों के सहयोग व तत्परता से यह कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो पाया। शिक्षण के साथ ही परीक्षाओं के आयोजन और तत्परतापूर्वक परिणाम घोषित करने में भी विश्वविद्यालय ने समुचित प्रयास किए हैं। कोविड महामारी से उत्पन्न विषम परिस्थितियों में भी पूरे नियमों की पालना करते हुए विश्वविद्यालय ने पंजीकृत 1 लाख 80 हजार विद्यार्थियों के परिणाम भी जल्दी ही घोषित किए।

परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और कार्य निष्पादन में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने परीक्षा विभाग का तकनीकी तौर पर आधुनिकीकरण का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की पहल पर नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय में क्रेडिट ट्रांसफर सिस्टम लागू कर दिया गया है। विश्वविद्यालय ने नेशनल एकेडेमिक डिपोजिटरी में अब तक लगभग 02 लाख उपाधियों को अपलोड कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह कार्य करने वाला सुखाड़िया विश्वविद्यालय प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में अग्रणी विश्वविद्यालय है।

विभाग प्रभारियों को प्रभारी विभागाध्यक्ष बनाना

विश्वविद्यालय के इतिहास में विगत पचास वर्षों से चली आ रही विभाग प्रभारी की व्यवस्था में अहम बदलाव का कार्य भी प्रो. अमेरिका सिंह की पहल पर ही संभव हो पाया। विश्वविद्यालय में यह व्यवस्था विगत आधी सदी से जारी रही कि जिन विभागों में सह आचार्य या आचार्य के पद रिक्त हैं और विभागीय दायित्व यदि सहायक आचार्य निभा रहे हैं तो ऐसे में उस सहायक आचार्य को विभाग के प्रभारी का दायित्व दिया जाता रहा है। ऐसे में प्रभारी को विभिन्न कार्यों के अनुमोदन के लिए विभागाध्यक्ष पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विभागाध्यक्ष साधारणतया उस संघटक महाविद्यालय का अधिष्ठाता होता था। अधिष्ठाता के पास कार्यों की अधिकता और प्रशासनिक व्यस्तता के चलते संबंधित विभाग के कार्यों को समुचित गति से संपादित करने में कभी–कभी कठिनाई महसूस की जाती थी।

कुलपति प्रो. सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक दिनांक 27 नवंबर, 2020 के द्वारा इस संबंध में यह निर्णय किया गया कि ऐसे प्रभारी सहायक आचार्य का पदनाम अब प्रभारी–विभागाध्यक्ष होगा और ये विभाग संबंधी विभिन्न गतिविधियों के लिए महाविद्यालय अधिष्ठाता पर निर्भर नहीं रहेंगे। इस आशय का आदेश कुलसचिव द्वारा दिनांक 07 जनवरी, 2021 को जारी किया गया। इस निर्णय से पूर्व संबंधित प्रभारी विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद (Academic Council) की बैठकों में भाग नहीं ले सकते थे। अब वे इन बैठकों में भी भाग लेकर अपने विषय से संबंधित विषयों पर अपना मत रख सकेंगे।

छात्र–सेवा केंद्रों की स्थापना

विश्वविद्यालय की सेवाओं को जन–जन तक पहुँचाने के लिए हम कुलपति के नेतृत्व में सदैव प्रयासरत रहे हैं। विश्वविद्यालय सभी जिलों में छात्र–सेवा केंद्रों की स्थापना करने जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की तरफ से अपेक्षित मदद मिल सकेगी। विद्यार्थियों को अपने विश्वविद्यालय संबंधी विविध कार्यों के लिए उदयपुर तक की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और उनके कार्य अधिक सुविधाजनक रूप से संपादित हो पाएँगे। गत फरवरी माह में कुलपति प्रो सिंह ने विश्वविद्यालय क्षेत्र के चारों जिलों में एक–एक हेल्प सेंटर खोलने की घोषणा की थी जिससे कि दूरदराज के विद्यार्थियों को सामान्य कामकाज के लिए उदयपुर न आना पड़े। इसी क्रम में कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह 12 मार्च, 2021 (शुक्रवार) को राजसमंद जिले के नाथद्वारा में उपली ओडन स्थित श्रीनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्थापित स्टूडेंट हेल्प सेंटर का उद्घाटन किया। वहीं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन महाविद्यालय में दिनांक 16 मार्च, 2021 (मंगलवार) को कुलपति प्रो अमेरिका सिंह ने हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। इन केंद्रों के माध्यम से विद्यार्थी किसी भी तरह की तकनीकी परेशानियों के समाधान के लिए हेल्पडेस्क की सहायता ले सकेंगे। कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि छात्रों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए यह सुविधा उन्हें प्रदान की जा रही है। इनके द्वारा उनके प्रवेश से लेकर परिणाम के बीच की गतिविधियों में आने वाली कठिनाइयों का समाधान मिल सकेगा।

विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने का कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह का रोड मैप

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय अब विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय की दौड़ में शामिल होगा। यह विजन कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह का है। सुखाड़िया विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने के संबंध में कुलपति की अध्यक्षता में एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह का लक्ष्य है कि सुखाड़िया विश्वविद्यालय उच्चतर शिक्षा के एक ऐसे रोडमैप की आकांक्षा रखता है जो अनुसंधान, ज्ञान, सृजन, संस्थागत उत्कृष्टता और वैश्विक मानदंडों के महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित हो। कुलपति के प्रयासों एवं प्रेरणा से देश की उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के नक्शे पर जल्द ही सुखाड़िया विश्वविद्यालय एक नया कदम रखने जा रहा है। इससे सुखाड़िया विश्वविद्यालय परंपरागत राज्य विश्वविद्यालय की छवि से बाहर आकर विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय के स्तंभ के रूप में पहचान स्थापित करेगा। हाल ही में उच्च शिक्षा में हुए सुधारों की वर्षा के साथ सुखाड़िया विश्वविद्यालय का नवाचार तक्षशिला, नालंदा जैसी शिक्षा संस्कृति को एक बार पुनर्जीवित करने जा रहा है। राज्य के विश्वविद्यालयों के विश्वस्तरीय बनने का सुखद स्वप्न शीघ्र ही मूर्त रूप लेगा।

(गणतंत्र दिवस समारोह में माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह व अन्य)

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के इस लक्ष्य के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं में रूसा 3.0 का बेहतर क्रियान्वयन, मल्टी फैकल्टी वर्ल्ड क्लास विश्वविद्यालय बनाना, स्किल डेवलपमेंट इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर बनाने तथा सेंटर फॉर एक्सीलेंस को विकसित करने की दिशा में प्रस्ताव तैयार करना, डिजिटल क्लासरूम बनाने के लिए प्रधानमंत्री ई–विद्या योजना के तहत काम करना और मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देना शामिल है।

नैक और एन.आई.आर.एफ. (NAAC & NIRF)

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय विगत वर्षों में A+ NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय रहा है और साथ ही विश्वविद्यालय ने वर्ष 2020 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा चुने हुए 1000 विश्वविद्यालयों की NIRF रैंकिंग लिस्ट में 178वाँ स्थान प्राप्त किया है। कुलपति के नेतृत्व में सभी विभागों, महाविद्यालयों एवं केंद्रों की आगामी नैक (NAAC) रैंकिंग के लिए तैयारी जारी है।

प्लानिंग सेल का गठन

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह का लक्ष्य है कि विश्वविद्यालय का आगामी वर्षों का विजन सुनिश्चित किया जाए। कुलपति ने इस संबंध में आगामी 10 से 25 वर्षों के लिए विश्वविद्यालय की दृष्टि तैयार करने के लिए एक प्लानिंग सेल का गठन किया है जो नई शिक्षा नीति के अनुसार नए पाठ्यक्रम की शुरूआत, प्लेसमेंट के बारे में सुझाव, अन्य संस्थानों के साथ छात्रों की बातचीत, उद्योग में छात्रों की भागीदारी, विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और प्रदर्शन आदि को सुनिश्चित करेगी। इस कमेटी के अध्यक्ष स्वयं कुलपति होंगे जबकि सदस्य सचिव प्रो. अनिल कोठारी को बनाया गया है। कमेटी का गठन दिनांक 02 दिसंबर, 2020 को किया गया। इस कमेटी के सदस्य प्रो. एम. एस. राठौड़, प्रो. सीमा जालान, डॉ. शिल्पा सेठ, डॉ. शिल्पा वर्डिया, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. गिरिराज सिंह चौहान तथा डॉ. अल्पना सिंह को बनाया गया। वहीं विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों में से नेहा बंसल, द्वारिका उनियाल और सलिल सिंघल को इस कमेटी का सदस्य बनाया गया।

अकादमिक उन्नयन

अकादमिक क्षेत्र की सर्वोच्च संस्था होने के नाते विश्वविद्यालयों का अकादमिक दायित्व भी सर्वोपरि होता है। यहाँ के श्रेष्ठ शिक्षक अपने अध्ययन, अध्यापन, शोध और विस्तार की गतिविधियों के माध्यम से अपने विद्यार्थियों के साथ–साथ राष्ट्र के अकादमिक अनुष्ठान में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। हमारा विश्वविद्यालय भी अकादमिक उन्नयन को लेकर सदैव सकारात्मक और प्रयत्नशील रहा है। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यग्रहण के साथ ही इस क्षेत्र में भी सक्रियता बढ़ी।

नए संकायों की स्थापना

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमारे विश्वविद्यालय में आज 08 फैकल्टी संचालित हैं जिनके अधीन 34 विभाग देश के उच्च शिक्षा जगत में प्रदेश का गौरव बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय से 185 महाविद्यालय संबद्ध हैं और प्रदेश के चित्तौड़गढ़, सिरोही, उदयपुर एवं राजसमंद जिलों के 1 लाख 90 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

(माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, श्रीमान् भंवर सिंह भाटी को विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं प्रगति की जानकारी देते हुए माननीय कुलपति)

प्रो. अमेरिका सिंह के कुलपति पद का दायित्व ग्रहण करने के पूर्व इस विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, विधि, प्रबंध अध्ययन, भू–विज्ञान, शिक्षा संकाय मिलकर कुल 08 संकाय थे। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के प्रयासों से उनके इस अल्प कार्यकाल में ही दृश्यकला, 'इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' के दो संकायों को विद्वत परिषद और प्रबंध मंडल की बैठकों में अनुमोदन मिला। वर्तमान में 02 नए और 08 पुराने संकायों को मिलाकर जल्दी की विश्वविद्यालय में कुल 10 संकाय कार्यरत होंगे।

विद्वत परिषद और प्रबंध मंडल की बैठकों में हुए निर्णय की अनुपालना और क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय में खोले जा रहे दो नए संकायों 'दृश्य कला संकाय' और 'इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' का प्रस्ताव माननीय कुलाधिपति के अनुमोदन, स्वीकृति और हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है।

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की पहल पर उनकी अध्यक्षता में दिनांक 05 मार्च, 2021 को हुई सी.ओ.डी. (काउंसिल ऑफ डीन्स) की बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्दी ही खुलने वाले इंजीनियरिंग और आर्किटेकचर संकाय में डिपार्टमेंट ऑफ टेक्सटाइल और बी.टेक. इन टेक्सटाइल के विभाग होंगे।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की पहल पर नया संकाय इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के नाम से शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस संकाय में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, आई.टी. विभाग, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, पुस्तकालय विज्ञान विभाग तथा भावी फिल्म प्रोडक्शन विभाग को शामिल किया जाएगा।

रानी पद्मिनी के नाम से संघटक कन्या महाविद्यालय

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की पहल पर उनकी अध्यक्षता में दिनांक 05 मार्च, 2021 को हुई सी.ओ.डी. (काउंसिल ऑफ डीन्स) की बैठक में निर्णय लिया गया कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय रानी पद्मिनी के नाम से संघटक महाविद्यालय के तौर पर एक कन्या महाविद्यालय खोलेगा। इससे महिला शिक्षा को प्रोत्साहन व बढ़ावा मिलेगा।

नए विभागों की स्थापना

अपनी स्थापना के साथ ही विश्वविद्यालय में विभिन्न विभाग खुले। वर्तमान में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में 34 विभाग कार्यरत हैं। संकायवार विभागों की सूची देखने पर पाते हैं कि विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, प्राकृत, संगीत, संस्कृत, दृश्यकला, दर्शनशास्त्र, राजस्थानी एवं उर्दू विभाग के रूप में कुल दस विभाग हैं। वहीं सामाजिक विज्ञान संकाय में अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, लोकप्रशासन, राजनीति विज्ञान, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, महिला अध्ययन और पत्रकारिता एवं जनसंचार के रूप में कुल नौ विभाग कार्यरत हैं। विज्ञान संकाय में कुल आठ विभाग हैं जो कि भौतिक विज्ञान, प्राणिविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, भैषज विज्ञान, गणित एवं सांख्यिकी, रसायन विज्ञान एवं जैव तकनीकी हैं। वाणिज्य संकाय में बैंकिंग एंड बिजनेस इकोनोमिक्स, व्यवसाय प्रशासन तथा एबीएसटी ये कुल तीन विभाग हैं। प्रबंध अध्ययन संकाय में दो विभाग प्रबंध अध्ययन तथा पर्यटन प्रबंधन हैं। विधि संकाय में एक विभाग विधि विभाग है वहीं शिक्षा संकाय में शिक्षा, शारीरिक शिक्षा एवं योग के तीन विभाग हैं। भू विज्ञान विभाग में भूगोल, भूगर्भ विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान नाम से तीन विभाग संचालित हैं। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यकाल में हाल ही में फैशन टैक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग (Fashion Technology & Designing), समाज कार्य (Social Work) और मानवशास्त्र (Anthropology) इन तीन नए विभागों को खोलने की अनुमति विद्वत परिषद और बोम ने दी है।

नए केंद्रों की स्थापना

भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी के शिक्षण व शोध के साथ रोजगारपरक पाठ्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माननीय कुलपति की पहल पर विश्वविद्यालय में जियोस्पेशियल स्किल डवलपमेंट सेंटर और उद्यमिता केंद्र की स्थापना की गई है जिसमें भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी के शिक्षण व शोध के साथ रोजगारपरक पाठ्यक्रम चलाए जाएँगे। हमारे विभिन्न नवाचार और स्थापनाएँ आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर हमें अभिप्रेरित और गतिमान करती हैं। इसी क्रम में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भूगोल विभाग द्वारा 55 देशों के सहयोग तीन दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्रबंध अध्ययन में हम 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना करने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय में 'एडमिनिस्ट्रेटिव एंड कोर्पोरेट ट्रेनिंग सेंटर' भी स्थापित होने जा रहा है। ऐकेडेमिक काउंसिल के निर्णय दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 की अनुपालना में कुलसचिव ने दिनांक 25 जनवरी, 2021 को आदेश जारी कर 'सेंटर ऑफ ऐक्सीलेंस इन फिजिकल साइंस' को स्वीकृति प्रदान की। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की पहल पर नाथद्वारा में श्रीनाथ सेंटर फॉर एक्सीलेंस की परिकल्पना को मूर्त रूप देन के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

नए पाठ्यक्रमों का आरंभ

विश्वविद्यालय ने NEP के अन्तर्गत PG, UG, Diploma एवं Certificate पाठ्यक्रमों का संचालन आरंभ कर लिया है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय में यूजीसी के सहयोग से नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के तहत मास्टर ऑफ वोकेशन इन अकाउंटिंग (एम.वोक.) का रोजगारपरक पाठ्यक्रम आरंभ किया गया है। इसी प्रकार विद्वत परिषद

की बैठक दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 के निर्णय संख्या टी–16 के तहत इस संकाय में विभिन्न डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम आरंभ करना तय किया गया। इन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में 'डिप्लोमा इन इंश्योरेंस', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन डाटा एनालाइसिस माइक्रोसॉफ्ट', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन बेसिक प्रेक्टीकल बिजनेस', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस लेब', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन बिजनेस स्टेटिक्स यूजिंग एक्सेल', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन प्रेक्टिकल इनकम टैक्स', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन प्रेक्टीकल एडवांस एम.एस. एक्सेल', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन प्रेक्टीकल गुड्स एंड सर्विस टैक्स', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन प्रेक्टीकल टी.डी.एस. एंड एडवान्स टैक्स', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन एडवान्स प्रेक्टीकल बिजनेस अकाउंटिंग' तथा 'सर्टिफिकेट कोर्स इन फायनेंसियल मैनेजमेंट यूजिंग एक्सेल' हैं। इसी तरह वाणिज्य संकाय में विभिन्न एड ऑन कोर्स के संचालन को भी एकेडेमिक काउंसिल के निर्णय संख्या 08 दिनांक 14 सितंबर, 2020 की बैठक के माध्यम से अनुमोदन दिया गया। इनमें 'एड ऑन कोर्स ऑन सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन इन रिसर्च', 'एड ऑन कोर्स ऑन स्प्रेडशीट एप्लीकेशन इन बिजनेस', 'एड ऑन कोर्स ऑन प्रेक्टीकल ऑडिटिंग', 'एड ऑन कोर्स इन प्रेक्टीकल इनकम टैक्स' और 'एड ऑन कोर्स ऑन प्रेक्टीकल गुड्स एंड सर्विस टैक्स' शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के छात्रों को कौशलयुक्त रोजगारपरक ज्ञान देने के आह्वान पर सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संघटक वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन महाविद्यालय के व्यावसायिक प्रशासन विभाग ने छात्रों के कौशल विकास एवं उन्हें रोजगार योग्य बनाने के लिए कई डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सेज शुरु किए हैं। रिटेल क्षेत्र में रोजगार उन्मुखी डिप्लोमा इन रिटेल मैनेजमेंट, युवा उद्यमियों को व्यवसाय चलाने के गुर सिखाने के लिए उद्यमिता डिप्लोमा शुरु किए जा रहे है। वर्तमान में इवेंट मैनेजमेंट में प्रचुर संभावनाएँ देखते हुए डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट भी शुरु किया जा रहा है। इसके अलावा लघु अवधि के सर्टिफिकेट प्रोग्राम के माध्यम से छात्रों के कौशल विकास पर भी बल दिया जाएगा। इस कड़ी में छात्रों को डिजिटल वर्ल्ड में कॅरियर बनाने के लिए सर्टिफिकेट इन डिजिटल मार्केटिंग, ऑफिस के रोजमर्रा के काम संभालने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स इन ऑफिस मैनेजमेंट तथा सर्टिफिकेट कोर्स इन लेबर लॉ चलाए जाएंगे। इसके साथ ही छात्रों को विदेशी भाषा सिखाने के लिए 'ट्रेन द ट्रेनर' कोर्स चलाया जाएगा। इसके साथ ही कॉर्पोरेट सोशल रेसपॉन्सिबिलिटी एवं शॉर्ट स्किल्स पर भी सर्टिफिकेट प्रोग्राम चलाया जाएगा। इसी क्रम में व्यवसाय एवं प्रबंध को भारतीय मूल्यों से जोड़ने के लिए व्यवसाय एवं प्रबंधन का भारतीय मॉडल कोर्स भी चलाया जाएगा।

विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 में यह निर्णय लिया गया कि विज्ञान संकाय में सत्र 2020–2021 से ही एम. फार्मा. का कोर्स सी.बी.सी.एस. पद्धति के आधार पर चलाया जाएगा जिसे कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। इसी प्रकार संकाय द्वारा संस्तुत स्कीम और पाठ्यक्रम के अनुसार इस संकाय में 'नेनो साइंस' और 'नेनो टेक्नोलॉजी' तथा 'बायोइन्फोरमेटिक्स तथा कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी' कोर्स आरंभ किए जाएँगे।

इसी तरह उक्त बैठक के निर्णय संख्या चार के अनुसार और कई पाठ्यक्रमों को भी कुलसचिव ने स्वीकृति दी है। ये सभी कोर्स मानविकी संकाय के तहत स्वीकृत किए गए। उनमें 'सर्टिफिकेट कोर्सेज फोर द सेंटर फोर कम्युनिकेशन स्किल्स इन इंगलिश एंड फोरेन लैंग्वेज', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन उर्दू', 'डिप्लोमा कोर्स इन उर्दू', 'डिप्लोमा इन उर्दू कम्प्यूटर एप्लीकेशन एंड मल्टीलिंग्वल डीटीपी', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन ट्रेडिशनल आर्ट्स एप्रीसियेसन', 'सर्टिफिकेट कोर्स इन एकेडेमिक आर्ट स्टडी, मल्टीमीडिया डिजाइन' और 'सर्टिफिकेट कोर्स इन वीडियोग्राफी एंड एडिटिंग' हैं।

रेडिमेड गारमेंट्स विभाग द्वारा अनुमोदन के लिए प्रेषित 'डिप्लोमा इन फैशन डिजाइन एंड टैक्नोलॉजी' को शुरु करने की अनुमति विद्वत परिषद ने 19 अक्टूबर, 2020 को प्रदान की। इसी प्रकार यूजीसी सेंटर फॉर वुमंस स्टडीज के कोर्स 'सर्टिफिकेट कोर्स ऑन वुमन एंड लीगल राइट्स' आरंभ किया जाना तय किया गया। समाज विज्ञान संकाय में 'मास्टर ऑफ आर्ट्स इन एन्थ्रोपोलॉजी' कोर्स सत्र 2020–2021 से आरंभ करने का निर्णय भी विद्वत परिषद की दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 की बैठक में लिया गया। विद्वत परिषद के निर्णय संख्या टी / 1 दिनांक 19 अक्टूबर, 2020 के अनुसार सामाजिक विज्ञान संकाय में सत्र 2020–2021 से ही 'मास्टर ऑफ आर्ट्स इन सोशियल वर्क' को स्वीकृति प्रदान की गई। इस आशय का आदेश कुलसचिव द्वारा 25 जनवरी, 2021 को जारी किया गया। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में इसी सत्र से शुरू किए गए मास्टर ऑफ सोशल वर्क कोर्स का उद्घाटन कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने किया।

विद्वत परिषद दिनांक 14 सितंबर, 2020 के निर्णय की अनुपालना में विधि संकाय में कुलसचिव ने दिनांक 22 जनवरी, 2021 को आदेश जारी कर 'पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन साइबर लॉ' को अनुमति प्रदान की।

राजस्थान वीरता और शौर्य की भूमि है। जहाँ देश के प्रति समर्पण और बलिदान का भाव रहा है। प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में हमारी सेनाएँ और सीमा सुरक्षा बल निरंतर सुरक्षा के लिए कटिबद्ध हैं। विश्वविद्यालय ने सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षित विशेषज्ञ प्रदान करने के लिए फौरंसिक और मिलिट्री साइंस जैसा महत्त्वपूर्ण विषय आरंभ करने का निर्णय लिया है जो हमारे रक्षा क्षेत्र से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययन में विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करेगा।

नियमित कक्षाएँ

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय तकनीकी तौर पर निरंतर अपनी सामर्थ्य को विकसित कर रहा है। सूचना तकनीकी के अधिकतम सहयोग से अध्ययन–मूल्यांकन आदि कार्य करते हुए हम अधिकतम विद्यार्थियों को लाभान्वित कर रहे हैं। कोविड–19 महामारी ने हमारे सामने जो चुनौतियाँ रखी हैं, उनका सामना करते हुए हमने समस्त सरकारी निर्देशों की पालना की तथा सूचना तकनीकी के सहयोग से हमने निरंतर ऑनलाइन कक्षाएँ भी आयोजित कीं। विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग ने लॉकडाउन पीरियड में कक्षा संचालन एवं अन्य विविध प्रयोजनों के लिए विश्वविद्यालय को ऑनलाइन प्लेटफार्म और हेल्पडेस्क आदि सुविधाएँ उपलब्ध करवाने में बेहद सराहनीय सहयोग दिया। साथ ही रोजगारपरक ट्रेनिंग देने के लिए विभाग ने एप्पल इंडिया के सहयोग से एप्पल सर्टिफाइड ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की है। वर्तमान में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से नियमित रूप से विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है। स्वयं कुलपति प्रो. सिंह ने भी विभिन्न संकायों के स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की कक्षाओं में अध्यापन कार्य किया है।

वेबिनार और विमर्श कार्यक्रम

माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के आगमन के साथ ही अकादमिक उन्नयन, संवाद तथा विमर्श का दौर सक्रियता से आरंभ हुआ। अपने कार्यग्रहण के ठीक बाद ही 25 जुलाई, 2020 को फिनिशिंग स्कूल एवं प्लेसमेंट सेल के वेबिनार 'कैंपस टू कोर्पोरेट' में आपने संरक्षक के रूप में उद्बोधन दिया। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की प्रेरणा से विभिन्न अकादमिक विमर्श भी ऑनलाइन वेबिनार्स के माध्यम से निरंतर जारी रहे हैं। विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटलिजेंस का इस्तेमाल करने में भी अभूतपूर्व पहल की है। यह राज्य का पहला विश्वविद्यालय है जो इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। तकनीक के प्रयोग को सहज बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने ह्यूमेनाइड रोबोट खरीदने का भी निर्णय लिया है।

हमारे विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों, केंद्रों, संकायों द्वारा इस वर्ष अनेक महत्त्वपूर्ण आयोजन किए गए जो शैक्षणिक और सह–शैक्षणिक क्षेत्रों में उनकी विशिष्ट उपलब्धियों को प्रस्तुत करने वाले हैं। विश्वविद्यालय के छात्र–कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा खेल महोत्सव, रिसर्च मैथडोलॉजी पर वर्कशॉप और मोहनलाल सुखाड़िया स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में केंद्रीय और विभागीय स्तर पर छात्रों के अभिभावकों से विचार–विमर्श के लिए अभिभावक परिषदों का गठन किया गया। अभिभावक परिषद की प्रथम बैठक का आयोजन अक्टूबर, 2020 को सम्पन्न हुआ। इस वर्ष हमारे वनस्पति विज्ञान विभाग ने दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा एडवांस एलजेबरा विषय पर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया साथ ही 02 वेबिनार्स भी आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय में भी विभागों के द्वारा उल्लेखनीय कार्य किए गए। लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग ने पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया तथा ऑनलाइन व्याख्यानमाला और समसामयिक विषयों पर फैकल्टी डेवलवमेंट कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। बिजनेस एडमिनेस्ट्रेशन विभाग ने फरवरी माह में एच.आर.समिट का आयोजन किया साथ ही विभिन्न विषयों पर पाँच कार्यशालाएँ आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय में अनेक उल्लेखनीय गतिविधियाँ आयोजित हुईं। संकाय द्वारा रिसर्जेंश ऑफ बिजनेश ग्रोथ पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया तथा उद्यमिता, आयोजना, क्रियान्विति आदि प्रबंधन के प्रासंगिक विषयों पर वेबिनार,

(वेबिनार कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए माननीय कुलपति।)

व्याख्यान और प्रबोधन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के पर्यटन और होटल प्रबंधन प्रभाग द्वारा इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग वर्कशॉप्स का आयोजन किया गया। विविध विषयों पर दस आयोजन सम्पन्न किए गए। विश्वविद्यालय के फिनिशिंग स्कूल और प्लेसमेंट सेल के द्वारा स्टार्ट–अप, जॉब इंटरव्यू, कॉरिट मेनर, फाइनेंस रिपोर्टिंग, आई.क्यू.–ई.क्यू., स्टॉक मार्केट, सकारात्मकता, समय अनुशासन आदि अनेक विषयों पर वेबिनार, व्याख्यान और कार्यशालाएँ आयोजित की गई। छात्रों के प्लेसमेंट की गतिविधियाँ उत्साह के साथ आयोजित की गई।

विश्वविद्यालय के भू–विज्ञान संकाय में भूगोल विभाग द्वारा वायु प्रदूषण विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा दूसरे और चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, अहमदाबाद और बायोडाइवर्सिटी पार्क के शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकाय के भू–विज्ञान विभाग द्वारा भूमिगत जलसंसाधन पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। साथ ही अनेक व्याख्यान भी आयोजित किए गए। अभी हाल ही में भूगोल विभाग द्वारा तीन दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय भौगोलिक संघ के तत्त्वावधान में भारतीय अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन 2020 आयोजित किया गया है जिसमें 55 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसका विषय वैश्विक से लेकर 'स्थानीय सम्पोषणीयता और भावी पृथ्वी' था।

विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय में मनोविज्ञान विभाग के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य और वेल–बीइंग विषय पर नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग के द्वारा प्लेजरिजम और रेफरेंस मेनेजमेंट टूल विषय पर तीन दिवसीय ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया, साथ ही अनेक व्याख्यान और प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय ने पेटेंट कानून पर भी दो दिवसीय सेमिनार किया। विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय में हिंदी विभाग द्वारा समाज, साहित्य, भाषा और नई शिक्षा नीति विषय पर वेबिनार्स का आयोजन किया गया और प्रेमचंद जयंती पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग ने विश्वगुरु दीप आश्रम और राजस्थान संस्कृत अकादमी के सहयोग से वाल्मीकि रामायण पर सात दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया तथा विश्वविद्यालय के ध्येय–मंत्र 'विद्यया विन्दतेऽमृतम्' पर ऑनलाइन–ऑफलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया। इन आयोजनों के द्वारा न केवल हमारे विश्वविद्यालय के अपितु प्रदेश एवं देश के सहभागी शिक्षकों, शोधार्थियों और छात्रों को भी लाभान्वित किया गया। हमारे प्रतिभाशाली और परिश्रमी शिक्षकों ने अपने–अपने अध्ययन और विद्वता के क्षेत्रों में कई पुस्तकों और सैंकड़ों शोधपत्रों का लेखन किया। इनमें से कुछ कार्यक्रम प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यग्रहण से तत्काल पूर्व आयोजित हुए तथा कई आयोजन प्रो. सिंह के कार्यकाल में हुए।

दीक्षांत समारोह

दीक्षांत समारोह का नियमित रूप से प्रतिवर्ष आयोजन विश्वविद्यालय की परंपरा का हिस्सा रहा है। विगत वर्षों में यह आयोजन प्रतिवर्ष दिसंबर माह में आयोजित होता रहा है। कोरोना काल के बाद स्थितियाँ कुछ सामान्य हुई तब विश्वविद्यालय ने माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के नेतृत्व में यह प्रयास किया कि उसकी विगत कई वर्षों से अनवरत जारी दीक्षांत समारोह के आयोजन की परंपरा अनवरत रहे। वर्ष 2020 में भी यह आयोजन हुआ और उसमें प्रतिभावान विद्यार्थियों को उपाधि व स्वर्णपदक वितरण का कार्य संपन्न हुआ। यह विश्वविद्यालय का 28वाँ दीक्षांत समारोह था जो कि दिनांक 22 दिसंबर, 2020 को विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में संपन्न हुआ। इस समारोह में कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में महामहिम राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, आदरणीय कलराज मिश्र जी ने ऑनलाइन उद्बोधन दिया। विशिष्ट वैज्ञानिक और महानिदेशक, ब्रह्मोस,

(माननीय कुलपति दीक्षांत समारोह में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए।)

रक्षा अनुसंधान और विकास संस्थान, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, आदरणीय डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा जी ने ऑनलाइन माध्यम से दीक्षांत भाषण दिया। कुलपति प्रो. सिंह सहित विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल एवं अकादमिक परिषद के सदस्यगण, अतिथिगण, संकाय सदस्यों, विश्वविद्यालय के कुलसचिव, शिक्षणेतर कर्मचारीगण, शिक्षाविदों, गण्यमान्य नागरिक बंधुओं, छात्रसंघ पदाधिकारियों, एल्यूमिनी, मीडियाकर्मी बंधुओं, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकगणों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस समारोह में विभिन्न संकायों में प्रथम वरीयता पर रहे विद्यार्थियों को स्वर्णपदक प्रदान किया गया और पीएच.डी. शोधार्थियों को विद्यावाचस्पति की उपाधि प्रदान की गई।

रूसा प्रोजेक्ट्स

विश्वविद्यालय में शिक्षण के साथ–साथ शोधकार्य को भी निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्ष 2020–21 में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय को मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा राज्य परियोजना निदेशालय रूसा के अंतर्गत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान रूसा–2 के तहत 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति राशि प्राप्त हुई है। यह अनुदान दो प्रमुख क्षेत्रों में प्रदान किया गया है। उद्यमिता, नवाचार एवं केरियर हब की स्थापना के लिए 15 करोड़ रुपये तथा संकाय सदस्यों के लिए अनुसंधान एवं नवाचार परियोजना हेतु 35 करोड़ रुपये का सहयोग प्राप्त हुआ है।

विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान एवं नवाचार परियोजना के अंतर्गत भेजे हुए 72 में से 56 प्रोजेक्ट्स को मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने विषय विशेषज्ञों द्वारा स्क्रीनिंग के बाद मंजूरी दे दी है। ये परियोजनाएँ मुख्यतः दक्षिण राजस्थान की सामाजिक, पर्यावरणीय एवं अकादमिक मुद्दों से जुड़ी हुई हैं। हमारे विश्वविद्यालय के 94 साथी क्षमता निर्माण एवं आजीविका सुरक्षा, महिलाओं के कानूनी अधिकार, मनरेगा का प्रभाव, आदिवासी लोकगीत एवं साहित्य, स्मार्ट गाँव की पहल, सड़क दुर्घटनाओं के लिए प्रेडिक्शन मॉडल, चुनावी सूचना प्रणाली, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, जनसंचार का सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान, कीटनाशक प्रतिरोधक, आत्महत्या के कारण, लैंगिक भेदभाव, जनजातीय किशोरियों में माँ–शिशु देखभाल, मार्बल स्लरी मिट्टी का जीर्णोद्धार, उपभोग्य सामाग्रियों में कीटनाशक के अवशेष, भूजल की गुणवत्ता का आकलन, पारंपरिक औषधीय पौधों का उपयोग, ई–लर्निंग प्लेटफार्म, ड्रग डिजाइनिंग, भूवैज्ञानिक एवं भू–तकनीकी अध्ययन, लाइब्रेरी ऑटोमेशन, ब्लॉक चैन एकाउंटिंग, मैग्नेटिक कॉम्पटन प्रोफाइल्स, ऊर्जा रूपांतरण एवं भण्डारण सामग्री का विकास और अनुकूलन, स्थिर और उच्च दक्षता सौर सेल डिवाइस आदि विषयों से जुड़ी शोध परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। भौतिक शास्त्र विभाग को अकेले 3 करोड़ 40 लाख रुपये की फंडिंग रिसर्च प्रोजेक्ट्स के लिए मिली है।

विश्वविद्यालय में रूसा की समीक्षा बैठक दिनांक 10 मार्च, 2021 को आयोजित हुई। इस अवसर पर राजस्थान राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रोफेसर दरियाव सिंह चुंडावत ने रूसा 2.0 योजना के भाग 10 (अनुसंधान एवं नवाचार) के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह जी ने की। रूसा की नोडल ऑफिसर प्रो. कनिका शर्मा ने रूसा 1.0 के सफल क्रियान्वयन की रिपोर्ट के साथ रूसा 2.0 में अब तक के कार्य की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। रूसा 2.0 के तहत विश्वविद्यालय को 56 अनुसंधान प्रोजेक्ट्स आदि के लिए 50 करोड़ का अनुदान मिला जिसमे पहली किश्त 25 करोड़ का आवंटन हो चुका है। अब तक के रूसा 2.0 के विभिन्न प्रोजेक्ट्स में हुए वित्तीय खर्च का विस्तृत विवरण दिया। प्रो. करुणेश सक्सेना, निदेशक आई.क्यू.ए.सी ने विश्वविद्यालय की नैक (NAAC) की विगत 5 वर्षों की तैयारी का विवरण प्रस्तुत किया। प्रो. चुंडावत ने विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए बताया कि रूसा के अनुदान का सफल रूप से क्रियान्वयन करने में यह विश्वविद्यालय अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रूसा 2.0 का कार्य विश्वविद्यालय ने क्रियान्वित किया है उसके आधार पर रूसा 3.0 के लिए आवेदन में सहयोग मिलेगा।

नई शिक्षा नीति

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को स्वीकार करने और उन पर कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने की दिशा में पहल की गई है। नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय को अग्रणी पंक्ति में स्थापित करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ नए प्रयोग किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा देश के अग्रणी शोध संस्थानों और तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी कंपनियों के साथ एम.ओ.यू. किए गए, उच्च स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर स्थापना की जा रही है, इंटर–डिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय कला, कौशल एवं स्थानीय भाषाओं में शिक्षण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने अपने अकादमिक स्वरूप में समग्रता का व्यापक लक्ष्य तय किया है। विश्वविद्यालय द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद, भारत सरकार के सहयोग से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से चिंतन–मनन किया गया तथा विश्वविद्यालय के संघटक और संबद्ध महाविद्यालयों में 154 वेबिनार्स के माध्यम से इसके सफल क्रियान्ववन के लिए आयोजन किए गए, जो नई शिक्षा नीति की दृष्टि से एक साथ अधिक संख्या में वेबिनार आयोजन को लेकर एक राष्ट्रीय कीर्तिमान रहा है। नई शिक्षा नीति के लक्ष्य प्राप्त करने और विश्वविद्यालय के अकादमिक विस्तार एवं समग्रता के लिए 'स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एंड आर्किटेक्चर' की स्थापना का संकल्प लिया गया है, जो शीघ्र ही मूर्त रूप लेने वाला है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों को संबद्ध महाविद्यालयों में शोध, व्यावसायिक स्कीम, सृजनात्मक कौशल विकास, जनजातीय नृत्य, कला और संगीत तथा अन्य क्षेत्रों में आवश्यक तैयारी कर विश्वविद्यालय को प्रगति से अवगत कराने संबंधी आदेश दिनांक 21 अक्टूबर, 2020 को जारी किए गए जिससे कि विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों के साथ–साथ संबद्ध महाविद्यालयों में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों को विधिवत लागू किया जा सके।

एच.आर.डी.सी.

माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यग्रहण के साथ ही जो अकादमिक उन्नयन के प्रयास आरंभ हुए उनमें सर्वप्रथम प्रयास एच.आर.डी.सी केंद्र (Human Resource Developmment Centre) की स्थापना का रहा है। इसे पूर्व में ऐकेडेमिक स्टाफ कॉलेज (Academic Staff College) कहा जाता था। कुलपति के निर्देश और प्रेरणा से विश्वविद्यालय द्वारा एच.आर.डी.सी केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव तैयार कर माह अगस्त, 2020 में यूजीसी को प्रेषित किया गया। इस प्रस्ताव को उचित मानदंडों के अनुसार तकनीकी रूप से तैयार करने के अहम कार्य को प्रो. सुरेंद्र कटारिया ने संपादित किया। इसके परिशिष्ट तैयार करने का कार्य डॉ. कोपल वत्स ने किया। वहीं प्रो. करुणेश सक्सेना और प्रो. सीमा मलिक इसे संपादित किया तथा डॉ. अविनाश पंवार ने इसे प्रस्तुति–स्वरूप प्रदान किया। इस प्रस्ताव के निमित्त कुलसचिव ने दिनांक 20 अगस्त, 2020 को आदेश जारी कर सभी विभागों से विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ प्रोफेसर्स के नाम भी माँगे।

विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षणिक नवाचारों से शिक्षकों को निरंतर अपडेट रखने के लिए यूजीसी के सहयोग से एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज–एचआरडीसी की स्थापना का भी निर्णय किया है। आशा है कि कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह का यह स्वप्न भी शीघ्र ही साकार होगा और यह संपूर्ण प्रदेश एवं देश के लिए अपनी सेवाएँ प्रस्तुत करेगा। इसी के साथ विश्वविद्यालय ने शिक्षक प्रशिक्षण के लिए टीचर मेंटरिंग प्रोजेक्ट भी आरंभ किया है।

एम.ओ.यू.

प्रो. अमेरिका सिंह के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय अपने क्षेत्राधिकार में शैक्षणिक विकास के लिए तो कार्य कर ही रहा है, साथ ही विश्वविद्यालय ने देश–विदेश के अन्य विश्वविद्यालयों, संस्थाओं से भी पारस्परिक विकास की दृष्टि से समझौते किए हैं। इसी क्रम में अग्रज की भूमिका निभाते हुए गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के साथ भी एक एम.ओ.यू. किया है जिसमें विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों यथा– केमिस्ट्री, फार्मेसी, फिजिक्स और इन्वायरनमेंट साइंस जैसे विषयों में अध्ययनरत जी.जी.टी.यू. के विद्यार्थियों को अपेक्षित साधन और सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी। साथ ही इन विषयों में रोजगारपरक अल्पावधि पाठ्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएँगे।

राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर पुनर्स्थापित करने तथा शोध को नए आयाम देने के लिए कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ छात्रों तथा शिक्षकों के आदान–प्रदान हेतु एम.ओ.यू. हमारा अगला लक्ष्य है। इस विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु विश्वविद्यालय निरंतर प्रयास कर रहा है। हमारा यह विश्वास है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय देश का ऐसा आदर्श बहुसंकायात्मक विश्वविद्यालय होगा जहाँ उत्कृष्ट वैज्ञानिक विकास के साथ सामाजिक और मानवीय संवेदनाओं के अध्ययन, अनुशीलन और शोध के लिए सभी अपेक्षित सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक एवं अनुसंधान के उन्नयन में शीघ्र ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय से एम.ओ.यू. करने जा रहा है। इसी क्रम में हमारा विश्वविद्यालय रोडमेप के आधार पर नेहरू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, शिलॉंग से शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्यक्ष रूप से आदान–प्रदान करेगा, क्योंकि शिलॉंग विश्वविद्यालय भी आदिवासी क्षेत्र में स्थित है।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलबर्ट विश्वविद्यालय, कनाड़ा से जो कि शैक्षिक, विद्यार्थी इन्टरएक्शन, इकोनोमिक एवं सामाजिक स्तर पर हमारे से मेल खाता है एवं अधिकतर भारतीय मूल के लोग रहते है, के साथ एम.ओ.यू. के लिए प्रयासरत है। साथ ही इस विश्वविद्यालय में 15 से 17 प्रतिशत बाह्य विश्वविद्यालय के छात्र पढ़ने आते हैं एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं। वित्त की दृष्टि से यह विश्वविद्यालय सुलभ है व फैलोशिप की बहुत सारी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

राजयोग एज्यूकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन– प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आबूरोड को सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 'नेशनल सेंटर फॉर वेल्यू एज्युकेशन एंड स्प्रीचुअलिटी' के रूप में अनुमोदन के प्रस्ताव पर विरतृत चर्चा, मूल्यांकन और अन्य गतिविधियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कमेटी का गठन किया गया।

इस संबंध में गठित कमेटी ने प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, माउंट आबू की यात्रा कर अपनी अनुशंसा विश्वविद्यालय को दी है। इस कमेटी की अनुशंसा थी कि राजयोग एज्यूकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन– प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आबूरोड को सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 'नेशनल सेंटर फॉर वेल्यू एज्युकेशन एंड स्प्रीचुअलिटी' के रूप में अनुमोदित किया जा सकता है। इसका वित्तीय और प्रशासनिक नियंत्रण राजयोग एज्यूकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन– प्रजापिता ब्रह्मा

कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आबूरोड का रहेगा। इस पर सुखाड़िया विश्वविद्यालय का सीमित अकादमिक नियंत्रण रहेगा जो कि परीक्षाओं के आयोजन और प्रमाण पत्र वितरण तक रहेगा। इसके लिए पाठ्यक्रम समिति का गठन राजयोग एज्यूकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन– प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आबूरोड करेगा जिसमें कुलपति द्वारा नामित दो प्रतिनिधि होंगे। विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद का इस केंद्र की अकादमिक गतिविधियों पर नियंत्रण रहेगा। विश्वविद्यालय का पत्रकारिता और जनसंचार विभाग मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय और इस केंद्र के मध्य समन्वय का कार्य करेगा। इस कमेटी की उक्त अनुशंसाओं को विद्वत परिषद बैठक के निर्णय संख्या टी–13, दिनांक 24 नवंबर, 2020 को अनुमोदन कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने प्रदान किया।

ई–बुक्स लेखन

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने कोरोनाकाल के दौरान सभी संकाय सदस्यों के साथ अपना एक नया विजन प्रस्तुत किया और वह था– ई–बुक का लेखन। कुलपति ने सभी संकाय सदस्यों विशेषतः सह आचार्यों और सहायक आचार्यों को निर्देशित किया कि वे इस समय का उपयोग छात्रोपयोगी ई–बुक लेखन में करे। संकाय सदस्यों द्वारा लिखित इन ई–बुक्स को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा जिससे कि विद्यार्थियों को विषय संबंधी सामग्री सहज रूप से ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध हो पाएगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा आदेश जारी किए गए। विभिन्न संकायों के संकाय सदस्यों ने इस दिशा में प्रयास आरंभ किए। हाल ही में प्रो. सीमा मलिक के रूसा 2.0 प्रोजेक्ट के तहत आयोजित ऑनलाइन–ऑफलाइन संगोष्ठी व वर्कशॉप 'बागड़ अंचल का लोकसाहित्य एवं संस्कृति' के उद्घाटन समारोह दिनांक 26 फरवरी, 2021 में श्रीमान् कलराज मिश्र ने किया। 'फोकलोर ऑफ बागड़' नामक ई–बुक का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल राजस्थान श्रीमान् कलराज मिश्र जी ने किया। विधानसभा अध्यक्ष प्रो. सी.पी. जोशी इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह सहित अन्य विद्वान ऑनलाइन व ऑफलाइन रूप से उपस्थित रहे। ऑनलाइन माध्यम से राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिंह, गोविंदगुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आई.वी. त्रिवेदी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के कुलपति प्रो. बी.पी. शर्मा, निदेशक कॉलेज शिक्षा श्री संदेश नायक, प्रख्यात गुजराती लोक संस्कृति विशेषज्ञ पद्म श्री जोरावर सिंह जाधव ने भी विचार व्यक्त किए।

एकेडेमिक एक्सचेंज प्रोग्राम

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की महती योजना 'सारथि' (SARTHI - Strengthening Association for Research and Teaching-learning with Himalayan States of India) को विश्वविद्यालय विद्वत परिषद की बैठक में दिनांक 24 नवंबर, 2020 को अनुमोदन दिया गया। इसके साथ ही कुलपति ने इस योजना को अपना अनुमोदन प्रदान किया। यह योजना संपूर्ण देश के स्तर पर एक एकेडेमिक एक्सचेंज प्रोग्राम है जो कि उत्तरी और उत्तर–पूर्वी राज्यों राज्यों के साथ एक सामाजिक–सांस्कृतिक संबंधों को दृढ़ता प्रदान करने में सहायक होगी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश और उत्तराखंड, सिक्कीम, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, आसाम और त्रिपुरा राज्यों के साथ इस संबंध में जुड़ाव होगा।

नेशनल एक्सपो–2021 में सुविवि के शिक्षक भाग लेंगे

भोपाल में होने वाली नेशनल एक्सपो एंड कांफ्रेंस–2021 में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भाग लेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के निर्देशानुसार नेशनल एक्सपो एंड कांफ्रेंस–2021 में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट प्रोग्राम हेड प्रो.अनिल कोठारी, वाणिज्य महाविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं लेखा एवं सांख्यिकी विभाग की डॉ. शिल्पा वर्डिया तथा रेडिमेड गारमेंट की प्रभारी डॉ. डॉली मोगरा करेंगी। इस कार्यक्रम में पूरे भारतवर्ष के 100 से अधिक कुलपति शामिल होंगे तथा इस कार्यक्रम में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लिए जाने वाले नवाचारों पर चर्चा की जाएगी

'राजस्थान दिवस' सप्ताह की शुरुआत

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की ओर से 'राजस्थान दिवस' सप्ताह की शुरुआत दिनांक 23 मार्च, 2021 को हुई। पहले दौर में 12 शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया तथा रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। इस अवसर पर भारत की बलिदान परंपरा का सांस्कृतिक उन्नयन में योगदान एवं राष्ट्रीय बलिदान दिवस तथा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक सामाजिक विज्ञान मानविकी महाविद्यालय की अधिष्ठाता प्रो सीमा मलिक ने बताया कि 12 शहीदों के परिवारजनों का अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ जिसमें 45 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोशल एक्टिविस्ट सुशील पंडित थे। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने कहा कि शहीदों का सम्मान हम सबका सम्मान है, देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद सदैव याद किए जाएंगे।

आधारभूत संरचना विकास

आधारभूत सुविधाओं के बढ़ने से हमारी कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से होता है। संसाधनों के विस्तार से विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी विकास के नए अवसर प्राप्त होते हैं। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यग्रहण के साथ ही आधारभूत संरचना विकास की दिशा में भी कई कार्य हुए। विश्वविद्यालय में होने जा रहे नए भवनों के निर्माण और भविष्य में होने वाले निर्माण की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध कार्य संपादन जारी है।

नए भवनों का लोकार्पण

विश्वविद्यालय में रूसा और स्थानीय निधि के सहयोग से लगभग 417.95 लाख रुपये की लागत से अनेक महत्त्वपूर्ण निर्माण कार्य इसी वर्ष लोकार्पित हुए हैं जिनमें भूगोल भवन, दृश्यकला भवन, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में वुमन फैकल्टी रूम और स्टोर रूम, परिसर में केफेटेरिया के निर्माण कार्य प्रमुख हैं। इसी के साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों के लिए स्पोर्ट्स बोर्ड कार्यालय भवन तथा सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट का भी लोकार्पण किया गया। शिक्षा भवन, विधि भवन एवं कम्प्यूटर भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है।।

नए भवनों का शिलान्यास

कुलपति प्रो. सिंह के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में नए भवनों के शिलान्यास का दौर आरंभ हुआ। इस अल्पावधि में ही कई भवनों का शिलान्यास हो चुका है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल, राजस्थान के करकमलों से 26 फरवरी, 2021 को विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों का शिलान्यास संपन्न हुआ। इनमें 'कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर', 'ट्राइबल फैमिली हॉस्टल', 'वाणिज्य महाविद्यालय में पुस्तकालय', 'वाणिज्य महाविद्यालय में सेमिनार हॉल', 'कर्मचारी भवन', 'मेवाड़ पीठ भवन' और 'विवाह पूर्व परामर्श केंद्र' शामिल हैं। इस कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष प्रो. सी.पी. जोशी, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह सहित अन्य विद्वान उपस्थित रहे।

आर्किटेक्चर कॉलेज के नवीन भवन का निर्माण कार्य आरंभ

कुलपति ने प्रस्तावित इंजिनियरिंग और आर्किटेक्चर कॉलेज भवन के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश करने के लिए प्रो. एम.एस. राठौड़ की अध्यक्षता में दिनांक 15 अक्टूबर, 2020 को आदेश जारी करवाकर कमेटी का गठन करवाया जिसमें प्रो. सीमा जालान और श्री राकेश जैन को सदस्य नामित किया गया। यह कमेटी इस प्रस्तावित महाविद्यालय के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की नव गठित फैकल्टी के आर्किटेक्चर कॉलेज के नवीन भवन का निर्माण कार्य दिनांक 21 मार्च, 2021 से शुरू हुआ। कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह के निर्देशन में खुदाई का कार्य प्रारंभ हुआ। विधि महाविद्यालय के पीछे की ओर खाली जमीन पर इस भवन का निर्माण हो रहा है। एकेडमिक काउंसिल व बॉम के निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय में नए इंजीनियरिंग एवं आर्किटेक्चर भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

भव्य स्वागत द्वार

छात्रों द्वारा लंबे समय से माँग की जा रही थी कि विश्वविद्यालय का शहर की ओर एक भव्य स्वागत द्वार हो। विद्यार्थियों की इस माँग पर कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने सकारात्मक पहल करते हुए इस कार्य को आरंभ करवा दिया।

संविधान पार्क

माननीय महामहिम के द्वारा भारतीय संविधान के मूल भाव के संरक्षण और उससे अधिकाधिक प्रेरणा प्राप्त करने के पुनीत उद्देश्य से विश्वविद्यालय में संविधान पार्क बनाने का विचार व्यक्त किया गया था, जिसका अभिनंदन करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने संविधान पार्क निर्माण का संकल्प लिया तथा 26 नवम्बर, 2020 को महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र के करकमलों से उसका शिलान्यास करवाया। यह अतिशीघ्र ही मूर्त रूप में हमारे समक्ष होगा।

विश्वस्तरीय साइंस सेंटर

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में 40 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय साइंस सेंटर निर्माण का कार्य प्रक्रियाधीन है। यह अपने तरीके का देश का सबसे अनोखा साइंस सेंटर होगा। यह निर्णय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एकेडमिक कौंसिल की बैठक में लिया गया। केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा विज्ञान एवं तकनीकी विभाग को साइंस सेंटर का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। यह सेंटर विश्वविद्यालय की साढ़े सात एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा जबकि इसकी स्थापना और विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार मिलकर आर्थिक सहयोग करेगी। इसको बनाने में 30 करोड़ की लागत आएगी जबकि 10 करोड़ का रिजर्व फंड इसके संचालन में लगाया जाएगा। यह अपने तरीके का देश का अनूठा साइंस सेंटर होगा जिसमें अंतरिक्ष,

सौरमंडल, खगोल एवं विज्ञान से जुड़ी तमाम जिज्ञासाओं और समाधानों का थ्री–डी प्रदर्शन होगा। यह एक प्लेनिटोरियम की तरह विकसित किया जाएगा।

ई–रिक्शा संचालन

विश्वविद्यालय परिसर में लंबे समय से ई–रिक्शा संचालन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी अतः कुलपति ने इस दिशा में सक्रिय प्रयास करते हुए परिसर में ई–रिक्शा संचालन को स्वीकृति दी और दिनांक 12 जनवरी, 2021 को आयुक्त, नगर निगम को पत्र लिखा। श्रीमान महापौर ने शहर के प्रति सामाजिक दायित्वों के निर्वहन को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय को ई–रिक्शा उपलब्ध कराने को लेकर अपनी सहमति दी है अतः निर्देशानुसार नगर निगम के साथ अनुबंध की प्रक्रिया आरंभ की गई। ई–रिक्शा संचालन से बाहर दूर–दराज से विश्वविद्यालय में आ रहे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को विशेष सुविधा मिल सकेगी।

कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह ने नगर निगम से लगातार संवाद कायम कर के आठ ई–रिक्शा स्वीकृत करवाए थे। प्रथम चरण में नगर निगम ने चार ई–रिक्शा विश्वविद्यालय को सौंप दिए हैं। इस पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने दिनांक 22 मार्च, 2021 को उदयपुर नगर निगम के महापौर जीएस टांक एवं आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ से मुलाकात की और ई– रिक्शा दिए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। दिनांक 23 मार्च, 2021 को कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओं और आगन्तुकों की सुविधा के लिए ई–रिक्शा का शुभारम्भ किया। विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से विभिन्न कॉलेजों एवं प्रशासनिक भवन तक पहुंचने में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पैदल चलना पड़ता है। ई–रिक्शा चलने के बाद विद्यार्थियों को यह सुविधा निशुल्क प्राप्त हो सकेगी।

मेवाड़ सदन

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की संकल्पना है कि विश्वविद्यालय से विभिन्न कार्यों के निमित्त संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी तथा शोधार्थी–विद्यार्थी वर्षभर में कई बार जयपुर की यात्रा पर होते हैं। उनके वहाँ आवास और भोजन आदि की सुव्यवस्थित और सुविधाजनक व्यवस्थाओं के लिए जयपुर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय में मेवाड़ सदन नाम से एक सुखाड़िया विश्वविद्यालय का अतिथि गृह बने। इस योजना पर कुलपति सिंह ने राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ संवाद किया। इस पर दोनों विश्वविद्यालयों ने सहमति जतायी कि दोनों विश्वविद्यालय एक–दूसरे के परिसर में अपने अतिथि गृह बना सकेंगे। कुलपति सिंह ने इस अतिथि गृह निर्माण में आ रहे खर्च के लिए भामाशाहों से भी आगे आने का आह्वान किया है। जयपुर में मेवाड़ सदन के संचालन के लिए भामाशाह, एफिलियेट कॉलेज, पूर्व छात्र परिषद से सहयोग लेने का निर्णय किया गया।

विश्वविद्यालय के उद्यानों का रखरखाव

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विभिन्न उद्यानों को सामुदायिक सहभागिता से विकसित किया जाएगा। कुलपति की पहल पर उनकी अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों एवं कार्यालयों में स्थित विभिन्न उद्यानों के विकास व रखरखाव के लिए विभिन्न सामुदायिक संस्थाओं की सहायता ली जाएगी। इन उद्यानों के विकास व रखरखाव में जो भी संस्था अपनी रुचि प्रदर्शित कर उन्हें गोद लेगी, उनके नाम पर उद्यान का नामकरण किया जाएगा, यह भी निर्णय लिया गया।

(पौधारोपण करते हुए माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह व अन्य)

विश्वविद्यालय की गतिविधियों का सेटेलाइट के माध्यम से प्रसारण

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने हाल ही में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आबूरोड के साथ एक एम.ओ.यू. किया है। इसके तहत सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों का सेटेलाइट के माध्यम से 144 देशों में विश्व की सात भाषाओं में प्रसारण होगा। इस प्रकार विश्वविद्यालय की गतिविधियों को वैश्विक पटल पर पहचान मिलेगी।

सुविवि कुलपति की महापौर से भेंट, सिटी बसों और प्याऊ निर्माण पर बातचीत

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने शहर के महापौर से मुलाकात कर शहर से विश्वविद्यालय तक सिटी बस चलाने की माँग की जिससे कि दूरदराज से आने वाले बच्चों को विश्वविद्यालय पहुँचने में दिक्कत न हो। महापौर ने कहा कि नगर निगम शीघ्र ही सिटी बसों का संचालन शुरू करेगा। कुलपति की माँग पर नगर निगम पानी की प्याऊ बनाने पर भी सहमत हुआ। पहली प्याऊ विज्ञान महाविद्यालय में, दूसरी प्याऊ सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में एवं तीसरी प्याऊ विश्वविद्यालय परिसर में बनाई जाएगी। कुलपति ने कहा कि नगर निगम की विभिन्न योजनाओं के प्रसार एवं शहर के विकास में विश्वविद्यालय सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा।

मानव संसाधन विकास

स्थायीकरण एवं सी.ए.एस.

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह का विजन सदैव शिक्षक व संस्था हित को प्रमुखता देने वाला रहा है। कुलपति के पदभार ग्रहण के साथ ही अपनी विभिन्न विभागों की यात्रा में कुलपति ने संकाय सदस्यों के साथ संवाद कर उनके सी.ए.एस. के बारे में जानकारी ली। उस समय विशेष रूप से दो बातें ध्यान में आई कि वर्ष 2018 में नियुक्त सहायक आचार्यों की दो वर्ष की सेवा अवधि अर्थात् परिवीक्षा काल पूर्ण हो चुका है और वे सभी अपने स्थायीकरण की प्रतीक्षा में है। साथ ही वर्ष 2007 में नियुक्त सहायक आचार्यों को सह आचार्य के पद के लिए पदोन्नति प्रक्रिया के आरंभ होने की इंतजार है। ऐसे में कुलपति प्रो. सिंह ने शिक्षक हितों से जुड़े दोनों ही विषयों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित रूप से दोनों कार्यों को अंजाम दिया।

दिनांक 15 सितंबर, 2020 को स्थायीकरण आदेश जारी कर नवनियुक्त 81 सहायक आचार्यों का स्थायीकरण कार्य संपादित किया गया। विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के 27, विश्वविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबंधन महाविद्यालय के 09, विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय के 31, भूविज्ञान विभाग के 09 शिक्षकों के साथ–साथ विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय के 05 नवनियुक्त शिक्षकों के स्थायीकरण आदेश जारी कर उन्हें स्थायी किया गया। स्थायीकरण होने से शिक्षक साथियों में उत्साह की लहर दौड़ गई।

वहीं एसोसियेट प्रोफेसर पद के लिए साक्षात्कार की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों के साक्षात्कार दिनांक 18 जनवरी, 2021 को आयोजित करवाए गए। दिनांक 20 फरवरी, 2021 (शनिवार) को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के अतिथि गृह में कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई प्रबंध मंडल की बैठक में 6 असिस्टेंट प्रोफेसर्स के कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत एसोसिएट प्रोफेसर की पदोन्नति वाले बहु प्रतीक्षित लिफाफे खोले गए। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में 6 नए एसोसिएट प्रोफेसर बन गए। इनमें विधि महाविद्यालय की डॉ. राजश्री चौधरी और डॉ. शिल्पा सेठ, हिंदी विभाग से डॉ. नीतू परिहार, डॉ नवीन नंदवाना और डॉ आशीष सिसोदिया तथा बायोटेक्नोलॉजी की डॉ. हर्षदा जोशी शामिल हैं। बैठक में गवर्नर नोमिनी प्रो. बी.पी. सारस्वत, राज्य सरकार नोमिनी डॉ. यदुगोपाल शर्मा, हायर एजुकेशन सचिव डॉ. नईम के साथ ही कार्यवाहक रजिस्ट्रार सुरेश जैन, बोम सदस्य प्रो. पी.के. सिंह, प्रो. कनिका शर्मा, प्रो. सीमा जालान, प्रो. घनश्याम सिंह राठौड़, डॉ. अजित भाबोर मौजूद थे, शेष सदस्य ऑनलाइन माध्यम से बैठक से जुड़े। इस प्रकार शिक्षक हितों के दो अहम कार्य माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह द्वारा अपने सुखाड़िया विश्वविद्यालय में कार्यग्रहण के कुछ ही माह में ही पूर्ण किए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह शिक्षक हितों को लेकर सदैव सकारात्मक रहते हैं। वे हमारे युवा शिक्षक साथियों के समयबद्ध कॅरियर एडवांसमेंट के लिए भी कार्य कर रहे हैं।

सम्मान व पुरस्कार

विश्वविद्यालय में हमारे विद्वान शिक्षक साथियों ने ज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान देकर विभिन्न सम्मान और पुरस्कार अर्जित किए हैं। इस वर्ष हमारे विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के आचार्य प्रो. नीरज शर्मा को वैदिक संस्कृति संरक्षण में योगदान के लिए महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन के प्रतिष्ठित महर्षि हारित राशि अलंकरण से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता विभाग के डॉ. कुंजन आचार्य को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रसिद्ध माणक अलंकरण से सम्मानित किया गया। हमारे वनस्पति शास्त्र के सह आचार्य डॉ. विनीत सोनी को हैदराबाद अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में आउटस्टेंडिंग साइंटिस्ट का अवार्ड मिला। व्यावसायिक प्रशासन की आचार्य डॉ. राजेश्वरी नरेंद्रन् को महिला उद्यमिता में योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि एम.एस.सी. की छात्रा प्रियंका ओझा ने JEST 2020 के अखिल भारतीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभाग के शोध छात्र श्री गणेश लाल और सुश्री सोनी कुमावत को बीकानेर में आयोजित कंडेंस्ड मैटर भौतिकी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार मिला।

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रों को उनके अकादमिक योगदान तथा समर्पित सेवाओं के लिए प्रतिवर्ष नकद पुरस्कार सहित सम्मानित किए जाने की योजना प्रारंभ की। इससे उल्लेखनीय कार्य करने वाले हमारे शिक्षक और कार्मिक साथियों को प्रोत्साहन प्राप्त होगा तथा युवा अध्यापकों में नवीन उत्साह का संचार होगा।

सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन

माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के आगमन के साथ ही विश्वविद्यालय में शिक्षक सम्मान की विशिष्ट परंपरा का आरंभ हुआ। वरिष्ठ प्रोफेसर्स की सेवानिवृत्ति पर कुल के मुखिया के रूप में कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने प्रो. साधना कोठारी की सेवानिवृत्ति पर 30 जनवरी, 2021 को सेवानिवृत्ति समारोह के बाद उन्हें अपनी गाड़ी से घर तक विदा कराया। यह कुलपति का एक शिक्षक के प्रति सम्मान को दर्शाता है। ध्यातव्य है कि प्रो. साधना कोठारी विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की अधिष्ठाता, भूगोल विभागाध्यक्ष, शिक्षा संकाय एवं भू विज्ञान संकाय की अध्यक्ष एवं बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की सदस्य रही हैं।

सामाजिक विकास दायित्व निर्वहन

विश्वविद्यालय का दायित्व अकादमिक उन्नयन के साथ–साथ अपने क्षेत्र के समाज के कल्याण के दायित्वों का निर्वहन करना भी होता है। सुखाड़िया विश्वविद्यालय अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में भी जागरूक है। कुलाधिपति के आह्वान पर विश्वविद्यालय ने विगत कई वर्षों से अपने क्षेत्र के गाँव को गोद लेकर उसके विकास में अपना सहयोग देना जारी रखा है। वर्तमान में भी विश्वविद्यालय अपने दायित्वों के प्रति सजग है और नितप्रति सक्रियता से इस दिशा में बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यकाल में किए गए कुछ उल्लेखनीय कार्य इस प्रकार है–

मास्क वितरण

कोरोना काल संपूर्ण विश्व के लिए संकटकाल सिद्ध हुआ। इस दौर में हमारी सरकारों और विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने जरूरतमंद लोगों की बढ़–चढ़कर मदद की। दिनांक 09 जनवरी, 2021 को सुखाड़िया विश्वविद्यालय और गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय ने मिलकर संकट के इस दौर में सामाजिक दायित्वों के निवर्हन में अपनी सक्रिय भूमिका अदा की। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की पहल पर विश्वविद्यालय ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कोरोना से बचाव व जागरूकता के लिए 01 लाख मास्क वितरण का लक्ष्य लिया। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह और गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. इंद्रवर्धन त्रिवेदी के नेतृत्व में दोनों विश्वविद्यालयों के अपने–अपने क्षेत्रों में स्थित प्रत्येक महाविद्यालय ने 500 मास्क वितरित किए। दोनों कुलपति अपने–अपने विश्वविद्यालयों द्वारा गोद लिए गाँवों में जाकर मास्क वितरण कर लोगों में कोरोना के संबंध में जागरूकता जगाने का कार्य किया। साफ–सफाई की महत्ता से भी ग्रामीणों को अवगत कराया। विभिन्न विभागों और प्रशासनिक इकाइयों के साथ–साथ विद्यार्थियों और विगत सत्रों के छात्रसंघों के पदाधिकारियों और विद्यार्थियों ने इस पुनीत कार्य में अपना सक्रिय योगदान दिया। इसी क्रम में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए आदर्श गाँव कैलाशपुरी में मास्क वितरित किए गए। इसमें 35 हजार मास्क आई.सी.आई.सी.आई. के सौजन्य से प्राप्त हुए।

(मास्क वितरण करते हुए माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह।)

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की ओर से कैलाशपुरी गाँव को गोद लिया गया है। वहाँ पर नियमित कार्यक्रम होते रहते हैं लेकिन कुलपति प्रोफेसर सिंह ने गोद लिए गए गाँव के अलावा भी आसपास के आदिवासी इलाकों में मदद एवं जागरूकता का काम हाथ में लिया है। लायंस क्लब एलीट की ओर से भी इसी गाँव में मकर सक्रांति के अवसर पर मिठाई एवं मास्क वितरण का कार्यक्रम किया गया था।

साड़ी वितरण

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर अमेरिका सिंह के नेतृत्व में देबारी के पास स्थित हकदर ग्राम पंचायत में डेढ़ सौ महिलाओं को साड़ियाँ वितरित की गईं। ग्रामीण इलाकों में जन जागरूकता के लिए कुलपति प्रोफेसर सिंह के नेतृत्व में पिछले 6 महीने से विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हकदर ग्राम में यह दूसरा आयोजन किया गया। कुलपति ने आदिवासी महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया।

धार गाँव गोद लेना

सत्र 2018—19 में विश्वविद्यालय द्वारा धार गाँव गोद लिया गया, तब से ही विश्वविद्यालय इस गाँव में जन—जागरूकता फैलाने और विविध विकास योजनाओं को वहाँ के निवासियों तक पहुँचाने में अपनी महती भूमिका अदा कर रहा है। विश्वविद्यालय वर्तमान में भी इस गोद लिए गए आदर्श गाँव धार में सरकारी योजनाओं के प्रचार—प्रसार के लिए नियमित जनसंपर्क कर रहा है। इसी क्रम में दिनांक 02 दिसंबर, 2020 को कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के निर्देश पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पूरणमल यादव एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. बी. एल. वर्मा ने बुधवार को धार गाँव का दौरा किया। सरपंच एवं विकास अधिकारी से मुलाकात करके अब तक की विकास योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने व्यवसाय प्रशासन विभाग के प्रो. बी. एल. वर्मा, को विश्वविद्यालय द्वारा आदिवासी उप योजना क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए गाँवों को गोद लेने के लिए नोडल अधिकारी मनोनीत किया है। कुलसचिव कार्यालय से इस आशय का आदेश दिनांक 06 अक्टूबर, 2020 को जारी किया गया।

हकदर गाँव गोद लेना

विश्वविद्यालय अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव जागरूक रहा है। विश्वविद्यालय ने समय—समय पर गाँव गोद लेकर उसके उत्थान की दिशा में अपना योगदान दिया है। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, लायंस क्लब एलीट एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 जनवरी, 2021 (गुरुवार) को गिर्वा तहसील के हकदर गाँव में कंबल, मास्क, तिल के लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने सरपंच उड़ी बाई एवं गाँववासियों के सामने घोषणा की कि लायन्स क्लब के साथ मिलकर विश्वविद्यालय इस गाँव को 1 साल के लिए गोद लेगा एवं दोनों मिलकर जन जागरूकता के काम करेंगे।

कैलाशपुरी गाँव गोद लेना

हाल ही में कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के निर्देश पर कुलसचिव ने दिनांक 30 जनवरी, 2021 को पत्र जारी कर व्यवसाय प्रशासन विभाग के प्रो. बी.एल. वर्मा को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए कैलाशपुरी गाँव के समग्र विकास के लिए नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है। कुलपति के निर्देश पर गोद लिए गए कैलाशपुरी गाँव में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत और स्थानीय विद्यालय के सहयोग से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीण जनों के साथ संवाद किया गया। चिकित्सकों के निर्देशन में दंत चिकित्सा एवं लूरोसिस संबंधी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दिन एकलिंग जी मंदिर के समीप स्वच्छता अभियान के तहत साफ—सफाई भी की गई तथा विरासत स्थलों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

महिला सम्मान

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय महिला सम्मान और सशक्तीकरण की दिशा में भी सदैव अग्रणी रहा है। हाल ही में 08 मार्च, 2021 को कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की प्रेरणा से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला प्रोफेसर्स का सम्मान और महिला चित्रकारों की चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शुची शर्मा थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने की। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव नीलिमा सुखाड़िया और वेदांता की सी.एस.आर. हेड नीलिमा खेतान विशिष्ट अतिथि थीं। शिक्षा संकाय के चेयरमैन प्रो. सी. आर. सुथार उपस्थित थे।

इस दिन विश्वविद्यालय स्वर्ण जयंती अतिथि गृह की कला वीथिका में चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। भारतीय प्रशासनिक सेवा

अधिकारी शुचि शर्मा द्वारा सृजित 90 चित्रों के साथ ही उदयपुर शहर की 25 ख्यातनाम महिला कलाकारों द्वारा कल्पनाओं की कूँची और जीवन से भरे रंगों से बनाए चित्रों को प्रदर्शित किया गया। शहर की प्रसिद्ध महिला कलाकारों में सुरजीत चोयल, किरण मुर्डिया, मीना बया, ज्योतिका, डिंपल, शर्मिला, इति कच्छावा, प्रेषिका द्विवेदी, स्वाति लोढ़ा, कुमुदिनी सोनी, वीरांगना सोनी, कहानी भाणावत, भावना झाला, कंचन राठौड़, दीपिका माली, मुक्ता शर्मा, नीलू, प्रीति निमावत और ज्योति द्विवेदी के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई।

इस कार्यक्रम में शुची शर्मा, नीलिमा खेतान, प्रो. कनिका शर्मा, प्रो. सीमा मलिक, प्रो. सीमा जालान, प्रो. सुधा चौधरी, प्रो. प्रतिभा, प्रो. आरती प्रसाद, प्रो. एन. लक्ष्मी, प्रो. कल्पना जैन, प्रो. मीरा माथुर, प्रो. अंजना पालीवाल, डॉ. गरिमा जोशी, डॉ. तरु सुराणा, डॉ. शिल्पा सेठ, डॉ. हर्षदा जोशी, डॉ. शिखा अग्रवाल, डॉ. वर्षा शर्मा, डॉ. शिल्पा वर्डिया, प्रतीती और नेहा कुमावत का अभिनंदन किया गया।

परमार्थ योजना

विश्वविद्यालय अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति कटिबद्ध है। कुलपति की पहल पर शीघ्र ही विश्वविद्यालय द्वारा इसी शृंखला में परमार्थ योजना का आरंभ किया जाएगा। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय परिसर के आसपास स्थित कच्ची व मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की अध्यक्षता वाली बैठक में मार्च, 2021 में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के शिक्षक अपराह्न 03 बजे बाद विश्वविद्यालय परिसर के आसपास स्थित कच्ची व मलिन बस्तियों में जाएँगे और वहाँ के बच्चों को शिक्षा देंगे साथ ही उनके विद्यालय से प्राप्त गृहकार्य के संपादन में सहयोग करेंगे। उन बच्चों व उनके अभिभावकों को शिक्षा का महत्त्व समझाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा की ओर प्रेरित करेंगे।

आशाधाम में निराश्रितों को देंगे स्नेहभोज

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने दिनांक 14 मार्च, 2021 (रविवार) को आशाधाम का अवलोकन किया। इस दौरान कुलपति ने यहाँ रहने वाले निराश्रित, मानसिक विक्षिप्त लोगों को पुनः समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से कमजोर लोगों को सृजनात्मक व मनोरंजनात्मक विधाओं से जोड़कर पुनः सामान्य स्थिति में लाने का प्रयास विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि मनोस्थिति से जूझ रहे ऐसे कई लोगों में अलग–अलग प्रतिभाएँ छिपी हुई हैं, जिन्हें पुनः प्रयास के माध्यम से निखारा जा सकता है। सुखाड़िया विश्वविद्यालय इसके लिए हर संभव सार्थक प्रयास करेगा। कुलपति सिंह ने घोषणा की कि वे हर माह की पहली तारीख को व्यक्तिगत स्तर पर आशाधाम में रहने वाले लोगों को स्नेहभोज देंगे। संस्थान की सिस्टर डेनियल के अनुसार संस्थान बीते ढाई दशक से ज्यादा समय से घर से बेघर महिलाओं और पुरुषों का लालन–पालन कर रहा है। वर्तमान में 250 से अधिक लोग यहाँ निवास कर रहे हैं।

जनजाति कल्याण

आदिवासी मिलाप योजना

विश्वविद्यालय प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जनजातीय समाज के छात्रों के शैक्षणिक विकास एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्यशील एवं प्रतिबद्ध है। हम संभाग की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आदिवासी परंपराओं के अकादमिक संरक्षण के लिए भी निरंतर प्रयत्नशील हैं। हमने प्रो. अमेरिका सिंह की इस महत्त्वपूर्ण योजना के तहत जनजातीय समाज का विश्वविद्यालय के साथ सुचारू और समुचित समन्वय स्थापित करने के लिए 'आदिवासी मिलाप योजना' प्रारंभ की है जिसके माध्यम से हम जनजातीय समाज के लिए कार्यक्रमों का आयोजन एवं क्रियान्वयन कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय ने अपने अकादमिक विस्तार को राष्ट्रीय पहचान देते हुए भारत के सीमावर्ती नौ राज्यों के साथ पारस्परिक सहमति बनाई है जिनमें उत्तर–पूर्व राज्यों के 27 आदिवासी छात्रों को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा निःशुल्क पीएच.डी. शोध उपाधि के लिए समस्त अपेक्षित सुविधाएँ उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में स्थित सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सूचना तकनीक की शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए रूसा–2 के अंतर्गत एक मोबाइल लेबोरेट्री की भी स्थापना कर रहे हैं जो स्थानीय कला, प्रोडक्टर को 'वॉकल फोर लोकल' में एक महत्त्वपूर्ण कार्य होगा। यह नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक विशिष्ट प्रयास होगा।

आदिवासी बच्चों के लिए रोजगार सृजन

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय एवं इंडियन रबर इंस्टीट्यूट (आई.आर.आई.) राजस्थान ब्रांच मिलकर तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में कार्य करेंगे जिससे ग्रामीण आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों को रबड़ एवं पॉलीमर कंपनी में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस विषय पर दोनों संस्थानों के बीच इस बैठक हुई और एम.ओ.यू. पर चर्चा हुई। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने आई.आर.आई. के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर का पॉलीमर एवं रबड़ तकनीकी संस्थान बनाने का प्रस्ताव दिया, साथ ही सुखाड़िया विश्वविद्यालय और आई.आर.आई. मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता अभियान शुरु करेंगे।

विरासत संरक्षण

लोक विरासत अध्ययन केंद्र

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में 'लोक विरासत अध्ययन केंद्र' विकसित करने का निर्णय लिया गया। कुलपति प्रो. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तय किया गया कि इस केंद्र के माध्यम से लोक कलाओं और लोक संस्कृति का संरक्षण किया जाएगा। 'लोक विरासत अध्ययन केंद्र' के प्रस्ताव के मूल्यांकन के लिए कुलपति की अनुशंसा पर दिनांक 11 दिसंबर, 2020 को एक कमेटी गठित की गई जिसमें प्रो. नीरज शर्मा को संयोजक बनाया गया तथा सदस्य रूप में प्रो. सीमा जालान और डॉ. पामिल मोदी को जोड़ा गया।

मेवाड़ पीठ

महाराणा कुंभा के कला संस्कृति में योगदान विषय पर शोध करने के लिए एक मेवाड़ पीठ की स्थापना की जाएगी जिसमें महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन से भी सहयोग लिया जाएगा। महाराणा कुंभा पीठ की स्थापना हेतु एक समिति गठित की गई जो कि इस पीठ के उद्देश्यों को सुनिश्चित करेगी और उसमें जनोपयोगी और जनहितार्थ उद्देश्यों को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाएगा। कमेटी का संयोजक डॉ. कुंजन आचार्य को बनाया गया। इस कमेटी में प्रो. एस.के. कटारिया, प्रो. के.एस. गुप्ता और डॉ. देव कोठारी को वरिष्ठ सदस्य के रूप में जोड़ा गया।

नैतिक मूल्य एवं युवा विकास

आनंदम्

राज्य सरकार द्वारा आनंदम् को एक क्रेडिट कोर्स के रूप में पूरे राजस्थान में सत्र 2020–2021 में लागू किया गया। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 14 सितंबर, 2020 में पारित प्रस्ताव को अपना अनुमोदन प्रदान किया। तत्पश्चात् दिनांक 24 नवंबर, 2020 को कुलसचिव ने आदेश जारी किया जिसमें यह दर्शाया कि इस आशय के आदेश सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, सचिवालय, जयपुर द्वारा दिनांक 03 एवं 06 नवम्बर, 2020 को जारी किए गए, उसकी अनुपालना सुनिश्चित की जाए। आनंदम् को एक क्रेडिट कोर्स के रूप में लागू करने वाला यह विश्वविद्यालय राज्य का अग्रणी विश्वविद्यालय है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को खुशियाँ बाँटने और खुश रहने के लिए बनाया गया है। इससे उनमें मैत्री, करुणा, सहृदयता, सृजनता और नेतृत्व के गुणों का विकास होगा। सामाजिक समस्याओं की समझ और उन्हें मिलकर सुलझाने में विद्यार्थी स्वयं अपनी भूमिका तय करेंगे। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के स्तर पर 'आनंदम्' शुरु किया है। यह दूसरों को खुशी देने के साथ स्वयं खुश रहने के लिए एक ड्राइव है। वंचितों के लिए त्याग, सेवा और सहायता इस कोर्स के की–वर्ड हैं।

'आनंदम् अभिविन्यास' नाम से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा 27 नवंबर, 2020 को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव डॉ. शुचि शर्मा ने कहा कि आनंदम एक ईश्वरीय प्रेरणा से जन्मा एक विचार है जो छात्रों को आनंद की सहज मानवीय स्थिति में रखने वाला है। इसका किसी संप्रदाय या राजनीति से कोई संबंध नहीं है। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि सुविवि में यह पाठ्यक्रम सबसे प्रभावी तरीके से लागू किया गया है। विद्यार्थी समूह और शिक्षक सभी मन लगाकर इस पाठ्यक्रम के संचालन में पहल कर रहे हैं। आनंदम् कोर्स में छात्रों को रोजाना भलाई का काम करके उसे दैनिक डायरी में दर्ज करना होता है तथा समूह में कोई सामुदायिक सेवा प्रोजेक्ट पर काम करना होता है। प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय की ओर से केम्पस में पढ़ रहे नियमित छात्रों को आनंदम् डायरी देने और ग्रुप एक्टीविटी में श्रेष्ठ परियोजना को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की। सुविवि आनन्दम् परामर्श समिति का गठन करने का भी निर्णय लिया गया। विशिष्ट अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि के शिक्षा प्रमुख डॉ. बी.के. मृत्युंजय ने छात्रों के जीवन में सदाचार, शांति और प्रसन्नता जैसे मूल्यों के विकास पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि डॉ. नीलिमा खेतान ने ग्रुप एक्टीविटी में कारपोरेट सी.एस.आर. तथा गैरसरकारी संगठनों की भूमिका और समन्वय के बारे में बताया। सुविवि आनन्दम् निदेशक प्रो. नीरज शर्मा ने कहा कि परीक्षा फार्म में वार्षिक योजना में आनंदम् का प्रेक्टीकल पेपर 100 अंक का और सेमेस्टर में 50 अंक या 2 क्रेडिट का होगा। इस साल यह सभी कोर्सेज के प्रथम सेमेस्टर या प्रथम वर्ष में चलेगा और अगले सालों में क्रम से लागू होता रहेगा। स्वयंपाठी छात्रों के लिए यह कोर्स पेपर जरूरी नहीं होगा।

इसके लिए विश्वविद्यालय ने सभी संघटक और संबद्ध महाविद्यालयों के साथ मिलकर कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए तथा 07 दिसम्बर, 2020 को हमने व्यापक स्तर पर 'आनंदम्' दिवस का आयोजन किया जिसमें सहयोगी संगठनों के साथ 171 संस्थाओं ने सहभागिता की। विश्वविद्यालय ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, माउंट आबू तथा अन्य सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के साथ छात्रों के नैतिक और चारित्रिक विकास हेतु कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एम.ओ.यू. किए हैं। विश्वविद्यालय में स्वतंत्र रूप से आनंद एवं आरोग्य केंद्र स्थापित किया गया है जो विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए संकल्पित और कार्यरत है।

रेड रिबन क्लब

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ ही उनमें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता जगाना चाहता है। इसी क्रम में विद्यार्थियों में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एच.आई.वी. एड्स के विषय में जागरूकता के साथ सही व सटीक जानकारी एवं रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सत्र 2020–21 में विश्वविद्यालय अपने विभिन्न विभागों में लगभग 100 रेड रिबन क्लब की स्थापना करना चाहता है जिससे विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के विषय में जागरूक किया जा सके।

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने रेड रिबन क्लब की ओर से आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में राज्यभर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं उनका सम्मान किया। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती अतिथि गृह सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में 25 रेड रिबन क्लब की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है, शीघ्र ही इसमें विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यभर से आए आर.सी.सी. कार्यकर्ताओं को कुलपति ने सम्मानित किया।

कुलपति का कक्षा अध्यापन

कुलपति पद के दायित्वों के निर्वहन करने के साथ–साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह स्वयं एक अच्छे शिक्षक भी हैं। अध्ययन–अध्यापन में रुचि के चलते कुलपति स्वयं इस प्रकार के अवसरों की तलाश में रहते हैं कि जब भी प्रशासनिक दायित्वों से कुछ अवकाश मिले तब विद्यार्थियों के साथ संवाद कायम हो। ऐसे में कुलपति कक्षा अध्यापन को प्रमुखता देते हैं। कुलपति ने विज्ञान संकाय के विविध विभागों में कक्षा अध्यापन का कार्य किया है। यह कार्य युवा विकास एवं मानवीय मूल्यों की स्थापना की दिशा में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। कुलपति का स्वयं कक्षा अध्यापन करवाना विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायक होता है। साथ ही इससे विद्यार्थियों में भी नए उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है।

दिनांक 13 फरवरी, 2021 विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने पर्यावरण विज्ञान विषय के एम.एससी. के छात्रों को दूषित जल उपचार एवं जल की कठोरता विषय पर कक्षा अध्यापन कार्य किया। उन्होंने बहुत रोचक माध्यम से कक्षा अध्यापन किया। इस कक्षा में एम.एससी. पर्यावरण विज्ञान के छात्रों के अतिरिक्त, एम.एससी. जैव प्रौद्योगिकी एवं एम.एससी. सूक्ष्मजैविकी के विद्यार्थी एवं समस्त शोधार्थी उपस्थित थे। इस कक्षा में विद्यार्थियों के साथ–साथ पर्यावरण विज्ञान विषय की विभागाध्यक्ष डॉ. निधि राय, संकाय सदस्य डॉ. देवेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. अनुया वर्मा, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. अविनाश मारवाल, डॉ. नीतेश राय, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के संकाय सदस्य डॉ. अविनाश पँवार इत्यादि उपस्थित थे।

(पर्यावरण विज्ञान विभाग में कक्षा–अध्यापन कराते हुए माननीय कुलपति।)

संविधान के मूल कर्तव्यों का वाचन

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों में भारत के संविधान में उल्लिखित मूल कर्तव्यों के प्रति जागरूकता और कर्तव्य बोध की भावना विकसित करने हेतु विश्वविद्यालय ने नवाचार आरंभ किया। गौरतलब है कि दुनिया भर के कई देशों ने 'जिम्मेदार नागरिकता' के सिद्धांतों को मूर्त रूप देकर स्वयं को विकसित व्यवस्थाओं में बदलने का कार्य किया है, प्रदेश के विश्वविद्यालयों के समक्ष कुछ कुछ ऐसी ही नज़ीर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने पेश की है। देश के प्रति विद्यार्थियों में उत्तरदायित्व की भावना का विकास करने, संविधान में उल्लिखित मूल कर्तव्यों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उच्च

शिक्षा परिदृश्य में प्रासंगिकता दर्शाने व भारतीय संविधान की मूल भावना को सार्थक करने के उद्देश्य से हाल ही में प्रो. सिंह ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को महाविद्यालय में किए जाने वाले प्रत्येक आयोजन में 'संविधान के मूल कर्तव्यों' का वाचन करने के दिशा–निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार महाविद्यालय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रम, बैठकों व आयोजनों के आरंभ में 'संविधान के मूल कर्तव्यों' का वाचन किया जाएगा। कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र की मंशानुरूप विश्वविद्यालय में लागू इस नवीन व्यवस्था से जहाँ एक ओर देश की संवैधानिक व्यवस्था को बल मिलेगा वहीं दूसरी ओर शिक्षक व विद्यार्थियों में देश के प्रति जागरुकता की भावना विकसित होगी। कर्तव्यों की समझ को विकसित करने के लिए ही विश्वविद्यालय ने इस नवाचार को लागू किया है।

'विश्वविद्यालय रोवर क्रू' का शुभारंभ

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने विश्वविद्यालय स्तर पर 'विश्वविद्यालय रोवर क्रू' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रोवर क्रू के लीडर डॉ. खुशपाल गर्ग के नेतृत्व में रोवर क्रू के एक शिष्टमंडल ने कुलपति से भेंट की। इन्होंने रोवर क्रू द्वारा अब तक किए गए कार्यों से कुलपति को अवगत कराया। प्रो. अमेरिका सिंह ने इस अवसर पर रोवर क्रू को विश्वविद्यालय का दक्ष सेवादल बताते हुए रोवर क्रू के सभी सदस्यों को माननीय कुलाधिपति की मंशा के अनुसार समाज में सेवा कार्यों में तत्पर रहने तथा विश्वविद्यालय के समस्त कार्यक्रमों में अपनी सेवाएँ देने के लिए प्रेरित एवं निर्देशित किया। प्रो. सिंह ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय रोवर क्रू के राज्य पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागियों राजेश धाकड़, महावीर सिंह, देव कुमार जोशी और गोविंद लाल मेवाड़ा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

माननीय कुलपति महोदय ने इसी शैक्षणिक सत्र 2020–21 में राष्ट्रीय स्तर पर रोवर, रेंजर मूट, मीट का आयोजन करवाने की घोषणा की। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट, उदयपुर मण्डल, बाबू सिंह राजपुरोहित एवं सी.ओ स्काउट, उदयपुर, सुरेंद्र कुमार पाण्डे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने दिनांक 14.3.2021 को माननीय कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर स्काउट की परम्परा के अनुरूप माननीय कुलपति महोदय का स्काउट स्कार्फ, पगड़ी, उपरना पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने स्काउट की विश्वविद्यालय में होने वाली गतिविधियों को विस्तृत बढ़ावा देने के लिए मार्गदर्शन दिया एवं विश्वविद्यालय में रोवर्स स्काउट द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

संवाद

संघटक महाविद्यालयों की यात्रा

विश्वविद्यालय के कार्यग्रहण के साथ ही यहाँ के भौतिक एवं अकादमिक ढाँचे को समझने और उसके साथ बेहतर तालमेल के साथ प्रगति की ओर बढ़ने की यात्रा आरंभ करवाने में माननीय कुलपति ने जरा भी विलंब नहीं किया। कार्यग्रहण के साथ ही कुलपति ने विभिन्न संघटक महाविद्यालयों का दौरा आरंभ किया। दिनांक 24 जुलाई, 2020 (शुक्रवार) को आप विश्वविद्यालय के विज्ञान महाविद्यालय गए और अधिष्ठाता प्रो. बी.आर. बामनिया तथा अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर अध्ययन प्रो. बी.एल. आहूजा के साथ सभी विभागों का दौरा कर संकाय सदस्यों से परिचय किया एवं संवाद यात्रा को आरंभ किया। यहाँ कुलपति ने उपस्थित संकाय सदस्यों को नए प्रोजेक्ट बनाने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में कुलपति ने सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, वाणिज्य एवं प्रबंधन महाविद्यालय तथा विधि महाविद्यालय के विभागों की भी यात्रा की।

शिक्षकों के साथ संवाद

विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में कार्यग्रहण के साथ ही कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने संकाय सदस्यों के साथ संवाद के आरंभ किया। यह स्नेहिल और मधुर संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी है। कार्यग्रहण के साथ ही कुलपति ने संघटक महाविद्यालयों के विभागों का दौरा कर प्रत्येक शिक्षक के साथ संवाद किया। सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय, वाणिज्य एवं प्रबंधन महाविद्यालय तथा विधि महाविद्यालय के संकाय सदस्यों के साथ संवाद के लिए दिनांक 21 जनवरी, 2021 को 'ट्रेनिंग वर्कशॉप ऑन इथिकल कोड ऑफ कंडक्ट फोर टीचर्स' विषय पर कार्यशाला का आयोजन कर कुलपति ने सभी के साथ अपने विचार साझा किए और संकाय सदस्यों के विचार जाने। इसमें विशेष रूप से नवनियुक्त शिक्षकों में से प्रत्येक विभाग के दो वरिष्ठ शिक्षकों ने भाग लिया।

नवनियुक्त संकाय सदस्यों के स्थायीकरण आदेश जारी करने के बाद भी कुलपति ऑनलाइन माध्यम से सभी संकाय सदस्यों से जुड़े तथा इन संकाय सदस्यों को विश्वविद्यालय हित में कार्य के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी।

शिक्षणेतर कर्मचारियों के साथ संवाद

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की दृष्टि में यह सदैव रहा है कि किसी भी संस्था का प्रगति पथ पर बढ़ना तभी संभव होता है जब उसके सभी घटकों को समान महत्त्व दिया जाए और संस्था के सभी घटक भी अपनी पूर्ण निष्ठा से संस्था हित में कार्य करे। इसी को ध्यान में रखते हुए कुलपति प्रो. सिंह ने अपने संवाद की शृंखला को न केवल शिक्षकों के साथ तक बल्कि उसे विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों से भी जोड़ा। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती अतिथि गृह में विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद के माध्यम से कुलपति ने अपने विज़न को विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों के साथ साझा किया और कर्मचारियों के विचार जाने और उनकी समस्याओं को भी सुना और साथ ही उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का विश्वास दिलाया।

सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ संवाद

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने दिनांक 08 फरवरी 2021 (शुक्रवार) को विश्वविद्यालय के सबसे वयोवृद्ध पेंशनर प्रो. के.सी. भंडारी से उनके घर जाकर मुलाकात की। स्वास्थ्य और हालचाल पूछा। भंडारी 93 साल के हैं, उन्होंने तत्कालीन अविभाजित विश्वविद्यालय के एमबी कॉलेज में 1958 में काम शुरू किया था। कुलपति द्वारा सेवानिवृत्त वरिष्ठ साथी से मिलना उनकी व्यापक दृष्टि एवं मिलनसार स्वभाव को दर्शाता है। यह भी दर्शाता है कि संस्था और उसका मुखिया केवल अपने कर्मचारियों तक ही नहीं जुड़ा है बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद भी संस्था अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियो के साथ है।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पेंशनर्स संघ की ओर से कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह का अभिनंदन किया गया। संघ के सचिव एच.एस. पंवार ने कुलपति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर पंवार ने कहा कि पेंशन संघ की तरफ से विश्वविद्यालय के विकास में हर संभव योगदान दिया जाएगा। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों में नसरुद्दीन खान, एन.एल. धींग, एच.सी. नागला, ललित चित्तौड़ा और निसार अहमद उपस्थित थे। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं को हमेशा सुना जाएगा एवं उनके समाधान की हर संभव कोशिश की जाएगी।

छात्रसंघ पदाधिकारियों के साथ संवाद

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने विश्वविद्यालय के छात्रसंघ पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। कुलपति ने छात्रसंघ के पूर्व पदाधिकारियों के साथ संवाद कर विश्वविद्यालय के संबंध में उनके विचार जाने। कुलपति ने उनसे विश्वविद्यालय के उन्नयन की दिशा में सहयोग की अपील की और उपस्थित पदाधिकारियों के सुझाव जाने।

संबद्ध महाविद्यालयों के साथ संवाद

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और निदेशकों के साथ संवाद किया। कुलपति ने उनसे विश्वविद्यालय के उन्नयन की दिशा में सहयोग की अपील की और उपस्थित पदाधिकारियों के सुझाव जाने। कुलपति ने विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के बीच बेहतर संवाद कायम रहेगा और महाविद्यालयों के विविध कार्य विश्वविद्यालय द्वारा सहजता से संपादित किए जाएँगे।

मीडियाकर्मियों के साथ संवाद

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने शहर के मीडियाकर्मियों के साथ संवाद किया। कुलपति के साथ हुए इस संवाद में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कई प्रतिनिधि, संपादक और संवाददाता उपस्थित रहे। कुलपति ने अपने इस संवाद में वर्तमान परिदृश्य में मीडिया की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। इस संवाद के माध्यम से विश्वविद्यालय के संबंध में मीडियाकर्मियों के भी विचार जाने।

पूर्व छात्रों के साथ संवाद

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह का विज़न बहुत व्यापक है। वे अपने संवाद की प्रक्रिया को विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों तक भी ले जाते हैं। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों से संवाद और उनके सुझावों पर अमल करने के साथ–साथ कुलपति यह चाहते हैं कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र जो विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं उनका डेटा संगृहीत किया जाए और एक वेबसाइट बनाई जाए। इस वेबसाइट के माध्यम से यह डेटा संधारित हो और प्रत्येक जन तक विश्वविद्यालय की इन प्रतिभाओं की जानकारी पहुँच सके। इस निमित्त कुलपति ने दिनांक 22 जनवरी, 2021 को आदेश जारी करवाकर इस वेबसाइट का कंटेन्ट और ले–आउट तैयार करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी संयोजक प्रो. अनिल कोठारी को बनाया गया तथा सदस्य के रूप में प्रो. नेहा शर्मा और श्री सुशील कुमार भटनागर को जोड़ा गया।

अन्य विश्वविद्यालयों व संस्थानों के साथ संवाद

कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह की संवाद श्रृंखला के सूत्र बहुत व्यापक हैं। कुलपति ने अपने इस सीमित कार्यकाल में ही प्रदेश व देश के अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ भी संवाद किया है। ऐसे संवाद सेतु का कार्य करते हैं। इन संवादों के माध्यम से अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों के प्रमुख कार्य और विशेषताओं का परिचय मिलता है। साथ हम अपने वैशिष्ट्य से भी उन विश्वविद्यालयों और संस्थानों को परिचित करा सकते हैं।

प्रो. अमेरिका सिंह कुलपति ने दिसंबर 2020 में राजस्थान विश्वविद्यालय का दौरा किया। अपनी इस यात्रा में कुलपति सिंह ने राजस्थान की सर्वाधिक प्राचीन यूनिवर्सिटी राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति से शिष्टाचार भेंट की और विश्वविद्यालय के प्रोक्टर तथा छात्र संघ के अध्यक्ष के साथ संवाद कर उस विश्वविद्यालय की कार्यपद्धति को जाना।

इसी क्रम में कुलपति प्रो. सिंह ने सुखाड़िया विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में रहे वागड़ क्षेत्र जहाँ कि वर्तमान में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय संचालित है, वहाँ विज्ञान संकाय खोलने, सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान, फार्मेसी, भौतिकी और पर्यावरण विज्ञान जैसे विभाग खोलने तथा रोजगारपरक शॉर्ट टर्म कोर्स आरंभ करने की दिशा में मदद करने के लिए स्वयं कुलपति की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी का संयोजक प्रो. के. बी. जोशी को बनाया गया। वहीं विज्ञान संकाय के प्रो. एल. एस. चौहान, प्रो. पी. के. माथुर (लखनऊ), डॉ. दिनेश पांडे और डॉ. सिद्धार्थ शर्मा को सदस्य नामित किया गया।

इस प्रकार कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह के कार्यकाल में सामान्य प्रशासन से लेकर अकादमिक उन्नयन, आधारभूत संरचना विकास, मानव संसाधन विकास, सामाजिक दायित्वों के निर्वहन, जनजाति कल्याण, विरासत संरक्षण, नैतिक मूल्यों के विकास के साथ–साथ विविध व्यक्तियों व संस्थाओं के साथ संवाद जारी है।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ने कोविड–19 की दूसरी लहर के समय ''मुख्यमंत्री सहायता कोष'' में 1 करोड़ 11 लाख रू. राशि प्रेषित की तथा कई बार कोविड टीकाकरण के कैम्प आयोजित किए।

7 ...यादों के झरोखे से (Down the Memory Lane)

"स्मृतियाँ आपके निजी अनुभवों का एक ब्यौरा होती हैं। यह ब्यौरा परीक्षण और त्रुटि एवं हार और जीत से जुड़ा होता है। आपकी पिछली विफलताएँ आपको वही पुरानी गलतियाँ दोहराने से बचाती हैं।"

– विल्फ्रेड पीटरसन

प्रस्तुत अध्याय में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएँ दे चुके शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक वर्ग के कतिपय महानुभावों की उन स्मृतियों और अनुभवों को संक्षेप में वर्णित किया जा रहा है जो संपादक मंडल को लिखित में प्राप्त हुए थे अथवा संबंधित व्यक्ति से लिए गए साक्षात्कार पर आधारित हैं। आशा है सुधि पाठकों को अतीत से वार्तालाप करते हुए भविष्य के संभावित अकादमिक परिदृश्य का आभास हो सकेगा।

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यक हैं नैतिक मूल्य

डॉ. गिरिजा व्यास
पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अध्यक्ष,
राष्ट्रीय महिला आयोग

उदयपुर विश्वविद्यालय से मेरा संपर्क सन् 1965 में उसी वर्ष खुले दर्शनशास्त्र विभाग में एम. ए. में प्रवेश के समय हुआ। उससे पूर्व मीरा गर्ल्स कॉलेज में बी. ए. करने तथा छात्र राजनीति में सक्रिय रहने के कारण भी संपर्क तो था ही। मैं मीरा गर्ल्स कॉलेज, दर्शनशास्त्र विभाग तथा विश्वविद्यालय के केंद्रीय छात्रसंघ में छात्र राजनीति में सक्रिय थी। उस समय संपूर्ण विश्वविद्यालय का वातावरण बहुत सहयोगी, प्रेरणादायी तथा व्यक्तित्व निर्माण करने में निर्णायक था। कुलपति डॉ. जी. एस. महाजनि मुझसे बहुत स्नेह रखते थे तथा निदेशक श्री भीमसेन के व्यवहार में अनुशासन एवं स्वतंत्रता का सम्मिश्रण था। मैंने यहीं से प्रो. आई. सी. शर्मा के निर्देशन में पीएच. डी. तथा अमेरिका में पोस्ट डॉक्टरल शोध कार्य पूर्ण किया।

शिक्षक के रूप में प्रथम नियुक्ति सागर विश्वविद्यालय में होने पर भी डॉ. महाजनि ने मुझे यहीं रुकने को प्रेरित किया। मैं राजकीय महाविद्यालय, नीम का थाना, कोटा तथा मीरा गर्ल्स कॉलेज, उदयपुर में व्याख्याता रहने के बाद इस विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य पद पर नियुक्त हुई। इस विश्वविद्यालय के बारे में मेरा अनुभव बहुत सुखद है क्योंकि इसने मेरा व्यक्तित्व गढ़ा है तथा मूल्यों की राजनीति की शिक्षा भी यहीं से ली।

आज भी मुझे मेरे अब शिक्षक न होने की कमी खलती है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में शिक्षक साथियों की सांस्कृतिक संध्याएँ याद आती हैं। यहाँ सत्तर के दशक में सुबह 7–10 बजे तथा अमेरिका में साँय 7 से 10 बजे कक्षाएँ लगती थी। दोनों ही स्थितियों में नौकरीपेशा व्यक्ति नौकरी के साथ विद्यार्जन भी कर सकता है। अब यह बहुत आवश्यक है कि हम राजनीति, शिक्षा तथा व्यवसाय सहित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नैतिक मूल्यों का विकास करें तथा इससे संबंधित विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम संचालित करें। शिक्षक तथा विद्यार्थियों में समन्वय रहे। निजी शिक्षण संस्थाओं की भरमार से नैतिक मूल्यों तथा गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। ऐसे में निरंतर संवाद, सभा, संगोष्ठी तथा संपर्क बना रहना चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक अपनी गरिमा को बनाए रखें तथा समाज शिक्षकों की गरिमा के प्रति संवेदनशील बने।

Lead like a Leader

Prof. R.K. Rai,
Former Vice Chancellor, MLSU

I joined this University as an Associate Professor in 1968 in the Department of Physics. Initially I started as a teacher and researcher in ionospheric physics. I set up my own laboratory with basic equipments and infrastructure in the small building then I installed antenna and ionosperic wave recorders and started my preliminary data recording. Since I had done my doctoral research from Banaras Hindu University, I was keen to establish an advanced laboratory. My this dream came true when I published my paper in the most prestigious journal "Nature" having impact factor 42.77 that was an example for my colleagues and students as well. Later on I carried out research with full zeal and passion procured my projects from reputed agencies like UGC, NPL, ISRO and many more. During my service as an Associate Professor I gave my 100 % input to scholars and students. Then I was promoted as a Professor and Head of the Department of Physics. I produced 11 PhDs and was the member of many important institutions of space, atmospheric and ionospheric organizations. I also established a ground satellite and got financial assistance. Later I became Dean Student welfare, Dean College of Science and prior to retirement I became the Vice-Chancellor of the Mohanlal Sukhadia University for six years during which the overall development of the university took place like the establishment of Computer and Internet Centre.

As a Vice Chancellor I held interviews for many posts in almost all the Departments for the post of Assistant Professors, Associate Professors and Professors. I led the University to great heights and in my six years of tenure this institution flew up in flying colours of education and curricular activities as well. I believe that if you are a leader then your life must be an example to the followers.

बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं विश्वविद्यालय

प्रो. बी. एल. चौधरी
पूर्व कुलपति, मो. ला. सु. वि. एवं
अध्यक्ष राज. मा. शि. बोर्ड

मैंने सन् 1969 में विश्वविद्यालय के तत्कालीन एम. बी. कॉलेज में प्रथम वर्ष विज्ञान में प्रवेश लिया तथा यहीं से बी. एससी. एवं एम. एससी. बॉटनी (1973–74) की परीक्षाएँ उत्तीर्ण की। तत्पश्चात् सन् 1975 में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्त हुआ तथा दिसंबर, 2011 में प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुआ। विद्यार्थी जीवन में अनुशासित छात्र समूह में तथा अतिथि योग्य एवं अपने विषय के निष्णात प्राध्यापकों का सान्निध्य मिला।

एक अध्यापक के रूप में संपूर्ण जीवन यात्रा में अच्छे से अच्छे विद्यार्थियों के अध्यापन का सौभाग्य मिला। इनमें राजस्थान पुलिस के महानिदेशक पद को सुशोभित करने वाले श्री नमोनारायण मीणा भी सम्मिलित हैं। विश्वविद्यालय में सुविधाओं को उपलब्ध कराने का उत्तरोत्तर प्रगति का पथ तब से आज तक निरंतर निर्बाध रूप से चल रहा है। एक एम. बी. कॉलेज ही आगे चलकर साइंस कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज, आट्‌र्स कॉलेज एवं लॉ कॉलेज के रूप में विकसित हुआ जिसका विशाल स्वरूप अपनी प्रगति की कहानी अपने आप बता रहा है।

निरंतर बढ़ती छात्र संख्या एवं भौतिक संसाधनों में दिनों दिन वृद्धि देखी जाती रही है लेकिन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय–समय पर उनके उच्च पदों की स्वीकृति को राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति एवं सहमति के अभाव में एकेडमिक ग्रोथ में

सीमित वृद्धि ही हो पाई है। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर रहते हुए मेरे द्वारा नए संकाय सदस्यों की नियुक्ति, सी. ए. एस. पदोन्नति, योग केन्द्र की स्थापना, नए भवनों का निर्माण तथा तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के सान्निध्य में दीक्षांत समारोह का आयोजन इत्यादि कार्य उल्लेखनीय रहे हैं।

मुझे लगता है कि आज के विश्वविद्यालय अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, ऐतिहासिक धरोहर तथा सनातन संस्कृति के संस्कारों को अक्षुण्ण रखते हुए विश्वविद्यालयों को समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालना होगा तथा एक बेहतर समाज का निर्माण करना होगा।

सहयोग से होती हैं बाधाएँ पार

प्रो. आई. वी. त्रिवेदी
पूर्व कुलपति,
मो. ला. सु. वि. वि.

कुलपति। जैसा नाम वैसा ही काम। यहां परिवार का आकार वृहत होता है, तो जिम्मेदारियां भी कम नहीं। मेरा सौभाग्य है कि मैं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का विद्यार्थी रहा और यहीं मुझे अध्यापन से लेकर प्रशासनिक कार्य के सतत अवसरों के साथ ही कुलपति के रूप में लगातार दो बार अहम जिम्मेदारी मिली। विश्वविद्यालय में सन् 1971–72 में प्रवेश और सन् 1977 में एम. कॉम. में गोल्ड मैडल प्राप्त करने के उपरांत सन् 1978 में उदयपुर के ही बीएन महाविद्यालय में व्याख्याता के रूप में नियुक्त हुआ। तदुपरांत आरपीएससी से मेरा चयन हुआ और मेरे सामने बांसवाड़ा कॉलेज भी विकल्प के रूप में था। पर तत्समय मैंने उदयपुर विश्वविद्यालय में सेवाएं देना तय किया। इसके बाद प्रारंभ हुआ शिक्षा–सेवा का यह अवसर सतत् गतिमान है।

विश्वविद्यालय में रिसर्च डीन रहा, तो कई नवाचार किए। इसके बाद सन् 2010 में पहली बार मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति के लिए चयनित हुआ। विद्यार्थी की मनोदशा तथा विश्वविद्यालय की आवश्यकता से ठीक से परिचित होने के कारण मुझे यहां नवाचार और उत्थान की योजना बनाने में जरा भी देर नहीं लगी। स्टाफ के हर सदस्य से व्यक्तिगत परिचय उनकी क्षमताओं की जानकारी से भी मैं पूर्णतया परिचित था। बस फिर क्या था स्टाफ सदस्यों, उदयपुर के सभी जनप्रतिनिधियों, आमजन, विद्यार्थियों तथा राज्य सरकार का साथ मिला और सुखाड़िया विश्वविद्यालय के नाम एक के बाद एक कई सफलता की इबारत लिखती चली गई, जो आज भी मेरे साथी आगे बढ़ा रहे हैं।

विश्वविद्यालय में सुविधाओं के विस्तार के लिए मैं सदैव सजग रहा और नित नई योजनाओं एवं प्रस्तावों के माध्यम से विश्वविद्यालय में श्रद्धेय श्री मोहनलाल सुखाड़िया जी की मूर्ति की स्थापना का मन में ख्याल आया तो इसे सार्थक भी कर दिया। इसके बाद एक नई ऊर्जा का संचार होता रहा। मेरे कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से ए–ग्रेड विश्वविद्यालय को मिलना अत्यंत सुखद रहा तो वहीं भर्ती में बैकलॉग क्लियर करवाया, गोल्डन जुबली, नेशनल एवं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, देश के सभी कुलपतियों की कार्यशाला, गेस्ट हाउस, ऑडिटोरियम सहित अन्य कार्य सतत् होते ही चले गए। वागड़ अंचल सहित दूरस्थ क्षेत्रों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अभावों से मैं पूर्णतया परिचित था। इस कारण दूरस्थ अंचल में संचालित निजी महाविद्यालयों के साथ सतत संवाद स्थापित किए। स्वयं ने दौरा कर वहां की वस्तुस्थिति देखी और दूरस्थ क्षेत्र से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने की समस्या सामने आई। इस पर निजी महाविद्यालयों को तय मानक के साथ ही परीक्षा केन्द्र बनाकर ऑब्जर्वर नियुक्त किए तो उच्च शिक्षा में ड्रापआउट कम हुआ। इस दौरान कुछ उतार–चढ़ाव भी रहे पर सभी सहयोगियों से बाधाएं पार होती चली गई। इस बीच महामहिम राज्यपाल की ओर से मेरी उपलब्धियों पर मेरा कुलपति के रूप में राजभवन में सम्मान समारोह एक यादगार पल रहा।

मुझे बताते हुए प्रसन्नता होती है कि कर्म भूमि उदयपुर के साथ ही मुझे जन्म भूमि बांसवाड़ा में गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में उच्च शिक्षा को उन्नयन करने का अवसर मिला है। यह मेरा परम सौभाग्य है कि जो दायित्व मुझे सौंपा गया है उसे पूरे मनोयोग से पूरा करने के प्रयास में लगा हूँ और अब गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय को पूर्णतया स्थापित करने के लिए पूर्णतया संकल्पित हूँ।

–सादर धन्यवाद

विश्वविद्यालय जगाते हैं शिक्षा की अलख

प्रो. कैलाश सोडाणी
पूर्व कुलपति, म. द. स. वि. वि., अजमेर
तथा गो. गु. ज. वि. वि., बाँसवाड़ा

सन् 1982 मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण वर्ष बन गया, जब मुझे राजकीय महाविद्यालय से उदयपुर विश्वविद्यालय में सेवायें देने का अवसर प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय एक भव्य और जीवन्त रंगमंच है, जहाँ शिक्षक को अपनी प्रतिभा (शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, राजनैतिक आदि क्षेत्रों में) को प्रस्फुटित करने का पूरा अवसर मिलता है। मैं वह सौभाग्यशाली शिक्षक हूँ जिस पर विश्वविद्यालय की भरपूर अनुकम्पा रही है। हमेशा समय पर पदोन्नति ने मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाया है। वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय की डीनशिप, वाणिज्य, विधि एवं शिक्षा संकाय की चेयरमेनशिप, डीन छात्र कल्याण, चीफ वार्डन आदि अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने से जो ज्ञान एवं अनुभव मिला उसी महाप्रसाद से मैं अजमेर, बांसवाड़ा और जोधपुर में कुलपति पद के उत्तरदायित्वों का निर्वहन सहजता और सरलता से कर पाया ।

निःसंदेह दक्षिणी राजस्थान की समृद्धि एवं खुशहाली में विश्वविद्यालय का अभूतपूर्व योगदान रहा है। आत्मनिर्भर एवं आधुनिक मेवाड़ की रचना में विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों की भूमिका सदैव सराहनीय रही है। सुदूर जनजाति क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय ने शिक्षा की अलख जगाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में विश्वविद्यालय को सर्वाधिक फोकस शोध पर करना होगा। आज के अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगी बाजार में आर्थिक विकास की बुनियाद शोध ही है। इसलिए विश्वविद्यालय शिक्षक को स्नातक अध्यापन से मुक्त कर के शोध पर केन्द्रित करना चाहिये। साथ ही मुझे विश्वास है कि मेरे शिक्षक साथी विरासत एवं परिवर्तन में सामंजस्य स्थापित करते हुए पाठ्यक्रमों को समयानुकूल बनाये रखने की अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते रहेंगे। मुझे मेरे विश्वविद्यालय पर गर्व है और हमेशा रहेगा।

उपलब्धिपूर्ण रहा है विश्वविद्यालय का अतीत

प्रो. दरियाव सिंह चुण्डावत
उपाध्यक्ष
राजस्थान राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद्,जयपुर

आन–बान–शान तथा बलिदान की भूमि मेवाड़ पर स्थित मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से मेरा जुड़ाव चार दशक से अधिक का रहा है। सन् 1973 में बी. एससी. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के पश्चात् मैंने कालान्तर में यहीं से बी. कॉम, एम. कॉम तथा पीएच. डी. की उपाधि प्राप्त की तथा विद्यार्थी जीवन में छात्र राजनीति में सक्रिय रूप में भाग लेते हुए सन् 1977 में आपातकाल के बाद हुए ओपन छात्रसंघ चुनावों में केन्द्रीय छात्रसंघ का उपाध्यक्ष चुनाव जीता तथा विश्वविद्यालय के वैधानिक निकाय सीनेट तथा बाद में कार्यकारी समिति हेतु पंजीकृत स्नातक कांस्टीट्वेन्सी के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुआ।

06 सितम्बर, 1986 को मैंने इसी विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य पद पर दायित्व ग्रहण किया तथा प्रोफेसर पद से 31 मार्च, 2015 को सेवानिवृत हुआ। इस बीच प्रबंध मंडल सदस्य, डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष इत्यादि अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी। जब मैं विगत चार–पाँच दशकों की उच्च शिक्षा की दशा एवं दिशा का अवलोकन करता हूँ तो पाता हूँ कि विगत सदी के अस्सी–नब्बे के दशक में चाहे संसाधनों की सीमित उपलब्धता थी किन्तु मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा संस्थानों की उपलब्धियां तुलनात्मक रूप में अधिक थी किन्तु आज उन संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद उतनी उपलब्धियां एवं योगदान शायद दिखाई नहीं देता है। उस दौर में विश्वविद्यालय के पास संबद्धता के नाम पर केवल 4–5 महाविद्यालय थे जो अब सैकड़ों में हो गए हैं। यद्यपि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 आधारभूत संरचना विकास के लिए बहुत व्यापक प्रावधान करती है किन्तु उनकी वास्तविक क्रियान्विति कैसे होगी यह भविष्य ही बताएगा।

अध्यापक रहता है सदैव विद्यार्थी

प्रो. प्रेम सुमन जैन
पूर्व अधिष्ठाता, सा. वि. मा. म.,
अध्यक्ष, भारतीय प्राकृत स्कॉलर्स सोसायटी, उदयपुर

यह जानकर प्रसन्नता है कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर अपने गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों का रेखांकन कर रहा है। विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति प्रोफेसर अमरीका सिंह और उनकी सक्रिय अकादमिक टीम की यह सकारात्मक सोच और विकास की पृष्ठभूमि कही जायेगी क्योंकि इतिहास अगली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायक होता है।

मैंने सन् 1971 में माननीय प्रोफेसर जी. एस. महाजनि कुलपति जी के समय इस विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग में प्राकृत के प्राध्यापक के रूप में सेवा प्रारंभ की थी। तब यह उदयपुर विश्वविद्यालय कहलाता था, जिसमें कृषि कॉलेज भी सम्मिलित था। कला, वाणिज्य, विज्ञान का एक ही परिसर था। फिर यह संयुक्त परिवार धीरे धीरे एकल परिवार में विभक्त होकर विकास की ऊंचाइयों का स्पर्श करने लगा।

संस्कृत विभाग से अलग होकर मैंने जैन विद्या एवं प्राकृत के विभागाध्यक्ष के रूप में सन् 1978 में नया दायित्व सम्भाल लिया, जो कांटों भरा ताज था। प्राकृत सर्टिफिकेट कोर्स से प्रारंभ कर बी.ए., एम.ए. की कक्षाएं अकेले पढ़ाई। पाठ्यक्रम बनाए, पुस्तकें लिखीं, विद्यार्थियों को जुटाया तब कहीं 10 वर्षों में यह विभाग अपने पैरों पर खड़ा हुआ। इस कार्य में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों और प्राध्यापकों का सौजन्य प्राप्त रहा। राज्य सरकार और जैन समाज ने भी पूरा सहयोग किया। आज इस विभाग में एक एसोसिएट और दो असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर विद्वान् कार्यरत हैं।

इस जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग से विगत 42–43 वर्षों में लगभग 750 बी. ए. 400 एम.ए., 50 नेट एवं जे. आर. एफ. तथा 58 पीएच. डी. के विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है। विभाग के दो प्रोफेसर प्राकृत–पालि के वैदुश्य के लिए भारत के राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है। इस गौरव को प्राप्त करने वाला विश्वविद्यालय का यह विभाग देश का प्रथम विभाग है।

इस विभाग के प्राध्यापकों ने अपने विषय की लगभग 50–60 पुस्तकें और 200 के लगभग शोध–पत्र प्रकाशित किये हैं। अभी भी विभाग का स्टाफ अकादमिक कार्यों में संलग्न है।

मैंने विभाग की सभी जिम्मेदारी निभाते हुए कला संकाय डीन, छात्र–कल्याण डीन, कला महाविद्यालय डीन, स्टाफ कौंसिल अध्यक्ष, विश्वविद्यालय पेंशनर परिषद् अध्यक्ष आदि के दायित्वों का निर्वाह कर विश्वविद्यालय के विकास में सहभागी बनने का प्रयास किया है।

मेरा यह मानना है कि प्राध्यापक यदि अपने विषय का निष्णात हो और विद्यार्थियों के हित के प्रति सकारात्मक सोच रखता हो तो शिक्षा का स्तर स्वमेव बढ़ जाता है। प्राध्यापक को सदा विद्यार्थी रहना चाहिए तो कभी पुराना नहीं होता है, बूढ़ा भी जल्दी नहीं होता। शिक्षा बिना मूल्यों के अधूरी है। मूल्य विरासत की रक्षा से आते हैं। यह विश्वविद्यालय भारतीय विरासत और मूल्यों का संरक्षक बने, यही हार्दिक शुभकामनाएं हैं।

देनी होगी विभागों को स्वायत्तता

प्रो. अरुण चतुर्वेदी
पूर्व अधिष्ठाता, सा.वि.मा.म.

उदयपुर विश्वविद्यालय से मेरा प्रथम परिचय सन् 1965 में स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश लेते समय हुआ। इसके पश्चात् मैं राज्य सरकार, राजस्थान विश्वविद्यालय तथा विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की सेवा कर सन् 1994 में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर नियुक्त हुआ तथा राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी

महाविद्यालय एवं विधि महाविद्यालय का अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष इत्यादि पदों पर कार्य किया। मेरा अनुभव यह कहता है कि वर्ष 1993–94 से इस विश्वविद्यालय की छवि एवं कार्यप्रणाली में परिवर्तन तो आया किन्तु विभागों की न्यून स्वायत्तता, अधिष्ठाता की कम शक्तियाँ, कार्य संस्कृति का अभाव, संकाय सदस्यों की कम संख्या तथा अवैज्ञानिक ढंग से विभागीय–आंतरिक संरचना इत्यादि संस्थाएँ सदैव से विद्यमान रही हैं।

यह विश्वविद्यालय आज भी एम. बी. कॉलेज की संस्कृति से मुक्त नहीं हो सका है। यदि हमें विश्वविद्यालय की साख, छवि एवं उपयोगिता में वृद्धि करनी है तो शोध का एजेंडा स्थानीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप चयनित करना होगा और अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं स्थानीय मुद्दों में संबंध स्थापित कर समन्वयकारी सोच विकसित करनी होगी। गोद लिए नए गाँवों के विकास एवं बदलाव का निरंतर मूल्यांकन हो और पाठ्यक्रम निर्माण में विद्यार्थियों की भी सहभागिता हो। स्नातक पाठ्यक्रम को पृथक् करना होगा और सभी विभागों को पूर्ण स्वायत्तता दिए बिना 21वीं सदी की उच्च शिक्षा के लक्ष्य संभवतः प्राप्त न हो सकेंगे।

Four Decades: Many Seasons at MLSU

Prof. Sharad Srivastava
Former Dean, UCSSH

I write with the university 'in my bones' as 'a part of my being', for my association with the university began in 1964 as the son of a renowned university teacher and later as a student and finally as a faculty member. During this brief write- up I shall try to compress these three facets in the following lines, although a journey, both academic and emotional, running into more than 56 years would justify only a meagre part of it. However I will make an honest and humble attempt.

The years 1975 - 1981, saw me as a student of this university not only complete the academic degrees of B.Sc. and MA (English) with distinction but also helped me shape and evolve as an all - round sensitive human being, courtesy the contribution of some of the outstanding teachers and the vast opportunities provided during my college - life also getting me laurels on the way for the university at the national and international levels.

During my professional career spanning 36 years (1981-2017), I was fortunate to officiate as Vice Chancellor on a number of occasions and two tenures of Deanship (Dean of Law and Dean of Arts) headship of the Department of English, the Chairman of Faculty of Humanities and countless other administrative responsibilities. The adjudging as one of the best Deans in the country by the Bar Council of India, the inclusion of my book on Gender Discourse in the University of London, its review by Mulk Raj Anand and my selection by the British Council (Oxford) on a course on 'New Technologies' and my selection as an expert for evaluation of Professor Emeritus of a prestigious university and finally my recognition in the form of Dr. Nand Kumar Lavande Academic Excellence Award, 2018 by the Higher Education Society, Pune for academic contribution to Art, Culture and Literature are high points of my academic career. I owe all this in great measure to my being a part of the MLSU fraternity.

My achievements would be incomplete if I did not mention the outstanding contribution of some of the teachers of the Department of English, who helped the Department and the university acquire a place at the global level. Late Professor S.B.Mathur an eminent scholar on American Literature was honoured with the United States Education Foundation of India (USEFI) fellowship which helped the Department to have long- term Association with leading universities of America. Late Professor V.C. Srivastava, through his seminal work became one of the pioneers in the field of Comparative Literature at the national level. Late Professor Chirantan Kulshreshth shot into fame through his work and close association with Saul Bellow, the Nobel Laureate. Professor S.N. Joshi, whom everybody

foundly, called the 'walking- talking Encyclopaedia', was a scholar in the truest sense of the term- his expertise ranging from literature to music to poetry to computers. The university and the Department will never forget their achievements and contribution.

Coming from a place of belonging and responsibility armoured with my experience, I hold the vision of a wholesome value- oriented University system.Since I have been here all my life, I have the edge to know the pulse of the people and the place.

The university, according to me, has to become a fora for free debates and liberal thinking. All this could be disseminated through its three wings namely, teaching, research and extension, and each has to be innovative enough to meet the challenges of our times. Keeping this in view, the curricula need to be continuously updated and teachers and researchers refresh themselves on new areas such as nano-technology artificial intelligence, clean energy, genetic and medical engineering, disaster management, eco-tourism, intellectual property and cyber law. To reduce the emphasis on un-directional material growth, subjects covered under the broad umbrella of Humanities should be included in the curricular to augment social development and human index. Students from all the faculties at the undergraduate level should compulsorily be made to study one subject from the discipline of Humanities such as literature, music or any form of fine art / performing art.

If the vision as discussed above is put into execution with all the stakeholders, there is no reason to believe and hope that MLSU would be able to acquire a distinct place in today's globalised and competitive world.

Long Live My Alma Mater! May the University Continue to Shine in the Academic Firmament!!

स्थानीय आवश्यकताओं को पहचानें विश्वविद्यालय

प्रो. आर. एन. व्यास
पूर्व अधिष्ठाता, सा. वि. मा. म.

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से मेरा संपर्क सन् 1971 में स्नातकोत्तर अध्ययन करने के लिए प्रवेश लेते समय हुआ। इसके पश्चात् इसी विश्वविद्यालय से मैंने सन् 1991 में अपना पीएच.डी. शोध कार्य पूर्ण किया और सन् 1977 से 2010 तक मुझे इस विश्वविद्यालय में एक संकाय सदस्य के रूप में सेवाएँ देने का सुअवसर प्राप्त हुआ। सन् 2012 से 2019 तक मैंने उत्तरा यूनिवर्सिटी मलेशिया में अध्ययन–अध्यापन का कार्य किया । मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए मैंने यह पाया है कि यह विश्वविद्यालय सदैव ही नवीन तकनीकों, नवाचारों एवं नये प्रयोगों में अग्रणी रहा है जिसमें परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिका में बारकोडिंग जैसे प्रयास देश भर में सराहे गये।

सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता के रूप में मैंने आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रति ललक को बहुत नजदीक से अनुभव किया है और मुझे लगता है कि विश्वविद्यालय को अपनी मूल अकादमिक प्रवृत्ति अथवा आधारभूत दर्शन को त्यागे बिना शिक्षा प्रसार के मूल लक्ष्य पर अडिग रहना चाहिए। राजस्थान के दक्षिण अंचल में स्थित इस विश्वविद्यालय को चाहिए कि यह क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा यथा–खनिज पदार्थों, जल संसाधनों और वन उत्पादों के क्रम में अधिक अनुसंधान करने की ओर प्रेरित हो। विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों, अकादमिक गतिविधियों और अन्य प्रयासों में यह झलक दिखनी चाहिये कि विश्वविद्यालय जनजातीय कल्याण के प्रति न केवल सजग एवं संवेदनशील है बल्कि इस हेतु तत्परतापूर्वक प्रतिबद्ध भी है।

कुम्भा पीठ : एक स्वागत योग्य कदम

प्रो. के. एस. गुप्ता
पूर्व आचार्य, इतिहास विभाग

पूर्व में मेवाड़ एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विख्यात था। इसके लिए यहाँ की शिक्षण संस्थाओं का महत्त्वपूर्ण योगदान था। अतः राजस्थान निर्माण के समय यहाँ के समस्त शहरों में उदयपुर की साक्षरता का प्रतिशत सर्वाधिक था। इसलिए भारत की स्वतंत्रता के तुरंत पश्चात् एक विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा भी की गई परन्तु राजस्थान का मेवाड़ भी एक भाग हो जाने से विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अगले 14 वर्ष तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। सन् 1962 में उदयपुर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई और अगले 2 वर्ष के उपरांत अर्थात् सन् 1964 में कृषि विश्वविद्यालय को बहुसंकाय का रूप दे दिया गया। अब कला, वाणिज्य, विज्ञान, कानून आदि के संकाय इसके अंग हो गए। किन्तु विश्वविद्यालय का कृषि संकाय प्रमुख होने से अन्य संकाय का विकास अपेक्षाकृत नहीं हुआ।

कालान्तर में कला संकाय में इतिहास, समाजशास्त्र जैसे विषयों के अनुसंधान कार्यों ने इन विभागों को अग्रणी बना दिया। इतिहास विभाग में मात्र तीन प्राध्यापक थे जिनकी संख्या कालांतर में बढ़कर 5 हो गई थी। मानव शक्ति कम होने पर भी विभाग में अनुसंधान को गति दी। ऐसे विषयों पर अनुसंधान हुए जिससे राजस्थान के अन्य विश्वविद्यालयों के लिए मार्गदर्शक भी हो गया और इस भ्रम को भी तोड़ने में सक्षम रहा कि इतिहास केवल भूतकाल का ही विषय नहीं अपितु संप्रति काल में भी उसका महत्व है यथा नगरीकरण, पर्यटन विकास आदि। अनुसंधान के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि ऐतिहासिक परिवेश की उपेक्षा कर योजनाबद्ध तरीके से नगर ना बसाने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है उसकी ओर ध्यान केंद्रित किया जाना है। इस दृष्टि से कुम्भा पीठ स्थापित करने का विश्वविद्यालय की योजना स्वागत योग्य है। विभाग की निरंतर उन्नति के लिए कामना करता हूँ कि यह इस विश्वास के साथ अनेक उँचाइयों को प्राप्त करेंगे।

21वीं सदी के अनुरूप ढ़लना होगा शिक्षण संस्थाओं को

प्रो.जी. सोरल
पूर्व अधिष्ठाता वाणिज्य महाविद्यालय
एवं डीन पी.जी. स्टडीज

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से मेरा वास्ता चार दशक तक रहा है। सन् 1981 में मैंने सहायक आचार्य के रूप में पद ग्रहण किया तथा लेखाशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग का विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंध महाविद्यालय का अधिष्ठाता तथा स्नातकोत्तर अध्ययन का अधिष्ठाता, इत्यादि कई पदों पर रहा। मुझे श्री पी. एन. भंडारी का कार्यकाल याद आता है जब उन्होंने बड़ी कुशलतापूर्वक विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली में सुधार तथा अनुशासन की स्थापना की। पी. एम. टी. परीक्षा में परीक्षार्थियों द्वारा छोड़ी गई आंसर शीट पर प्रत्येक कॉलम पर योग नहीं होने पर हम सबको डाँट पड़ी। मेरे विषय के डॉ. के. आर. शर्मा का सहकर्मियों से मृदु व्यवहार तथा अधिष्ठाता प्रो. आर. वी. एल. अग्रवाल की सादगी एवं मानवीयता भी स्मृति पटल पर है। एक बार मैंने एक खम्भे पर चॉक से लिखे गए अपशब्द हाथ से मिटाए तो प्रो. अग्रवाल ने तत्काल जेब से अपना रुमाल निकालकर मुझे मेरे हाथ साफ करने हेतु थमा दिया था।

मुझे मेरे कई मेधावी विद्यार्थी जैसे श्री सत्यनारायण बागला तथा श्री गौरव गुप्ता भी याद आते हैं जो आज उच्च पदों पर आसीन हैं तथा विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। मुझे प्रो. आई. वी. त्रिवेदी के प्रोत्साहन से पुस्तकालय प्रभारी अधिकारी के रूप में शोधार्थियों हेतु संकायवार कार्यशालाएँ आयोजित कराने की संतुष्टि है। इसी तरह प्रो. जे. पी. शर्मा के कार्यकाल में, मैं डीन, पी. जी. स्टडीज था तब मैंने राजभवन से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुसरण में 'टर्म पेपर' जोड़ने तथा अधिक शोध पर्यवेक्षकों को स्थान देने के सार्थक प्रयास किए। मुझे विश्वविद्यालय के कर्त्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार कार्मिकों जैसे श्री उमाशंकर पंडित तथा श्री तेजसिंह की प्रतिबद्ध एवं सराहनीय सेवाएँ भी याद आती हैं।

पिछले चार दशक में अध्ययन–अध्यापन एवं शोध की गतिविधियों में बड़े परिवर्तन हुए हैं। मूलतः इसका कारण सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का विकास माना जा सकता है। पहले विद्यार्थियों के पास अध्ययन का प्रमुख माध्यम पुस्तकालय तथा कक्षा में दिए गए प्राध्यापकों के व्याख्यान ही होते थे। इन प्रक्रियाओं में उत्तरोत्तर बदलाव होते गए तथा वर्तमान तक आते–आते ई. पुस्तकें, ई. लाइब्रेरी, ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म का बोलबाला हो गया। स्मार्टफोन का चलन वर्तमान में इस स्तर तक पहुंच गया है कि यह कई मायनों में कंप्यूटर का विकल्प हो गया है। ज्ञान का एक अकूत भंडार इंटरनेट पर अवस्थित है तथा तेज गति एवं आसानी से सर्च करने की सुविधा से ज्ञानार्जन के तरीके में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। ऐसे में विश्वविद्यालयी शिक्षा एवं शोध की प्रक्रियाओं को अद्यतन बनाने की प्रबल आवश्यकता है। एक और महत्वपूर्ण बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से उपस्थित हुआ है। इन सब परिस्थितियों में निम्न कुछ सुझाव उपयोगी हो सकते हैं :

1. हमारा विश्वविद्यालय आदिवासी बहुल क्षेत्र में स्थित है। आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की संख्या भी अधिक है। ऐसे में डिजिटलीकरण एवं इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की दृष्टि से विद्यार्थियों में असमानता, जिसे डिजिटल डिवाइड कहा जाता है, की एक बड़ी चुनौती सामने है। विद्यार्थियों को सुचारु रूप से एवं निर्बाध इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो, इसके प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय एवं सभी महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में डिजिटल लर्निंग सेक्शन बनाए जाएं, जहां विद्यार्थियों को निर्बाध इंटरनेट उपलब्ध हो। विश्वविद्यालय के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी तहसीलों में भी डिजिटल लर्निंग सेंटर स्थापित किए जाने चाहिए, जहां सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी इन माध्यमों का प्रयोग करके आधुनिक वैश्विक ज्ञान प्राप्त कर सकें।
2. नई शिक्षा नीति के अनुरूप स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को भी परिमार्जित करने की आवश्यकता है। विशेषकर इनमें लचीलापन, बहु बिंदु प्रवेश तथा निकास (multiple point entry and exit), सीबीसीएस (Choice Based Credit System), 4 वर्षीय शोध स्नातक उपाधि (4 year research graduation degree) का समावेश, आदि पर ध्यान केन्द्रित किया जाए।
3. हाइब्रिड (Hybrid) विधि से अध्यापन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसमें अध्यापक विद्यार्थियों को पठन–सामग्री एवं व्याख्यान आदि ऑनलाइन उपलब्ध करवाएं। इसके साथ ही ऑफलाइन कक्षाएं भी ली जाएं।
4. विद्यार्थियों को यथासंभव ऑनलाइन परीक्षा पद्धति की ओर उन्मुख किया जाए, जिससे वे भविष्य में रोजगार पाने एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश लेने में अधिक सक्षम हो सकें। परीक्षाओं के प्रशासन में भी और अधिक ऑनलाइन प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाए, जिससे लागत एवं समय की बचत हो सकेगी तथा कार्यकुशलता भी बढ़ेगी।

सरकार करे निजी शिक्षण संस्थाओं पर नियंत्रण

श्री ए. एल. सहलोत
पूर्व उपकुलसचिव,
मो. ला. सु. वि. वि.

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से मेरा परिचय सर्वप्रथम सन् 1967 में तब हुआ जब मेरी नियुक्ति निजी सहायक के रूप में इस विश्वविद्यालय में हुई। तत्कालीन कुलपति डॉ. गणेश सखाराम महाजनि के कार्यालय में मेरी नियुक्ति हुई। डॉ. महाजनि बहुत ही परिश्रमी, खुद्दार, ईमानदार तथा देवता–स्वरूप इंसान थे। वे सरकारी वाहन के बजाय अपनी निजी कार ही काम में लेते थे। मैंने उनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली सीखी एवं समझी। मेरे जीवन एवं व्यक्तित्व का निर्माण इस विश्वविद्यालय ने किया। वर्ष 1982 से 1987 तक सहायक कुलसचिव एवं वर्ष 1987 से 2007 तक 20 वर्ष उपकुलसचिव रह कर इसी पद से सेवानिवृत्त हुआ। मेरी दृष्टि में श्री पी. एन. भंडारी का सेवाकाल बहुत उल्लेखनीय रहा जिसमें छः सौ से भी अधिक कार्मिकों की भर्ती एवं नियमितीकरण हुआ और परीक्षा की 'वॉक आउट' करने की प्रथा पर रोक लगी तथा विश्वविद्यालय में अनुशासन स्थापित हुआ।

मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी एवं संतोष है कि इस विश्वविद्यालय पर कभी गंभीर आरोप नहीं लगे और न ही कभी इसकी छवि धूमिल हुई। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का सन् 1987 में हुए विभाजन से सब कुछ अव्यवस्थित तथा असंतुलित हो गया तथा इसका तार्किक विभाजन न होने से बहुत सी समस्याएँ समाधान की ओर नहीं बढ़ी बल्कि उलझी हुई रह गई हैं। सत्तर से नब्बे के दशक में लोगों में शिक्षा प्राप्ति की ललक थी किन्तु आजकल निजी शिक्षण संस्थाओं की भरमार होने से उच्च शिक्षा की गुणवत्ता गिर रही है। मुझे लगता है कि सरकार को ऐसी सक्रिय नियामकीय और नियंत्रणकारी भूमिका निर्वाहित करते हुए निजी शिक्षण संस्थाओं से गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करवानी होगी ताकि इन संस्थाओं की कार्यप्रणाली व्यवस्थित हो सके।

गौरव की बात थी एम. बी. कॉलेज में पढ़ना



श्री हरिशंकर द्विवेदी
पूर्व कार्मिक, एम. बी. कॉलेज

मेरी प्रथम नियुक्ति एम. बी. कॉलेज (तत्कालीन शिक्षा विभाग,राजस्थान सरकार) में दिनांक 24 दिसंबर, 1952 को हुई तथा मैं 06 जून, 1957 तक यहाँ रहा। तत्कालीन प्रिंसिपल श्री शंकर दयाल सक्सेना थे। उस समय कला, विज्ञान, वाणिज्य के साथ लॉ संकाय थे ,जिनमें कुल मिलाकर लगभग 1400 विद्यार्थी थे । याद आता है कि महाविद्यालय का मुख्य द्वार दक्षिण दिशा में मुख्य सड़क की तरफ था और एक दिन दुर्भाग्यवश सत्यप्रकाश शर्मा नाम के विद्यार्थी का कॉलेज में प्रवेश करते सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था । मुख्य मार्ग की व्यस्त आवाजाही तथा इस प्रसंग की वजह से तत्काल पश्चिम दिशा में दुर्गा नर्सरी वाली सड़क पर कॉलेज का मुख्य द्वार बनवाया गया था (जो वर्तमान में साइंस कॉलेज का द्वार है ।)

जिसे अभी मेन होस्टल कहा जाता है वही इमारत उस समय भी होस्टल हुआ करती थी। बहुत ही समृद्ध पुस्तकालय था जहां 'ऑनर्स बोर्ड' हुआ करते थे जिस पर वर्ष भर की मुख्य शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक उपलब्धियों वाले विद्यार्थियों के नाम वर्ष क्रमानुसार लिखे होते थे । शैक्षणिक गतिविधियों के साथ विभिन्न स्पोर्ट्स गतिविधियां भी स्तरीय हुआ करती थी । एक बार 'वाटर स्पोर्ट्स' को भी शामिल किया गया था पर उसी वर्ष एक विद्यार्थी (श्री चैनसिंह राव का पुत्र, पर विद्यार्थी का नाम अब स्मृति में नहीं) के डूब कर मर जाने से इस गतिविधि को आगे बंद कर दिया गया था। याद आता है कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी उसी प्रमुखता से कराई जाती थी और विद्यार्थी उसी मनोयोग से अपनी भागीदारी निभाते थे, जिनमें सबसे ज्यादा विद्यार्थियों का उत्साह 'फेंसी ड्रेस' में हुआ करता था। याद आता है कि विज्ञान एवं कला वर्ग में लगभग 10 बालिकाएं थी, और वाणिज्य में केवल मात्र एक बालिका थी जिसका नाम उषा सेठी था । अक्सर अकेली छात्रा कॉलेज में अपने नियमित अध्ययन के लिए भी एंटर होने से परहेज या एक तरह का संशय रखती थी, ऐसे में कॉलेज के आसपास बाहर अन्य छात्राओं के इकट्ठे होने अथवा किसी निर्भीक छात्रा के आने पर ही प्रवेश का साहस कर पाती थी।

ज्यादातर शिक्षक एवं लगभग 30 विद्यार्थी साईकल से आते–जाते थे और शेष सभी पैदल । बेबी ऑस्टिन कार से मेजा (अजमेर के पास) ठाकुर परिवार के पुत्र कुंवर हमीर सिंह आया करते थे। समाजशास्त्र के प्रोफेसर श्री बृजराज जी चौहान विद्यार्थियों में अत्यंत प्रिय थे ,जो विद्यार्थियों को सामाजिक अध्ययन हेतु नियमित फील्ड में ले जाया करते थे और अपने खर्चे से विद्यार्थियों को गुड़–चना खिलाते थे । श्री सोहनलाल पोरवाल, ऑफिस सुपरिन्टेन्डेण्ट थे पर उनकी स्पोर्ट्स में रूचि होने से वे सदैव विद्यार्थियों को भी इस हेतु बहुत ज्यादा प्रोत्साहित किया करते थे खास कर क्रिकेट हेतु।

कुल मिला कर एम. बी. कॉलेज उस समय के उदयपुर शहर की उच्च शिक्षा का एक प्रमुख प्रतिनिधि संस्थान था, और यहां का विद्यार्थी अपने को यहाँ से अध्ययन प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस करता था।

लाजवाब है फर्श से अर्श तक का सफर

श्री ए. एस. खान
पूर्व विश्वविद्यालय अभियंता

मैंने जून, 1984 में सुखाड़िया विश्वविद्यालय में कनिष्ठ अभियन्ता के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। जुलाई, 2004 में मेरी पदोन्नति विश्वविद्यालय अभियन्ता के पद पर हुई थी तथा मेरी सेवानिवृत्ति सितम्बर, 2019 में विश्वविद्यालय अभियन्ता के पद से हुई।

मैंने सन् 1984 से 2019 तक विश्वविद्यालय में कई बदलाव देखे। इस अन्तराल में विश्वविद्यालय ने निरन्तर प्रगति की। विश्वविद्यालय में सबसे बड़ा बदलाव सन् 1987 में देखने को मिला। इस समय राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय का बँटवारा कर

विश्वविद्यालय से कृषि एवं पशु विज्ञान संकाय तथा कृषि से सम्बन्धित गतिविधियों को अलग कर राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर की स्थापना की। विश्वविद्यालय का पत्राचार विभाग कोटा खुला विश्वविद्यालय, कोटा से सम्बन्धित किया गया। इससे विश्वविद्यालय का लगभग 90 प्रतिशत स्टाफ, सम्पत्तियाँ आदि राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर से सम्बन्धित हो गयी।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में सन् 1987 में बँटवारे के पश्चात् सिर्फ कला, वाणिज्य एवं विज्ञान से सम्बन्धित शैक्षणिक गतिविधियाँ ही रह गयी। विश्वविद्यालय की भूमि एवं भवनों का मालिकाना हक राज्य सरकार के अन्तरिम आदेशों के तहत चलता रहा। राज्य सरकार एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय की भूमि एवं गैर आवासीय भवनों का बँटवारा अन्तिम रूप से सन् 2019 में किया गया। वर्तमान में आवासीय भवनों का बँटवारा किया जाना शेष है।

सन् 1987 में विश्वविद्यालय के बँटवारे के पश्चात् विश्वविद्यालय में निरन्तर प्रगति हुई। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, जनजाति विभाग, विश्वविद्यालय फण्ड आदि से सन् 2016 तक कन्या छात्रावास, जनजाति छात्रावास, अतिथि गृह, कक्षा–कक्षों, सेमिनार हॉल, प्रयोगशालाओं एवं आवासीय भवनों आदि के निर्माण कार्य करवाये गये। समय–समय पर विभिन्न भवनों के नामकरण किये गये जैसे कमला नेहरु छात्रावास, नेहरु शिक्षक सदन, डी. एस. कोठारी छात्रावास, एम. डी. एस. कन्या छात्रावास, विधि महाविद्यालय छात्रावास, गार्गी कन्या छात्रावास, रामानुजन छात्रावास, विज्ञान भवन ए. एवं बी. ब्लॉक, योग भवन, विधि भवन, प्रबन्ध अध्ययन संकाय, वाणिज्य भवन तथा निर्माण भवन आदि और विश्वविद्यालय में कई महान् हस्तियों की प्रतिमाएँ स्थापित की गई।

विश्वविद्यालय परिसर में वॉकिंग पाथ का निर्माण कार्य करवाया गया। वाटिका में फव्वारे एवं म्युजिक सिस्टम लगवाये गये जिससे कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आगुन्तकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके।

सन् 2016 में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA-I) के तहत विश्वविद्यालय को रु. 20 करोड़ अनुदान मिला। कुलपति प्रो. जे. पी. शर्मा के कार्यकाल में इसके तहत विश्वविद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेन्ट (रु. 7 करोड़) भवनों के रिनोवेशन (रु. 7 करोड़) तथा इक्यूपमेन्ट आदि (रु. 6 करोड़) के कार्य सम्पन्न हुए। विश्वविद्यालय ने RUSA के तहत प्राप्त रु. 5 करोड़ की पहली किश्त इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च की। विश्वविद्यालय ने राजस्थान में सर्वप्रथम इस राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र RUSA को प्रस्तुत कर कीर्तिमान बनाया। इसके तहत मुख्यतः विज्ञान महाविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय ब्लॉक, वाणिज्य महाविद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक, विधि महाविद्यालय में मूटकोर्ट, सेमीनार हॉल, क्लास रूम एवं टॉयलेट ब्लॉक आदि के निर्माण कार्य हुए। रिनोवेशन कार्य विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, आर्ट्स कॉलेज, विधि महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय, वाणिज्य महाविद्यालय एवं सभागार में करवाये गये।

पहले विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह प्रशासनिक भवन के पीछे कन्वोकेशन ग्राउण्ड पर टेंट लगाकर किये जाते थे। विश्वविद्यालय में सभागार की कमी को देखते हुए अत्याधुनिक सभागार (वर्तमान में स्वामी विवेकानन्द सभागार) का निर्माण कार्य कुलपति प्रो. ए. के. सिंह के कार्यकाल में करवाया गया। सभागार बनने के पश्चात् विश्वविद्यालय में लगभग प्रतिवर्ष दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में 90 के दशक से कम्प्युटर युग की शुरूआत हुई थी। अब विश्वविद्यालय ऑनलाईन – पेपरलेस एवं सम्पूर्ण Wi-Fi की ओर अग्रसर है।

विश्वविद्यालय को 90 के दशक में सर्वप्रथम राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा B-ग्रेड से नवाज़ा गया। विश्वविद्यालय की क्वालिटी प्रोफाइल को देखते हुए 5 मई, 2014 को NAAC द्वारा 4 मई, 2019 तक विश्वविद्यालय को A-ग्रेड से नवाज़ा गया। इसमें विश्वविद्यालय का ओवरऑल CGPA - 3.11 था जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं लर्निंग रिर्सोसेज़ का CGPA - 3.30 था। विश्वविद्यालय को A-ग्रेड प्राप्त करने में इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं लर्निंग रिर्सोसेज का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में कहना चाहूँगा :

''अभी ना पूछो हमारी मंजिल कहाँ है अभी तो हमने चलने का इरादा किया है''

आशा है विश्वविद्यालय निरन्तर उत्तरोत्तर प्रगति करता रहेगा।

इन्हीं आशाओं के साथ, शुभकामनाएँ।

दशम दशक में मेरा महाविद्यालय : बदलते रहे नाम

डॉ. के. एल. कोठारी
पूर्व छात्र
उदयपुर विश्वविद्यालय के प्रथम विद्यावाचस्पति,
निवर्तमान अधिष्ठाता
राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
एवं संस्थापक विज्ञान समिति, उदयपुर

सौन्दर्य में अव्वल
आस्थाओं में अव्वल
भावनाओं में अव्वल
मेरे प्यारे उदयपुर में जन्मा मेरा प्यारा महाविद्यालय
नमन महाराणा उदयपुर को, किया स्थापित सूझबूझ से
इन्टरमिडिएट कॉलेज सन् 1922 में महाराणा के नाम से
हुआ प्रारंभ गुलाब बाग के नवलखा पैलेस में
श्री एस सी बोस थे प्रथम प्राचार्य, ज्ञानी और कुशल प्रशासन में
सन् 1934 में कॉलेज, पहुँचा चम्पाबाग के नये भवन में
हुआ नया नाम महाराणा भूपाल कॉलेज
कॉलेज बना स्नातक स्तर शुभ वर्ष 1945 में
श्री पी. सी. बसु आए आगरा से बने द्वितीय प्राचार्य
अनुशासनप्रिय, भारी व्यक्तित्व समर्पण से किये सब कार्य
खुला पोस्ट ग्रेजुएशन सन् 1949 में कुछ विषयों में
धीरे धीरे खुलता रहा अन्य विषयों में
श्री शंकर सहाय सक्सेना आये तीसरे प्राचार्य
थे गांधीवादी, मितव्ययी, पहनावा धोती–कुर्ता
सोहन जी बाबू कार्यालय प्रमुख और डालचंद सेवा प्रमुख
थे मशहूर उनके समय में
आये नये प्राचार्य श्री वी. वी. जॉन कर्मठ, कुशल, कुशाग्र, हाजिर जवाबी
किया कायापलट व्यवस्था का, फूंकी जान छात्र और अध्यापकों में
उदयपुर में हुआ स्थापित
देश का द्वितीय कृषि विश्वविद्यालय सन् 1962 में
उद्घाटनकर्ता थे, परम मनीषी राज्यपाल डॉ. संपूर्णानंद
अपने उद्बोधन में दिया सुझाव, विश्वविद्यालय को बहुसंकायी बनाने का
फलस्वरूप जुड़े महाराणा भूपाल कॉलेज के चार संकाय सन् 1964 में
और नामकरण हुआ उदयपुर विश्वविद्यालय
मानवरत्न परम आदरणीय डॉ. जी. एस. महाजनि बने प्रथम कुलपति
उनके नेतृत्व में विकसे एम. बी. कॉलेज के चार संकाय, चार महाविद्यालय के रूप में
उनके ही दिशा निर्देश में हुआ प्रथम दीक्षांत समारोह जनवरी, 1968 में
केन्द्रीय मंत्री श्री जगजीवन राम की गौरवमय उपस्थिति में

विकसित होता रहा विश्वविद्यालय विभिन्न कुलपतियों के मार्गदर्शन में
हुई एक महा घटना,
राजस्थान के निर्माता, उदयपुर विश्वविद्यालय के प्रणेता
आदरणीय सुखाड़िया जी का हुआ आकस्मिक निधन फरवरी, 1982 में
देने सुखाड़िया जी को सम्मान, राजस्थान की केबिनेट ने बदला नाम विश्वविद्यालय का
हुआ नया नाम 'मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय'
तत्कालीन कुलपति श्री पी. एन. भंडारी
कुशल प्रशासक, चतुर, मनीषी ने
संवारा विश्वविद्यालय को पूर्ण समर्पण से
विकसित होती रही विधाएँ, बिना किसी अवरोध के
उनके बाद कृषि अनुसंधान परिषद् की अनुशंसा के फलस्वरूप
उदयपुर विश्वविद्यालय से कृषि संकाय पुनः हुआ पृथक्
और बना राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय सन् 1987 में
मो. ला. सु. वि. वि. करता रहा प्रगति, विभिन्न कुलपतियों के नेतृत्व में।
होता गौरव विश्वविद्यालय के वर्तमान स्वरूप को देखकर
छः महाविद्यालय, 37 विभाग, 8000 विद्यार्थी
87 संबंधित महाविद्यालय उनमें लगभग एक लाख विद्यार्थी
राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ, प्रशासनिक कौशल,
शिक्षण और क्रीड़ा पर पूरा ध्यान
बढ़ती हुई संतोषजनक सुविधाएँ, कई नवाचार
नियमित दीक्षांत समारोह
स्मरण उन सभी गुरुजनों का और नमन भी
जिनकी मेधा और सशक्त प्रयास से वट वृक्ष बना है संस्थान
उनमें से कुछ जो स्मृतिपटल पर छाए हैं
प्रो. के. पी. रोड़े–भूगर्भशास्त्र, प्रो. दुलहसिंह कोठारी–भौतिक शास्त्र,
प्रो. जी. वी. बकोरे–रसायन शास्त्र, प्रो. वेंकटाचारी–वनस्पति शास्त्र,
डॉ. भूमित्रदेव–प्राणिशास्त्र, प्रो. नटराजन–विधि, प्रो. शांतिप्रसाद वर्मा– राजनीति शास्त्र
प्रो. बी. आर. चौहान– समाज शास्त्र
प्रो. नरोत्तम दास स्वामी–हिन्दी, प्रो. नागरमल सहल–अंग्रेजी,
प्रो. बी. के. टण्डन–अर्थशास्त्र, प्रो. एच. एल. हिंगोरानी–वाणिज्य
गौरव एम. बी. कॉलेज के उन विद्यार्थियों पर
जो पहुँचे चोटी पर अपने अपने क्षेत्र में
और दिया सम्मान एम. बी. कॉलेज को
शिक्षा– पद्म विभूषण डॉ. दौलतसिंह कोठारी, प्रो. चन्द्रसिंह नैनावटी, प्रो. योगेश अटल
प्रो. मोहम्मद शफी अगवानी, प्रो. गोवर्द्धन मेहता, प्रो. बी. आर. पुरोहित, प्रो. जी. सी. मिश्रा
राजनीति– सर्व श्री मोहनलाल सुखाड़िया, निरंजन नाथ आचार्य,
हीरालाल देवपुरा, गुलाबसिंह शक्तावत,
प्रो. सी. पी. जोशी, डॉ. गिरिजा व्यास, श्री गुलाबचंद कटारिया,
कैलाश मेघवाल, शांतिलाल चपलोत आदि

उद्योग– सिंघल ब्रदर्स– श्री सलिल, श्री अरविन्द, श्री संजय
प्रशासन– श्री जसवंतसिंह सिंघवी, श्री जे. एम. खान, श्री मिट्ठालाल मेहता
इंजीनियरिंग– डॉ. पी. एल. अग्रवाल, श्री एम. पी. बया, श्री जगमोहन हूमड़,
श्री ललित बक्षी, श्री एच. वी. पालीवाल, श्री इब्राहिम अली
चिकित्सा– डॉ. भगवती लाल भण्डारी, डॉ. अरुण बोरड़िया
विधि संकाय– सुश्री कांता भटनागर, श्री एन. एन. माथुर,
श्री सुन्दरलाल मेहता
खेल– श्री अर्जुनसिंह, श्री रघुवीरसिंह राठौड़, श्री हिम्मतसिंह राव,
और भी अनेक
अब आज के समारोह पर
एम. बी. कॉलेज पूर्व छात्र परिषद् का स्थापना दिवस समारोह है
सदस्यों में उत्साह है हर्ष का वातावरण है
साठवर्षीय विज्ञान समिति का ज्ञानगंगा प्रांगण है
नवरात्रि स्थापना का पावन पर्व एवं विश्व हृदय दिवस है
मंच पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री और वर्तमान
राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष प्रो. सी. पी. जोशी मुख्य अतिथि हैं।
निवर्तमान अध्यक्ष हैं एवं पूर्व अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि हैं
तीनों एम. बी. कॉलेज के पूर्व छात्र हैं हमारा गौरव चरम पर है।
आप तीनों को प्रणाम

नोट : यह गद्यनुमा कविता डॉ. कोठारी द्वारा रचित है। इसमें दिए गए तथ्यों से संपादक मंडल या प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

❑ ❑ ❑

8 विविधा (Miscellaneous)

इस अध्याय में विश्वविद्यालय की उन विशिष्ट इकाइयों का विवरण दिया जा रहा है जिनका पूर्व के अध्यायों में वर्णन नहीं किया जा सका या संक्षिप्त किया गया था। ये सभी इकाइयाँ किसी महाविद्यालय के अधीन होने के बजाय सीधे विश्वविद्यालय प्रशासन के अधीन या सम्बद्ध हैं।

मुख्य अधीक्षक, छात्रावास (Chief Warden, Hostels)

प्रो. मंजू बाघमार
चीफ वार्डन

पूर्व में विश्वविद्यालय के छात्रावासों को उनके सम्बन्धित महाविद्यालयों के द्वारा ही संचालित किया जाता था। तत्पश्चात् छात्रावासों का संचालन सही प्रकार से हो सके इसलिए एक मुख्य अधीक्षक कार्यालय की स्थापना कर उनके अधीन विश्वविद्यालय के समस्त छात्रावासों को संचालित किया गया। मुख्य अधीक्षक कार्यालय की स्थापना एवं कार्यप्रणाली माननीय प्रो. एच. आर. एस. त्यागी के नेतृत्व में की गई। उनका मुख्य अधीक्षक कार्यालय को स्थापना से लेकर सन् 2004 तक संचालित करने में अतुलनीय योगदान रहा। उस दौरान कई नए छात्रावासों का निर्माण किया गया। वर्तमान में मुख्य अधीक्षक पद पर प्रो. मंजू बाघमार, आचार्य व्यावसायिक प्रशासन कार्यरत हैं।

मुख्य अधीक्षक कार्यालय की स्थापना से अब तक रहे सभी मुख्य अधीक्षकों की सूची निम्न है–

क्र.स.	मुख्य अधीक्षक	कब से	कब तक
1.	प्रो. एच. आर. एस. त्यागी	स्थापना से	31.07.2004
2.	प्रो. के. सी. सोडाणी	31.07.2004	06.06.2009
3.	प्रो. डी. एस. चुण्डावत	06.06.2009	07.07.2014
4.	प्रो. अनिल कोठारी	07.07.2014	04.08.2017
5.	प्रो. आई. एम. कायमखानी	04.08.2017	08.02.2018
6.	प्रो. दिग्विजय भटनागर	08.02.2018	25.02.2018
7.	प्रो. मंजू बाघमार	25.02.2018	अब तक

वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित छात्रावासों की सूची इस प्रकार है–

गार्गी कन्या छात्रावास

1. गार्गी कन्या छात्रावास विज्ञान महाविद्यालय परिसर में स्थित है।
2. गार्गी कन्या छात्रावास में वर्तमान में अधीक्षक डॉ. राजकुमारी अहीर, सहायक आचार्य समाजशास्त्र विभाग, से हैं।
3. वर्तमान में सहायक अधीक्षक के पद पर डॉ. हिमांशु शर्मा, सहायक आचार्य, रसायन विभाग से हैं।
4. गार्गी कन्या छात्रावास में 140 छात्राओं के रहने की क्षमता है।

महर्षि दयानन्द सरस्वती जनजाति कन्या छात्रावास

1. एम. डी. एस. कन्या छात्रावास विश्वविद्यालय परिसर में स्थित है।
2. एम. डी. एस. कन्या छात्रावास में वर्तमान में अधीक्षक डॉ. स्नेहा सिंह, सहायक आचार्य, विधि महाविद्यालय से हैं।
3. वर्तमान में सहायक अधीक्षक के पद पर डॉ. गरिमा मिश्रा, सहायक आचार्य, महिला अध्ययन केन्द्र से हैं।
4. एम. डी. एस. कन्या छात्रावास में 130 छात्राओं के रहने की क्षमता है।

नेहरू शिक्षक सदन छात्रावास

1. नेहरु शिक्षक सदन हिरणमगरी सेक्टर 3, उदयपुर में स्थित है।
2. वर्तमान में अधीक्षक डॉ. भंवर विश्वेन्द्र राज सिंह, सहायक आचार्य, भूगोल विभाग से हैं।
3. छात्रावास में वर्तमान में 40 छात्रों के रहने की क्षमता है।

कमला नेहरू कन्या छात्रावास

1. कमला नेहरू कन्या छात्रावास हिरणमगरी सेक्टर 3, उदयपुर में स्थित है।
2. छात्रावास में 90 छात्राओं के रहने की क्षमता है।
3. वर्तमान में इस छात्रावास में कोई भी अधीक्षक कार्यरत नहीं है।

डॉ. डी. एस. कोठारी रिसर्च छात्रावास

1. डॉ. डी. एस. कोठारी रिसर्च छात्रावास एम. बी. खेल मैदान परिसर में स्थित है।
2. वर्तमान में अधीक्षक पद पर डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान, क्रीड़ा मंडल से हैं।
